www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...
छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com



पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु
रायपुर, शनिवार, 16 सितंबर 2023 | वर्ष – 65 | अंक –152 | पृष्ठ –12 | मूल्य – 4.00 रु प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का महंगाई के मुद्दे पर केंद्र सरकार पर कटाक्ष पृष्ठ 2
अभिमत ■ जनता के सवालों के लिए शाहरुख ने बॉलीवुड में बनाई नई राह पृष्ठ 6
■ चीन यात्रा के दौरान शी से मिलेंगे नेपाल के पीएम प्रचंड ■ किम जोंग उन का नाम यूक्रेनी वेबसाइट पर देश के दुश्मन की सूची में पृष्ठ 7
इंग्लैंड की नट साइवर-ब्रंट ने अपने 100वें वनडे में रिकॉर्ड शतक लगाया पृष्ठ 8

# प्रदेश में झमाझम बारिश से जन जीवन अस्त-व्यस्त

## निचली बस्तियों में भरा पानी, नदी-नाले उफान पर







**रायपुर/अमेरा/बलौदाबाजार,** 15 सितंबर (देशबन्धु)। प्रदेश में मानसूनी सक्रियता के कारण इन दिनों प्रदेश के अनेक स्थानों में तेज और अच्छी बारिश हो रही है। झमाझम बारिश से प्रदेश में अनेक स्थानों पर नदी–नाले उफान पर है। वहीं कई शहरों में निचली बस्तियों में पानी भरने से लोगों का जीवन प्रभावित हो गया है। शहर में सड़कों की खुदाई के कारण लोगों का आना–जाना भी दूभर हो गया है। कुल मिलाकर वर्तमान में हो रही बारिश लोगों के लिए मुसीबत साबित हो रही है। मौसम विभाग की माने तो फिलहाल आगामी 48 घंटों तक हालात ऐसे ही बने रहेंगे। जिला प्रशासन के साथ ही एनडीआरएफ की टीम भी बारिश में फंसे लोगों के बचाव में जुटी हुई है।

राजधानी रायपुर से तो भारी बारिश के बाद धनेली नाला और सेजबहार इलाके में बाढ़ का पानी घरों में घुस गया> कमर तक पहुंच गए सजल स्तर के बीच फंसे लोगों को निकालने के लिए एसडीआरएफ की टीम को बुलाना पड़ा। टीम में शामिल जवानों ने घरों में फंसे लोगों को नाव में बिठाकर सुरक्षित स्थान तक पहुंचाया।

**कौवाडीह नाला उफान पर, घरों में भरा पानी**

बलौदाबाजार में इन दिनों मानसून की जबरदस्त बारिश शाम रात को हो रही है, जिसकी वजह से समीप ग्राम कौवाडही नाला के आसपास रहने वाले लोगों की हालात खराब हो गए हैं। नाला ऊफान पर आने से लोगों के घरों में पानी भर गया है। जिससे लोगों का जीवन अस्त व्यस्त कर दिया है। लोग घर अंदर पानी जाने से लोग रात भर जगते रहे। बारिश के कारण आसपास अशोक पटेल, परदेशी जोशी, भुनेश्वर अन्य लोगों के घरों में पानी भर जाने से रतजगा करते रहें। अमेरा से दतान, कोसमंदी की ओर जाने वाले अहम बायपास रास्ता है। रोजाना हजारों लोग इस रूट से आना जाने करते हैं। ज्यादा बारिश में नाला की ऊंचाई कम होने के कारण ज्यादातर ऊफान में आ जाता है। लोगों ने नाले की ऊंचाई करने की मांग की हैं। कई लोग जान जोखिम में डालकर नाले को पार कर रहे हैं। जिससे हानि होने की संभावना बनी रहती है।

इसी तरह बिलासपुर में भी लगातार भारी बारिश की वजह से जगह–जगह जलभराव की खबर आ रही है। इंद्रावती और महानदी भी ऊफान पर है। बेमेतरा जिले में भी भारी बारिश का कहर देखने को मिल रहा है. जिले के तमाम नदी–नाले उफान पर हैं. इसके साथय् ही शिवनाथ नदी का जल स्तर लगातार बढ़ रहा है. नगर पंचायत नवागढ़ में मोहरंगिया नाला के उफान में आने से बस स्टैंड में पानी भर गया है।

कवर्धा जिले का भी बारिश की वजह से हाल–बेहाल है. लगातार तीन दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश से जिले भर में नदी–नाले उफान पर है। वहीं निचली बस्तियों में रहने वालों के घरों में बारिश का पानी घुस गया है, जिससे गरीबों के दैनिक उपयोगी की सामग्री तक खराब हो गई है। पंडरिया में भी हरी नाला उफान पर है, जिसकी वजह से नेशनल हाइवे 130 (बिलासपुर से कवर्धा) पूरी तरह बंद है।

भाजपा की परिवर्तन यात्रा में शामिल हुए जेपी नड्डा

# मोहब्बत की दुकान में बिकता है नफरत का सामान : नड्डा



**जशपुर**, 15 सितंबर (देशबन्धु)। भाजपा की परिवर्तन यात्रा कार्यक्रम में शामिल होने भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जशपुर पहुंचे। कार्यक्रम में विशेष जनजाति के पहाड़ी कोरवा के लोगों ने परंपरागत धनुष बाण देकर कार्यक्रम में उनका स्वागत किया। इसके बाद जेपी नड्डा ने जनसभा को सबोधित कर परिवर्तन यात्रा को हरी झंडी दिखाई। संबोधन के दौरान जेपी नड्डा ने कांग्रेस सरकार और आई.एन.डी.आई.ए. पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने लोगों से पूछते हुए कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र में जो कहा गया वो मिला क्या ? नड्डा ने कहा कि हम परिवर्तन यात्रा इसलिए निकाल रहे हैं कि पहले भी हमने आप सबकी सेवा की है, आगे भी करेंगे, मोदी जी ने गरीब कल्याण की जो योजनाएं चलाई है, उसका लाभ लोगों तक पहुंचाएंगे।

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मंच से कहा कि जशपुर आकर भगवान बालाजी से प्रदेश को आगे बढ़ाने के लिए जो परिवर्तन यात्रा निकाल रहे हैं वो सफल हो इसकी प्रार्थना की है। आगे कहा कि स्वर्गीय दिलीप सिंह जूदेव महान नेता के साथ–साथ महान समाज सुधारक थे। वे देश को एकसूत्र में पिरोने वाले थे। 2003 में दिलीप सिंह जूदेव ने कांग्रेस की भ्रष्ट सरकार को उखाड़कर फेंकने की अपनी मूंछ दांव पर लगाया, आज वो जहां भी होंगे उनकी आत्मा चाहती होगी कि प्रदेश में फिर से बीजेपी की सरकार बने।

वहीं जेपी नड्डा ने सीएम भूपेश बघेल पर कटाक्ष करते हुए लोगों से पूछा कि मेनिफेस्टो में जो कहा गया था वो मिला क्या ? क्या 4 मुफ्त सिलेंडर मिला। क्या भूमिहीनों को जमीन मिली ? भूपेश बघेल के हाथी दांत खाने के और दिखाने के और हैं। हम परिवर्तन यात्रा इसलिए निकाल रहे कि पहले भी हमने आप सबकी सेवा की है, आगे भी करेंगे। पीएम मोदी ने गरीब कल्याण की जो योजनाएं चलाई है, उसका लाभ लोगों तक पहुंचाएंगे। परिवर्तन यात्रा के समापन में पीएम मोदी बिलासपुर आएंगे, उनका आशीर्वाद मिलेगा। कोरोना और यूक्रेन की लड़ाई के कारण दुनियाभर में आर्थिक मंदी है, लेकिन हम लगातार बेहतर स्थिति में हैं। भारत में अतिगिरीबी 1 प्रतिशत से कम हुई है। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गांव गरीब की तस्वीर बदलने का काम हुआ है। 13.5 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आ गए हैं। हर घर जल योजना में हर घर में पीने का शुध्द पानी पहुंचा रहे हैं, प्रधानमंत्री आवास योजना में 4 करोड़ घर बन रहे है। 12 लाख घरों के कागजातों को सीएम भूपेश बघेल दिल्ली नहीं पहुंचने दे रहा। छत्तीसगढ़ में स्वच्छता अभियान के तहत 34.5 लाख बहनों को इज्जत घर देने का काम पीएम मोदी ने किया है। किसी को महिलाओं की चिंता नहीं थी। पीएम ने देश के 11 करोड़ बहनों को इज्जत घर दी है। इसके साथ ही उन्होंने सीएम भूपेश बघेल से सवाल पूछा है कि उनका सनातन पर क्या कहना है।

जेपी नड्डा ने कहा कि विपक्षी गठबंधन आई.एन.डी.आई.ए. अलाइंस एक मई को मुंबई में बैठक करता है। स्टालिन का बेटा सनातन धर्म का निरादर करने में कोई कसर नहीं छोड़ता। फिर प्रियांक गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे भी सनातन धर्म का अपमान करते हैं। राहुल गांधी चुप है, सनातन धर्म का अपमान का एजेंडा माता सोनिया और राहुल गांधी को सौंपा ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## सार संक्षेप

### प्रकाश पर्व आज

**अमृतसर।** श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का प्रकाश पर्व शनिवार को स्वार्ण मंदिर में मनाया जाएगा। इस दिन डेढ़ लाख से अधिक श्रद्धालुओं के दरबार साहिब में माथा टेकने की संभावना है। सिखों के पांचवें गुरु श्री गुरु अर्जुन देव जी ने 1604 में दरबार साहिब में श्री गुरु ग्रंथ साहिब का प्रकाश किया था।

### मप्र-उप्र सहित सात राज्यों में ऑरेंज अलर्ट

**नई दिल्ली।** मानूसन ने वापस जाते-जाते पूरे देश को एक बार फिर से भिगो दिया है। मौसम विभाग के मुताबिक, शुक्रवार को देश के लगभग सभी राज्यों में बारिश होगी। वहीं उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, महाराष्ट्र, राजस्थान और गुजरात के कुछ जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

### सेंथिल बालाजी की न्यायिक हिरासत बढ़ी

**चेन्नई।** चेन्नई सत्र न्यायालय ने तमिलनाडु के मंत्री सेंथिल बालाजी की न्यायिक हिरासत 14 दिनों के लिए बढ़ा दी है। सेंथिल बालाजी को पुझल जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अदालत में पेश किया गया था। इससे पहले चेन्नई की एक कोर्ट ने जून में धनशोधन मामले में उनकी जमानत याचिका पर शुक्रवार को आदेश सुरक्षित रख लिया। फैसला 20 सितंबर तक के लिए सुरक्षित रखा गया है।

### नूंह हिंसा में कांग्रेस विधायक गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** हरियाणा के नूंह में 31 जुलाई को हिंसा फैलाने के आरोप में देर रात फिरोजपुर झिरका से कांग्रेस विधायक मामन खान को गिरफ्तार कर लिया है। विधायक मामन खान को राजस्थान के जयपुर से गिरफ्तार किया गया है। खान को शुक्रवार दोपहर को एसआईटी ने कोर्ट में पेश किया। जहां से विधायक को दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। एसपी ने कहा कि नूंह के बडकली चौक पर हुई हिंसक घटना में मामन खान की भूमिका मिली है। इसके साथ ही खान दंगा फैलाने वालों के संपर्क में भी थे।

### आंध्र प्रदेश में सड़क दुर्घटना में पांच की मौत

**कडपा।** आंध्र प्रदेश में अन्नामय्या जिले के पास मातमपल्ली गांव में पेलुरु-कालक्का राजमार्ग पर शुक्रवार को वैन और लॉरी की भिंडत में पांच लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं की सेवानिवृत्ति आयु 62 से बढ़ाकर की 65 वर्ष

■ कार्यकर्ता के 50 प्रतिशत रिक्त पदों पर आंगनबाड़ी सहायिकाओं की होगी भर्ती
■ भर्ती के लिए सहायिकाओं के 10 वर्ष के अनुभव को 5 वर्ष किया गया

**रायपुर.** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। महिलाओं तथा बच्चों के पोषण एवं टीकाकरण हेतु प्रदेश भर में संचालित 46 हजार से अधिक आंगनबाड़ी केन्द्रों में कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को मानदेय वृद्धि के बाद एक और बड़ी सौगात मिली है। राज्य सरकार द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की सेवानिवृत्ति की आयु 62 वर्ष से बढ़ाकर 65 वर्ष कर दिया गया है। इसके साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के रिक्त पदों पर आंगनबाड़ी सहायिकाओं से पदपूर्ति को 25 प्रतिशत को बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया गया है। साथ ही भर्ती के लिए आवश्यक 10 वर्ष के अनुभव को कम करके 05 वर्ष कर दिया गया है। इस संबंध में मंत्रालय से महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 14 सितंबर को आदेश जारी कर दिया गया है।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री बघेल ने इस वर्ष प्रस्तुत 2023–24 के बजट में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# एडिटर्स गिल्ड के चार सदस्यों को राहत

**नई दिल्ली,** 15 सितम्बर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने मणिपुर के एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया के चार सदस्यों की गिरफ्तारी पर दो हफ्ते तक रोक लगा दी। इस मामले में शुक्रवार 15 सितम्बर को सुनवाई हुई। साथ ही कोर्ट ने शिकायतकर्ता से जानना चाहा कि एडिटर्स गिल्ड के सदस्यों के खिलाफ समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने का अपराध कैसे बनता है। एडिटर्स गिल्ड ने छह सितम्बर को सुप्रीम कोर्ट से दंडात्मक कार्रवाई से सुरक्षा की मांग करते हुए याचिका दायर की थी। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला, जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच सुनवाई कर रही है। मणिपुर सरकार ने एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया के सदस्यों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। इसी ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤



■ सुप्रीम कोर्ट ने मणिपुर में दर्ज एफआईआर पर बढ़ाई सुरक्षा

**मणिपुर में अब तक 175 की मौत, 1108 जख्मी**

मणिपुर में मैतेई और कुकी समुदाय के बीच तीन मई से हो रही सामुदायिक हिंसा में अब तक 175 लोगों की मौत हो चुकी हैं। राज्य में 1108 घायल हैं, 32 अभी भी लापता है, जबकि 96 लावारिस लाशें शवगृह में रखी हैं।

# हैदराबाद में जुटेंगे देशभर के कांग्रेस नेता

## सीडब्ल्यूसी की बैठक आज, मल्लिकार्जुन खड़गे करेंगे अध्यक्षता, सोनिया, मनमोहन व राहुल सहित कई वरिष्ठ नेता होंगे शामिल

■ लोकसभा व विधानसभा चुनावों की रणनीति पर होगा जोर
■ बेरोजगारी, मणिपुर हिंसा व जम्मू कश्मीर के हालात पर मोदी सरकार को घेरा विपक्ष



**इन विषयों पर होगी चर्चा**

कांग्रेस कार्य समिति की बैठक 16 सितम्बर को होगी और फिर इसके अगले दिन विस्तारित कार्य समिति की बैठक होगी। विस्तारित कार्य समिति की बैठक में कार्य समिति के सभी सदस्यों के अलावा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष और कई अन्य वरिष्ठ नेता भाग लेंगे। कार्य समिति की बैठक के बाद 17 सितम्बर को हैदराबाद के निकट एक जनसभा भी होगी जिसे पार्टी के शीर्ष नेता संबोधित करेंगे। सूत्रों का कहना है कि इसमें आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सरकार को घेरने की रणनीति, विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की एकजुटता को आगे ले जाने, संगठन को मजबूत करने तथा कई अन्य विषयों पर चर्चा होगी।

**रंगारेड्डी/तेलंगाना,** 15 सितम्बर (एजेंसियां)। कांग्रेस की नई कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की पहली बैठक शनिवार को होगी जिसमें आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आगे की रणनीति, विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) की एकजुटता को आगे ले जाने, आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों तथा कई अन्य विषयों पर चर्चा होगी। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने सीडब्ल्यूसी बैठक की जानकारी देते हुए कहा हैदराबाद में पहली सीडब्ल्यूसी की बैठक करेंगे जिसमें आगामी चुनावों की तैयारियों पर चर्चा की जाएगी। 90 लोगों को आमंत्रित किया है, जिनमें से 84 लोग शामिल होंगे। कांग्रेस ने गत 20 अगस्त को अपनी कार्य समिति का पुनर्गठन किया था जिसमें पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के साथ पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और राहुल गांधी समेत कई वरिष्ठ नेता शामिल हैं। कार्य समिति में 39 सदस्य, 32 स्थायी आमंत्रित सदस्य और 13 विशेष आमंत्रित सदस्य शामिल किए गए हैं। इस कार्य समिति में सचिन पायलट और शशि थरूर जैसे नेताओं को पहली बार जगह मिली है।

**विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर होगा मंथन**

सूत्रों का कहना है कि कार्य समिति की बैठक में 'इंडिया' गठबंधन को और मजबूत करने को लेकर चर्चा हो सकती है। कार्य समिति की इस बैठक में कुछ महीने बाद पांच राज्यों– मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर भी मंथन होगा। कांग्रेस की कोशिश है कि इन राज्यों के विधानसभा चुनाव में अच्छा प्रदर्शन करके लोकसभा चुनाव के लिए अपनी दावेदारी को और मजबूत किया जाए। सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस कार्य समिति की इस बैठक में महंगाई, बेरोजगारी, अर्थव्यवस्था की स्थिति, चीन के ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

प्रियंका गांधी का मोदी से आग्रह

# हिमाचल को किया जाए राष्ट्रीय आपदा घोषित

■ **हिमकिरण मांटा**



**शिमला**, 15 सितम्बर (देशबन्धु)। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने पीएम मोदी को पत्र लिख कर हिमाचल की प्राकृतिक त्रासदी को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने का आग्रह किया है। उन्होंने पत्र में कहा है कि प्राकृतिक आपदा से हिमाचल में भारी नुकसान हुआ है। बादल फटने व भूस्खलन की एक के बाद एक घटनाओं से समूचा प्रदेश प्रभावित है। कई बेशकीनती जिंदगियां जा चुकी हैं। लोगों के आशियाने ताश के पत्तों की तरह ढह गए। उल्लेखनीय है कि प्रियंका गांधी बीते 12 सितम्बर को प्रदेश में प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान का जायजा लेने पहुंची थी। हिमाचल प्रवास के पहले दिन उन्होंने कुल्लू, मनाली तथा मंडी में आपदा प्रभावितों से मुलाकात करने के साथ साथ राहत व पुनर्वास कार्यों का जायजा लिया। 13 सितम्बर को कांग्रेस महासचिव ने शिमला में आपदा प्रभावितों से मुलाकात की। वह समरहिल के नजदीक शिव बावड़ी पहुंची, इसके बाद उन्होंने कृष्णा नगर व कनलोग में नुकसान का जायजा लिया।

# अनंतनाग में एक और शहादत

■ **सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू,** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। कश्मीर में अनंतनाग के गडूल कोकेरनाग में चौथे दिन शुक्रवार को भी आतंकियों से मुठभेड़ जारी रही। बुधवार को आतंकियों की गोली लगने से एक जवान घायल जवान की भी मौत हो गई है। तीन दिनों से जारी जंग का खास पहलू यह है कि ऊंची पहाड़ियों पर काबिज आतंकियों से निपटने को सेना को पहली बार मध्यम रेंज के तोपखाने के साथ ही सबसे अधिक शक्तिशाली हेरोन मार्क दो ड्रोन का भी इस्तेमाल आतंकियों पर बम बरसाने में किया जा रहा है। कश्मीर में आतंकवाद के खत्म होने के दावों के बीच हुई इस मुठभेड़ में पहली बारी इतने बड़े रैंक के अफसरों के मारे जाने के बाद सुरक्षाबलों के दावों पर भी शक पैदा होता था। अभी तक यह भी कहा जा रहा था कि घुसपैठ पर पूरी तरह से रोक लगा दी है, पर कश्मीर में पिछले एक साल के भीतर मारे गए 40 के करीब ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

■ गडूल कोकेरनाग में आतंकियों की तलाश में घेराबंदी

# ग्रेटर नोएडा में निर्माणाधीन इमारत की लिफ्ट गिरी, चार की मौत

**ग्रेटर नोएडा,** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। बिसरख कोतवाली क्षेत्र के ड्रीम वैली प्रोजेक्ट ग्रेनो वेस्ट में शुक्रवार को सुबह निर्माणाधीन बिल्डिंग में पैसेन्जर लिफ्ट गिरने से उसमें फंसे 9 लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए जिनमें से चार मजदूरों की उपचार के दौरान मौत हो, जबकि पांच व्यक्तियों का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। काम करने वाले मजदूर निर्माण सामग्री के साथ ऊपर से नीचे की तरफजा रहे थे। इसी दौरान अचानक लिफ्ट टूट गई। अचानक हुए हादसे से लिफ्ट में सवार चारों मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। उधर, हादसा होते ही मौके पर अफरा–तफरी मच गई। वहां मौजूद अन्य कर्मियों ने सूचना पुलिस और सोसाइटी वालों को दी। जिसपर ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण के सीईओ रवी कुमार एनजी, डीएम मनीष कुमार वर्मा और पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए। फिलहाल पुलिस निर्माणाधीन इमारत में लिफ्ट के टूटने की वजह का पता लगा रही है।

■ 80 फीट की ऊंचाई से गिरी लिफ्ट

**मिशन चंद्रयान** चंद्रयान-1 के आंकड़ों का अध्ययन कर वैज्ञानिकों का दावा

# चंद्रमा पर पानी बना रहे पृथ्वी के उच्च ऊर्जा वाले इलेक्ट्रॉन

**नई दिल्ली/वॉशिंगटन, 15 सितम्बर (एजेंसियां)। चंद्रयान-1 के डेटा की स्टडी कर रहे अमेरिका की हवाई यूनिवर्सिटी के साइंटिस्ट्स ने दावा किया है कि पृथ्वी के हाई एनर्जी इलेक्ट्रॉन चांद पर पानी बना रहे हैं। ये इलेक्ट्रॉन पृथ्वी की प्लाज्मा शीट में हैं, जो मौसमी प्रक्रिया के लिए जिम्मेदार है, यानी इनके होने से ही पृथ्वी के मौसम में बदलाव होता है।**

*साइंटिस्ट्स का दावा है कि ये इलेक्ट्रॉन चांद पर मौजूद चट्टानों और खनिजों को तोड़ या घोल रहे हैं। इससे चांद के मौसम में भी बदलाव आ रहा है। नेचर एस्ट्रोनॉमी जर्नल में पब्लिश स्टडी में कहा गया कि इन इलेक्ट्रॉन्स ने चांद पर पानी बनाने में मदद की होगी। इससे पहले 2008 में लॉन्चिंग के बाद चंद्रयान–1 मिशन ने चंद्रमा की सतह पर पानी की मौजूदगी का संकेत दिया था। उस मिशन की एक रिसर्च के आधार पर चांद पर बर्फ होने का दावा किया गया था। इसके बाद साइंटिस्ट्स ने अनुमान लगाया कि चांद के पोलर रीजन में सूरज की रोशनी नहीं पहुंचने से वहां का तापमान –200 डिग्री सेल्सियस से नीचे हो सकता है, जो बर्फ के फॉर्म में पानी की मौजूदगी की ओर इशारा करता है। इसलिए पानी की खोज के लिए 14 जुलाई 2023 को चंद्रयान–3 लॉन्च किया गया।*

**चंद्रयान-3 का लक्ष्य भी पानी खोजना**

***सौर हवाएं हो सकती हैं पानी का कारण***

*शोध के अनुसार सौर हवा जो प्रोटॉन जैसे उच्च ऊर्जा कणों से बनी है, चंद्रमा की सतह पर बमबार्डिंग करती है और इसे चंद्रमा पर पानी का प्रारंभिक कारण माना जा सकता है। टीम ने सतह के अपक्षय में परिवर्तन की जांच की क्योंकि चंद्रमा पृथ्वी के मैग्नेटोटेल से गुजरता है, एक ऐसा क्षेत्र जो सौर हवा से तो चंद्रमा को लगभग पूरी तरह से बचाता है लेकिन सूर्य के प्रकाश फोटॉन से नहीं। यूएच मनोआ स्कूल ऑफ ओशन के सहायक शोधकर्ता शुआई ली ने कहा, यह चंद्र सतह के पानी की निर्माण प्रक्रियाओं का अध्ययन करने के लिए एक आधार प्रदान करता है। चांद पर 14 दिन तक रात और 14 दिन तक उजाला रहता है। यानी 14 दिन ही यहां पर सूरज की रोशनी होती है। जब यहां सूरज की रोशनी नहीं होती तो सोलर विंड की बौछार होती है। इसी दौरान पानी बनने का दावा किया गया है।*

***2008 में लॉन्च हुआ था चंद्रयान-1 मिशन**–इसरो ने 22 अक्टूबर 2008 को चंद्रयान–1 की कामयाब लॉन्चिंग की थी। ऐसा करने* ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤






## ‘सुल्तान ऑफ दिल्ली’ के साथ ओटीटी डेब्यू करेंगे मिलन लुथरिया

**मुंबई।** ‘कच्चे धागे’, ‘वन्स अपॉन ए टाइम इन मुंबई’ और ‘बादशाहो’ जैसी फिल्म को लेकर जाने जाने वाले फिल्म निर्माता मिलन लूथरिया पावर-पैक सीरीज ‘सुल्तान ऑफ दिल्ली’ के साथ अपने ओटीटी निर्देशन की शुरुआत करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। ओटीटी सीरीज अर्नब रे की किताब ‘सुल्तान ऑफ दिल्ली एसेंशन’ पर आधारित है। इस बारे में बात करते हुए मिलन ने कहा कि सुल्तान ऑफ दिल्ली मेरी पहली वेब सीरीज है। 1960 के दशक में स्थापित, इसमें ग्लैमर, एक्शन, संगीत, दमदार वन लाइनर्स और मनोरंजन जैसे तत्व है। उन्होंने कहा कि सीरीज में मल्टी-स्टारर फिल्म अर्जुन भाटिया (ताहिर राज भसीन) की जर्नी को दिखाया जाएगा।

# स्तन कैंसर का शीघ्र पता लगाने में मदद कर सकता है ब्रेस्ट मिल्क



**शोधकर्ताओं का दावा, स्तन कैंसर के रोगियों के दूध में ट्यूमर डीएनए**

**लंदन,** 15 सितम्बर (एजेंसियां)। स्पेनिश शोधकर्ताओं ने पहली बार पाया कि ब्रेस्ट कैंसर के रोगियों के दूध में ट्यूमर डीएनए होता है, और यह दुनिया भर में महिलाओं को प्रभावित करने वाले सबसे आम प्रकार के कैंसर का जल्द पता लगाने में मदद कर सकता है। ट्यूमर डीएनए, जिसे सर्कुलेटिंग ट्यूमर डीएनए (सीटीडीएनए) के रूप में जाना जाता है, ब्रेस्ट मिल्क में लिक्विड बायोप्सी से पता लगाया जा सकता है, पारंपरिक इमेजिंग का उपयोग कर स्तन कैंसर का निदान करने से पहले भी। कैंसर डिस्कवरी जर्नल में प्रकाशित शोध से पता चलता है कि प्रसव के बाद ब्रेस्ट कैंसर के शीघ्र निदान के लिए यह एक नया उपकरण बन सकता है। यह निष्कर्ष स्पेन के वैल डीहेब्रोन यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल के शोधकर्ताओं द्वारा तब निकाला गया जब एक महिला को अपनी तीसरी बेटी के साथ गर्भवती होने के दौरान स्तन कैंसर का पता चला और उसके दूध से उसकी दूसरी बेटी में ट्यूमर के फैलने के संभावित खतरे के बारे में चिंता व्यक्त की गई। विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ ऑन्कोलॉजी (वीएचआईओ) में स्तन कैंसर समूह की प्रमुख डॉ. क्रिस्टीना सौरा ने कहा कि रोगी हमारे लिए ब्रेस्ट मिल्क का सैंपल लेकर आई जिसे उसने अपने फ्रीजर में संग्रहीत किया था। यहीं से हमारी रिसर्च शुरू हुई। हालांकि हम जानते हैं कि स्तन कैंसर ब्रेस्ट मिल्क से नहीं फैलता है, हमने सैंपल का विश्लेषण करने का फैसला किया। और वास्तव में, जब हमने मरीज के ब्रेस्ट मिल्क का विश्लेषण किया, तो हमें उसी म्यूटेशन के साथ डीएनए मिला जो उसके ट्यूमर में मौजूद था। मरीज के कैंसर के निदान से एक साल से अधिक समय पहले स्तन का दूध जमा कर दिया गया था। इसके बाद शोधकर्ताओं ने गर्भावस्था या प्रसव के बाद निदान किए गए 15 स्तन कैंसर रोगियों के साथ-साथ स्तनपान कराने वाली स्वस्थ महिलाओं से ब्रेस्ट मिल्क और ब्लड के सैंपल एकत्र किए। दो तकनीकों, नेक्स्ट जेनरेशन सीक्वेंसिंग (एनजीएस) और ड्रॉपलेट डिजिटल पीसीआर का उपयोग किया गया।

## पृथ्वी की कक्षा छोड़कर 19 को सूरज की ओर रवाना होगा आदित्य-एल1



**चेन्नई,** 15 सितम्बर (एजेंसियां)। देश की अंतरिक्ष-आधारित सौर वेधशाला आदित्य-एल1 को 19 सितम्बर को सूर्य की ओर रवाना किया जाएगा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अनुसार, शुक्रवार तड़के 2.15 बजे आदित्य एल-1 की कक्षा का चौथा सफल उन्नयन किया गया।

अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि मॉरीशस, बेंगलुरु, श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र और पोर्ट ब्लेयर में इसरो के ग्राउंड स्टेशनों ने इस ऑपरेशन के दौरान उपग्रह को ट्रैक किया, जबकि वर्तमान में आदित्य-एल 1 के लिए फिजी द्वीप समूह में एक परिवहनीय टर्मिनल पोस्ट-बर्न ऑपरेशन का समर्थन करेगा।

इसरो के अनुसार, आदित्य एल-1 अब 256 किमी गुना 1,21,973 किमी की अपनी नई कक्षा में है। इसरो ने कहा कि अगले मैनोवर में 19 सितम्बर को लगभग दो बजे तड़के पृथ्वी की कक्षा से विदा होकर वेधशाला लैंगरेंजियन प्वाइंट-1 (एल-1) की ओर बढ़ेगी। आदित्य-एल1 भारत की अंतरिक्ष आधारित सौर वेधशाला है जिसे 2 सितम्बर को ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान-एक्सएल (पीएसएलवी-एक्सएल) रॉकेट द्वारा पृथ्वी की निचली कक्षा (एलईओ) में स्थापित किया गया था।

तब से इसरो द्वारा अंतरिक्ष यान की कक्षा को चार बार बढ़ाया गया है। एल-1 की ओर यात्रा के दौरान पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण से बाहर निकलने के बाद क्रूज़ चरण शुरू हो जाएगा और बाद में अंतरिक्ष यान को एल-1 के चारों ओर एक बड़ी प्रभामंडल कक्षा में इंजेक्ट किया जाएगा - वह बिंदु जहां दो बड़े पिंडों - सूर्य और पृथ्वी - का गुरुत्वाकर्षण खिंचाव बराबर होगा और इसलिए अंतरिक्ष यान अपनी कक्षा में बना रहेगा। लॉन्च से एल-1 तक की कुल यात्रा में अंतरिक्ष यान को लगभग चार महीने लगेंगे और पृथ्वी से दूरी लगभग 15 लाख किलोमीटर होगी।



## टेरेंस लुईस ने उन्हें कंटेम्परेरी डांस स्टाइल से परिचित कराया : मानुषी छिल्लर

**मुंबई,** 15 सितम्बर (एजेंसियां)। ‘मिस वर्ल्ड 2017’ मानुषी छिल्लर ‘इंडियाज बेस्ट डांसर 3’ शो में आई और उन्होंने मशहूर कोरियोग्राफर टेरेंस लुईस की जमकर तारीफ की। डांस रियलिटी शो के अपकमिंग एपिसोड में विक्की कौशल और मानुषी अपनी अपकमिंग फिल्म ‘द ग्रेट इंडियन फैमिली’ का प्रोमोशन करते नजर आएंगे। फिनाले के करीब शो के कंटेस्टेंट्स ने कम्पीटिशन का लेवल बढ़ा दिया है। इस कड़ी में कंटेस्टेंट समर्पण लामा ने ‘अभी मुझ में कहीं’ पर शानदार परफॉर्मेंस दी। मानुषी ने एक्ट की प्रशंसा करते हुए कहा कि समर्पण, आपकी बॉडी गाने की बदलती लय और ताल के साथ तालमेल करती है, जो धुन को पकड़ने की आपकी क्षमता को दर्शाती है। अपनी गति और बदलने की आपकी क्षमता वास्तव में प्रभावशाली थी।

उन्होंने कहा कि डांसर्स में जिस चीज की मैं सबसे अधिक प्रशंसा करती हूं, वह है उनका न्यूरोमस्कुलर कोऑर्डिनेशन और उनके बॉडी पर प्रीसाइस कंट्रोल। समर्पण आप न केवल एक इंक्रेडिबल डांसर हैं, बल्कि सुंदर और मनमोहक भी हैं। जब हम किसी का बहुत आदर करते हैं, तो हम अक्सर उन्हें एक सिंबल गिफ्ट करते हैं, और आज, मैं आपको एक गुलाब गिफ्ट कर रही हूं।

मानुषी ने कहा कि मैंने टेरेंस को टीवी पर कंटेम्परेरी डांस करते देखा है और उन्होंने मुझे इस डांस फॉर्म से परिचित कराया। और आज, समर्पण के परफॉर्मेंस ने टेरेंस की कलात्मकता की यादें ताजा कर दीं।

## एक्स पर ‘लाइक्स’ टैब को पब्लिक व्यू से छिपा सकते हैं यूजर्स

**सैन फ्रांसिस्को,** 15 सितम्बर (एजेंसियां)। एलन मस्क द्वारा संचालित एक्स (पूर्व में ट्विटर) ने एक नया फीचर पेश किया है, जो प्रीमियम सब्सक्राइबर्स को अपने ‘लाइक्स’ टैब को पब्लिक व्यू से छिपाने की अनुमति देगा। ‘हाइड लाइक्स टैब’ को इनेबल करने पर, टैब एक्स प्रीमियम यूजर्स की प्रोफाइल से पूरी तरह से गायब हो जाएगा। एक्स ने गुरुवार को कहा कि अपने लाइक टैब को छिपाकर निजी रखें। प्रीमियम सब्सक्राइबर्स के लिए उपलब्ध है।

मस्क ने एक्स पर नए अपडेट के बारे में भी साझा किया, लेकिन उन्होंने यूजर्स को लाइक टैब ओपन रखने की सलाह दी और दिलचस्प पोस्ट के लिए ‘बुकमार्क’ का इस्तेमाल करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि अब आप अपने लाइक्स छिपा सकते हैं, लेकिन मैं उन्हें ओपन रखने और दिलचस्प पोस्ट के लिए केवल बुकमार्क का इस्तेमाल करने की सलाह देता हूं।

इसके अलावा, कई यूजर्स ने इस डेवलपमेंट पर अपने विचार साझा किए। एक यूजर ने लिखा कि धन्यवाद, एलन! मैं कुछ भी लाइक कर सकता हूं और अब किसी के चेक करने की चिंता नहीं है। इस बीच, एक्स ने अपनी नए सर्विस टर्म में पहले ट्वीट का नाम बदलकर ‘पोस्ट’ और रीट्वीट का नाम ‘रीपोस्ट’ कर दिया है, जो 29 सितम्बर को प्रभावी होगा।

अन्य उल्लेखनीय परिवर्तनों में ‘ट्विटर’ शब्द को पूरी तरह से हटा दिया गया है और इसके जगह पर एक्स का प्रयोग किया गया है।

## ‘आपातकालीन चेतावनी प्रणाली’ का फिर परीक्षण

### सरकार ने कई लोगों को भेजा टेस्ट मैसेज

**नई दिल्ली,** 15 सितम्बर (एजेंसियां)। केंद्र सरकार ने शुक्रवार को कई स्मार्टफोन यूजर्स को एक टेस्ट मैसेज भेजकर अपनी ‘आपातकालीन चेतावनी प्रणाली’ का फिर से परीक्षण किया। देश भर के यूजर्स के फोन पर ‘आपातकालीन चेतावनी गंभीर’ शब्दों के साथ एक तेज़ बीप और फ्लैश आया।

फ्लैश संदेश में लिखा था, ‘यह भारत सरकार के दूरसंचार विभाग द्वारा सेल ब्रॉडकास्टिंग सिस्टम के माध्यम से भेजा गया एक सैंपल टेस्टिंग मैसेज है। कृपया इस संदेश को अनदेखा करें क्योंकि आपकी ओर से कुछ भी करने की आवश्यकता नहीं है। यह संदेश राष्ट्रव्यापी इमरजेंसी अलर्ट सिस्टम के परीक्षण के लिए भेजा गया है जिसे राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य सार्वजनिक सुरक्षा को बढ़ाना और आपात स्थिति के दौरान समय पर अलर्ट प्रदान करना है। इसे दोपहर के आसपास दूरसंचार विभाग द्वारा सेल ब्रॉडकास्टिंग सिस्टम के माध्यम से सभी एंड्रॉइड फोन पर भेजा गया। कई लोगों ने एक से ज्यादा बार संदेश आने की बात कही। अपने स्मार्टफ़ोन पर अलर्ट प्राप्त करने के बाद, कई यूजरों ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर अपनी राय साझा की। एक यूजर ने लिखा कि अभी मेरे फोन पर आपातकालीन अलर्ट प्राप्त हुआ। यह एक बेहतरीन तकनीक है, आशा है कि वे इसे भूकंप के साथ एकीकृत कर सकते हैं।

एक अन्य उपयोगकर्ता ने कहा कि आपमें से कितने लोगों को यह अलर्ट मिला है? इस संदेश के साथ एक बीप बीप ध्वनि! क्या यह वास्तव में भारत सरकार द्वारा आपातकालीन चेतावनी के लिए की गई एक पहल है या कुछ और? सेल ब्रॉडकास्टिंग सिस्टम ने बताया कि मोबाइल ऑपरेटरों और सेल ब्रॉडकास्ट सिस्टम की आपातकालीन चेतावनी प्रसारण क्षमताओं की दक्षता और प्रभावशीलता का आकलन करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में नियमित आधार पर ऐसे परीक्षण आयोजित किए जाएंगे। सरकार भूकंप, सुनामी और आकस्मिक बाढ़ जैसी आपदाओं से निपटने के लिए तैयारियों में सुधार के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के साथ काम कर रही है। देश भर के फ़ोन यूजर्स को जुलाई और अगस्त में इसी तरह के परीक्षण अलर्ट प्राप्त हुए थे।

## हेड कांस्टेबल ने चलती ट्रेन में लटकी महिला की बचाई जान



**देहरादून/काठगोदाम,** 15 सितम्बर (एजेंसियां)। ट्रेन लखनऊ एक्सप्रेस काठगोदाम से 14 सितम्बर को अपने गंतव्य के लिए समय 11.15 बजे रवाना हुई जिसमें अपने परिजनों को रेलगाडी तक छोड़ने आई महिला नीचे उतरने के दौरान पैर फिसलने के कारण चलती ट्रेन में नीचे की ओर लटक गई।

वह प्लेटफार्म पर रगड़ते हुए लटकी हुई जा रही थी। इसी दौरान रेलवे प्लेटफार्म ड्यूटी पर नियुक्त हेड कांस्टेबल जीआरपी अनिल कुमार ने अपनी जान की परवाह न करते हुए तुरन्त महिला का हाथ पड़कर चलती ट्रेन से सुरक्षित बाहर खींच लिया और महिला की जान बचा ली।

उत्तराखण्ड पुलिस के जांबाज अनिल के इस साहस एवं त्वरित निर्णय की हर ओर सराहना हो रही है।

## फिक्की होमलैंड सिक्योरिटी कॉन्फ्रेंस 2023 में आंतरिक सुरक्षा और पुलिसिंग के भविष्य पर हुई चर्चा

**नई दिल्ली,** 15 सितम्बर (एजेंसियां)। फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) ने दिल्ली स्थित फिक्की हाउस में विवेकानंद इंटरनेशनल फाउंडेशन (VIF) के सहयोग से फिक्की होमलैंड सिक्योरिटी कॉन्फ्रेंस 2023 का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस कार्यक्रम ने गहन चर्चा व आंतरिक सुरक्षा और पुलिसिंग रणनीतियों में अत्याधुनिक प्रगति की खोज के लिए एक अमूल्य मंच प्रदान किया।



कॉन्फ्रेंस का मुख्य आकर्षण प्रतिष्ठित फिक्की स्मार्ट पुलिसिंग अवार्ड्स की प्रस्तुति थी। ये पुरस्कार होमलैंड सिक्योरिटी और पुलिसिंग के क्षेत्र में राज्य पुलिस विभागों, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) और केंद्रीय पुलिस संगठनों (सीपीओ) के उल्लेखनीय योगदान के लिए दिए गए। ये पुरस्कार हमारे देश की सुरक्षा में इन संगठनों के समर्पण और इनोवेशन को मान्यता दिलाने के लिए दिए गए।

सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के पूर्व महानिदेशक एवं उत्तर प्रदेश और असम के पूर्व पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) प्रकाश सिंह ने कहा कि भारत में बढ़ते डिजिटलीकरण से साइबर जोखिम बढ़ गया है। उन्होंने विशेषकर आंतरिक सुरक्षा अनुप्रयोगों में एआई से जुड़ी संभावनाओं और जोखिमों पर प्रकाश डाला।

श्रीमती मंजरी जरुहर, फिक्की कमेटी ऑन प्राइवेट सिक्योरिटी इंडस्ट्री सलाहकार और पूर्व विशेष महानिदेशक सीआईएसएफ, भारत सरकार ने ‘स्माइल’ और ‘मुस्कान’ पहल में राज्य पुलिस विभागों के प्रयासों की सराहना की, जिसका सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। उन्होंने जी-20 कार्यक्रम के प्रभावी प्रबंधन के लिए दिल्ली पुलिस की भी सराहना की।

## नार्वे में डुओ अवॉर्ड से सम्मानित हुए मधुर भंडारकर



**मुंबई,** 15 सितम्बर (एजेंसियां)। बॉलीवुड के जानेमाने फिल्मकार मधुर भंडारकर को नार्वे में डुओ अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। मधुर भंडारकर को सिनेमा में उनके योगदान के लिए नॉर्वे में सम्मानित किया गया है। मधुर भंडारकर को उनकी फिल्म बबली बाउंसर और इंडिया लॉकडाउन के लिए यह सम्मान मिला है। नॉर्वे की राजधानी ओस्लो में हुए फिल्म फेस्टिवल में मधुर भंडारकर को डुओ अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। मधुर भंडारकर ने कहा कि मेरी दोनों फिल्में फेस्टिवल में दिखाई गयीं। अवॉर्ड भी मिला। इस अवॉर्ड को मैं पूरी टीम को मैं समर्पित करता हूं। विदेशों में हमारी इंडियन फिल्मों के कद में लगातार इजाफा हो रहा है। ओस्लो में एशिया के कई मुल्कों के लोग मिले। खुशी हुई कि पाकिस्तान, अफगानिस्तान और मिडिल ईस्ट के लोगों में इंडियन फिल्मों को लेकर अलग क्रेज है।

## 86 साल बाद इतिहास के पन्नों में गुम हो जाएंगी मुंबई की प्रसिद्ध डबल-डेकर बसें



**मुंबई,** 15 सितम्बर (एजेंसियां)। मुंबई में कई मार्गों पर 86 साल तक राज करने के बाद प्रतिष्ठित गैर-वातानुकूलित डबल-डेकर बेस्ट बसें आधिकारिक तौर पर शुक्रवार रात सेवा से ‘रिटायर’ हो जाएंगी। अधिकारियों ने बताया कि दक्षिण मुंबई में कुछ मार्गों पर चलने वाली पांच ऐसी बसें भी शनिवार से सड़कों पर नहीं दिखेंगी। इसके बाद कुछ ओपन-डेक डबल-डेकर पर्यटक बसों को भी 5 अक्टूबर को बंद कर दिया जायेगा। हालांकि, बेस्ट ने 2022 में 16 वातानुकूलित, इलेक्ट्रिक डबल-डेकर बसें उतारी थीं जिनका अनावरण केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने किया था। अगले चरण में 18 और एसी डबल-डेकर बसें शामिल होंगी।

इन 18 में से 10 बसों को दक्षिण मुंबई में तैनात किया जाएगा और बाकी उपनगरों में सेवा देंगी। वर्तमान में बेस्ट के बेड़े में तीन हजार से अधिक सिंगल-डेकर बसें हैं जिनमें रोजाना औसतन 30 लाख से अधिक लोग यात्रा करते हैं। इन्हें मुंबई की विश्वसनीय, हर मौसम में चलने वाली जीवन-रेखा माना जाता है।

जुलाई 1926 में शहर में बेस्ट बस सेवा शुरू होने के 11 साल बाद 1937 में यहां पहली बार नॉन-एसी डबल-डेकर बसों की शुरुआत की गई थी।

दूर से ही दिख जाने वाली इन बसों में लंबी दूरी के यात्री ऊपर की मंजिल पर यात्रा करना पसंद करते थे जबकि कम दूरी की यात्रा करने वाले नीचे के डेक पर ही बैठना पसंद करते थे।

किशोर और बच्चे ऊपरी डेक की ओर भागते थे, और आगे की पंक्ति की दो सीटों के लिए वस्तुत: हाथापाई हो जाती थी क्योंकि वहां से मुंबई के दर्शनीय स्थलों को ऊंचाई से बिना बाधा देखा जा सकता था। साथ ही ऊपरी डेक पर हर मौसम में अच्छी हवा मिलती थी, हालांकि मानसून के समय खिड़की बंद करनी पड़ती थी।

किसी समय शहर भर में 240 से अधिक डबल-डेकर बसें चलती थीं। धीरे-धीरे 2010 में उनकी संख्या घटकर 122 और 2019 तक केवल 48 रह गईं। आखिरी पांच बसें भी अब इतिहास बनने जा रही हैं।

## अंग्रेजों के खिलाफ लोगों को एकजुट करने का साधन था दधिकांदो मेला

**150 साल पहले शुरू हुआ था मेला**

**प्रयागराज,** 15 सितम्बर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में 16 -29 सितम्बर के बीच होने जा रहे दधिकांदो मेले का बड़ा ऐतिहासिक महत्व है। यह मेला हिंदुस्तानी क्रांतिकारियों ने गुलामी की जंजीरों को तोड़ने के लिए 1890 में अंग्रेजी हुकूमत के विरोध में शुरू किया था। धार्मिक दिखने वाले इस मेला आयोजन से क्रांतिकारियों ने इलाहाबाद में अंग्रेजी हुकूमत से बगावत की शुरुआत की थी। इस मेले को अंग्रेजी हुकूमत के विरोध में आम जनमानस को एकजुट करने के लिए शुरू किया गया था। देश में ब्रितानी शासकों द्वारा लगातार क्रांतिकारियों का दमन किया जा रहा था। क्रांतिकारी अखबारों और सभाओं पर रोक थी। क्रांतिकारी गुपचुप कहीं बैठक करते थे तो फिरंगी उन्हें प्रताड़ित कर जेल में डाल देते थे। ब्रितानी शासकों के क्रूर कार्रवाई से कोई भी जनमानस घर के बाहर निकलने से डरता था। बात उस उस समय की है जब इलाहाबाद के कैंट इलाके में अंग्रेजो द्वारा हिन्दुस्तानियो के किसी प्रकार के उत्सव पर प्रतिबन्ध था। तब सन् 1890 में इलाहबाद में इस मेले की नींव रखने के लिए क्रांतिकारियों की बैठक हुई थी। प्रयाग के तीर्थ पुरोहित रामकैलाश पाठक, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विजय चंद्र, सुमित्रादेवी ने इसकी रूपरेखा तैयार की थी।

लोग क्रांति के नाम पर उस समय बमुश्किल ही एकत्रित होते लेकिन




धार्मिक उत्सव के नाम पर उन्हें नजदीक लाया जा सकता था। समस्या थी कि अंग्रेज कही इस मेले को न होने दें तब क्या होगा। लेकिन मामला धर्म से जुड़ा था तो इतना तो साफ था कि अंग्रेज जबरन कोई कदम नहीं उठाएंगे। निर्णय हुआ कि अगर बहुत सारे लोग एकसाथ एक जगह एकत्रित हो तो उनमें आजादी की लड़ाई के लिए जोश भरा जा सकता है। अगर ज्यादा लोग एकत्रित हो तो तो उनमें संगठित होने की भी भावना घर करती है।

सलोरी दधिकांदो मेला समिति के अध्यक्ष राकेश शुक्ल ने बताया कि प्रयागराज में लगने वाला दधिकांदो मेला उसी का हिस्सा है। प्रयागराज में दधिकांदो मेले का आयोजन 16 सितम्बर से 29 सितम्बर तक होगा। इसकी शुरूआत सलोरी से हुई। इसे शुरू करने वाले क्रांतिकारी ब्रह्मचारी बाबा थे। बाबा ने 150 साल से पहले जब इस मेले को शुरू किया था तब संसाधनों का अभाव था। मेले में लोगों को एक साथ मिलने का अवसर मिलता था जिससे वे एक दूसरे से अपने क्रांतिकारी विचार आदान प्रदान कर सकते थे। अंग्रेजों के खिलाफ रणनीति भी तैयार की जाती थी। मेले से लोगों में जहां देश भक्ति की भावना पैदा होने लगी वहीं धीरे धीरे अंग्रेजों के खिलाफ मन में विद्रोह पनपने लगा। सलोरी मेला के अध्यक्ष राकेश शुक्ल ने बताया कि फिरंगियों ने लोगों में बढ़ते आक्रोश को देखते हुए 1922 से 1927 के बीच मेले पर रोक लगा दी। बावजूद इसके लोगों का कार्यक्रम जारी रहा। लोगों के भारी विरोध के बाद वर्ष 1928 में उन्हें मेले पर से रोक हटानी पड़ी। अंग्रेज चाहकर भी फिर मेले पर रोक नहीं लगा सके। उन्हे धार्मिक भावना पर रोक लगाने से विद्रोह भड़कने का डर था। फिरंगियों के पूर्ण कब्जे वाले कैंट क्षेत्र में आने वाले मुहल्लों सलोरी, तंलियरगंज, सुलेमसराय और कीडगंज में आज भी मेले का आयोजन किया जाता है। शुरूआती दौर में उचित संसाधन के अभाव में मशाल एवं लालटेन से रोशन की जाती थी। तब भगवान श्रीकृष्ण-बलदाऊ की सवारी को पुजारी भगवान की मूर्तियों को अपने सिर पर रख निकलते थे। पीछे-पीछे भक्तों का छोटा कारवां चलता था लेकिन समय के साथ अब इसमें बड़ा विस्तार हुआ और आज यह पूर्ण विस्तार तथा पूर्ण लाइटिंग के साथ होता है। मेले में राजसी वेशभूषा में सजे हाथी पर रखे चांदी के हौदे पर आसीन श्रीकृष्ण-बलदाऊ के दिव्य स्वरूप के दर्शन करने हजारों की भीड़ सड़कों पर रात में जुटती है।

# अभिमत

*बॉलीवुड एक ऐसी जगह है जो गीत और नृत्य के लिए जानी जाती है जिसका घोषवाक्य मनोरंजन और ग्लैमर हैं। बॉलीवुड हमेशा एक जीतने वाला फॉर्मूला पसंद करता है, खासकर बड़े बजट की फिल्मों में जो मोटी फीस लेने वाले रॉकिंग सितारों से भरी होती हैं। क्या 'जवान' की सफलता के साथ यहां से यह बदल जाएगा? हमारे पास बॉलीवुड के लिए एक नए रास्ते का प्रस्ताव है, एक ऐसा रास्ता जो अपनी विशाल और बेजोड़ सॉफ्ट पावर का उपयोग करके इस तरह के कुछ महत्वपूर्ण संदेशों को घर-घर तक पहुंचा सकता है और एक तरह से बड़े बजट के असाधारण आयोजन में इस तरह का संदेश पहुंचाने का शायद ही कभी ऐसा प्रयास किया गया हो।*

## जनता के सवालों के लिए शाहरुख ने बॉलीवुड में बनाई नई राह



जगदीश रत्तनानी

किंग खान और एसआरके के नामों से भी मशहूर शाहरुख खान अपनी फिल्म 'जवान' के साथ बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रहे हैं। पिछले हफ्ते रिलीज़ हुई इस फिल्म ने कथित तौर पर सप्ताहांत तक 350 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की जिसे बॉलीवुड फिल्म इतिहास में अब तक की सबसे बड़ी ओपनिंग कहा जा रहा है। कुछ लोग जो सोचते थे कि शाहरुख का करियर गिरावट पर है वे देख सकते हैं कि वह एक बड़े धमाके के साथ लौट आया है। शाहरुख के जादू में इस बार दक्षिण भारतीय फिल्मों की नायिका नयनतारा, दक्षिण के ही कलाकार विजय सेतुपति और निर्देशक एटली कुमार जैसे तमिल सिनेमा के सितारों ने उत्तर और दक्षिण की प्रतिभाओं को एक पैकेज में जोड़ा है जिसे पूरे देश के दर्शकों द्वारा पसंद किया जा रहा है। पौने तीन घंटे लंबी फिल्म का वर्णन निर्माता कंपनी रेड चिलीज़ एंटरटेनमेंट इन शब्दों में करती है- 'एक हाई-ऑक्टेन एक्शन थ्रिलर, एक ऐसे व्यक्ति की भावनात्मक यात्रा को रेखांकित करती है जो समाज में गलतियों को सुधारने के लिए तैयार है।'

कहने की जरूरत नहीं है, इसमें से बहुत कुछ ठेठ बॉलीवुड बड़बोलापन है। लेकिन इसमें 'समाज में हुई गलतियों' को रेखांकित किया गया है जो 'जवान' को अलग-अलग राजनीतिक रंग के साथ एक साहसिक कदम बनाता है। इसे कई लोग इस समय के विशेष राजनीतिक माहौल में बड़े जोखिम के रूप में देखेंगे जो आगामी चुनावों से और गर्म हो जाएगा। यह फिल्म एक सार्वजनिक अस्पताल में ऑक्सीजन सिलेंडर की कमी के कारण मरीजों की मौत, किसानों की आत्महत्या, घटिया उपकरणों के खराब सौदे जो हमारे सैनिकों की जान को खतरे में डालते हैं, पानी और हवा को प्रदूषित करने वाले हमारे कारखानों या चुनिंदा व्यवसायियों, व्हीलर-डीलरों की सुरक्षा पर प्रकाश डालती है।

इसमें, फिल्म समाज की बुराइयों के खिलाफ सामान्य निंदा से परे जाती है क्योंकि वे अपना हक पाने के लिए संघर्ष करते हैं जिसे आम तौर पर दुष्ट बिचौलिए, भ्रष्ट राजनेता या रोजमर्रा के लोगों की परेशानियों की रूढ़ियों में चित्रित किया जाता है। यह सही है कि 'जवान' में अभी भी बहुत सारी सामान्य बातें हैं लेकिन उचित विषयों को भी उछाला गया है। इस लिहाज से शाहरुख और उनकी टीम ने बेहिचक वास्तविक मुद्दों को खोला है और पलायनवादी मसाला इस्तेमाल करते हुए उन ज्वलंत राजनीतिक सवालों को उभारा है जिन्हें कई लोग देख सकते हैं लेकिन वर्तमान राजनीतिक माहौल में बॉलीवुड के कुछ ही लोग ऐसे सवाल पूछने की हिम्मत करेंगे।

बहुत पहले यह माना जाता था कि बॉलीवुड इसलिए काम करता है क्योंकि हल्के- फुल्के गानों और नृत्यों से मिला मनोरंजन लाखों लोगों के लिए रोजमर्रा की जिंदगी के दुख से मुक्ति दिलाता है। पिछले कुछ दशकों में यह बदल गया। शुरुआती दौर की रोमांटिक कहानियों और अमीर-गरीब टिप्पणी से लेकर एंग्री-यंग-मैन, बोल्ड रोमांस वाली फिल्मों और फिर उदारीकरण के बाद कम लागत वाली फिल्मों का आगमन हुआ जिन्होंने नए विषयों के साथ प्रयोग किया। बदलते समय ने बड़े पर्दे पर आधुनिक समय के मुद्दों को और अधिक मुखर किया जैसे लिव-इन रिलेशनशिप, एलजीबीटीक्यू+अधिकार और उनके वैवाहिक संबंध, जातीय संघर्ष, 'मुठभेड़' हत्याएं, ग्रामीण-शहरी विभाजन, ऑटिज़्म, अकेलापन, मानसिक स्वास्थ्य आदि। पिछले कुछ वर्षों में कई फिल्मों में राजनीतिक संदेश भी रहे हैं और इस अर्थ में बॉलीवुड हमेशा राजनीतिक था लेकिन अप्रत्यक्ष तरीके से। यह ज्यादातर सुरक्षित क्षेत्र में खेला जाता था- बहुत से लोगों ने प्रतिष्ठान की आंखों में नहीं देखा लेकिन विषय पर झुकाव के साथ अपनी बात कही।

बॉलीवुड एक ऐसी जगह है जो गीत और नृत्य के लिए जानी जाती है जिसका घोषवाक्य मनोरंजन और ग्लैमर हैं। बॉलीवुड हमेशा एक जीतने वाला फॉर्मूला पसंद करता है, खासकर बड़े बजट की फिल्मों में जो मोटी फीस लेने वाले रॉकिंग सितारों से भरी होती हैं। क्या 'जवान' की सफलता के साथ यहां से यह बदल जाएगा? हमारे पास बॉलीवुड के लिए एक नए रास्ते का प्रस्ताव है, एक ऐसा रास्ता जो अपनी विशाल और बेजोड़ सॉफ्ट पावर का उपयोग करके इस तरह के कुछ महत्वपूर्ण संदेशों को घर-घर तक पहुंचा सकता है और एक तरह से बड़े बजट के असाधारण आयोजन में इस तरह का संदेश पहुंचाने का शायद ही कभी ऐसा प्रयास किया गया हो। इन अर्थों में, फिल्म सभी को सतर्क रखती है और नई कल्पनाओं तथा संभावनाओं को खोलती है कि खतरनाक राजनीतिक स्थानों में घुसने के बाद बॉलीवुड क्या कर सकता है।

फिल्म का मुख्य आकर्षण एक भाषण है जिसमें शाहरुख खान प्रत्याशी से पूछता है- 'प्रिय उम्मीदवार, आप अगले पांच वर्षों में हमारे लिए क्या करेंगे? अगर परिवार में कोई बीमार पड़ता है, तो आप उनके इलाज के लिए क्या करेंगे? मुझे नौकरी दिलाने के लिए आप क्या करेंगे? और यह सवाल उठाने के बाद नागरिकों से यह चुनने के लिए कहता है कि वे किसे वोट देंगे?'

फिल्म का संदेश स्वास्थ्य, शिक्षा, नौकरियों के क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन और सेवा के वितरण की मांग करना है। धर्म, नस्ल या जाति के नाम पर ध्यान भंग नहीं करना है। ये बिल्कुल ऐसे सवाल और मुद्दे हैं जो आज के भारत में फोकस में नहीं हैं। फिल्म में इन सवालों और मुद्दों को एक सफल मसाला प्रारूप में प्रस्तुत कर उन्हें किसी भी अन्य माध्यम की तुलना में जनता तक ले जाया गया है। इन ज्वलंत मुद्दों में से किसी पर गहराई से टिप्पणी नहीं की गई है। गहराई में न जाकर मुद्दों को उठाने का यह वही खेल है जो सत्तापक्ष ने किया है। इस रूप में 'जवान' की टक्कर वही रास्ता अपनाकर, उछल-कूद करके जनता के सामने दूसरा पक्ष रख रही है।

जनता तक इस संदेश की सुपुर्दगी इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों की पृष्ठभूमि में आती है जो 2024 के चुनावों के बहुत ही जीवंत संदर्भ में है।

इनमें से कोई भी प्रगतिशील संदेश नहीं है या हमारे समय के जटिल राजनीतिक मुद्दों की एक महत्वपूर्ण परीक्षा नहीं है। यह एक आधारभूत शैली है लेकिन इसका महत्व यह है कि इसे वितरित किया गया था और इसकी सफलता- इसकी व्यापक पहुंच, इसके स्लीक पैकेज और इसके बड़े सवालों में है।

यह विडंबना पूर्ण है कि यह उन लोगों के अपरिष्कृत दृष्टिकोण से मेल खाता है जिन्होंने राष्ट्रीय एजेंडे को तोड़-मरोड़ कर पेश किया है, राजनीतिक विमर्श को बदल दिया है और अब जो लोग सभी प्रकार के कनेक्शन खींचकर फिल्म का बहिष्कार करने के बेताब आह्वान के साथ सामने आए हैं- सनातन धर्म पर टिप्पणी के वर्तमान विवाद से लेकर शाहरुख खान की हालिया तिरुपति मंदिर की यात्रा तक।

हिंदी फिल्म उद्योग एक ऐसी जगह है जहां का चलन, काम की गुणवत्ता और दर्शकों द्वारा स्वीकृति है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि दिवंगत सुशांत सिंह राजपूत के नाम पर क्या कहा गया है। हिंदू, मुस्लिम और अन्य सभी धर्मों के कलाकार और टेक्निशियन दर्शकों को सपनों की दुनिया में ले जाने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं।

> **हिंदी फिल्म उद्योग एक ऐसी जगह है जहां का चलन, काम की गुणवत्ता और दर्शकों द्वारा स्वीकृति है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि दिवंगत सुशांत सिंह राजपूत के नाम पर क्या कहा गया है। हिंदू, मुस्लिम और अन्य सभी धर्मों के कलाकार और टेक्निशियन दर्शकों को सपनों की दुनिया में ले जाने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं।**

बॉलीवुड एक कुशल व्यवसाय मशीन है जहां आप चाहे किसी भी विभाग से जुड़े हों, जो आपको हर दिन खुद को साबित करने के लिए चुनौती देती है। पैसा कमाने और सफलता की सीढ़ियां चढ़ने का आनंद लेना खुद को चुनौती देना है, न कि राजनीतिक प्रतिष्ठान को चुनौती देना। शाहरुख की 'जवान' ने बात कहने के लिए उस जगह का विस्तार किया है। इस प्रयास को संरक्षित और पोषित किया जाना चाहिए और बढ़ने का अवसर दिया जाना चाहिए। इसलिए फिल्म की सफलता अच्छी खबर है लेकिन यह देखा जाना बाकी है कि आगे क्या होगा और बॉलीवुड इस नई राह को कैसे अपना सकता है या कैसे इसका अनुसरण करेगा।

***( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं। सिंडिकेट: दी बिलियन प्रेस )***

## बीता सप्ताह

**9 सितंबर**

- जी-20 शिखर सम्मेलन में शामिल होने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक तथा जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा सहित कई देशों के राष्ट्राध्यक्ष दिल्ली पहुंचे।
- टाइम पत्रिका की पहली शीर्ष सौ एआई सूची में अमेरिकी स्नेहा रेवनूर सबसे युवा रहीं।
- हांगकांग में 140 साल के इतिहास में सबसे ज्यादा बारिश हुई।
- 107 अल शबाब लड़ाकों ने सोमाली सरकार के सामने आत्मसमर्पण किया।

**10 सितंबर**

- जी-20 नई दिल्ली घोषणा पत्र आम सहमति से पारित हुआ।
- आंध्रप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू भ्रष्टाचार के मामले गिरफ्तार किए गए।
- मोरक्को में बीती रात 6.8 तीव्रता वाले भूकंप आने से 1 हजार से अधिक लोगों की मृत्यु हो गई।
- दक्षिण अफ्रीकी के कद्दावर नेता मुखर राजनीतिज्ञ जुलु प्रमुख मैंगो बुथेलेजी का निधन हो गया।

**11 सितंबर**

- शांति के संदेश के साथ जी-20 सम्मेलन का समापन हुआ।
- आदित्य मिशन एल-1 ने तीसरी कक्षा में प्रवेश किया।
- बलूचिस्तान के डेटा बुगती जिले में छ: फुटबॉल खिलाड़ियों का अपहरण कर लिया गया।
- शोधकर्ता तुर्की के तीन हजार फीट नीचे गुफा में फंसे।

**12 सितंबर**

- एशिया कप-2023 के वन डे मैच में पाकिस्तान के खिलाफ भारत ने सबसे बड़ी जीत दर्ज की।
- बॉलीवुड के जाने माने लेखक, गीतकार और कवि जावेद अख्तर को लंदन यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ ओरिएंटल एंड अफ्रीकन स्टडीज की ओर से डॉक्टर ऑफ लिटरेचर की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया।
- नाइजीरिया में नाव पलटने से 26 लोगों की मौत हो गई।
- केंद्र सरकार ने धान खरीदी के लिए बायोमीट्रिक प्रणाली को अनिवार्य किया।

**13 सितंबर**

- संसद भवन कर्मचारियों को नई ड्रेस की घोषणा की गई जिसमें कमल के फूल और खाकी रंग को जगह दी गई और गुलाबी रंग की नेहरू जैकेट।
- जम्मू-कश्मीर में राजौरी में सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ में एक आतंकी मारा गया।
- नूंह हिंसा के भड़काऊ पोस्ट के लिए मोनू मानेसर को गिरफ्तार कर लिया गया।
- टीएमसी सांसद नुसरत जहां फ्लैट घोटाला मामले में ईडी के सामने पेश हुईं।
- एशिया कप सुपर फोर मुकाबले में श्रीलंका के खिलाफ भारत ने 213 रन बनाए।

**14 सितंबर**

- जम्मू-कश्मीर के अनंत नाग में आतंकियों और सेना के बीच मुठभेड़ में कर्नल मेजर व डीएसपी शहीद हो गए।
- श्रीलंका में भारत के उच्चायुक्त गोपाल वागले को आस्ट्रेलिया में नये भारतीय उच्चायुक्त नियुक्त किया गया है।
- द्वितीय विश्वयुद्ध के समय ब्रिटेन के प्रधानमंत्री विंस्टन चर्चिल के कार्यालय को हिंदुजा समूह द्वारा लग्जरी होटल बनाया गया जिसका शुभारंभ 20 सितंबर को होगा।
- फेटएक्स कार्पोरेशन के भारतीय अध्यक्ष व सीईओ राज सुब्रमण्यम को 2023 का पिनेकल अर्वाड दिया जाएगा। जो 2023 आउटसोर्सिंग 50 एशियन अमेरिकन्स इन बिजनेस अर्वाड में दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान है।

**15 सितंबर**

- छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में प्रधानमंत्री मोदी ने एक कार्यक्रम के भाषण में कहा- छत्तीसगढ़ पावर हाउस के समान, जंगल, जमीन की रक्षा के साथ इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास करेंगे।
- इंडिया गठबंधन ने 10 चैनल्स के 14 एंकर्स का बहिष्कार करने का फैसला लिया।
- बॉलीवुड अभिनेता रियो कपाड़िया का निधन हो गया।
- बिहार में बागमती नदी में छात्रों से भरी नाव पलटने से 12 छात्र लापता हो गए।

## क्या है इंडिया गठबंधन साझेदारों के बीच सीट बंटवारे का सबसे अच्छा तरीका?

■ नित्य चक्रवर्ती

28 विपक्षी दलों के इंडिया ब्लॉक की पहली समन्वय समिति ने आखिरकार साल के अंत में होने वाले दोनों राज्यों के विधानसभा चुनावों और 2024 की शुरुआत में होने वाले लोकसभा चुनावों के लिए सीट बंटवारे की प्रक्रिया शुरू करने का फैसला किया है। प्रवक्ता केसी वेणुगोपाल ने बाद में यह स्पष्ट किया 13 सितंबर को समन्वय समिति की बैठक में कहा गया कि राज्य स्तरीय चर्चा को 30अक्टूबर तक पूरा करने का भरसक प्रयास किया जायेगा। प्रक्रिया इतनी जटिल है कि अगर 30अक्टूबर तक सीट बंटवारे की बातचीत पूरी नहीं भी हो तो भी कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों के नाम तय करने के लिए पर्याप्त समय है।

भाजपा खेमे से जुड़े कई टिप्पणीकार विपक्षी दलों की एकता और 543 लोकसभा सीटों में से प्रत्येक पर भाजपा और उसके सहयोगियों के खिलाफ गठबंधन से संयुक्त उम्मीदवार खड़ा करने के उनके दृढ़ संकल्प की सफलता पर संदेह करते हैं। उनका तर्क है कि ये अलग-अलग दल अपने परस्पर विरोधी राजनीतिक हितों के कारण कभी भी सीटों के बंटवारे पर सहमत नहीं हो पायेंगे।

हां, मतभेद हैं क्योंकि राजनीतिक दलों के अलग-अलग दृष्टिकोण हैं, लेकिन वे एकजुट हैं तथा भाजपा के खिलाफ वन ऑन वन सीट शेयरिंग फॉर्मूले पर राजी हैं। एक बार जब यह भावना आ गई, तो सीट बंटवारे पर बातचीत निश्चित रूप से आसान हो जायेगी। 543 लोकसभा सीटों पर गौर करने पर पता चलता है कि लगभग 400 लोकसभा सीटों पर, भारत के साझेदार पहले से ही एक ब्लॉक के रूप में काम कर रहे हैं और केवल अन्य 143सीटों पर दावों पर मतभेदों को कम करने के लिए व्यापक बातचीत की आवश्यकता होगी।

> **कुल मिलाकर, लगभग 140 से 150 सीटों पर सीट बंटवारे की प्रक्रिया काफी समय लेने वाली होगी, लेकिन धैर्य और दृढ़ संकल्प से एक साथ लड़ने के लिए, इसे सफलता पूर्वक सम्पन्न करना होगा। केंद्रीय नेताओं को मुख्यालय में एक तंत्र बनाना होगा। यदि राज्य स्तर पर बातचीत रुक जाती है, तो केंद्र के पास इस मुद्दे को सुलझाने में मदद करने की शक्तियां होंगी। सीट बंटवारे की प्रक्रिया में यह एक बड़ा सूत्रधार होगा।**

गठबंधन की बातचीत की बड़ी समस्या गुजरात, पंजाब, दिल्ली, असम और देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश को लेकर होगी। इन सभी राज्यों में कुल मिलाकर 140 सीटें हैं। इसके अलावा जम्मू-कश्मीर में 6 सीटें हैं जिन पर भारत के तीन शक्तिशाली सहयोगियों कांग्रेस, नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी के बीच बातचीत होनी है। दिल्ली और पंजाब में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी और कांग्रेस मिलकर ज्यादातर सीटों पर भाजपा को हराने की क्षमता रखती हैं। आप भले ही इन दोनों राज्यों में खुद को कांग्रेस के मुकाबले बड़ी राजनीतिक पार्टी समझ रही हो, लेकिन लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को फायदा मिलेगा और आप को इस बारे में सोचना होगा।

गुजरात में कांग्रेस के पास शून्य और भाजपा के पास सभी 26 सीटें हैं। इस बात के कोई संकेत नहीं हैं कि 2019 के लोकसभा चुनावों के बाद सत्तारूढ़ भाजपा के मुकाबले कांग्रेस अपने समर्थन आधार में उल्लेखनीय सुधार कर पाई है, जबकि आपने गुजरात के कई शहरों में अपना आधार बढ़ाया है। भाजपा के खिलाफ कांग्रेस और आप का गठबंधन भाजपा की झोली में सीटों की कमी सुनिश्चित कर सकता है।

80सीटों वाला उत्तर प्रदेश भारत के लिए असली समस्या है। समाजवादी पार्टी और आरएलडी दोनों इंडिया गठबंधन के सक्रिय सदस्य हैं और लोकसभा चुनाव में भाजपा से लड़ने के लिए कांग्रेस के साथ पूर्ण गठबंधन करना अच्छी राजनीतिक समझ है। इस महीने की शुरुआत में घोसी उपचुनाव में समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार की जीत इस बात की पुष्टि है कि अगर इंडिया गठबंधन के सहयोगी एकजुट हो जायें तो वे उत्तर प्रदेश में भी बड़ी संख्या में सीटों पर भाजपा को हरा सकते हैं।

चार राज्य हैं, तमिलनाडु, बिहार, झारखंड और महाराष्ट्र जहां पहले से ही गठबंधन की पार्टियां मिलकर काम कर रही हैं। पहले तीन सत्तारूढ़ गठबंधन हैं। इन चारों राज्यों में 141 सीटें हैं। मानदंड तय है और इसे केवल बेहतर करने की आवश्यकता होगी।

त्रिपुरा को छोड़कर मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, हिमाचल, हरियाणा, उत्तराखंड और उत्तर पूर्वी राज्यों में सीट बंटवारे के संबंध में कांग्रेस निर्णायक पार्टी होगी। कुछ राज्यों में जहां कांग्रेस निर्णायक है, वहां सपा, सीपीआई और सीपीआई (एम) हैं जिनके पास कुछ समर्थन आधार है। कांग्रेस को इस बात पर विचार करना होगा कि 2024 के लोकसभा चुनावों में और यदि संभव हो तो विधानसभा चुनावों में भी भाजपा के खिलाफ विपक्ष की कुल लामबंदी सुनिश्चित करने के लिए इन इंडिया साझेदारों के समर्थन का उपयोग कैसे करे।

आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और ओडिशा में भी कांग्रेस अपने दम पर भाजपा और क्षेत्रीय पार्टियों से मुकाबला करेगी। इन तीन राज्यों में सीपीआई और सीपीआई (एम) दोनों का प्रभाव है। आंध्र प्रदेश में वाईएसआरसीपी और ओडिशा में बीजेडीएनडीए या भारत के किसी भी मोर्चे से जुड़े नहीं हैं, लेकिन बीआरएस के नेतृत्व वाला तेलंगाना एक अलग श्रेणी का है। पश्चिम बंगाल और केरल एक अलग श्रेणी के हैं। केरल में, कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ बनाम सीपीआई (एम) के नेतृत्व वाले एलडीएफ का वर्तमान पैटर्न जारी रहेगा क्योंकि केरल की 20 लोकसभा सीटों में से भाजपा के पास कोई सीट नहीं है। जो भी यूडीएफ या एलडीएफ से जीतता है वह इंडिया गठबंधन का है।

बंगाल में, सीपीआई (एम) के पास राज्य से कोई लोकसभा सीट नहीं है, जबकि कांग्रेस के पास दो सीटें हैं। इस बात की पूरी संभावना है कि ममता बनर्जी कांग्रेस के साथ सीट बंटवारे पर राष्ट्रीय समझौते पर बातचीत करेंगी। इसके तहत, तृणमूल कांग्रेस को कुल 42सीटों में से चार या पांच सीटों की पेशकश करेगी, जबकि केंद्रीय स्तर पर कांग्रेस को असम में टीएमसी को एक सीट, मेघालय में एक सीट और मणिपुर में एक सीट पर सहमत होना होगा।

त्रिपुरा में, लोकसभा चुनाव में सीपीआई (एम) के पास अभी भी कुछ संभावनाएं हैं और कांग्रेस और टिपरामोथा के साथ स्थिर मोर्चा बन सकता है। हाल के विधानसभा उपचुनाव में, सीपीआई (एम) दोनों सीटों पर भाजपा उम्मीदवारों से हार गई। राज्य पार्टी ने भाजपा द्वारा बड़े पैमाने पर धांधली की शिकायत की और मतगणना का बहिष्कार किया। पार्टी के पास सुनहरा मौका था क्योंकि आदिवासियों की पार्टी टिपरामोथा ने सीपीआई (एम) उम्मीदवारों का समर्थन किया था। प्रचार के आखिरी दिनों में कांग्रेस और टीएम के साथ सीपीआई (एम) के बीच बहुत कम समन्वय था।

कांग्रेस और टीएम दोनों के नेता राज्य सीपीआई (एम) की संगठनात्मक विफलता से चिंतित हैं। इसे ठीक करना होगा। त्रिपुरा में लोकसभा की दो सीटें हैं। यदि कांग्रेस और टीएम के साथ सीपीआई(एम) के नेतृत्व वाले वाम मोर्चे का मजबूत गठबंधन होता है, तो भारत की लोकसभा सीटें जीतने की संभावना उज्ज्वल है।

पूर्वोत्तर भारत में असम की 14सीटों सहित 25 सीटें हैं। असम सहित पूर्वोत्तर राज्यों में कांग्रेस निर्णायक पार्टी होगी। कांग्रेस को भाजपा विरोधी क्षेत्रीय दलों, एआईडीयूएफ, तृणमूल कांग्रेस के साथ-साथ सीपीआई और सीपीआई (एम) के साथ मिलकर एक स्थिर मोर्चा बनाना होगा, जिनके कुछ प्रभाव क्षेत्र हैं। इसी तरह कांग्रेस को उन गैर-एनडीए दलों से भी संवाद करना होगा जो राज्यों में सक्रिय हैं। मणिपुर घटनाक्रम के बाद पूर्वोत्तर राज्यों में भाजपा विरोधी भावना है।

कुल मिलाकर, लगभग 140 से 150 सीटों पर सीट बंटवारे की प्रक्रिया काफी समय लेने वाली होगी, लेकिन धैर्य और दृढ़ संकल्प से एक साथ लड़ने के लिए, इसे सफलता पूर्वक सम्पन्न करना होगा। केंद्रीय नेताओं को मुख्यालय में एक तंत्र बनाना होगा। यदि राज्य स्तर पर बातचीत रुक जाती है, तो केंद्र के पास इस मुद्दे को सुलझाने में मदद करने की शक्तियां होंगी। सीट बंटवारे की प्रक्रिया में यह एक बड़ा सूत्रधार होगा। समय बीत रहा है। लोकसभा चुनाव समय से पहले हो सकते हैं। इंडिया गठबंधन के साझेदारों को भाजपा और उसके सहयोगियों से लड़ने के लिए तैयार रहना चाहिए।

## जोशीमठ के जख्म

■ श्रुति जैन

जोशीमठ में भू-धंसाव की खबर ने सबका ध्यान खींचा था। इससे उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों के अलावा, दूसरे हिमालयी राज्यों में भी भय और चिंता पैदा हो गई थी कि कहीं उनका भी ऐसा ही हश्र न हो जाए। अधिकांश हिमालयी इलाके जोशीमठ क्षेत्र की तरह एक ऐसे 'विकास' के शिकार हैं, जिसने पहाड़ को खुर्द-बुर्द, खोखला और तबाह कर रखा है। यही वजह है कि इन इलाकों में आपदाओं की आशंका हमेशा बनी रहती है।

जोशीमठ का धंसना अभी रुका नहीं है। घरों और खेतों में नई दरारें आ रही हैं और पुरानी दरारें चौड़ी होती जा रही हैं। यहां के लोगों को डर है कि भारी बारिश में ज़मीन के बड़े-बड़े हिस्से नीचे खिसक सकते हैं। पुनर्वास की मांग को लेकर उनका धरना जनवरी से अप्रैल की शुरुआत तक जारी रहा। तब उन्हें त्वरित कार्रवाई का आश्वासन देते हुए धरना बंद करने के लिए कहा गया।

इसकी एक बड़ी वजह सरकार की तरफ से बद्रीनाथ यात्रा को बिना किसी झंझट के शुरू करना था। स्थानीय लोग विरोध प्रदर्शन फिर से शुरू करने की तैयारी में हैं क्योंकि उचित पुनर्वास योजना के अभाव में उनके पास अपने क्षतिग्रस्त घरों में रहने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। यह स्थिति ऐसे प्रश्न उठाती है जो अधिकांश हिमालयी क्षेत्रों के लिए प्रासंगिक हैं।

> **विकास परियोजनाओं द्वारा अनैच्छिक विस्थापन की स्थिति में एक उचित पुनर्वास नीति बनाने का उत्तराखंड सरकार द्वारा कोई प्रयास नहीं किया गया है। पुनर्वास पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय, सरकार के प्रयास 'एकमुश्त निपटान' तक ही सीमित हैं। जोशीमठ में तो मुआवजे का भुगतान केवल घरों के लिए ही किया जा रहा है। यह राशि अपर्याप्त है और अधिकांश अभी भी इसका इंतजार कर रहे हैं।**

पहला सवाल ये है कि ऐसी आपदाओं के लिए कोई जवाबदेही तय क्यूं नहीं होती? हिमालयी क्षेत्र के पारिस्थितिक, भू-वैज्ञानिक रूप से संवेदनशील और भूकंप की दृष्टि से अत्यधिक सक्रिय होने के बावजूद हिमालयी राज्यों में जलविद्युत परियोजनाओं को बड़ी संख्या में बनाया जा रहा है। अध्ययनों से पता चला है कि इन परियोजनाओं के हरित ऊर्जा के दावे सही नहीं हैं। ये 'जोखिम भरे ढांचे' हैं जो सामाजिक और पारिस्थितिक रूप से अन्यायपूर्ण साबित हुए हैं।

विभिन्न शोध यह भी बताते हैं कि उत्तराखंड में 2013 और 2021 की बाढ़ जैसी आपदाओं को पैदा करने और बढ़ाने में इन परियोजनाओं की भूमिका है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित 'रवि चोपड़ा विशेषज्ञ समिति' ने भी ये पाया था। समिति ने तर्क दिया था कि ग्लेशियरों के घटने से बनी जोशीमठ जैसी कच्ची जमीनों पर ऐसी परियोजनाओं का निर्माण आपदा को निमंत्रण देने जैसा है।

जोशीमठ में 'तपोवन-विष्णुगाड परियोजना' 2005 में अपने शुरू होने के बाद से ही पूरे क्षेत्र में सामाजिक-पारिस्थितिक समस्याओं का कारण बनी है। 2021 की बाढ़ में सैकड़ों श्रमिक इसकी सुरंग में जिंदा दफन हो गए थे। यहां आपदा से आगाह करने के लिए कोई अलार्म सिस्टम तक नहीं लगाया गया था। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह परियोजना जोशीमठ शहर के साथ-साथ आसपास के कई गांवों में भी नुकसान के लिए जिम्मेदार है। वे करीब दो दशकों से इसका विरोध कर रहे हैं।

वर्ष 1976 की 'एमसी मिश्रा समिति' की रिपोर्ट ने यह सिफ़ारिश की थी कि यहां भारी मशीनरी का प्रयोग, ब्लास्टिंग, ड्रिलिंग और पेड़ों की कटाई नहीं होनी चाहिए। फिर भी इस परियोजना ने यहां सुरंगों का एक जाल बनाया, बोरिंग मशीन और विस्फोटकों का उपयोग करके इस नाजुक भूगोल और इलाके की स्थिरता पर प्रतिकूल प्रभाव डाला। यह परियोजना भूवैज्ञानिक रूप से सही नहीं है। बार-बार आने वाली आपदाओं के कारण इस परियोजना का काम भी खटाई में पड़ता रहा है। यही वजह है कि इसके कार्यान्वयन में एक दशक से भी ज्यादा की देरी हो चुकी है। ऐसी परियोजना से होने वाले विनाश का बोझ स्थानीय लोग क्यों और कब तक झेलते रहेंगे?

दूसरा सवाल, स्थानीय लोगों को इलाके की सुरक्षा के बारे में अंधेरे में क्यों रखा जा रहा है, जबकि वे अपने क्षतिग्रस्त घरों में जागकर रातें काटने को मजबूर हैं। सात महीने के बाद भी जोशीमठ में भूमि धंसाव के कारणों, प्रभावों और भविष्य के खतरों के बारे में कोई व्यापक रिपोर्ट सामने नहीं आई है। सरकार ने जनवरी में सभी विशेषज्ञ संस्थाओं को भूस्खलन के बारे में कुछ भी जानकारी देने पर रोक लगा दी थी और अब तक आपदा का अध्ययन करने के लिए अपने द्वारा गठित विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट साझा नहीं की है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में आपदा की स्थिति से निपटने का यह तरीका कभी नहीं होता।

तीसरा सवाल, यदि सरकार सभी जोखिमों के बावजूद ऐसी परियोजनाओं को आगे बढ़ाने पर आमादा है तो उसे प्रभावित लोगों का पुनर्वास सुनिश्चित क्यों नहीं करना चाहिए? हिमालयी राज्यों में ऐसी परियोजनाओं को चलाते बरसों हो गए हैं, लेकिन सरकार ने इनके प्रभावों और प्रभावितों के पुनर्वास के प्रति जिम्मेदारियों को परिभाषित करने के लिए कोई स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी नहीं किए हैं।

पर्वतीय जगहों पर ऐसी परियोजनाओं का प्रभाव तुरंत नहीं दिखता, बल्कि उनके प्रभाव दीर्घकालिक और व्यापक होते हैं। वे कुछ अंतराल के बाद भी प्रकट होते हैं और उन क्षेत्रों को भी प्रभावित करते हैं जो परियोजना से एकदम सटे हुए नहीं होते। इसलिए ऐसी परियोजनाओं के 'प्रभावितों' की पहचान और पुनर्वास के प्रति परियोजना की जिम्मेदारियों को सही ढंग से परिभाषित करना जरूरी है।

विकास परियोजनाओं द्वारा अनैच्छिक विस्थापन की स्थिति में एक उचित पुनर्वास नीति बनाने का उत्तराखंड सरकार द्वारा कोई प्रयास नहीं किया गया है। पुनर्वास पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय, सरकार के प्रयास 'एकमुश्त निपटान' तक ही सीमित हैं। जोशीमठ में तो मुआवजे का भुगतान केवल घरों के लिए ही किया जा रहा है। यह राशि अपर्याप्त है और अधिकांश अभी भी इसका इंतजार कर रहे हैं। चूंकि लोग कहीं और जाकर बस पाने की स्थिति में नहीं हैं इसलिए अधिकांश लोग असुरक्षित घरों में रहने के लिए वापस आ गए हैं।

सरकार का ज़ोर आपदा के बाद भी यात्रा पर्यटन को सुचारू रूप से चलाने पर ही रहा, इसलिए आपदा को कम करके भी दिखाया जाता रहा। आपदा के बावजूद पर्यटकों की संख्या पर कोई सीमा नहीं रखी गई। इससे बड़ा सवाल उठता है- इस तरह अगर पहाड़ रहने के लिए अनुपयुक्त स्थानों में तब्दील कर दिये जाएंगे तो पहाड़ के निवासी आखिर कहां जाएंगे? ऐसे 'विकास' की उत्तराखंड के लोगों के लिए क्या प्रासंगिकता रह जाती हैं जिसने उनके घरों को रहने लायक नहीं छोड़ा है।

*(लेखिका और सामाजिक कार्यकर्ता हैं। फिलहाल वे हिमालय की पारिस्थितिकी पर शोध कर रही हैं।)*

# देश विदेश

## फ्रांसीसी मंत्रालय, स्वीडिश दूतावास पर अलकायदा ने हमला करने की दी धमकी

**पेरिस,** 15 सितम्बर (एजेंसियां)। फ्रांस में मंत्रालय और स्वीडिश दूतावास पर प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन अल-कायदा आतंकवादी समूह के सदस्यों ने हमला करने की धमकी दी है। ले फिगारो ने शुक्रवार को समूह के बयान के हवाले से यह जानकारी दी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अरब प्रायद्वीप में अल-कायदा (एक्यूएपी) ने अपनी पत्रिका सदा अल-मलाहिम के नवीनतम अंक में दूतावास पर हमला करने की योजनाओं के बारे में बताया। इसमें आतंकवादी समूह ने स्वीडन में हाल ही में कुरान जलाने की घटना का जिक्र किया।

# चीन यात्रा के दौरान शी से मिलेंगे नेपाल के पीएम प्रचंड

**काठमांडू,** 15 सितम्बर (एजेंसियां)। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' ने शुक्रवार को कहा कि वह 22 सितम्बर को चीन की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगे जहां वह राष्ट्रपति शी जिनपिंग और कई अन्य शीर्ष नेताओं से मुलाकात करेंगे। प्रचंड ने संसद को संबोधित करते हुए कहा, 'संयुक्त राष्ट्र महासभा के 78वें सत्र में भाग लेने के बाद, मैं सीधे चीन के हांगझाऊ शहर के लिए रवाना हो जाऊंगा। नेपाल और चीन के बीच सदियों से लंबे, सौहार्दपूर्ण और नजदीकी संबंध रहे हैं। हाल के वर्षों में ये संबंध बहुआयामी और गहरे हो गए हैं। चीन नेपाल का विकास भागीदार बन गया है और नेपाल के समग्र विकास प्रयासों में सहायता कर रहा है। प्रधानमंत्री के रूप में प्रचंड की यह तीसरी चीन यात्रा है। वह इससे पहले 2008 और 2017 में पद पर रहते हुये पड़ोसी देश जा चुके हैं।

उन्होंने कहा, 'इस यात्रा से नेपाल और चीन के बीच द्विपक्षीय संबंध और मजबूत तथा गहरे होंगे।' हांगझाऊ में प्रचंड शी से मुलाकात करेंगे और 19वें एशियाई खेलों के उद्घाटन समारोह में भी शामिल होंगे।

वह बीजिंग में 25 सितंबर को अपने चीनी समकक्ष ली कियांग से मुलाकात करेंगे जहां दोनों नेता प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता करेंगे। इस दौरान कुछ समझौतों और समझ पर हस्ताक्षर होने की भी संभावना है। बीजिंग में कार्यक्रम पूरा करने के बाद प्रचंड अपने कार्यक्रम के अनुसार चोंगकिंग शहर का दौरा करेंगे जहां वह चोंगकिंग कृषि विज्ञान अकादमी और अन्य संस्थानों की दौरा करेंगे।



वह 22 सितम्बर को चीन की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगे जहां वह राष्ट्रपति शी जिनपिंग और कई अन्य शीर्ष नेताओं से मुलाकात करेंगे। 'संयुक्त राष्ट्र महासभा के 78वें सत्र में भाग लेने के बाद, मैं सीधे चीन के हांगझाऊ शहर के लिए रवाना हो जाऊंगा :-पुष्प कमल दहल 'प्रचंड', प्रधानमंत्री, नेपाल

उन्होंने कहा, 'चोंगकिंग में यात्रा पूरी करने के बाद हम तिब्बत के लिए रवाना होंगे जहां हम चीनी सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों से मिलेंगे क्योंकि तिब्बत के साथ नेपाल एक लंबी सीमा है। फिर हम काठमांडू लौटेंगे।'

संसद में अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि नेपाल के बुनियादी ढांचे के विकास, कृषि, ऊर्जा, पर्यटन, स्वास्थ्य, शिक्षा जैसे क्षेत्रों में चीनी सहयोग और सहायता की मांग पर चर्चा होगी।

हिमालयी राष्ट्र नेपाल-चीन सीमा बिंदुओं को भी खोलने की मांग करेगा जो कोविड-19 महामारी के मद्देनजर बंद थे। वर्ष 2015 के भीषण भूकंप और महामारी के बाद नेपाल और चीन के बीच कई सीमा बिंदु या तो पूरी तरह से बंद हो गए थे या केवल आंशिक रूप से फिर से शुरू हुए थे। प्रचंड ने कहा, 'नेपाल के प्रधानमंत्री के रूप में, यह मेरा विश्वास है कि मेरी यात्रा चीन के साथ पारंपरिक, मैत्रीपूर्ण संबंधों को मजबूत और गहरा करेगी, जहां हम द्विपक्षीय सहयोग के और रास्ते भी तलाशेंगे।'

## विकासशील देशों का सामूहिक उदय अपरिहार्य युगांतर धारा: शी चिनफिंग

बीजिंग। चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने शुक्रवार को यात्रा पर आये जांबिया के राष्ट्रपति हाकैनदे हिचिलेमा के साथ वार्ता की। दोनों राष्ट्राध्यक्षों ने चीन-जांबिया संबंध चौतरफा रणनीतिक सहयोग साझेदारी तक उन्नत करने की घोषणा की। शी चिनफिंग ने कहा कि चीन और जांबिया के बीच परंपरागत मित्रता दोनों देशों की पुरानी पीढ़ी के नेताओं से स्थापित की गयी, जो अंतरराष्ट्रीय परिवर्तन की कसौटी पर खरी उतरी है। चीन जांबिया के साथ द्विपक्षीय संबंध निरंतर नयी मंजिल पर पहुंचाने को तैयार है। शी चिनफिंग ने कहा कि वर्तमान में विकासशील देशों का सामूहिक उदय हो रहा है और अंतरराष्ट्रीय प्रभाव निरंतर बढ़ रहा है। यह अपरिहार्य युगांतर धारा बन चुकी है। हमें एकजुटता व समन्वय मजबूत कर सच्चा बहुपक्षवाद लागू कर अंतरराष्ट्रीय न्याय व निष्पक्षता की डटकर सुरक्षा करनी, विकासशील देशों की आवाज बुलंद करना और दोनों देशों तथा व्यापक विकासशील देशों के समान हितों की रक्षा करनी चाहिए। चीन, अफ्रीका सहयोग दक्षिण-दक्षिण सहयोग और अफ्रीका के साथ अंतरराष्ट्रीय सहयोग में नेतृत्वकारी भूमिका निभा रहा है। चीन अफ्रीकी देशों का विश्व में एक महत्वपूर्ण ध्रुव बनने का समर्थन करता है। हिचिलेमा ने बताया कि जांबिया दोनों देशों की मित्रता को मूल्यवान समझता है। चीन के विकास से वैश्विक दक्षिण देशों के विकास को बढ़ावा मिला है और अंतरराष्ट्रीय मामलों में वैश्विक दक्षिण देशों का प्रतिनिधित्व व आवाज भी उन्नत हुई है और अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था अधिक न्याय वाली दिशा में बढ़ रही है। जांबिया चीन के विकास के अनुभव से सीखना चाहता है और चीन के साथ बेल्ट एंड रोड सहयोग गहराने और खनिज, कृषि, व्यापार, विज्ञान व तकनीक समेत विभिन्न क्षेत्रों का सहयोग बढ़ाने को तैयार है। वार्ता के बाद दोनों पक्षों ने बेल्ट एंड रोड, हरित विकास, डिजिटल अर्थव्यवस्था, पूंजी सहयोग जैसे कई क्षेत्रों के सहयोग दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किये।



## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : शनिवार 16 सितम्बर, 2023 भाद्र शुक्ल पक्ष 2

### राशिफल

मेष - लंबी अवधि की आर्थिक योजना के लिए दिन अनुकूल है। आर्थिक और व्यावसायिक दृष्टि से दिन लाभदायक होगा। शारीरिक और मानसिक स्फूर्ति और ताजगी का अनुभव होगा। मित्रों तथा स्वजनों की ओर से उपहार मिलेगा।

वृषभ - आज आपकी वाणी का जादू किसी को अभिभूत करके आपको लाभ दिलाएगा। वाणी की सौम्यता नए संबंध स्थापित करने में सहायक होगी। नए काम करने की प्रेरणा मिलेगी।

मिथुन - मानसिक दुविधा में होने के कारण आप महत्वपूर्ण निर्णय नहीं ले सकेंगे। वैचारिक तूफानों से मानसिक अस्वस्थता का अनुभव होगा। अत्यधिक भावनाशीलता आपकी दृढ़ता को कमजोर करेगी।

कर्क - शारीरिक और मानसिक ताजगी के साथ घर में भी आनंद का वातावरण रहेगा। मित्रों एवं स्नेहीजनों के साथ मुलाकात होगी। दोस्तों से लाभ होगा। शुभ काम का आरंभ करने के लिए आज का दिन अनुकूल है।

सिंह - पारिवारिक सदस्यों के साथ सुख-शांति में दिन व्यतीत होगा। उनका सहयोग मिलेगा। स्त्री मित्रों से विशेष मदद मिल सकेगी। दूरस्थ मित्र और स्नेहीजनों के साथ संपर्क लाभदायक साबित होंगे।

कन्या - आज आपकी वैचारिक समृद्धि बढ़ेगी। मीठी वाणी से आप लाभप्रद सौहार्द्रपूर्ण संबंध विकसित कर सकेंगे। उत्तम भोजन, भेंट उपहारों और वस्त्रों की प्राप्ति होगी। शारीरिक तथा मानसिक स्वस्थता बनी रहेगी।

तुला - आज के दिन ज़रा सा भी असंयमित और अनैतिक व्यवहार आपको तकलीफ में डाल सकते हैं। दुर्घटना से बचें। वाणी की शिथिलता के कारण उग्र तकरार हो सकती है। सगे- संबंधियों के साथ अनबन होगा।

वृश्चिक - नौकरी- धंधे या व्यवसाय में लाभ की प्राप्ति होगी। मित्रों के साथ मुलाकात, प्रवास का आयोजन होगा। विवाहोत्सुक युवक-युवतियों के लिए सुनहरे अवसर आएंगे। पुत्र तथा पत्नी से लाभ होगा। घर के बुजुर्गों के जरिए लाभ मिलेगा।

धनु - आज आपकी यश, कीर्ति और प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में उच्च अधिकारियों के खुश रहने से पदोन्नति की संभावना बढ़ेगी। स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। परिवार में आनंद का वातावरण रहेगा। पिता तथा सरकार से लाभ मिलेगा।

मकर - बौद्धिक काम या साहित्य लेखन जैसी प्रवृत्तियों के लिए आज अनुकूल दिन है। आपके व्यवसाय में नई विचारधारा आपके कामों को नया स्वरूप देंगे। शारीरिक थकान महसूस होगी। संतान की समस्या आपको परेशान करेगी।

कुंभ - आज आपको नकारात्मक विचारों से दूर रहने की सलाह दी जाती है। झगड़े-विवाद से बचें, क्रोध और वाणी पर संयम रखें। पारिवारिक वातावरण दूषित रहेगा। आर्थिक तंगी का अनुभव होगा।

मीन - दैनिक कामों से बाहर आकर आज आप बाहर घूमने-फिरने और मनोरंजन प्रवृत्तियों के लिए समय निकालेंगे। इसमें परिजनों और मित्रों को भी शामिल करेंगे, जो उनके लिए भी आनंदप्रद रहेगी।

नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।

## आज का इतिहास

1810 – निगवेल हिदाल्गो ने स्पेन से मैक्सिको की आज़ादी के लिए संघर्ष शुरु किया।

1821 – मैक्सिको की स्वतंत्रता को मान्यता मिली।

1908 – 'जनरल मोटर्स निगम' की स्थापना की गई।

1947 – टोक्यो के सईतामा में चक्रवाती तूफान कैथलीन से 1,930 लोगों की मौत हो गई।

1975 – केप वर्डे, मोजाम्बिक, साओ टोमे और प्रिंसिप संयुक्त राष्ट्र में शामिल हुए।

1975 – पापुआ न्यू गिनी ने आस्ट्रेलिया से स्वतंत्रता हासिल की।

1978 – जनरल जिया उल हक़ पाकिस्तान के राष्ट्रपति निर्वाचित।

2003 – भूटान ने भारतीय हितों के ख़िलाफ़ अपनी ज़मीन के इस्तेमाल नहीं होने देने का आश्वासन दिया।

2007 – पाकिस्तान के मुख्य चुनाव आयुक्त ने परवेज मुशर्रफ़ के राष्ट्रपति पद पर दुबारा चुनाव लड़ने के लिए चुनाव से जुड़े क़ानूनों में संशोधन किया।

2007 – वन टू गो एयरलांइस का विमान थाईलैंड में दुर्घटनाग्रस्त होने से 89 लोगों की मौत।

2008 – भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) के कर्मचारियों को विश्वकर्मा पुरस्कार प्रदान किया गया।

2009 – दुनिया भर के समक्ष भारत के एक उत्कृष्ट पर्यटन स्थल के रूप में पेश करने वाले अतुल्य भारत विज्ञान अभियान को ब्रिटिश पुरस्कार मिला।

2013 – वाशिंगटन में एक बंदूकधारी ने नौसेना के एक शिविर में 12 लोगों की गोली मारकर हत्या की।

## किम जोंग उन का नाम यूक्रेनी वेबसाइट पर देश के दुश्मन की सूची में

**कीव,** 15 सितम्बर (एजेंसियां)। उत्तर कोरियाई शीर्ष नेता किम जोंग उन को यूक्रेनी नव-नाजी वेबसाइट मायरोटवोरेट्स (पीसमेकर) पर दुश्मनों की सूची में शामिल किया गया है जो कथित तौर पर रूस समर्थक व्यक्तियों की हत्या का आह्वान करती है। यह जानकारी वेबसाइट के आंकड़ों से मिली है। वेबसाइट पर लिखा गया है कि परमाणु ब्लैकमेल, अवैध परमाणु और मिसाइल कार्यक्रमों के कार्यान्वयन, साइबर अपराध आदि गतिविधियों में संलिप्तता के कारण उत्तर कोरियाई नेता का नाम शामिल किया गया है। उत्तर कोरियाई शीर्ष नेता किम को छह सितंबर को 'रूस समर्थक आतंकवादियों, अलगाववादियों, भाड़े के सैनिकों, युद्ध अपराधियों और हत्यारों' की सूची में जोड़ा गया था। मायरोटवोरेट्स वेबसाइट पत्रकारों, डोनेट्स्क और लुहान्स्क के अलग हुए गणराज्यों की सेना और अन्य लोगों का व्यक्तिगत डेटा प्रकाशित करती है, जिन्हें वेबसाइट के निर्माता 'यूक्रेन के दुश्मन' मानते हैं।

## अफ्रीकी देशों के साथ व्यापार व निवेश संबंधों को बढ़ावा देना प्राथमिकता: मोमेन

**ढाका**, 15 सितम्बर (एजेंसियां)। बंगलादेश के विदेश मंत्री एके अब्दुल मोमेन ने 'राष्ट्रमंडल व्यापार और निवेश फोरम बंगलादेश 2023' कार्यक्रम में आयोजित एक प्रश्नोत्तर सत्र में कहा कि ढाका तथा अफ्रीकी देशों के बीच व्यापार एवं निवेश संबंधों को बढ़ावा देना देश की प्राथमिकता है। डॉ. मोमेन ने अपने संबोधन में अफ्रीकी देशों के साथ विशेष रूप से फार्मास्यूटिकल्स, कपड़ा, ऊर्जा, नीली अर्थव्यवस्था और सूचना तथा संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) जैसे प्रमुख क्षेत्रों में मजबूत व्यापार और निवेश संबंध स्थापित करने की महत्वपूर्ण आवश्यकता पर प्रकाश डाला। सत्र में बंगलादेश की दूरदर्शी 'लुक अफ्रीका' नीति पर भी प्रकाश डाला गया जो अफ्रीकी देशों के साथ संबंधों को मजबूत करने की रणनीतिक प्रतिबद्धता का प्रतिनिधित्व करता है।



इसमें व्यापार, अर्थव्यवस्था, शिक्षा, आईटी, आईसीटी, हवाई व समुद्री कनेक्टिविटी, स्वास्थ्य देखभाल, अनुबंध खेती, लोगों से लोगों के बीच संपर्क तथा राजनयिक और आधिकारिक पासपोर्ट धारकों के लिए वीजा छूट सहित सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों की रूपरेखा दी गई। उन्होंने कहा कि यह बहुआयामी दृष्टिकोण अफ्रीकी महाद्वीप के साथ गहरे संबंधों को बढ़ावा देने के लिए बंगलादेश के समर्पण को दर्शाता है। उन्होंने यह भी कहा कि बंगलादेश दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है।

अफ्रीकी देशों के साथ जुड़ाव बढ़ाने पर देश का ध्यान उसके महत्वाकांक्षी आर्थिक और सामाजिक विकास प्रक्षेप पथ के अनुरूप है जिसका उद्देश्य विजन 2041 को प्राप्त करना और एक 'स्मार्ट बंगलादेश' बनाना है। उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि नए अफ्रीकी बाजारों ने बंगलादेशी उद्यमों के लिए दरवाजे खोल दिए हैं जिससे निर्यात स्थलों में विविधता आई है। चुनौतियों के बावजूद बंगलादेश और अफ्रीकी देशों के बीच आर्थिक सहयोग की संभावना आशाजनक बनी हुई है। उन्होंने कहा, जनवरी 2024 की शुरुआत में होने वाले हमारे आगामी राष्ट्रीय संसद चुनाव में बंगलादेश अफ्रीकी देशों के किसी भी चुनाव पर्यवेक्षकों का स्वागत करेगा।' इस कार्यक्रम में कई अफ्रीकी देशों के मंत्रियों, उच्च-स्तरीय सरकारी प्रतिनिधियों और व्यापारिक संस्थाओं ने भी भाग लिया।

## चीन का दो अमेरिकी सैन्य कंपनियों पर प्रतिबंध

बीजिंग, 15 सितम्बर (एजेंसियां)। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने शुक्रवार को बताया कि अमेरिकी लॉकहीड मार्टिन कंपनी की मिसोरी राज्य के सेंट लुइस शहर में स्थित शाखा कंपनी ने मुख्य ठेकेदार के नाते 24 अगस्त को अमेरिका द्वारा थाईवान को हथियार बेचने में हिस्सा लिया और नोर्थरोप ग्रमान कंपनी ने कई बार अमेरिका द्वारा थाईवान को हथियार बेचने में भाग लिया है। चीन के विदेशी प्रतिबंध विरोधी कानून के मुताबिक चीन ने इन दो अमेरिकी सैन्य कंपनियों पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है। प्रेस वार्ता में माओ निंग ने संबंधित सवाल के जवाब में बताया कि अमेरिकी सरकार चीन के विरोध के बावजूद चीन के थाईवान क्षेत्र को हथियार की सप्लाई करने पर अड़ा रहता है, जिसने एक चीन सिद्धांत, चीन-अमेरिका तीन संयुक्त वक्तव्यों और अंतरराष्ट्रीय कानून व अंतरराष्ट्रीय संबंधों के मूल सिद्धांतों का गंभीर उल्लंघन किया है और चीन की प्रभुसत्ता और सुरक्षा हितों पर गंभीर नुकसान पहुंचाया है। अमेरिका थाईवान को शस्त्रीकरण करने के खतरनाक और गलत रास्ते पर दूर से चला रहा है। प्रवक्ता ने अमेरिका से थाईवान को हथियार बेचना बंद करने का अनुरोध किया, वरना उसे चीन का डटकर जवाबी प्रहार मिलेगा।

प्रथम पृष्ठ का शेष

### मोहब्बत की दुकान में बिकता है...

गया है। तुम कहते हो तुम मोहब्बत की दुकान चलाते हो, वहां नफरत सामान बिकता है। क्यों कांग्रेस पार्टी चुप है, मुझे पूछना है भूपेश बघेल से की आपका क्या कहना है। क्या आप कांग्रेस पार्टी के साथ हो। आदिवासी राष्टपति के जी 20 के निमंत्रण में भूपेश बघेल नहीं गए, क्या ये जनजातीय समाज का अपमान नहीं है ?

जेपी नड्डा ने आगे कहा कि जिन्होंने गौ माता नहीं छोड़ी वो आपको छोड़ेंगे क्या ? एक मुख्यमंत्री सीडी कांड में बेल में और उनका सचिव जेल में है। ऐसी सरकार को बचाना है क्या ? ऐसी सरकार को उखाड़ फेंको और कमल का फूल खिला दो, यही रास्ता है।'

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं की...

सहायिकाओं की मांगों को पूरा करते हुए उनके मानदेय में बढ़ोत्तरी की घोषणा की थी। जारी आदेश के अनुपालन में 01 अप्रैल 2023 से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को बढ़ा हुआ मानदेय दिया जा रहा है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को मासिक मानदेय की राशि 6 हजार 500 रूपए प्रति माह से बढ़ाकर 10 हजार रूपए दी जा रही है। इसी तरह आंगनबाड़ी सहायिकाओं का मानदेय 3 हजार 250 रूपए से बढ़ाकर 5 हजार और मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का मानदेय 4 हजार 500 रूपए से बढ़ाकर 7 हजार 500 रूपए प्रति माह कर दिया गया है। प्रदेश में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं की मृत्यु पर अनुग्रह राशि और सेवानिवृत्ति पर एक मुश्त भुगतान का प्रावधान किया गया है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं की मृत्यु पर अनुग्रह राशि में वृद्धि करते हुए वर्तमान में 50 हजार रूपये प्रदान किया जा रहा है। इसी तरह सेवानिवृत्ति पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को 50 हजार रूपये तथा सहायिकाओं को 25 हजार रूपये भुगतान का प्रावधान है।

### एडिटर्स गिल्ड के चार सदस्यों को...

को लेकर एडिटर्स गिल्ड ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। ईजीआई ने अपने सदस्यों के खिलाफ दर्ज कराई गई एफआईआर रद्द कराने की मांग की थी। बता दें कि हाल ही में एडिटर्स गिल्ड ने दावा किया था कि मणिपुर की जातीय हिंसा पर एक पक्षीय मीडिया रिपोर्टिंग हुई है। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री पर पक्षपात करने का भी आरोप लगाया। एडिटर्स गिल्ड के जिन सदस्यों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है, उनमें एडिटर्स गिल्ड की अध्यक्ष सीमा मुस्तफा और तीन सदस्य सीमा गुहा, भारत भूषण और संजय कपूर का नाम शामिल है। सीमा गुहा, भारत भूषण और संजय कपूर ने बीते हफ्ते मणिपुर का दौरा कर यहां हुई मीडिया रिपोर्टिंग का अध्ययन किया था। वहीं, एडिटर्स गिल्ड के सदस्यों की रिपोर्ट को मणिपुर सरकार ने फर्जी और स्पॉन्सर बताया था। एफआईआर में बताया गया कि रिपोर्ट में गलत तथ्य बताए गए। जुलाई में भी मणिपुर सरकार ने तीन महिलाओं के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज की थी। इन महिलाओं की फैक्ट फाइंडिंग टीम ने भी राज्य में जारी हिंसा को सरकार द्वारा स्पॉन्सर बताया था।

### हैदराबाद में जुटेंगे ...

साथ सीमा पर तनाव और कथित भ्रष्टाचार के मुद्दों पर सरकार को घेरने की रणनीति पर भी चर्चा हो सकती है। सूत्रों ने यह भी बताया कि 'भारत जोड़ो यात्रा के दूसरे चरण को लेकर भी इस कार्य समिति में चर्चा हो सकती है। माना जा रहा है कि कार्य समिति की बैठक, जनसभा और मार्च के जरिए कांग्रेस तेलंगाना विधानसभा चुनाव के लिए अपने प्रचार अभियान का विधिवत आगाज करेगी। राज्य में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित है। कांग्रेस कार्य समिति की बैठक ऐसे समय होने जा रही है जब उसने और दो दर्जन से अधिक विपक्षी दलों ने मिलकर विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' का गठन किया है। 'इंडिया' के घटक दलों ने फैसला किया है कि वे अगला लोकसभा चुनाव मिलकर लड़ेंगे और जहां तक संभव हो सकेगा सीटों पर तालमेल करेंगे।

### तेलंगाना के लिए पांच गारंटी के साथ रैली

बैठक के बाद हैदराबाद के पास कांग्रेस की एक विशाल रैली होगी, जहां तेलंगाना के लिए पांच गारंटी की भी घोषणा की जाएगी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे सीडब्ल्यूसी सदस्यों, पीसीसी अध्यक्षों और सीएलपी नेताओं के काफिले को भी हरी झंडी दिखाएंगे जो तेलंगाना के 119 विधानसभा क्षेत्रों में से प्रत्येक का दौरा करेंगे। 18 सितम्बर को कांग्रेस कार्यकर्ता बीआरएस सरकार के खिलाफ अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों में घर-घर अभियान चलाएंगे। नेता प्रभावशाली लोगों के साथ सामुदायिक दोपहर के भोजन में भाग लेंगे, जिसके बाद भारत जोड़ो मार्च होगा। रेवंत रेड्डी ने पहले पार्टी के लिए अधिकतम प्रचार हासिल करने के लिए हैदराबाद में कार्यक्रम आयोजित करने की वकालत की थी, जब उसे भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के 9 साल के शासन के बाद वापस आने की बेहतर संभावनाएं दिख रही हैं। कांग्रेस को आंतरिक सर्वेक्षणों पर भरोसा है, जिन्होंने उसके लिए बहुत सकारात्मक तस्वीर पेश की है, जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पिछले चार महीनों में लोकप्रिय समर्थन में गिरावट देखी है, खासकर प्रदेश अध्यक्ष बंदी संजय के बदलाव के बाद। उनके प्रतिस्थापन से पार्टी कैडर में गलत संकेत गया, जो अब महसूस करते हैं कि बीआरएस पर हमला करने में पार्टी की मारक क्षमता गायब है।

### अनंतनाग में एक और...

विदेशी आतंकियों की संख्या इसकी पुष्टि करती थी कि घुसपैठ पर रोक नहीं लग पाई है और आतंकी कश्मीर तक पहुंच रहे हैं। माना जा रहा है कि आतंकवादी छिपे हो सकते हैं। दो से तीन आतंकी राजौरी तक फैले पीर पंजाल के घने जंगल में छिपे हैं। इनमें एक लश्कर-ए-तैय्यबा का कमांडर उजैर खान है। इन्हीं आतंकियों के हमले में बुधवार को सेना के कर्नल मनप्रीत सिंह, मेजर आशीष धौंचक और जम्मू-कश्मीर पुलिस के डीएसपी हुमांयू भट शहीद हुए थे। एक जवान भी शहीद हुआ है। सेना के कमांडोज, स्निफर डॉग्स, ड्रोन, हेलिकॉप्टर आतंकियों को खोज रहे हैं। राकेट लॉन्चर का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। सैन्य अफसरों का कहना है कि आतंकियों को 4 किमी के दायरे में घेर लिया गया है। इन्हें कभी भी ढेर कर दिया जाएगा। ड्रोन से बमबारी की जा रही है। आतंकियों ने मंगलवार को उस वक्त हमला किया था, जब सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस तलाशी अभियान चला रही थी।

### कर्नल मनप्रीत व मेजर आशीष का अंतिम संस्कार

मोहाली के रहने वाले कर्नल मनप्रीत का अंतिम संस्कार किया गया। वहीं पानीपत के मेजर आशीष धौंचक के पार्थिव शरीर को उनके पैतृक गांव बिंझौल ले जाया गया। जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया। जम्मू-कश्मीर पुलिस के शहीद डीएसपी हुमांयू भट को गुरुवार को उनके पैतृक गांव बडगाम में सुपुर्द-ए-खाक किया गया था।

### चंद्रमा पर पानी बना रहे ...

वाला भारत दुनिया का चौथा देश बना था। श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से लॉन्च किए गए चंद्रयान-1 में भारत ही नहीं, बल्कि अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी, स्वीडन और बुल्गारिया में बने 11 साइंटिफिक इंस्ट्रूमेंट्स लगे थे। वैसे तो यह मिशन दो साल का था, लेकिन जब इसने अपने उद्देश्य पूरे कर लिए तो चांद के गुरुत्वाकर्षण बल से जुड़ा डेटा जुटाने के लिए सतह से इसकी ऊंचाई 100 किमी से बढ़ाकर 200 किमी की गई थी। इसी दौरान 29 अगस्त 2009 को इससे संपर्क टूट गया। तब तक इसने चांद की रासायनिक, मिनरलॉजिक और फोटो-जियोलॉजिकल मैपिंग कर ली थी।

## सुडोकू 6318

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | 2 | 8 | 1 | | | | 3 |
| | | | 4 | | | 5 | 1 | |
| | | 1 | | | | | | |
| | | 4 | | 9 | | | 6 | |
| | | 8 | | | | 2 | | |
| | 6 | | | 7 | | 1 | | |
| | | | | | | 6 | | |
| | 8 | 9 | | | 1 | | | |
| 5 | | | | 3 | 9 | 4 | 8 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6318

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | | | ■ | ७ | | | ८ |
| | ■ | | ■ | ९ | | | ■ | ■ | |
| ■ | १० | | ११ | | ■ | ■ | १२ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १३ | | | ■ | |
| १४ | | १५ | | ■ | | ■ | ■ | १६ | १७ |
| | ■ | | ■ | १८ | | १९ | ■ | | ■ |
| २० | | | ■ | | ■ | २१ | | | २२ |
| | ■ | २३ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. धीरे-धीरे
३. बाधाओं को दूर करने वाला, गणेश
५. राहगीर, बटोही
६. कड़वी बात
७. हवा में इधर-उधर हिलाना
९. बंदरगाह, पोताश्रय, नगर
१०. आवागमन
१२. जलावन, जलाने की वस्तु
१३. बिलकुल, नितांत
१४. पैरों की धूल
१७. समस्त, संपूर्ण
१८. लेने वाला
२०. बागी
२१. विवेचक, समीक्षक
२३. मनुष्य की खोपड़ी

**ऊपर से नीचे:-**

१. चंद्रकला
२. चंद्रमा के समान सुंदर मुखवाली
३. किसी के खाते में खर्च की ओर कोई रकम लिखना
४. वधिक
५. फिर से स्वस्थ होना, पल्लवित होना
८. हाव-भाव (उर्दू)
१०. स्वतंत्र, मुक्त (उर्दू)
११. उपपति से उत्पन्न संतान
१२. आयताकार सांचे में ढाल कर पकाया गया मिट्टी का टुकड़ा
१३. आवश्यक रकम लेकर वांछित वस्तु देने या काम पूरा करने का लिखित वादा
१४. विकसित, प्रस्फुटित
१५. नीरस
१७. हिम्मत
१८. धन-संबंधी, माली
१९. आज्ञापालन, अमल करना (उर्दू)
२२. तकलीफ

### वर्ग पहेली-6317

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ प | रा | २ का | छा | ■ | ■ | 3 बे | ल | ४ गा | म |
| रि | ■ | न | ■ | ५ अ | द्दा | ई | ■ | यि | ■ |
| ६ प | ता | का | ■ | वि | ■ | ७ मा | र | का | ८ ट |
| क्व | ■ | क | ■ | ९ भ | वा | नी | ■ | ■ | र |
| ■ | १० उ | च्चा | ११ यु | क्त | ■ | ■ | १२ अ | टू | ट |
| ■ | जा | ■ | द्ध | ■ | १३ अ | चं | भा | ■ | रा |
| १४ ना | ला | १५ या | क | ■ | पि | ■ | १६ व | १७ र | ना |
| स | ■ | ज | ■ | १८ आ | तु | १९ र | ■ | सा | ■ |
| २० म | हि | मा | ■ | लं | ■ | २१ ज | हा | ल | २२ त |
| झ | ■ | २३ न | क | ब | ज | नी | ■ | ■ | म |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दुनिया को जानें

## नीलामी में एक मिलियन डॉलर से अधिक में बिका प्रिंसेस डायना का स्वेटर

**न्यूयॉर्क,** 15 सितम्बर (एजेंसियां)। दिवंगत राजकुमारी डायना द्वारा पहना गया सफेद पंक्तियों के बीच काली भेड़ की तस्वीर वाला लाल स्वेटर न्यूयॉर्क के सोथबी में एक नीलामी में 1.1 मिलियन डॉलर से अधिक में बिका। गुरुवार को एक ट्वीट में, नीलामी घर ने कहा कि राजकुमारी डायना के ऐतिहासिक ब्लैक शीप वार्म एंड वंडरफुल स्वेटर फैशन आइकॉन नीलामी में 1.1 मिलियन डॉलर में बिका। सोथबी के अनुसार, डायना ने यह स्वेटर 1981 में प्रिंस चार्ल्स के पोलो मैच में पहना था।

बोली 31 अगस्त को शुरू हुई थी और नीलामी के अंतिम मिनट तक शीर्ष बोली दो लाख डॉलर से कम रही। सोथबी ने स्वेटर की कीमत 50,000 डॉलर से 80,000 डॉलर आंकी थी। स्वेटर खरीदने वाले की पहचान का खुलासा नहीं किया गया। बीबीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि राजकुमारी डायना से जुड़ी कई अन्य वस्तुओं की तुलना में स्वेटर को अधिक कीमत पर बिका। स्वेटर के डिज़ाइन को अक्सर शाही परिवार में डायना के स्थान के प्रतीक के रूप में वर्णित किया जाता रहा है।

# खेल जगत

## ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर स्टुअर्ट मैकगिल ड्रग डील में बुरे फंसे



**सिडनी,** 15 सितम्बर (एजेंसियां)। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई स्टार स्पिनर स्टुअर्ट मैकगिल पर पहले कथित अपहरण की पुलिस जांच के बाद बड़े पैमाने पर कोकीन आपूर्ति में उनकी कथित भूमिका का आरोप लगाया गया है। एबीसी न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस ने 52 वर्षीय मैकगिल को मंगलवार रात चैट्सवुड पुलिस स्टेशन से गिरफ्तार किया और उस पर ड्रग डील में शामिल होने का आरोप लगाया। मैकगिल की जांच अप्रैल 2021 में शुरू हुई जब कथित तौर पर उन्हें किडनैप किया गया था। मैकगिल ने अप्रैल 2021 में एक शिकायत दर्ज करने के बाद सुर्खियां बटोरीं, जिसमें उन्होंने पुलिस को बताया कि उनका अपहरण किया गया। इस क्रिकेटर ने खुलासा किया था कि उन्हें अज्ञात लोगों ने गाड़ी में बैठाया और जमकर पीटा। कथित अपहरण का आरोप उसके तत्कालीन साथी के भाई सहित छह लोगों पर लगाया गया है, जो अप्रैल 2021 में सिडनी के निचले उत्तरी तट पर हुआ था।

# बांग्लादेश ने भारत को जीत के लिए दिया 266 का लक्ष्य



### पांच बदलाव के साथ बांग्लादेश के खिलाफ उतरा भारत

एशिया कप में सुपर फोर चरण के आखिरी मैच में भारत ने शुक्रवार को टॉस जीत कर बांग्लादेश को पहले बल्लेबाजी करने का निमंत्रण दिया। भारत ने इस मुकाबले के लिये टीम में पांच बदलाव किये हैं। तिलक वर्मा की इस मुकाबले के जरिये एक दिवसीय मैच में पदार्पण हुआ है, उनके अलावा सूर्य कुमार यादव, मोहम्मद शमी, शार्दुल ठाकुर और प्रसिद्ध कृष्णा टीम में आए हैं। भारत एशिया कप के फाइनल में पहले ही पहुंच चुका है। 17 सितंबर को श्रीलंका के खिलाफ खेले जाने वाले फाइनल मुकाबले में चुस्त दुरूस्त रहने के लिये विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव और हार्दिक पंड्या को आराम दिया गया है। बांग्लादेशी टीम से भी एक डेब्यू है। तंज़ीब शाकिब को अंतिम एकादश में जगह मिली है। भारत के मध्यक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर आज का भी मुक़ाबला नहीं खेल रहे हैं। बीसीसीआई ने एक प्रेस रिलीज़ जारी कर कहा है कि वह पहले से बेहतर हो रहे हैं लेकिन मैच के लिए अभी भी पूरी तरह से फ़िट नहीं हैं।

**कोलंबो** 15 सितंबर (एजेंसियां)। एशिया कप में सुपर फोर चरण के आखिरी मैच में कोलम्बो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में बंगलादेश ने भारत को जीत के लिए 266 लक्ष्य दिया है। इससे पहले भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया था। टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करने उतरी बंगलादेशी टीम ने 50 ओवर में 8 विकेट पर 265 रन बनाए।

भारतीय टीम अब तक टूर्नामेंट में अजेय है। भारत ने इस मुकाबले के लिये टीम में पांच बदलाव किये हैं। तिलक वर्मा की इस मुकाबले के जरिये एक दिवसीय मैच में पदार्पण हुआ है, उनके अलावा सूर्य कुमार यादव, मोहम्मद शमी, शार्दुल ठाकुर और प्रसिद्ध कृष्णा टीम में आए हैं। टीम इंडिया 17 सितंबर को इसी स्टेडियम में श्रीलंका के खिलाफ होने वाले फाइनल से पहले बंगलादेश के साथ मैच को तैयारी के तौर पर देखेगी।

बंगलादेश ने एक समय 10 ओवर के बाद तीन विकेट गंवाकर 44 रन बनाए थे, लेकिन बाद में महेंदी हसर मिराज और शाकिब हसन ने पारी को संभाला। दसवें ओवर में शार्दुल ठाकुर की तीसरी गेंद पर मिड विकेट पर खड़े तिलक ने मेहदी हसन मिराज का आसान कैच छोड़ दिया। इसके बाद आखिरी गेंद पर सूर्यकुमार यादव ने भी मेहदी का कैच छोड़ा। 14वें ओवर में 59 के स्कोर पर बंगलादेश को चौथा झटका लगा। अक्षर पटेल ने मेहदी हसन मिराज को रोहित शर्मा के हाथों कैच कराया। मिराज ने 23 गेदों पर 13 रन ही बनाए। इसके बाद मिडिल ऑर्डर ने टीम को संभाला और बंगलादेश का पांचवां विकेट 161 रन पर शाकिब के रूप में गिरा। शाकिब शतक बनाने से चूक गये। शाकिब ने 85 गेंदों में छह चौके और तीन छक्के की मदद से 80 रन की पारी खेली। शाकिब ने तौहिद हृदोय के साथ मिलकर पांचवें विकेट के लिए 101 रन की साझेदारी निभाई।

इसके ठीक अगले ओवर (35वें) में रवींद्र जडेजा ने शमीम हुसैन को पगबाधा आउट किया। वह एक रन बना सके। इस विकेट के साथ वनडे में जडेजा के 200 विकेट पूरे हो गए हैं। वह इस मुकाम को हासिल करने वाले सातवें भारतीय गेंदबाज बन गए हैं। इससे पहले अनिल कुंबले (337), जवागल श्रीनाथ (315), अजीत अगरकर (288), जहीर खान (282), हरभजन सिंह (269) और कपिल देव (253) ऐसा कर चुके हैं।

बंगलादेश की टीम में सबसे ज्यादा 80 रन का योगदान कप्तान शाकिब अल हसन ने दिया। उसके बाद तौहिद हृदोय ने 54, नसुम अहमद ने 44 और महेदी हसन ने 29 रन बनाए।

भारत के लिए शार्दुल ठाकुर ने तीन और मोहम्मद शमी ने दो विकेट लिए। प्रसिद्ध, अक्षर और जडेजा के खाते में एक-एक विकेट आया।

# इंग्लैंड की नट साइवर-ब्रंट ने अपने 100वें वनडे में रिकॉर्ड शतक लगाया



**लीसेस्टर,** 15 सितम्बर (एजेंसियां)। इंग्लैंड की ऑलराउंडर नैट साइवर-ब्रंट ने गुरुवार को यहां श्रीलंका के खिलाफ तीसरे और अंतिम वनडे में 31 ओवर के बारिश से प्रभावित मैच में सिर्फ 74 गेंदों में 120 रनों की शानदार पारी खेली। साइवर-ब्रंट की शानदार पारी और माइया बाउचियर की 65 गेंदों में 95 रनों की पारी की बदौलत इंग्लैंड की महिलाएं 50 ओवरों में 272/8 के विशाल स्कोर तक पहुंच सकीं। श्रीलंका इसके जवाब में 24.5 ओवर में 112 रन पर सिमट गयी और उसे 161 रन से हार का सामना करना पड़ा।

आईसीसी महिला खिलाड़ी रैंकिंग में नंबर 1 रैंक की बल्लेबाज और ऑलराउंडर साइवर-ब्रंट गुरुवार को शीर्ष फॉर्म में थीं और उन्होंने अपने 100वें वनडे में शानदार शतक की राह पर कुछ आक्रामक स्ट्रोक लगाए। लगातार बारिश के कारण, लीसेस्टर में टॉस में देरी हुई, लेकिन जब बारिश कम हुई, तो श्रीलंका ने इंग्लैंड को बल्लेबाजी के लिए बुलाया और पहले पांच ओवरों के अंदर उन्हें 18/2 पर रोक दिया।

साइवर-ब्रंट माइया बाउचियर के साथ आयी और दोनों ने तेजी से आगे बढ़ते हुए शुरुआती झटके के बावजूद टीम को 10 ओवर में 72/2 पर पहुंचा दिया। मंच अच्छी तरह से सेट होने और कार्ड पर एक छोटी पारी के साथ, साइवर-ब्रंट और बाउचियर ने गति को और अधिक बढ़ाया। बाउचियर ने साइवर-ब्रंट को पीछे छोड़ते हुए अपना अर्धशतक पूरा किया, इसके लिए उन्होंने सिर्फ 38 गेंदों का सामना किया।

इसके बाद साइवर-ब्रंट ने 15वें ओवर में चौके की हैट्रिक ली। 193 रनों की साझेदारी केवल 20 ओवरों में ही पूरी हो गई और तभी टूटी जब बाउचियर को कविशा दिलहारी ने सामने फंसा लिया। तब तक, साइवर-ब्रंट ने 66 गेंदों पर अपना शतक पूरा कर लिया था, जिससे यह इंग्लैंड की किसी महिला खिलाड़ी द्वारा सबसे तेज वनडे शतक बन गया। हालाँकि, विकेट से इंग्लैंड की ऑलराउंडर पर कोई असर नहीं पड़ा और उन्होंने एक ही ओवर में लगातार तीन चौके मारे। वह अगले ओवर में 120 रन के शानदार स्कोर पर आउट हो गईं, लेकिन वह पहले ही इंग्लैंड को विशाल स्कोर देने के लिए काफी कुछ कर चुकी थीं। श्रीलंका की टीम इसके जवाब में 24.5 ओवर में 112 रन पर सिमट गयी और उसे 161 रन से हार का सामना करना पड़ा। चार्लोट डीन ने 31 रन पर पांच विकेट लिए और इंग्लैंड की सबसे सफल गेंदबाज रहीं। इंग्लैंड ने तीन मैचों की सीरीज 2-0 से जीती।

**संक्षिप्त स्कोर : इंग्लैंड-महिला** : 50 ओवर में 273/8 (नैट साइवर-ब्रंट 120, माइया बाउचर 95; कविशा दिलहारी 3-42), **श्रीलंका महिला** : 112 (24.5) इंग्लैंड ने 161 रनों से मैच जीता ।

## सीरी ए सीज़न के पहले मिलान डर्बी में इंटर का एसी से मुकाबला; लाज़ियो का सामना जुवेंटस से होगा

**मिलान ( इटली ),** 15 सितंबर (एजेंसियां)। इटालियन सीरी ए सीजन के पहले मिलान डर्बी के साथ एक्शन में आएगी, जिसमें शीर्ष दो टीमें और क्रॉस-टाउन प्रतिद्वंद्वी-इंटर और एसी शुरुआती जीत की तलाश में भिड़ेंगी।। प्रतिष्ठित मिलान डर्बी एक शानदार मैच का गवाह बनेगा जब इंटर और एसी मिलान शनिवार को टेबल के शीर्ष सीरी ए मुकाबले में आमने-सामने होंगे। दोनों टीमों ने सीजन के अपने पहले तीन मैचों में तीन जीत दर्ज की हैं। दिग्गज क्लबों के बीच आखिरी मुकाबला यूईएफए चैंपियंस लीग सेमीफाइनल में हुआ था, जहां इंटर ने पहला चरण 2-0 से और दूसरा चरण 1-0 से जीतकर इस साल की शुरुआत में फाइनल में प्रवेश किया था। इंटर ने फरवरी में 1-0 से विजेता बनकर अपना आखिरी सीरी ए मैच भी जीता था। दोनों टीमें पिछले सीजन में सीरी ए खिताब पर कब्ज़ा करने में नाकाम रहीं और मौजूदा चैंपियन नेपोली को हराने की कोशिश करेंगी। उनकी नजरें दिन की शुरुआत में होने वाले मुकाबले पर भी होंगी क्योंकि पिछले सीज़न के उपविजेता लाजियो का मुकाबला जुवेंटस से होगा, जो इस समय तालिका में तीसरे स्थान पर है। मिलान की दोनों टीमें शुरुआती दौर में उच्चतम स्कोरिंग टीमों के रूप में बराबरी पर हैं, उनके पहले तीन मुकाबलों में प्रति मैच औसतन 2.7 गोल हैं। पिछले पांच आमने-सामने के मुकाबलों में इंटर मिलान 4-1 से आगे है। दिन के तीसरे मैच में नेपोली जेनोआ की यात्रा करेगा, इस उम्मीद में कि वह सीज़न की शुरुआत में पूरे अंक हासिल करेगा और सीज़न में बाद में खिताब के लिए अपनी लड़ाई जारी रखेगा। इस सप्ताह के अंत में मिलान डर्बी सहित बहुप्रतीक्षित सीरी ए क्लैश का एक्शन जियोसिनेमा और स्पोर्ट्स 18 - 1 पर लाइव और एक्सक्लूसिव रूप से उपलब्ध होगा।

# नसीम शाह और हारिस रऊफ की फिटनेस स्थिति पर बाबर ने कहा, अभी हम अपना प्लान बी नहीं बता सकते

**कोलंबो,** 15 सितंबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने भारत में अगले महीने शुरू होने वाले आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के लिए महत्वपूर्ण तेज गेंदबाज नसीम शाह और हारिस रऊफ की फिटनेस स्थिति के बारे में कोई स्पष्ट बयान नहीं दिया है। एशिया कप में भारत के खिलाफ पाकिस्तान के सुपर फोर मुकाबले के दौरान तेज गेंदबाज जोड़ी को मामूली चोटें आईं और गुरुवार को श्रीलंका के खिलाफ 2 विकेट से हार (डीएलएस) झेलने के बाद जब टीम टूर्नामेंट से बाहर हो गई तो वे किनारे पर बैठे थे।

ज़मान खान और शाहनवाज़ दहानी उस मैच के दौरान घायल जोड़ी के लिए आगे आए, और अगर नसीम और रऊफ़ समय पर ठीक नहीं होते हैं तो उन्हें विश्व कप में भाग लेने के संभावित विकल्प के रूप में माना जा सकता है। जबकि बाबर को उम्मीद है कि नसीम और रऊफ दोनों 6 अक्टूबर



को हैदराबाद में नीदरलैंड के खिलाफ पाकिस्तान के विश्व कप के पहले मैच के लिए समय पर ठीक हो जाएंगे, लेकिन जब इस जोड़ी के चूकने की स्थिति में आकस्मिक योजनाओं के बारे में पूछा गया तो कप्तान ने ज्यादा कुछ नहीं कहा।

आईसीसी वेबसाइट ने बाबर के हवाले से कहा, मैं आपको बाद में बताऊंगा। उन्होंने कहा, अभी आपको अपना प्लान बी नहीं बता रहा हूं। लेकिन हां, हारिस रऊफ की स्थिति बुरी नहीं हैं। उन्हें बस थोड़ा सा साइड स्ट्रेन हुआ है, लेकिन वह विश्व कप से पहले ठीक हो जाएंगे।

पाकिस्तानी कप्तान ने कहा, नसीम शाह भी... उन्होंने कुछ मैच मिस किए हैं, मुझे नहीं पता (कब तक) रिकवरी होगी, लेकिन मेरी राय में, नसीम शाह भी बाद में विश्व कप में होंगे। लेकिन देखते है। विश्व कप शुरू होने से पहले पाकिस्तान के पास कोई आधिकारिक 50 ओवर का मैच नहीं है, हालांकि उनके पास न्यूजीलैंड (29 सितंबर) और ऑस्ट्रेलिया (3 अक्टूबर) के खिलाफ दो अभ्यास मैच निर्धारित हैं जो आधिकारिक वनडे दर्जा नहीं रखते हैं।

## सार संक्षेप

### कैलम विल्सन ने न्यूकैसल यूनाइटेड के साथ एक साल का अनुबंध बढ़ाया

**न्यूकैसल (इंग्लैंड)।** पिछले तीन सीजन में न्यूकैसल यूनाइटेड के प्रमुख गोल स्कोरर, कैलम विल्सन ने क्लब के साथ एक साल के अनुबंध विस्तार पर हस्ताक्षर किए, जो उन्हें 2025 तक सेंट जेम्स पार्क में बनाए रखेगा। इंग्लैंड इंटरनेशनल ने 2020 में बोर्नमाउथ से आने के बाद से 79 लीग मैचों में 40 गोल किए हैं, जिसमें इस सीज़न में चार मैचों में से दो शामिल हैं। जिससे वो क्लब के सर्वकालिक प्रीमियर लीग गोल स्कोरर चार्ट में पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं। वह महान लेस फर्डिनेंड से सिर्फ एक गोल पीछे हैं और आठ और गोल के साथ ये खिलाड़ी महान एलन शियरर के बाद सूची में दूसरे स्थान पर पहुंच जाएगा। कुल मिलाकर, विल्सन ने 205 प्रीमियर लीग मैचों में 81 गोल किए और 22 गोलों में मदद की है। कैलम विल्सन ने कहा, मुझे यहां अपना समय बढ़ाने में खुशी हो रही है। यह एक शानदार फुटबॉल क्लब है। इसलिए अपना भविष्य इसके लिए प्रतिबद्ध करना अच्छा है। हमारे पास आगे देखने के लिए कुछ बेहतरीन चीजें हैं और मुझे लगता है कि यहां, शहर, प्रशंसक आधार के आसपास रहना खिलाड़ियों का सपना होता है। इसलिए, मैं अगले कुछ वर्षों तक यहां रहने का इंतजार नहीं कर सकता।

### शूटिंग विश्व कप में सागर डांगी छठे, सौरभ चौधरी 30वें स्थान पर रहे

**रियो डी जनेरियो।** सागर डांगी ने यहां खेली जा रही इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) विश्व कप राइफल/पिस्टल चरण के पहले दिन गुरुवार को पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल में छठा स्थान हासिल किया है। भारत के इस 21 वर्षीय खिलाड़ी ने फाइनल में 157.4 का स्कोर अर्जित किए। शीर्ष आठ चरण में जगह बनाने वाला वह एकमात्र भारतीय है। इस स्पर्धा में इटली के फेडेरिको मालदिनी ने स्वर्ण पदक जीता।

# रोहित शर्मा में हमेशा लड़ने का जज्बा है : डिविलियर्स

**नई दिल्ली,** 15 सितंबर (एजेंसियां)। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर एबी डिविलियर्स ने भारतीय कप्तान रोहित शर्मा की प्रशंसा करते हुए कहा, वह एक फाइटर हैं और कभी किसी चुनौती से पीछे नहीं हटते।

मौजूदा एशिया कप में रोहित ने खुद को शानदार फॉर्म में पाया है क्योंकि उन्होंने नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका के खिलाफ एक-एक अर्धशतक जमाया है। श्रीलंका के खिलाफ मुकाबले में, रोहित शर्मा ने वनडे में एक असाधारण उपलब्धि हासिल की, जिसने उन्हें एलीट वर्ग के क्लब में पहुंचा दिया। वह वनडे में 10000 रन पूरे करने वाले छठे भारतीय बन गए। इसके साथ ही वह सचिन तेंदुलकर, रिकी पोंटिंग, सौरव गांगुली, ब्रायन लारा, क्रिस गेल, एमएस धोनी और भारत के वर्तमान



कोच राहुल द्रविड़ को पीछे छोड़कर विराट कोहली के बाद इस मील के पत्थर तक पहुंचने वाले दूसरे सबसे तेज सदस्य बन गए। डिविलियर्स ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, रोहित 2000 रन बनाने में चौथे सबसे धीमे थे, लेकिन 10000 रन बनाने वाले दूसरे सबसे तेज़ खिलाड़ी थे। यह वापसी कैसी है? मेरे मन में उनके लिए बहुत सम्मान है। पहली बार जब मैंने उन्हें खेलते हुए देखा, तो मुझे लगा कि इस आदमी के पास देने के लिए कुछ खास है। मुझे उसके बारे में सबसे ज्यादा पसंद है - बहुत कम उम्र से ही, उसमें हमेशा लड़ने की भावना थी। वह किसी चुनौती से भी पीछे नहीं हटता था। डिविलियर्स ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एक मैच को भी याद किया जिसमें रोहित ने डेल स्टेन और मोर्ने मोर्कल जैसे दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाजों का सामना किया था और कहा, मैं डरबन में एक टेस्ट मैच के बारे में सोचता हूं जहां वह डेल स्टेन या मोर्ने मोर्कल और हमारे किसी भी तेज गेंदबाज के सामने टिक नहीं पाएंगे। वह आंखों से संपर्क करता था। अगर कोई उसे चिढ़ाता था। वह सीधे उन पर अटैक करता था। मुझे यह अंदाज हमेशा पसंद आया।

## बावुमा और नार्टजे के चोटिल होने से दक्षिण अफ्रीकी की मुश्किलें बढ़ीं

**केप टाउन** 15 सितंबर (एजेंसियां)। तेज गेंदबाज एनरिक नॉर्टजे के बाद कप्तान टेम्बा बावुमा के भी चोटिल होने से दक्षिण अफ्रीका की मुश्किलों में इजाफा हुआ है। नार्टजे पीठ के निचले हिस्से में चोट के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जारी एकदिवसीय श्रृखंला से बाहर हो गए हैं जबकि कप्तान टेम्बा बावुमा भी चोटिल हाने के कारण शुक्रवार को सेंचुरियन में होने वाले चौथे वनडे में नहीं खेलेंगे।

कप्तान बवुमा की मांसपेशियों में खिंचाव है। ऑस्ट्रेलिया को सीरीज में बने रहने के लिए चौथा वनडे हर-हाल में जीतना होगा। दक्षिण अफ्रीका के इन खिलाड़ियों चोटिल होने से उसकी मुश्किलें बढ़ा दी हैं। दक्षिण अफ्रीका की टीम विश्व कप से पहले अपने दोनों खिलाड़ियों को लेकर कोई जोखिम नहीं लेना चाहेगी।

एडेन मार्करम अब चौथे वनडे मैच में दक्षिण अफ्रीका की कप्तानी करेंगे। वो इस सीरीज में बेहतरीन फॉर्म में चल रहे हैं। टी20 सीरीज पहले ही दक्षिण अफ्रीका 3-0 से हार चुकी है। ऑस्ट्रेलिया की टीम पांच मैचों की वनडे सीरीज में 2-1 से आगे है। अगर दक्षिण अफ्रीका को सीरीज में बने रहना है तो फिर ये मुकाबला हर-हाल में जीतना होगा। वहीं ऑस्ट्रेलिया की टीम चाहेगी कि ये मैच जीतकर सीरीज अपने नाम कर ले। मिचेल मार्श की अगुवाई में टीम ने अभी तक काफी अच्छा खेल दिखाया है।

नॉर्टजे पीठ में खिंचाव के कारण इस सप्ताह की शुरुआत में पोटचेफस्ट्रूम में तीसरा वनडे नहीं खेल पाए थे। सीएसए की एक विज्ञप्ति में कहा, इस सप्ताह उनका स्कैन कराया गया और एक विशेषज्ञ से परामर्श लिया गया और वह प्रोटियाज मेडिकल टीम की देखरेख में इस सप्ताह के अंत में फिर से गेंदबाजी करना शुरू करेंगे। नॉर्टजे ने ब्लोमफोंटेन में सिर्फ दूसरा वनडे खेला जहां ऑस्ट्रेलिया ने 8 विकेट पर 392 रन बनाए और नॉर्टजे ने 58 रन देकर पांच विकेट चटकाए थे।

# वनडे में 200 विकेट लेने वाले सातवें भारतीय गेंदबाज बने रवींद्र जड़ेजा

**कोलंबो,** 15 सितंबर (एजेंसियां)। भारत के बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर रवींद्र जड़ेजा वनडे में 200 विकेट लेने वाले सातवें भारतीय गेंदबाज बन गए हैं। जडेजा ने शुक्रवार को यहां आर. प्रेमदासा स्टेडियम में एशिया कप में बांग्लादेश के खिलाफ भारत के सुपर फोर मैच के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। दस ओवरों में 1-53 के अपने स्पैल के दौरान शमीम हुसैन को टर्न और बाउंस के साथ एलबीडब्ल्यू करके जडेजा वनडे में 200 विकेट के जादुई आंकड़े तक पहुंच गए। वह वनडे में 200 विकेट लेने वाले भारत के एकमात्र बाएं हाथ के स्पिनर बन गए हैं, उनके अलावा अनिल कुंबले, जवागल श्रीनाथ, अजीत आगरकर, जहीर खान, हरभजन सिंह और कपिल देव इस क्लब में शामिल हैं। 2023 एशिया कप में छह विकेट लेने वाले जडेजा, 1983 वनडे विश्व कप विजेता कप्तान और महान तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर कपिल देव के बाद 2500 रन और 200 विकेट का डबल पूरा करने वाले दूसरे भारतीय क्रिकेटर हैं। इस प्रारूप में, जहां वह इस विशिष्ट क्लब का हिस्सा बनने वाले दुनिया के 14वें खिलाड़ी हैं। 34 वर्षीय जडेजा ने सात बार चार विकेट लिए हैं, जबकि वनडे में उनके करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 5-36 है, जो उन्होंने 2013 में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की जीत के दौरान ओवल में वेस्टइंडीज के खिलाफ बनाया था। जडेजा ने 67 टेस्ट में 275 विकेट और 64 टी20 में 51 विकेट भी लिए हैं।



### पाकिस्तान के खिलाफ जीत से मिली ज्यादा संतुष्टि : रवींद्र जड़ेजा

भारत के अनुभवी बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा का मानना है कि एशिया कप के सुपर फोर चरण में पाकिस्तान पर जीत से टीम को अधिक संतुष्टि मिली। साथ ही उन्होंने कहा कि श्रीलंका पर जीत भी शानदार थी। भारत पाकिस्तान और श्रीलंका पर क्रमश- 228 रन और 41 रन से जीत हासिल कर 17 सितंबर को होने वाले एशिया कप के फाइनल में पहुंच गया। सुपर फोर चरण का उनका आखिरी मैच शुक्रवार को बांग्लादेश के खिलाफ है, जिसके बाद वे रविवार को फाइनल में श्रीलंका से खेलेंगे। जडेजा ने प्रसारकों के साथ मैच चैट पर कहा, जब भी हम मैदान पर उतरते हैं, हम हमेशा भारत के लिए खेलने पर गर्व महसूस करते हैं। पाकिस्तान के खिलाफ जीत ने हमें अधिक संतुष्टि दी, लेकिन साथ ही श्रीलंका के खिलाफ मैच भी एक शानदार खेल था। जड़ेजा ने कहा कि भारत ने हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया है। हमने हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया, हमने अच्छी गेंदबाजी की और अच्छी फील्डिंग की। हम अपने देश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं और हमें वहां जाने और अपने देश के लिए खेलने पर गर्व है। मैं अपनी गेंदबाजी पर काम कर रहा हूं। 34 वर्षीय ऑलराउंडर ने कई मैचों में पांच विकेट लिए हैं, जो बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव के साथ एक मजबूत स्पिन जोड़ी साबित हुई है। उन्होंने निष्कर्ष निकाला, जब भी मैं मैदान पर उतरता हूं तो मैं स्टंप्स पर गेंदबाजी करने की कोशिश करता हूं और उन्हें जगह नहीं देने की कोशिश करता हूं। मैं फील्ड प्लेसमेंट को देखता हूं और इन सभी को ध्यान में रखते हुए, मैं बल्लेबाज के अनुसार गेंदबाजी करता हूं।

### सुडोकू 6318 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 2 | 8 | 1 | 5 | 9 | 4 | 3 |
| 8 | 9 | 3 | 4 | 2 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 4 | 5 | 1 | 9 | 6 | 3 | 8 | 2 | 7 |
| 7 | 1 | 4 | 2 | 9 | 8 | 3 | 6 | 5 |
| 9 | 3 | 8 | 1 | 5 | 6 | 2 | 7 | 4 |
| 2 | 6 | 5 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 8 |
| 1 | 4 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 | 3 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 6 | 4 | 1 | 7 | 5 | 2 |
| 5 | 2 | 6 | 7 | 3 | 9 | 4 | 8 | 1 |

# शासकीय कर्मियों एवं उनके परिजनों के इलाज के लिए राज्य शासन से मान्यता प्राप्त अस्पतालों की संख्या हुई 155

**रायपुर.** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन ने शासकीय सेवकों और उनके आश्रित परिजनों के इलाज के लिए कुल 155 अस्पतालों को मान्यता दी है। इनमें राज्य में स्थित 114 और राज्य के बाहर के 41 अस्पताल शामिल हैं। शासकीय कर्मियों के इलाज के लिए चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए इन अस्पतालों को मान्यता मिली है। चिकित्सा शिक्षा विभाग ने राज्य शासन के सभी विभागों, राजस्व मंडल बिलासपुर के अध्यक्ष, सभी विभागाध्यक्षों, संभागायुक्तों और कलेक्टरों को मान्यता प्राप्त अस्पतालों की सूची प्रेषित की है।

**राज्य में स्थित इन अस्पतालों को मिली है मान्यता**

बी.एम. शाह हॉस्पिटल एंड मेडिकल रिसर्च सेंटर शास्त्री नगर सुपेला, भिलाई. आर.एस. पॉलिक्लीनिक एंड डायग्नोस्टिक सेंटर टाटीबंध, रायपुर. चांदरानी सरदारी लाल स्पेशियालिटी आई एंड ईएनटी हॉस्पिटल शांति नगर, रायपुर. कृष्णा नेत्रालय लिंक रोड बिलासपुर. उपाध्याय हॉस्पिटल महोबा बाजार, रायपुर. विवेकानंद आई हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर ब्रह्मपुरी रोड रायपुर. एसआरएस हॉस्पिटल पचपेड़ी नाका, रायपुर. वी केयर सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल तेलीबांधा, रायपुर. कंवर नर्सिंग होम अनुपम नगर, रायपुर. नमन हॉस्पिटल शंकर नगर, रायपुर. सोनी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल एंड मेटरनिटी होम बड़े उरला, अभनपुर, रायपुर. नारायणा हॉस्पिटल देवेंद्र नगर, रायपुर. मेडिशाइन हॉस्पिटल न्यू राजेंद्र नगर, रायपुर. गुप्ता हॉस्पिटल मल्टीस्पेशलिटी रिसर्च एंड मेटरनिटी सेंटर रत्नाबांधा रोड, धमतरी. राम हॉस्पिटल बसंतपुर, राजनांदगांव. आशीर्वाद लेजर फेको आई हॉस्पिटल नेहरू चौक, बिलासपुर. फरिश्ता नर्सिंग होम कटोरा तालाब, रायपुर. सर्व ट्रामा हॉस्पिटल तात्यापारा, रायपुर. संजीवनी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर वेयर हाउस रोड, बिलासपुर. आरबी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज स्वर्ण जयंती नगर, बिलासपुर. शंकराचार्य इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज जुनवानी, भिलाई. पेटल्स न्यू बोर्न एंड चिल्ड्रन हॉस्पिटल समता कॉलोनी, रायपुर. जुनेजा आई हॉस्पिटल सीएमडी चौक, बिलासपुर. अनंत साई हॉस्पिटल तेलीबांधा, रायपुर. प्रथम हॉस्पिटल बहतराई रोड, बिलासपुर. कृष्णा हॉस्पिटल न्यू राजेंद्र नगर, रायपुर. कालड़ा बर्न एंड प्लास्टिक सर्जरी सेंटर पचपेड़ी नाका, रायपुर. देवी विमेन एंड चाइल्ड हॉस्पिटल चंगोराभाठा, रायपुर. अरबिंदो नेत्रालय लालपुर, रायपुर. मां शारदा आरोग्यधाम अग्रसेन नगर, रायपुर. हाइटेक सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल स्मृति नगर, भिलाई. स्टार चिल्ड्रन हॉस्पिटल अग्रसेन चौक, बिलासपुर. सनशाइन मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल वसुंधरा नगर, भिलाई-3. किम्स सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल अग्रसेन चौक, बिलासपुर. श्रेयांश मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल अवंति विहार, रायपुर. अपेक्स सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल एंड आईवीएफ सेंटर अटल चौक, रायगढ़. जैन डेंटल हॉस्पिटल न्यू राजेंद्र नगर, रायपुर. सद्भावना हॉस्पिटल सेक्टर-30, नवा रायपुर. माता लक्ष्मी नर्सिंग होम एंड इन्वेस्टिगेशन सेंटर अनुपम नगर, रायपुर. एमएमआई नारायणा सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल लालपुर, रायपुर. रायपुर स्टोन क्लिनिक कचहरी चौक, रायपुर, साईं बाबा आई हॉस्पिटल फाफाडीह, रायपुर. भवानी डायग्नोस्टिक सेंटर फाफाडीह चौक, रायपुर. सर्वोदय हॉस्पिटल एंड प्रसूति केंद्र मोवा, रायपुर. अपोलो हॉस्पिटल सीपत रोड, बिलासपुर. तिवारी नर्सिंग होम सिविल लाइन, रायपुर. एएसजी आई हॉस्पिटल शक्ति नगर, रायपुर. जीवन ज्योति हॉस्पिटल दर्रीपारा, अंबिकापुर. महादेव सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल व्यापार विहार रोड, बिलासपुर. वी वाय हॉस्पिटल कमल विहार, रायपुर. स्पाइन एंड स्किन क्लिनिक शंकर नगर, रायपुर. गणेश विनायक आई हॉस्पिटल परशुराम चौक, जांजगीर-चांपा. गणेश विनायक आई हॉस्पिटल पचपेड़ी नाका, रायपुर. संकल्प हॉस्पिटल सरोना, रायपुर. रेटीना केयर सुपरस्पेशलिटी आई हॉस्पिटल शंकर नगर, रायपुर. माखीजा हॉस्पिटल अग्रसेन चौक, बिलासपुर. विनायक नेत्रालय लिंक रोड, बिलासपुर. धमतरी क्रिश्चियन हॉस्पिटल धमतरी. गावरी आईवीएफ सेंटर एंड नर्सिंग होम फाफाडीह, रायपुर. डॉ. आरएल हॉस्पिटल गौशाला रोड, रायगढ़, शुभकामना हॉस्पिटल मोवा, रायपुर. दानी आई हॉस्पिटल एमपी नगर, कोरबा. बाल गोपाल चिल्ड्रन हॉस्पिटल बैरन बाजार, रायपुर. गायत्री हॉस्पिटल रोहिणीपुरम, रायपुर. आशादीप हॉस्पिटल न्यू राजेंद्र नगर, रायपुर. बाल्को मेडिकल सेंटर सेक्टर-36, नवा रायपुर. बालाजी मेट्रो केयर हॉस्पिटल ग्राम कौहाकुंदा, रायगढ़, संजीवनी सीबीसीसी यूएसए कैंसर हॉस्पिटल पचपेड़ी नाका, रायपुर. अपोलो डायग्नोस्टिक सेंटर देवेन्द्र नगर, रायपुर. स्पर्श मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल रामनगर, भिलाई. एएसआईएम सुपरस्पेशलिटी डेंटल हॉस्पिटल संतोषी नगर चौक, रायपुर. एसएमसी हार्ट इंस्टीट्यूट एंड आईव्हीएफ रिसर्च सेंटर व्हीआईपी इस्टेट, रायपुर. श्रीराम केयर हॉस्पिटल नेहरू नगर, बिलासपुर. मित्तल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज अंवति बाई चौक, रायपुर. लाइफवर्थ सुपरस्पेशिलिटी हॉस्पिटल समता कॉलोनी, रायपुर. मार्क हॉस्पिटल सरकंडा, बिलासपुर. ओम हॉस्पिटल मल्टीस्पेशलिटी सेंटर रायपुरा चौक, रायपुर. सुयश हॉस्पिटल कोटा-गुढ़ियारी रोड, रायपुर. डॉ. जाऊलकर ईएनटी हॉस्पिटल चौबे कॉलोनी, रायपुर. शिशु भवन मध्यनगरी चौक, बिलासपुर. विद्या हॉस्पिटल एंड किडनी सेंटर शंकर नगर, रायपुर. सिटी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर गीतानगर, रायपुर. के. गुरूनाथ कॉर्डियक सेंटर सुपेला, भिलाई. कृष्णा हॉस्पिटल खरोरा, रायपुर. चंदूलाल चन्द्राकर स्मृति हॉस्पिटल नेगरू नगर चौक, भिलाई. विशारद हॉस्पिटल मोतीबाग रोड, रायपुर. अग्रसेन हॉस्पिटल समता कॉलोनी, रायपुर. मुंदड़ा हॉस्पिटल मंगला चौक, बिलासपुर. होरिजन हॉस्पिटल जल विहार कॉलोनी, रायपुर. फोर्टिस ओ.पी. जिंदल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर रायगढ़, अरपा मेडसिटी हॉस्पिटल एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट व्यापार विहार, बिलासपुर. चंदादेवी तिवारी हॉस्पिटल भाटापारा रोड, बलौदाबाजार, मित्तल भिलाई हॉस्पिटल स्मृति नगर, भिलाई. स्वर्गीय कार्तिकराम साव स्मृति सर्जिकल एंड एंडोस्कोपी रिसर्च सेंटर सरकंडा, बिलासपुर. आरोग्यधाम सुपरस्पेशियालिटी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर कादम्बरी नगर, दुर्ग. ममता सुपरस्पेशियालिटी हॉस्पिटल मोवा, रायपुर. वंदना मल्टीस्पेशियालिटी हॉस्पिटल मंगला चौक, बिलासपुर. सिद्धी विनायक हॉस्पिटल कोसाबाड़ी, कोरबा. श्रीराम हॉस्पिटल रायपुर रोड लिमाही, बलौदाबाजार. आदित्य हॉस्पिटल एंड मैटरनिटी होम गंजपारा, महासमुंद. आरोग्य हॉस्पिटल शांति नगर, बिलासपुर. संकल्प हॉस्पिटल अंबिकापुर. संजीवनी नर्सिंग होम राजनांदगांव, राधा कृष्ण मल्टीस्पेशियालिटी हॉस्पिटल सारंगढ़, लक्ष्मी नारायण हेल्थ केयर अंबिकापुर. संकल्प आई हॉस्पिटल वैशाली नगर, बिलासपुर. अकल पुराख हॉस्पिटल महासमुंद, चन्द्रायन हेल्थ केयर कवर्धा. पारख नर्सिंग होम लालबाग, राजनांदगांव. अग्रवाल हॉस्पिटल जीई रोड, रायपुर. गुडविल्स हॉस्पिटल टिकरापारा, रायपुर. रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल पचपेड़ी नाका, रायपुर. न्यू कोरबा हॉस्पिटल कोसाबाड़ी, कोरबा. एस.आर. हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर चिखली, दुर्ग.

- छत्तीसगढ़ के 114 और राज्य के बाहर के 41 अस्पताल शामिल

**राज्य के बाहर के ये अस्पताल हैं शामिल**

नीति क्लिनिक्स प्राइवेट लिमिटेड रामदासपेठ, नागपुर. सर गंगाराम हॉस्पिटल राजेन्द्र नगर, नई दिल्ली. स्पंदन हार्ट इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर धनतोली, नागपुर. प्लेटिना हार्ट हॉस्पिटल सीताबुल्दी, नागपुर. शेल्बी मल्टीस्पेशियालिटी हॉस्पिटल विजय नगर, जबलपुर. मेदांता द मेडिसिटी, सेक्टर-28, गुड़गांव. जसलोक हॉस्पिटल, मुंबई. सी.एम.सी. वेल्लोर, शंकर नेत्रालय, चेन्नई. अपोलो हॉस्पिटल, चेन्नई. एस्कार्ट हार्ट इंस्टीट्यूट, नई दिल्ली. बत्रा हॉस्पिटल, नई दिल्ली. लीलावती हॉस्पिटल, मुंबई. मेट्रो हॉस्पिटल नोएडा, दिल्ली. चोईथराम हॉस्पिटल, इंदौर. यशोदा हॉस्पिटल, हैदराबाद. फोर्टिस एंड लाफ्रेस फोर्टिस हॉस्पिटल ङ्क दिल्ली तथा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में स्थित हॉस्पिटल की सभी शाखाएं. मैक्स देवकी हार्ट एंड वास्कुलर इंस्टीट्यूट, सुपरस्पेशियालिटी हॉस्पिटल - दिल्ली तथा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में स्थित हॉस्पिटल की सभी शाखाएं. प्राईमस सुपरस्पेशियालिटी हॉस्पिटल चाणक्यपुरी, नई दिल्ली. मैक्स सुपरस्पेशियालिटी हॉस्पिटल साकेत, नई दिल्ली. अपोलो हॉस्पिटल्स चिनगाधिली, विशाखापटनम. मेदांता सुपरस्पेशियालिटी हॉस्पिटल एबी रोड, इंदौर. शेल्बी हॉस्पिटल सुपरस्पेशियालिटी केयर आर.एस. भंडारी मार्ग, इंदौर. शेल्बी मल्टीस्पेशियालिटी हॉस्पिटल एस.जी. रोड, अहमदाबाद. बासवाताराकम इंडो-अमेरिकन कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट बंजारा हिल्स, हैदराबाद. कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल एंड मेडिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट, मुंबई. बॉम्बे हॉस्पिटल, मुंबई. नानावटी हॉस्पिटल, मुंबई. इंद्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल, दिल्ली. पंडालिया कॉर्डियो-थोरेसिक फाउंडेशन, चेन्नई. एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी, हैदराबाद. मेडविन हॉस्पिटल, हैदराबाद. सेवन हिल्स हॉस्पिटल, विशाखापटनम. केयर हॉस्पिटल, विशाखापटनम. स्योरटेक हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, नागपुर. एच.सी.एम.सी.टी. मनिपाल हॉस्पिटल्स ओखला इंडस्ट्रियल इस्टेट, नई दिल्ली. ओमनी आरके सुपरस्पेशियालिटी हॉस्पिटल रामनगर, विशाखापटनम. ग्लेनीग्ल्स ग्लोबल हॉस्पिटल्स, हैदराबाद. अपोलो हॉस्पिटल जुबली हिल्स, हैदराबाद. मेडिट्रिना इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस रामदासपेठ, नागपुर. शामिल है।

# वन विभाग का घेराव करने वाले आंदोलनकारियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज होने पर फिर बिफरा आदिवासी समाज



**गरियाबंद,** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। आदिवासी युवक की मौत को लेकर वन विभाग का घेराव करने वाले आंदोलनकारी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने से नाराज आदिवासी समाज ने शुक्रवार को इसके विरोध में जिला मुख्यालय गरियाबंद में जेल भरो आंदोलन का आयोजन किया। इस दौरान आदिवासी समाज ने वन विभाग और पुलिस प्रशासन के विरूद्ध कड़े शब्दों में नारेबाजी की और एफ.आई.आर. के खात्मा करने की मांग की। इधर, जेल भरो आंदोलन के चलते एक बार फिर नेशनल हाइवे घंटो बाधित रहा। ज्ञात हो की इसके पहले 6 सितंबर को भी आदिवासी समाज के आंदोलन के कारण नेशनल हाइवे घंटो बाधित था।

- एफआईआर के विरोध में सैकड़ों आदिवासी समाज ने दी गिरफ्तारी

इसके पहले आदिवासी विकास परिषद भवन मजरकट्टा से रैली के शक्ल में निकले आदिवासी समाज के लोगो को जिला प्रशासन ने तिरंगा चौक में बेरीगेट्स लगाकर रोक दिया। यहां से रैली को डायवर्ट कर अस्थाई जेल गांधी मैदान ले गए। जहां सभी ने अपनी गिरफ्तारी दी। इस दौरान आदिवासी नेत्री लोकेश्वरी नेताम ने आरोप लगाया कि वन विभाग और पुलिस विभाग षडयंत्र कर आदिवासियों को दबाने की कोशिश कर रहा है। इंसाफ मांगने वालों को जेल में डाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि पुलिस एफआईआर का खात्मा करें। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सर्व आदिवासी समाज अध्यक्ष भारत दीवान, जिला पंचायत सदस्य एवं आदिवासी नेत्री लोकेश्वरी नेताम, नरेंद्र ध्रुव, उमेंद्री कोर्राम, पन्नालाल ध्रुव, सरपंच संघ अध्यक्ष मनीष ध्रुव, गजेंद्र पुजारी, इंदर ध्रुव सहित बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोग मौजुद थे।

ज्ञात हो कि वनभूमि में अतिक्रमण मामले में गिरफ्तार आदिवासी युवक भोजराम ध्रुव के अभिरक्षा अवधि में हुई मौत जांच, वन रक्षक के विरूद्ध कार्यवाही और मुआवजे की मांग को लेकर गत 6 सितंबर को आदिवासी समाज ने जिला मुख्यालय गरियाबंद में उग्र आंदोलन करते हुए वन विभाग के दफ्तर का घेराव किया था। इस दौरान आंदोलनकारी, रोकथाम के लिए बनाए गए बेरीगेट्ड तोड़ कर दूसरे गेट से अंदर तक घुस आए थे। कुर्सियां तोड़ दी थी।

घटना के बाद वनक्षेत्रपाल के शिकायत पर पुलिस ने मृतक भोज राम ध्रुव के परिजन एवं इंदर ध्रुव, श्रीमति लोकेश्वरी नेताम, महेन्द्र नेताम, मनीष ध्रुव, गजेन्द्र (गज्जु) पुजारी, टिकेश्वर ध्रुव, नरेन्द्र ध्रुव एवं अन्य व्यक्ति के विरूद्ध घेराव के दौरान तोडफोड करने, शोर शराबा करने, कार्यालय के बाहर लगे बेरिकेट, कुर्सीयों एवं दो मोटर सायकल व एक सायकल को तोड फोड़ करने को लेकर धारा 147, 149, 427, 351 भादवि के तरह अपराध दर्ज किया है।

इस दौरान प्रमुख रूप से अपर कलेक्टर अविनाश भोई, एएसपी डीसी पटेल, एडीएम भूपेंद्र साहू, एसडीओपी पुष्पेंद्र नायक, डीएसपी निशा सिन्हा सहित बड़ी संख्या में पुलिस के जवान मौजुद थे।

# नारायणपुर के दो नक्सलियों सहित पांच ने किया समर्पण




- दंतेवाड़ा पुलिस की लोन वर्राटू अभियान को कामयाबी
- समर्पित नक्सलियों में एक लाख का ईनामी भी शामिल
- आईजी, डीआईजी और एसपी की रणनीति हो रही सफल

**दंतेवाड़ा,** 15 सितंबर (देशबन्धु)। नक्सलियों की घर वापसी के लिए चलाये जा रहे आत्म समर्पण अभियान लोन वर्राटू के तहत आज पांच नक्सलियों ने हिंसा छोड़कर शांति की राह पर चलने का संकल्प व्यक्त किया। समर्पित नक्सलियों में एक 1 लाख का ईनामी भी शामिल है। सभी समर्पित नक्सली कटेकल्याण एवं इन्द्रावती एरिया कमेटी में सक्रिय थे। लोन वर्राटू अभियान के तहत् अब तक 164 ईनामी सहित कुल 644 नक्सली आत्मसमर्पण कर समाज की मुख्यधारा में जुड़ चुके हैं।

यह आत्म समर्पण आईजी बस्तर पी. सुंदरराज, डीआइजी कमलोचन कश्यप, डीआईजी सीआरपीएफ विकास कठेरिया एवं एसपी दंतेवाड़ा गौरव राय के कुशल मार्गदर्शन में हुआ। इसके साथ ही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन का सहयोग भी रहा। नक्सल उन्मूलन अभियान तथा प्रदेश शासन की पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर नक्सलियों ने हिंसा छोड़ी। स्थानीय तथा बाहरी नक्सलियों के बीच भेदभाव के कारण भी नक्सली अब संगठन छोड़ रहे हैं। आत्मसमर्पण कराने में आरएफटी रेंज दन्तेवाड़ा एवं 111 वीं वाहिनी सीआरपीएफ का विशेष योगदान रहा।

आत्म समर्पित नक्सलियों में 1 लाख के ईनामी कोसरू उर्फ कोहला अलामी निवासी परलनार थाना ओरछा जिला नारायणपुर, कुसमेली पंचायत जनताना सरकार अध्यक्ष, बदरू अलामी निवासी परलनार थाना ओरछा जिला नारायणपुर, कुसमेली पंचायत जनताना सरकार उपाध्यक्ष, विज्जा माड़वी निवासी ऐटेपाल टक्कोपारा थाना कुआकोण्डा जिला दन्तेवाड़ा, जियाकोड़ता पंचायत डीएकेएमएस उपाध्यक्ष, श्रीमती माड़के कवासी निवासी जियाकोड़ता डोंगरीपारा थाना कुआकोण्डा जिला दन्तेवाड़ा, जियाकोड़ता पंचायत केएएमएस सदस्य एवं श्रीमती हड़मे मण्डावी निवासी जियाकोड़ता डोंगरीपारा थाना कुआकोण्डा जिला दन्तेवाडा, जियाकोड़ता पंचायत केएएमएस सदस्य शामिल हैं। एसपी द्वारा इन समर्पित नक्सलियों को प्रदेश सरकार की ओर से पुनर्वास योजना के तहत मिलने वाले सभी प्रकार के लाभ प्रदान किये जायेंगे।

# ग्राम सीमा निर्धारण का दंश झेल रहे ग्रामीण



- पट्टा प्राप्त जमीन में लगाए गए फसल को कर दिया तबाह
- शिकायत के बाद भी सम्बन्धित अधिकारी मौन, किसान परेशान

**कोण्डागांव** 15 सितम्बर (देषबन्धु)। जिला प्रशासन द्वारा किए गए ग्राम सीमा निर्धारण के बाद पट्टा प्राप्त जमीन में लगाए गए फसल को पूरी तरह तबाह कर दिए जाने और षिकायत करने के बाद भी सम्बन्धित अधिकारियों के मौन साधे होने तथा सरकार के अदूरदर्षी योजना से किसानों के परेषान हो रहे होने का एक मामला जिला बस्तर के एक गांव से सामने आया है।

मामले में सीपीआई जिला परिशद् कोण्डागांव से सम्पर्क कर सहयोग करने का आग्रह करने पर जिला सह सचिव एवं सामाजिक कार्यकर्ता षैलेष ने प्रताड़ित एवं व्यथित ग्रामीणजनों रघुनाथ, कार्तिक एवं नरसू आदि से उनकी व्यथा को समझने के बाद आयुक्त बस्तर संभाग, जिला बस्तर (जगदलपुर) के लिए एक आवेदन तैयार करके समस्या समाधान हेतु आवष्यक मार्गदर्षन किया।

प्रताड़ित एवं व्यथित ग्रामीणजनों के बताए अनुसार तैयार आवेदन में लेख किया गया है कि सम्बन्धित अधिकारियों को पूर्व में दिए गए आवेदनों पर किसी भी तरह की कोई कार्यवाही नहीं करने पर आयुक्त बस्तर के समक्ष यह आवेदन पत्र प्रस्तुत कर मांग किया जा रहा है कि पट्टा प्राप्त खेतों में लगे मक्का एवं धान फसल को पूरी तरह नुकसान पहुंचाने वालों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही करने सहित षासन से क्षतिपूर्ति राषि दिलवाया जाए।

आवेदकों ने बताया कि वे सभी ग्राम मांदलापाल किरवामुण्डापारा ग्रा.पं.मांदलापाल तहसील भानपुरी जिला बस्तर के निवासी हैं और सभी आदिवासी वर्ग के अंतर्गत आते हैं। उक्त पते पर रहकर वे सभी आदिवासी किसान अपने को पट्टा प्राप्त खेतों में अपने बाप-दादाओं के समय से ही खेती बाड़ी करते आ रहे हैं। 17 अगस्त 2023 को नजदीकी ग्राम चेराकुर में निवासरत ग्रामवासियों में से लगभग 100 लोग अपने-अपने पालतु पशुओं को लेकर हमारे खेतों के आसपास इकट्ठे हुए और जिनमें से कुछ लोग हमारे खेत में लगे मक्का के फसल को डंडों से पीट कर पूरी तरह से नुकसान कर दिया और फिर अपने-अपने पालतु पशुओं से पूरी फसल को चराकर नश्ट कर दिया। 100 लोगों की भीड़ देखकर वे लोग उनका विरोध नहीं कर सके, लेकिन जब डरते-डरते चेराकुर के ग्रामीणों से पुछा तो उन्होंने बताया कि विगत कुछ माह पुर्व षासन स्तर पर निर्धारित किए ग्राम सीमा में तुम किसानों के खेत हमारे ग्राम सीमा में आ गए हैं, इसलिए अब से इन खेतों में खेती करना बंद कर दो। भले इन खेतों का पट्टा तुम लोगों को मिला हुआ है। लेकिन अब तुम लोगों को इन खेतों में खेती-बाड़ी करने नहीं दिया जाएगा। मना करने के बाद भी यदि तुम लोग हमारे गांव के सीमा में घुसकर खेती करने का प्रयास किया तो ऐसे सभी लोगों को मारकर फेंक देंगे। उक्ताषय के सम्बन्ध में पुलिस थाना भानपुरी, तहसीलदार बस्तर, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, कलेक्टर बस्तर, आई.जी.बस्तर को लिखित में षिकायत किया जा चुका है, लेकिन आज दिनांक तक कानूनी कार्यवाही नहीं किया गया है। आयुक्त को अवगत कराया गया है कि प्रताड़ित किसानों के जीवनयापन के लिए वही खेत एकमात्र जरीया हैं, पूरे फसल को बरबाद करने से उन्हें स्वयं और परिजनों के जीवनयापन में परेषानियों का सामना करना पड़ रहा है। पट्टा प्राप्त खेतों में लगे मक्का व धान फसल को पूरी तरह नुकसान पहुंचाने वालों के विरुद्ध जल्द से जल्द कानूनी कार्यवाही करने सहित षासन से क्षतिपूर्ति राषि दिलवाया जाए।

अब देखने वाली बात यह होगी कि आयुक्त बस्तर संभाग पीड़ित, प्रताड़ित एवं व्यथित आदिवासी किसानों को कब तक न्याय दिला पाते हैं।

# 25 को आएंगे सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव



- अग्रसेन धाम में राज्य स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में लेंगे हिस्सा

**रायपुर,** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी ने भी अपनी तैयारी शुरू कर दी है। प्रदेश में कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने के लिए समाजवादी पार्टी ने कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया है। सम्मेलन में प्रदेश भर के कार्यकर्ताओं को संबोधित करने उत्तरप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव 25 सिंतबर को रायपुर आ रहे हैं।

समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नवीन गुप्ता ने बताया कि प्रदेश के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी को मजबूती के साथ स्थापित करने के उद्देश्य से 25 सिंतबर को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव आएंगे। अग्रसेन धाम फुंडहर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। राज्यभर के हजारों समाजवादी पार्टी कार्यकर्ता इसमें भाग लेंगे। श्री गुप्ता ने बताया कि कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारियों का जायजा लेने सपा के प्रदेश प्रभारी दिलीप कुमार वर्मा 17 सितंबर को रायपुर आएंगे। श्री वर्मा इस दौरान जिला अध्यक्षों और समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों से चर्चा करेंगे।

NECC

| 16.09.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
| --- | --- | --- | --- |
| फार्म | 4.95 | 85 | 170 |
| चिल्हर | 6.00 | 100 | 195 |

डिलीवरी 510 सैकड़ा
दर्जन अंडा 70 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

# नवाचार, रचनात्मकता और आजीवन सीखने की भावना विद्यार्थियों में होनी चाहिए: विश्वभूषण हरिचंदन



- आई.टी.एम विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल हुए राज्यपाल
- 3 मानद उपाधि, 13 गोल्ड मेडल सहित 377 उपाधियां वितरित

**रायपुर.** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। शिक्षा एक आजीवन यात्रा है और सीखने की प्रक्रिया कभी नहीं रुकनी चाहिए। विद्यार्थियों में नवाचार, रचनात्मकता और आजीवन सीखने की भावना होनी चाहिए। विद्यार्थी अपने कौशल को लगातार बढ़ाने, अपने क्षितिज को व्यापक बनाने और अपने संबंधित क्षेत्रों में नवीनतम प्रगति से अवगत रहने के अवसरों की तलाश करें। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने आज आई.टी.एम. विश्वविद्यालय रायपुर के दीक्षांत समारोह में यह उद्गार व्यक्त किए।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित आई.टी.एम. विश्वविद्यालय के आठवें दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को 13 गोल्ड मेडल सहित 377 उपाधियां वितरित की गई। केन्द्रीय भंडार के सीईओ और एमडी मुकेश कुमार, आई.टी.एम के प्रोफेसर आर.एस.एस मनी और कर्नाटक संगीत विशेषज्ञ श्रीमती जी. शारदा सुब्रमण्यम को विश्वविद्यालय की मानद उपाधि प्रदान की गई ।

कार्यक्रम में राज्यपाल हरिचंदन बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि यह दीक्षांत समारोह न केवल विद्यार्थियों की सफलता का उत्सव है, बल्कि प्रत्येक के अंदर मौजूद अपार संभावनाओं का भी परिचायक है। शिक्षा सदैव सामाजिक प्रगति के लिए प्रेरक शक्ति रही है। इसमे बाधाओं को तोड़ने, मानदंडों को चुनौती देने और अवसर पैदा करने की शक्ति है। विश्वविद्यालय की शिक्षा यात्रा आपके भविष्य को आकार देगा, आपके द्वारा अर्जित ज्ञान का उपयोग राष्ट्र निर्माण के लिए होगा।

श्री हरिचंदन ने कहा कि हम एक तेज और गतिशील दुनिया में रह रहे हैं, जहां तकनीकी प्रगति और वैश्वीकरण, उद्योगों और व्यवसायों को नया आकार दे रहा है। अपने चुने हुए क्षेत्रों में प्रासंगिक बने रहने और आगे बढ़ने के लिए इन परिवर्तनों को अपनाना आवश्यक है। राज्यपाल ने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि अपनी शिक्षा और ज्ञान का उपयोग व्यक्तिगत विकास के साथ-साथ अपने आस-पास के लोगों के उत्थान के लिए भी करें। जिम्मेदार नागरिक बनें और हमारे महान राष्ट्र के विकास में सक्रिय रूप से योगदान दें।

राज्यपाल हरिचंदन ने विद्यार्थियों से कहा कि वे देश के गर्व को न भूलें। हमारा देश आज विश्व की पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था है और प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। बहादुर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और वीरों जिन्होंने देश के लिए अपना जीवन बलिदान दिया है ,उनके सम्मान में मोदी जी की पहल पर मेरा माटी मेरा देश अभियान चलाया गया। हाल ही में भारत में जी-20 देशों के सम्मेलन के सफल आयोजन ने दुनिया में भारत की साख बढ़ाई।

समारोह में दीक्षांत भाषण भाभा परमाणु रिसर्च इंस्टीट्यूट अंतर्गत स्कूल ऑफ एडवांस स्टडीज इन न्यूक्लियर एण्ड टेक्नोलॉजी के चेयरमेन (मानद) एवं पद्मविभूषण से सम्मानित डॉ. आर. चिदम्बरम ने दिया। कार्यक्रम में अध्यक्षीय उद्बोधन आई.टी.एम विश्वविद्यालय के कुलाधिपति प्रोफेसर डॉ. पी. वी. रमन्ना ने किया। कुलपति डॉ. सुमेन सिंह ने स्वागत उद्बोधन दिया।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय नियामक आयोग के चेयरमेन ड़ॉ उमेश कुमार मिश्रा, विश्वविद्यालय की डायरेक्टर जनरल सुश्री लक्ष्मी मूर्ति, विश्वविद्यालय के अन्य प्रोफेसर, फैकल्टी मेंबर, विद्यार्थी एवं उनके पालकगण उपस्थित थे।

# रायपुर जिले में राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत हितग्राहियों को जल्द दिए जाएंगे पट्टे : राजस्व मंत्री



**रायपुर.** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने आज रायपुर जिले में राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत पट्टा वितरण के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के घोषणा के अनुरूप और निर्देशानुसार राजीव गांधी आश्रय योजना के नियम-उपनियम बनाए जा चुके है और इसका राजपत्र में प्रकाशन हो चुका है। इस योजना के तहत रायपुर जिले में हितग्राहियों को जल्द पट्टे वितरण किए जाएंगे। इस योजना के अंतर्गत शासकीय भूमि का नि:शुल्क पट्टा दिया जाएगा। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा अभियान चलाया जाएगा। अग्रवाल ने कहा कि नगर निगम, सीएसईबी, सिंचाई विभाग और सीआईडीसी तथा अन्य विभाग उनके अंतर्गत की भूमि पर जल्द एनओसी प्रदान करें, जिससे जिला प्रशासन द्वारा प्रक्रिया जल्द पूर्ण कर सकें। इस बैठक में वरिष्ठ विधायक सत्यनारायण शर्मा, संसदीय सचिव विकास उपाध्याय, छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष एवं विधायक कुलदीप जुनेजा, महापौर एजाज ढ़ेबर और रायपुर विकास प्राधिकरण सुभाष धुप्पड़ उपस्थित थे।

बैठक में वरिष्ठ विधायक सत्यनारायण शर्मा सहित अन्य विधायक तथा जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री और राजस्व मंत्री के प्रति इस योजना के लिए आभार व्यक्त किया। शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री बघेल ने निर्धन तथा जरूरतमंदो की समस्याओं को समक्षा और संवेदनशीलता से उन्हें पट्टे प्रदान करने का निर्णय लिया। जल्द ही इस योजना के हितग्राहियों को पट्टे दिए जाएंगे। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे, नगर निगम आयुक्त मयंक चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर बी.बी पंचभाई, गजेन्द्र ठाकुर सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ के नगरीय क्षेत्रों में आवासहीन व्यक्तियों के लिए पट्टाधृति अधिकार अधिनियम 2023 की अधिसूचना का प्रकाशन छत्तीसगढ़ राजपत्र में कर दिया गया है। नगरीय क्षेत्रों में शासकीय भूमि पर 20 अगस्त 2017 से लगातार काबिज आवासहीन व्यक्तियों को शासकीय भूमि का नि:शुल्क पट्टा दिया जाएगा

प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23
फोन- (0771) 4077750, 4077760, 2292011/22 फैक्स-2534955 email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

**उल्टा पुल्टा**

**लड़का**- तुम लडकियां इतनी खूबसूरत क्यों हों?
**लड़की**- क्योंकि भगवान ने हमें अपने हाथों से बनाया है।
**लड़का**- ले, बोल तो ऐसे रही है जैसे हमें तो बनाने के लिए मजदूरों को ठेके पर दिया था।

# तीन आदिवासी परिवार के ईसाई धर्म अपनाने से नाराज ग्रामीणों ने थाने का किया घेराव

## धर्मांतरित परिवार ने ग्रामीणों के खिलाफ थाने में की शिकायत, गुस्साए ग्रामीणों ने थाने का किया घेराव

**सुकमा,** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। शुक्रवार को तीन आदिवासी परिवार के ईसाई धर्म अपनाने और धर्मांतरित परिवार द्वारा ग्रामीणों के खिलाफ थाने में शिकायत करने से नाराज ग्रामीणों ने पोलमपल्ली थाना का घेराव कर विरोध प्रदर्शन करते हुए सभी को गिरफ्तार करने को कहा। मिली जानकारी अनुसार पोलमपल्ली थाना के सामने बसे आवासपारा के तीन परिवारों ने लगभग तीन वर्ष पूर्व ईसाई धर्म अपना लिया था जिसको लेकर नाराज ग्रामीणों ने लगभग 7 माह पूर्व, 15 दिन पहले और बुधवार 13 सितंबर को बैठक बुलाकर धर्मान्तरित ग्रामीणों को समझाइस देने का प्रयास किया परन्तु धर्मान्तरित ग्रामीणों ने बैठक में हुए समझाइश के विपरीत जाकर पोलमपल्ली थाना में गांव वालों के द्वारा प्रताड़ित, मारपीट, घर से बेदखल और खेत का फसल नष्ट करने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज किया। जिसको लेकर थाना प्रभारी और गांव के मुख्याओं के बीच कुछ बहस हुई जिस पर थाना प्रभारी ने गांव वालों को जेल भेज देने की बात कहने पर नाराज ग्रामीणों ने शुक्रवार को पोलमपल्ली थाना का घेराव किया और सभी को गिरफ्तार करने को कहा।



ग्रामीणों ने बताया कि धर्मांतरित तीनों परिवार के लोगों ने आदिवासी संस्कृति का अपमान करते हुए गांव वालों की भावनाओं को ठेस पहुंचाया है। ग्रामीणों के बताए अनुसार मामला तब गरमाया जब पिछले माह आदिवासी संस्कृति अनुरूप खुर्मी त्योहार से पहले रविवार और सोमवार को कड़ी पंडुम मनाने के दौरान ग्रामीणों द्वारा भूमि और नया फसल का पूजा किया जाता हैं। इन दो दिनों में आदिवासी ग्रामीण ना ही भूमि को खोदते हैं और ना ही पेड़ को काटते हैं परन्तु धर्मांतरण किए लोगों ने इन दो दिनों में हल से खेत जोताई किया। जबकि गांव में निवासरत अन्य समुदाय के लोग भी गांव की रीति व संस्कृति का पालन करते हुए भूमि और पेड़ से संबंधित कार्य नही करते। जिससे नाराज ग्रामीणों ने 15 दिन पूर्व गांव में बैठक बुलाकर धर्मांतरित परिवार को समझाइस दिया और पुन: आदिवासी संस्कृति को अपनाने को कहा पर धर्मांतरित परिवार ने इसे मानने से इंकार कर दिया और दी दिन पूर्व थाने में जाकर शिकायत दर्ज कराया। इस पूरे मामले में पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों को शांत कर समझाइस देते हुए लोगों को अपने अपने घर वापस भेजा है। वही धर्मांतरित परिवार ने अपने फैसले को लेकर समाज से दो सप्ताह का समय मांगा है। वहीं आदिवासी ग्रामीणों ने धर्मांतरित परिवार के घर वापसी का स्वागत करने की बात कही।

### ईसाई मिशनरियों द्वारा आदिवासियों में फूट डालने का किया जा रहा काम : मड़कम भीमा

आदिवासी समाज के मड़कम भीमा ने कहा कि धर्मांतरित परिवार ने आदिवासियों के भावनाओं को ठेस पहुंचाने का काम किया है, जिसको लेकर गांव में बैठक किया गया और घर वापसी करने या फिर अपने धर्म क्षेत्र में चले जाने को कहा गया, जिसके बाद धर्मांतरित परिवार ने थाने में प्रताड़ित व मारपीट करने का झूठा शिकायत किया गया। जिसको लेकर आज सभी गांव वालों ने गिरफ्तार करने को कहा है। इस गांव में ईसाई मिशनरी वाले रहेंगे या हम आदिवासी रहेंगे। ईसाई मिशनरियों द्वारा प्रलोभन देकर आदिवासियों का धर्म परिवर्तन कर रहे हैं। जबकि ये तीनों परिवार माड़वी, सोड़ी और कड़तम हैं और ईसाई मिशनरियों द्वारा आदिवासियों में फूट डालने का काम किया जा रहा है।

इन्हीं सब मुद्दों को लेकर हम सभी थाना आए थे और धर्मांतरित परिवार ने 15 दिवस का समय मांगा है जिसके बाद ही तय किया जाएगा।

# दो करोड़ से अधिक राशि से छह वार्ड में होंगे विकास कार्य : विधायक

**जगदलपुर,** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। गुरुवार को शहर के छह वार्डों में विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए संसदीय सचिव व जगदलपुर विधायक रेखचंद जैन ने महापौर सफीरा साहू, एमआइसी सदस्यों, पार्षदों तथा गणमान्य नागरिकों के साथ भूमिपूजन किया। इस दौरान विकास की सौगात देने वाले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का स्मरण कर उनका जयकारा लगाया गया। शहर के जिन वार्डों में भूमिपूजन किया गया, उनमें लाल बहादुर शास्त्री, अब्दुल कलाम, माता संतोषी, मदन मोहन मालवीय, मदर टेरेसा व शांतिनगर सम्मिलित हैं। भूमिपूजन सामुदायिक भवन, सड़क, नाली आदि निर्माण के लिए किया गया है। छह वार्डों में दो करोड़ सात लाख 34 हजार रुपये से होने वाले विकास कार्यों की नींव गुरुवार को रखी गई।



लाल बहादुर शास्त्री, अब्दुल कलाम, माता संतोषी, मदन मोहन मालवीय, मदर टेरेसा व शांतिनगर वार्ड में हुआ भूमिपूजन

विधायक रेखचंद जैन ने कहा कि कांग्रेस के समस्त पार्षद- पदाधिकारी तथा संगठन के लोग मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप गढबो नवा छत्तीसगढ़ की तर्ज पर गढबो नवा जगदलपुर बनाने में जुटे हैं। कोरोना काल में कांग्रेस के लोग अपने जान की परवाह किए बगैर जनसेवा में दिन-रात जुटे रहे। उन्होने शहर विकास के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ पीसीसी अध्यक्ष व बस्तर सांसद दीपक बैज, नगरीय प्रशासन मंत्री शिव डहरिया, प्रभारी मंत्री कवासी लखमा, प्राधिकरण अध्यक्ष व बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल का जयकारा लगवाकर उनके योगदान की भूरी- भूरी प्रशंसा की। शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य, महापौर सफीरा साहू, पीडब्लूडी के सभापति व प्रदेश कांग्रेस महामंत्री यशवर्धन राव आदि ने भी राज्य व शहर सरकार के द्वारा विकास कार्यों की कमी न होने देने की बात कहते मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की जमकर सराहना की। इस दौरान एमआइसी राजेश राय, विक्रम सिंह डांगी, उदयनाथ जेम्स, पार्षद कमलेश पाठक, दयाराम कश्यप, यशवंत ध्रुव, सुखराम नाग, पंचराज सिंह, विजय कुमार, लता निषाद, शुभम यदु, ललिता राव, गुरु घासीदास वार्ड की पूर्व पार्षद दीप्ति, वरिष्ठ कांग्रेस नेता गौरनाथ नाग, एल्डरमेन कौशल नागवंशी, किरण कुमार, ननि ईई तिग्गा, एई धर्मेंद्र मिश्रा, गोपाल भारद्वाज समेत ननि तकनीकी अमले के अन्य अधिकारी- कर्मचारी, वरिष्ठ कांग्रेसी, वार्डवासी आदि बड़ी संख्या में मौजूद थे।

# क्राइस्ट कॉलेज में हुआ कॉमर्स क्लब का गठन



**जगदलपुर,** 15 सितंबर (देशबन्धु)। क्राइस्ट महाविद्यालय में कॉमर्स क्लब का गठन शुक्रवार को किया गया इस अवसर पर कमर्शियल मॉडल प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और अपने रचनात्मक विचारों का परिचय दिया गया। विद्यार्थियों द्वारा स्टील प्लांट, स्टॉक एक्सचेंज, जी 20 जैसे मॉडलों को अपने नवीन विचारों से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शहर के प्रतिष्ठित व्यावसायिक राहुल जैन ,विशिष्ट अतिथि के रूप में सीए प्रतीक चिखलीकर और विशेष अतिथि के रूप में डॉ. योगेंद्र सिंह उपस्थित रहे रहे। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर थॉमस जे , डॉ. अरुणा पिल्ले,राहुल पटेल, ज्योति ठाकुर, इम्तियाज हुसैन, प्रियंका चोपड़ा, डॉ विजयलक्ष्मी बाजपेई एवं पार्थ आचार्य के साथ बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# बस्तर डिस्ट्रिक्ट इंजीनियर वेलफेयर एसोशिएशन ने मनाया अभियंता दिवस

**जगदलपुर,** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। इंजीनियर होने के नाते हमें जनहित के विकास कार्यों को लगन और गुणवत्ता के साथ-साथ गणमान्य नागरिकों व अन्य विभागों से समन्वय कर कार्य किया जाना है। साथ ही इंजीनियर चुनौती को स्वीकार कर आगे बढ़ें। उक्त बातें कलेक्टर विजय दयाराम के. ने शुक्रवार को शहर के लालबाग स्थित अभियंता चौराहा में बस्तर डिस्ट्रिक्ट इंजीनियर वेलफेयर एसोशिएशन द्वारा आयोजित अभियंता दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कही।

कलेक्टर ने कहा कि लोक सेवा के कार्य को आगे लेकर जाना है इसके लिए मैदानी स्तर पर इंजीनियरों के अनुभव का लाभ लेकर बेहतर कार्य करना है। इसके अलावा उन्होंने इंजीनियरों को हमेशा नई तकनीकों के बारे में अपडेट रहने की सलाह दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेंद्र सिंह मीणा ने कहा कि बस्तर जैसे जिलों में इंजीनियर अपनी बेहतर सेवा देकर विकास के कार्य कर रहे हैं इसकी सराहना की। शहर के मध्य अभियंता होना एक इंजीनियर के रूप में गर्व का विषय है। पीएचई के अधीक्षण अभियंता एसके चन्द्रा, पीडब्ल्यूडी के एसडीओ आरके बत्रा आदि इंजीनियरों ने समारोह को संबोधित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं इंजीनियरों ने सर मोक्षगुण्डम विश्वेश्वरैया की मूर्ति को माल्यार्पण किया। इस अवसर पर सभी निर्माण विभागों के वरिष्ठ और अन्य अधिकारी, इंजीनियर एके सिंह, डीएस नेताम, प्रदीप अग्रवाणी, वीना वासनीकर, एसएन साहा, गंभीर सिंह सोरी, श्रीनिवास कोर्राम, गोकुल पात्र, दीपिका पटेल, बी. वासुदेव राव, शंकर लाल गुप्ता आदि इंजीनियर शामिल रहे।



- मोक्षगुण्डम विश्वेश्वरैया की प्रतिमा में किया माल्यार्पण
- चुनौती को स्वीकार कर आगे बढ़ें इंजीनियर : कलेक्टर

### मोक्षगुण्डम के मार्ग पर चलें

लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण जगदलपुर संभाग के कार्यपालन अभियंता प्रज्ञा नंद ने कहा कि इंजीनियर मोक्षगुण्डम विश्वेश्वरैया के मार्गों पर चलें। इंजीनियर अपने कार्यों के दौरान चैलेंज को स्वीकार करें, जिससे वे आगे बढ़ सकेंगे।

# कबाड़ से जुगाड़ मेला बकावंड में सम्पन्न

**जगदलपुर,** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा खेल-खेल में बच्चों की पढ़ाई कराने और कबाड़ सामग्री से नवाचार के माध्यम से शिक्षा को रुचिकर बनाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अंतर्गत सद्भावना भवन बकावंड में विकास खंड स्तरीय कबाड़ से जुगाड़ मेले का आयोजन किया गया। विकासखंड स्तरीय कबाड़ से जुगाड़ मेले में भाषा, गणित तथा विज्ञान विषय पर आधारित अनुपयोगी सामग्री से स्व निर्मित करीब 100 से अधिक मॉडलों की प्रदर्शनी लगाई गई। ये सभी मॉडल 12 सितंबर को जोन स्तर हुए स्पर्धा से चयनित होने उपरांत ब्लाक स्तर पर प्रदर्शनी लगाई गई।



लो कॉस्ट, नो कॉस्ट मटेरियल से निर्मित विकासखंड बकावंड के बीआरसी अनिल पांडे ने इस दौरान बताया कि शिक्षकों व विद्यार्थियों के द्वारा बच्चों में शिक्षा की गुणवता बढ़ाने और विज्ञान तथा गणित की कठिन अवधारणाओं को स्पष्ट करने के लिए सहायक शिक्षण सामग्री का निर्माण किया गया है। यह सामग्री विषय एवं विषय वस्तु के अनुरूप लो कॉस्ट, नो कॉस्ट मटेरियल से निर्मित की गई है। इस तरह यह सामग्री कबाड़ से जुगाड़, बेकार वस्तुओं से, प्राकृतिक और कम लागत सामग्री से विकसित की जाती है।

**सौ से अधिक स्वनिर्मित स्वचालित मॉडल की लगी प्रदर्शनी**

**ये रहे विजेता**- कबाड़ से जुगाड़ मेले में आयोजित मेले में प्राथमिक स्तर पर गणित माडल में बोरपदर जोन प्रथम तथा सरगीपाल जोन द्वितीय स्थान तथा माध्यमिक स्तर पर सरगीपाल जोन तथा बकावंड द्वितीय स्थान पर रहे। भाषा के मॉडल में प्राथमिक स्तर पर तोंगकोंगरा जोन प्रथम तथा बकावंड जोन द्वितीय स्थान पर तथा माध्यमिक स्तर पर बकावंड प्रथम तथा मूली जोन द्वितीय स्थान पर रहे। विज्ञान मॉडल में माध्यमिक स्तर पर बकावंड जोन प्रथम तथा सरगीपाल जोन द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

वहीं चिज स्पर्धा के अंतर्गत प्राथमिक स्तर पर भाषा में सरगीपाल प्रथम व पहुरबेल जोन द्वितीय स्थान, गणित में बोरपदर प्रथम व सरगीपाल जोन द्वितीय स्थान पर रहे। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि जगमोहन बघेल, बीआरपी चंद्रशेखर नायडू, ब्लॉक पीएलसी नोडल एच बघेल, रामलाल, गंगाराम, महेशराम, अनंत देवांगन, फूल दास नागेश, चंद्रशेखर पांडे, चिंगड़ू राम, परमेश्वर जोशी, संजय ध्रुव, फ्रैंकलिन बर्लिन, मधुसूदन कश्यप, दिलीप बैस, नीलमणि साहू, कुरसो राम ठाकुर, सितेंद्र साहू आदि उपस्थित रहे।

# विकास, विश्वास और सुरक्षा के मूलमंत्र के साथ हो रहा है ग्रामीण क्षेत्रों का विकास : रेखचंद

**जगदलपुर,** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत मारकेल 1 एवं मारकेल 2 में 44 लाख 79 हजार रुपए के विकास कार्यों का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण स्थानीय विधायक एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन के द्वारा किया गया। इस अवसर पर विधायक संसदीय सचिव श्री जैन ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा अनुरूप विकास , विश्वास और सुरक्षा के मूल मंत्र के साथ ग्रामीण क्षेत्रों का विकास किया जा रहा है ग्राम पंचायत मारकेल बहुत बड़ी पंचायत थी। विकास कार्यों को करने में कठिनाई का सामना करना पड़ता था इसलिए हमारी सरकार ने इस पंचायत को दो भागों में विभक्त कर मारकेल 1 एवं 2 का गठन किया गया है। आज आपके पंचायत में स्कूल, राशन दुकान, पंचायत भवन, सी सी सड़क, आर सी सी नाली निर्माण कार्य कराया गया है। हमारी सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के समेकित विकास के लिए कृत संकल्पित है और इस दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। पूर्ववर्ती सरकार में जहां आपके क्षेत्र का विकास अवरूद्ध हो गया था आज भूपेश बघेल की सरकार विकास की नई गाथा लिख रही है। हमारी आस्था के केंद्र माता गुड़ी एवं देव गुड़ियों का जीर्णोद्धार किया गया है। जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र में 200 से अधिक देवगुड़ी एवं माता गुड़ी का जीर्णोद्धार किया गया है।



# आश्रम और छात्रावासों की समस्या को लेकर बस्तर जिला एनएसयूआई ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**जगदलपुर,** 15 सितंबर (देशबन्धु)। बस्तर जिले के अंतर्गत आने वाले आश्रम एवं छात्रावासों में गुणवत्ताहीन खाद्य सामग्री रोकने हेतु कलेक्टर जिला बस्तर, जगदलपुर को बस्तर जिला एनएसयूआई (ग्रामीण) जिलाध्यक्ष नीलम कश्यप के नेतृत्व में कलेक्टर बस्तर, जगदलपुर को ज्ञापन सौंपा गया। एनएसयूआई ग्रामीण जिलाध्यक्ष नीलम कश्यप ने बस्तर कलेक्टर को अपनी समस्या की मांग को अवगत कराते हुए कहा कि हमारे बस्तर जिला क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी आश्रम/छात्रावासों में प्रशासन के द्वारा अधिकृत निजी कंपनी द्वारा गुणवत्ताहीन खाद्य सामग्री का सप्लाई किया जा रहा है और इन खाद्य सामग्री के दामों में उचित मूल्यों से ज्यादा वृद्धि कर सप्लाई किया जा रहा है, जिससे कि हमारी सरकार की महत्वकांक्षी योजना सीड्कमार्ट धूमिल हो रही है।

जिलाध्यक्ष नीलम कश्यप ने आगे कहा कि इस गुणवत्ताहीन खाद्य सामग्री आबंटन व खाद्य सामग्री में हो रही मूल्य वृद्धि की तत्काल जांच कर जिम्मेदार अधिकारी पर आवश्यक कार्यवाही करें। कलेक्टर बस्तर ने मामले की त्वरित जांच कर जिम्मेदार अधिकारी पर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। इस दौरान मुख्य रूप से युवा कांग्रेस (आरटीआई विभाग) के प्रदेश उपाध्यक्ष अंकित सिंह, एनएसयूआई के प्रदेश महाचिव मनोहर सेठिया, महासचिव एम ज्योति राव, प्रदेश सचिव सोनू कश्यप, प्रदेश सचिव आदर्श नायक, ग्रामीण जिलाध्यक्ष नीलम कश्यप, शहर जिलाध्यक्ष विशाल खंबारी, वरिष्ठ छात्र नेता चईत राम कश्यप,जिला उपाध्यक्ष विवेक राव, जिला उपाध्यक्ष पूर्वेंद्र बघेल, जिला सचिव राजू राम कश्यप, जिला सचिव हरिनाथ नायक, चित्रकोट विधानसभा अध्यक्ष संतोष कश्यप, तोकापाल ब्लॉक अध्यक्ष केदार कश्यप,लोहंडीगुड़ा ब्लॉक अध्यक्ष भुनेश्वर यादव, दरभा ब्लॉक अध्यक्ष मगडु मरकाम, सोशल मीडिया प्रभारी राजेंद्र ठाकुर, एनएसयूआई नेता हरदास बघेल, अनिल पोडियामी, अनिल, जुगल किशोर एवं समस्त एनएसयूआई के कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# सर्व आदिवासी समाज आगामी चुनाव में हमर राज पार्टी के बैनर तले चुनाव लड़ने तैयार

## हमारे बगैर प्रदेश में नहीं बनेगी सरकार, आदिवासी मुख्यमंत्री प्राथमिकता : अरविंद नेताम

**जगदलपुर,** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। सर्व आदिवासी समाज के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री अरविंद नेताम ने स्थानीय पत्रकार भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि दोनों ही राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधि समाज के हित को लेकर रखी गई। 23 मांगों पर हस्ताक्षर तो किया लेकिन वह मांगे अब तक पूरी नहीं हुई है जिसके चलते समाज को जल जंगल जमीन के अधिकार और अपने हितों की रक्षा के लिए चुनाव के माध्यम से विधानसभा पहुंचकर अपनी आवाज बुलंद करने का निर्णय लिया गया है। वर्तमान में छत्तीसगढ़ प्रदेश में आदिवासी समाज के 30 विधायक सत्ताधारी दल के हैं और 2 विपक्ष के हैं इसके बावजूद आदिवासियों के लिए बनाए गए पेसा कानून जिसमें ग्राम सभा महत्वपूर्ण है उसे भी कमजोर कर दिया गया है। ग्राम सभा में पारित होने के बाद भी कलेक्टर के पास चर्चा के लिए जाएगा। यह शर्त जोड़ दी गई है जो की पूर्णत: गलत है और यह वर्तमान मुख्यमंत्री के द्वारा ही किया गया है इसलिए जब तक आदिवासी मुख्यमंत्री नहीं होगा तब तक आदिवासियों के हितों की रक्षा संभव नहीं है। हमारी पहली प्राथमिकता होगी कि प्रदेश में आदिवासी मुख्यमंत्री बने। उन्होंने इस बार विधानसभा चुनाव में सर्व आदिवासी समाज के हमर राज पार्टी के बगैर सरकार नहीं बनने की बात कही। गम चुनाव में 50 से अधिक प्रत्याशियों को चुनाव समर में उतर जाएगा। सामान्य सीटों पर अन्य समाज के लोगों को भी प्रत्याशी बनाने का निर्णय लिया गया है चाहे वह पिछड़ा वर्ग निम्न वर्ग या उच्च वर्ग का प्रत्याशी हो यदि कोई ब्राह्मण जाति का भी प्रत्याशी हमारे बैनर तले चुनाव लड़ना चाहते हैं तो उसका स्वागत है। उन्होंने पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल कि यदि ऐसी स्थिति निर्मित होती है तो क्या वे मुख्यमंत्री बनेंगे इस पर उन्होंने कहा कि हां बन सकते हैं ,कोई दूसरा भी बन सकता है।



### ताड़मेटला एनकाउंटर फर्जी, निर्दोष ग्रामीण पुलिस ज्यादती के शिकार : अकबर राम कोर्राम

उन्होंने विगत दिनों ताड़मेटला में दो युवकों की एनकाउंटर को फर्जी बताते हुए कहा कि सुकमा जिले में पुलिस की ज्यादती का सिलसिला जारी है। उन्होंने पुलिस की निंदा करते हुए कहा कि यह निर्दोष हैं छोटा-मोटा व्यवसाय कर अपने जीवन यापन करते थे, इन्हें पुलिस पकड़ कर ले गई और उन्हें मार दिया एनकाउंटर नहीं हुआ है । सीधे-सीधे गोली मारकर उनकी हत्या की गई है, पोस्टमार्टम की पुष्टि भी नहीं हुई है शव परिवार को भी नहीं सौंपा गया। परिवार वालों को अंतिम संस्कार करने से भी वंचित रखा गया। साक्षी को मिटाने के उद्देश्य से पुलिस ने ही शव को जला दिया। सर्व आदिवासी समाज इस मामला को गंभीरता से लिया है। बस्तर संभाग में पुलिस की भूमिका पर भी विचार किया जा रहा है। किस तरह की व्यवस्था किया जाए कि इस तरह की घटना ना घटे पुलिस के द्वारा ज्यादती नहीं हो। सर्व आदिवासी समाज के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बीएस रावटे ने कहा कि एक दशक से अधिक का समय गुजर चुका ताड़मेटला में पुलिस ज्यादती के लिए चर्चित रहा है। बार-बार पुलिस के द्वारा अधिक्रमण किया जा रहा है यह सरकार दोबारा आती है तो बस्तर बर्बाद हो जाएगा । उन्होंने कहा कि 600 गांव सलवा जुडूम से जुड़े थे और आज तक इन गांवों को आबाद नहीं किया जा सका है जो ग्रामीण पलायन कर गए थे, उनकी भी वापसी अब तक नहीं हो पाई है । इस संबंध में कई बार राज्यपाल और राष्ट्रपति से भी अनुरोध किया गया है कि बस्तर से फोर्स की कार्यवाही रोक कर बस्तर को बचाया जाए। बस्तर में पुलिस निहत्थे पर गोली चला रही है, जबकि बॉर्डर में निहत्था सैनिक पर भी गोली नहीं चलाया जाता है। उन्होंने कहा कि बस्तर में आदिवासियों की लंगोटी नहीं बदली लेकिन करोड़ों रुपए खर्च हो गए अब तक अंदरूनी क्षेत्रों में शिक्षा ,स्वास्थ्य की सुविधा नहीं है। सर्व आदिवासी >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# मुख्य सचिव ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से की गिरदावरी और किसान पंजीयन की समीक्षा




**जगदलपुर,** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने शुक्रवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से गिरदावरी, खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के तहत किसान पंजीयन की प्रगति, बारदाने की व्यवस्था, खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 के तहत चावल उपार्जन की प्रगति इत्यादि की विस्तृत समीक्षा कर इस दिशा में निर्धारित अवधि तक कार्यवाही सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने गिरदावरी कार्य को त्रुटिरहित बनाने पर बल देते हुए कहा कि गिरदावरी की शुद्धि जरूरी है। इस ओर राजस्व अधिकारियों द्वारा क्षेत्र भ्रमण पर पटवारी हल्के में निरीक्षण किया जाये और इस दौरान किसानों से चर्चा कर जानकारी भी ली जाये। उन्होंने किसान पंजीयन में भी अद्यतन प्रगति लाये जाने के लिए प्लान तैयार कर हर दिन के लिए लक्ष्य निर्धारित कर कार्य किये जाने के निर्देश दिये। वहीं धान खरीदी हेतु किसान पंजीयन सुविधा, नामिनी एवं ट्रस्टेड पर्सन की नियुक्ति इत्यादि के बारे में किसानों को अवगत कराने के लिए समिति स्तर पर बैठक, किसान संगोष्ठी के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किये जाने के निर्देश दिये। बैठक में अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, सचिव सामान्य प्रशासन डीडी सिंह, खाद्य विभाग के सचिव टोपेश्वर वर्मा और राज्य शासन के वरिष्ठ उच्चधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान कलेक्टोरेट बस्तर के एनआईसी कक्ष में कमिश्नर बस्तर संभाग श्याम धावड़े, कलेक्टर विजय दयाराम के. सहित सम्बन्धित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# हाटगुड़ा में साक्षरता एवं स्वच्छता पखवाड़ा





**जगदलपुर,** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी विद्यालय हाटगुड़ा में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। 1 सितम्बर से 7 सितम्बर तक चले साक्षरता साप्ताहिक पखवाड़ा कार्यक्रम का समापन 8 सितम्बर को अंतराष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर किया गया। कार्यक्रम आयोजन में संस्था के छात्रों एवं ग्रामीणों ने विभिन्न प्रकार की गतिविधियाँ कर नारा लेखन, चित्रकला, मेहंदी, रंगोली, लोकगीत गायन, महिला स्वास्थ्य पर चर्चा, चित्र देखो और लिखो जैसे मनोरंजन कार्यक्रमों एवं रैली में भाग लेकर ग्राम भ्रमण किया गया वहीं स्वच्छता पखवाड़ा के तहत 1 सितम्बर से 15 सितम्बर तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। 15 दिनों तक चले इस अयोजन में सर्वप्रथम शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा स्वच्छता के लिए शपथ लिया गया तथा स्वतंत्र स्वच्छता, जागरूकता दिवस, समुदाय पहुंच दिवस, ग्रीन स्कूल ड्राइव डे, स्वच्छता सहभागिता दिवस, हाथ धुलाई दिवस, व्यक्तिगत स्वच्छता, स्कूल प्रदर्शनी, स्वच्छता एक्शन प्लान एवं पुरस्कार वितरण आदि कार्यक्रमों का अयोजन विभिन्न कार्य दिवसों में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में स्कूल के समस्त विद्यार्थी एवं शिक्षकों ने भाग लिया। उपरोक्त सभी कार्यक्रम प्राचार्य चित्रा थनथराटे के निर्देशन में संपन्न हुआ।

# मोबाइल वेटनरी यूनिट से पशुपालक अधिक लाभ अर्जित करें - कलेक्टर



नारायणपुर - नारायणपुर जिले के पशुपालकों के लिए पोला त्योहार एक नई खुशियां लेकर आया है। नारायणपुर एवं ओरछा विकासखण्ड के लिए मोबाइल वेटनरी यूनिट की दो गाड़ियों को जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती श्यामबती रजनू नेताम, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती सुनीता मांझी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री देवनाथ उसेंडी, कलेक्टर श्री अजीत वसंत एवं जिला पंचायत सीईओ श्री देवेश ध्रुव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मोबाइल वेटनरी यूनिट में एक डॉक्टर, एक पैरावेट, और एक ड्राइवर सह अटेंडेंट की नियुक्ति की गई है। ये इकाई गोठान ग्राम एवं अन्य गांवों पहुंचकर किसानों और पशुपालकों को पशु चिकित्सकीय सेवायें जैसे उपचार, औषधि वितरण, कृमिनाशक दवापान, टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान जैसे पशु संरक्षण एवं संवर्धन गतिविधियों को संपादित करेगी। जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में पशुधन विकास विभाग के दैनिक रोस्टर अनुसार एक वेटरनरी मोबाइल इकाई प्रतिदिन दो गोठान में अपनी सेवायें देगी। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं कलेक्टर ने जिले के सभी किसानों से अपील की है कि इस सेवा का उपयोग कर उन्नत पशुपालन के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा लाभ अर्जित करें।

# जिला कांग्रेस की बैठक में कांग्रेस नेताओं को नोटिस

**कोण्डागांव** 15 सितम्बर (देषबन्धु)। कोंडागांव जिला कांग्रेस कमेटी की विस्तारित बैठक कोंडागांव कांग्रेस भवन में आयोजित की गयी। कोंडागांव जिला कांग्रेस के पदाधिकारी स्थायी एवं विशेष आमंत्रित सदस्यों की मौजूदगी में बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें आगामी विधान सभा चुनाव के संबंध में चर्चा की गयी। इसके साथ ही रायपुर मीडिया के समक्ष दिए गए बयान के संबंध में भी चर्चा हुई और समस्त पदाधिकारियों के द्वारा लिए गए निर्णय अनुसार मनीष श्रीवास्तव, शिशिर श्रीवास्तव, सुरेश पाटले को कारण बताओ नोटिस जारी करके तीन दिवस के भीतर जवाब तलब किया गया है। तीन दिवस उपरांत आगे की कार्यवाही की जाएगी। ज्ञात हो कि कुछ दिनों पूर्व कोण्डागांव विधान सभा से विधायक टिकट के दावेदार जनप्रतिनिधि स्थानीय विधायक मोहन मरकाम के विरोध में लामबंद होकर विरोध प्रदर्शन करने राजधानी पहुंचे थे और उस दौरान नेताओं ने स्थानीय विधायक पर अभद्रता का भी आरोप लगाया था जिसके कारण ही कांग्रेस कमेटी की बैठक में कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।




# कांग्रेस-बीजेपी ने बस्तरवासियों को छला, आम आदमी पार्टी से बढ़ी उम्मीदें - संजीव झा




**जगदलपुर,** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव अभियान में जुटी हुई है। जगदलपुर में 16 सितंबर को राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल व भगवंत मान का दौरा प्रस्तावित है, जिसे लेकर %आप% प्रदेश प्रभारी संजीव झा और प्रदेश अध्यक्ष कोमल हुपेंडी ने शुक्रवार को जगदलपुर के पत्रकार भवन में प्रेस कांफ्रेंस किया। इस दौरान संजीव झा ने बताया कि राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल जगदलपुर रैली में प्रदेश की जनता को आप की 10 वीं गारंटी की सौगात देंगे। उन्होंने दिल्ली और पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार द्वारा शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों को देखते हुए छत्तीसगढ़ में भी केजरीवाल के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ रहा है और आगामी चुनाव में यह अपना प्रभाव दिखाएगा। आप प्रदेश प्रभारी संजीव झा ने मौके पर बीजेपी-कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि बस्तर ही वो जगह है जो रायपुर का रास्ता तय करती है। छत्तीसगढ़ बनने के बाद से बस्तर ने दोनों दलों को मौका दिया, लेकिन बस्तरवासियों से छल करते हुए बीजेपी-कांग्रेस ने बस्तर को केवल लूटने का काम किया है। वहीं अब बस्तर ने बदलाव का मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि बस्तर ही नहीं आम आदमी पार्टी से पूरे प्रदेशवासियों की उम्मीदें बढ़ी हैं। वहीं, %आप% प्रदेश अध्यक्ष कोमल हुपेंडी ने दावा करते हुए कहा कि केजरीवाल और भगवंत मान की रैली में लाखों बस्तरवासी शामिल होंगे। 16 सितंबर को जगदलपुर स्थित लालबाग ग्राउंड में होने वाली रैली में राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान छत्तीसगढ़ की जनता को संबोधित करेंगे। रैली में प्रदेशभर के आप कार्यकर्ता भाग लेंगे। मंडल व बूथ स्तर पर सभी पार्टी पदाधिकारियों को रैली को सफल बनाने के लिए जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

# सितली व शास. हाई स्कूल पल्ली में आयोजित किया गया, विधिक साक्षरता शिविर

**कोण्डागांव** 15 सितम्बर (देषबन्धु)। ग्राम पंचायत सितली एवं शासकीय हाई स्कूल पल्ली में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया।

14 सितम्बर 2023 को उत्तरा कुमार कश्यप जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के मार्गदर्शन एवं श्रीमती अम्बा शाह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के कुशल नेतृत्व में सुनील कुमार मरकाम पैरालीगल वालिंटियर्स व रवीन्द्र बघेल पैरालीगल वालिंटियर्स के द्वारा ग्राम पंचायत सितली में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन कर उपस्थित महिलाओं को महिलाओं के कानूनी अधिकार घरेलु हिंसा, भरण-पोषण अधिनियम, टोनही प्रताड़ना अधिनियम 2005, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012, पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना 2018, पीड़ित महिलाओं के लिए सखी वन स्टाफ सेन्टर में दिए जाने वाली सुविधाओं के संबंध में जानकारी दी गई।



इस दौरान उक्त पैरालीगल वालिंटियर्स द्वारा शासकीय हाई स्कूल में भी विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन कर उपस्थित छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क विधिक सलाह सहायता, बाल विवाह, बाल श्रम, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012, मोटर यान अधिनियम, शिक्षा का अधिकार, चाइल्ड हेल्प लाइन नम्बर 1098, नालसा हेल्प लाइन नम्बर 15100, गुडटच-बैडटच, साइबर क्राइम, छ.ग.टोनही प्रताड़ना अधिनियम 2005, शिक्षा का अधिकार के संबंध में भी जानकारी दी गई।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत सितली के महिलाए एवं शासकीय हाई स्कूल पल्ली के छात्र-छात्राओं संहित ग्राम पंचायत के सरपच, एवं संस्था के प्राचार्य समेत समस्त शिक्षक व स्टॉफ उपस्थित थे।

# साहित्यकार शिक्षिका मधु, सम्मानित हुई काका कालेलकर हिंदी सेवक सम्मान से

**कोण्डागांव** 15 सितम्बर (देषबन्धु)। राष्ट्रीय हिंदी दिवस 14 सितंबर को शिक्षिका व साहित्यकार कवियत्री मधु तिवारी को सुदीर्घ हिंदी सेवा, हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार, उसके विकास, बच्चों में साहित्य के प्रति रुचि जागृत करने, साहित्यिक गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता, साहित्य के विविध आयामों में अपनी रचनात्मक भूमिका निभाने, कविता, कहानियों के माध्यम से शिक्षा, सामाजिक चेतना लाने आदि कार्यों के लिए। राष्ट्रीय हिंदी दिवस 14 सितम्बर को देश की अग्रणी साहित्यिक संस्था ब्रजलोक साहित्य संस्कृति अकादमी द्वारा ऑन लाइन माध्यम से प्रशस्ति पत्र प्रदान कर संस्था अध्यक्ष डॉ.मुकेश कुमार ऋषि वर्मा द्वारा सम्मानित किया गया। उन्होंने अपनी काव्य रचनाओं में सामाजिक बुराईयों, नशामुक्ति, पर्यावरण प्रदूषण के तहत जागरूकता लाने का प्रयास किया है। समसामयिक विषयों पर भी लेखनी चली है। साहित्य की लगभग हर विधा आलेख, कविता, कहानी। सम्पादन, साक्षात्कार, मंच संचालन आदि के माध्यम से अपनी शशक्त भूमिका का निर्वहन किया। आकशवाणी, दूरदर्शन, साहित्यिक पत्रिकाओं में लेख, रचनाएं साक्षात्कार प्रकाशित हुए है। काव्य संग्रह मुखर मौन एवं लाला जगदलपुरी साहित्य संस्कृति व शोध संस्थान द्वारा समर्थ साहित्य कार सुरेंद्र रावल सहित कई साझा काव्य संग्रह प्रकाशित हो चुके है।



# कंकालीन गुड़ी बिरनपाल में आज माता बोहरानी जात्रा



**27 सितम्बर को लेकर आएंगे डेरी गड़ाई की**

**जगदलपुर,** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। कचरापाटी परगना की आराध्य देवी माता कंकालिन गुड़ी बिरनपाल में शनिवार को माता बोहरानी जात्रा आयोजित किया गया है। इस परगना के मांझी 27 सितंबर को बस्तर दशहरा की दूसरी प्रमुख रस्म डेरी गड़ाई के लिए बल्लियां लेकर सिरहासार पहुंचेंगे।

जिला मुख्यालय से लगभग 18 किमी दूर बिरनपाल जंगल मध्य माता कंकालिन गुड़ी है। यहां प्रति वर्ष भादो महीने में वार्षिक जात्रा आयोजित किया जाता है। गुड़ी के पारंपरिक पुजारी पदमनाथ ठाकुर ने बताया कि बस्तर महाराजा के निवेदन पर सौ साल पहले प्रेमसाय धाकड़ ने कंकलीन जंगल में माता प्रतिमा स्थापित की थी तब से कचरापाटी परगना के ग्रामीण यहां नवाखानी भी मनाते आ रहे हैं। इस वार्षिक महोत्सव में 84 गांवों के लोग शामिल होंगे।

## प्रादेशिकी का शेष...

### सर्व आदिवासी समाज आगामी...

समाज अपना भला बुरा का निर्णय कर समाज को दिशा देने का कार्य करेगी। पत्रकार वार्ता में उपस्थित अकबर राम कोर्राम ने भी पुलिस कार्यवाही में शंका जाहिर करते हुए कहा कि जब आधार कार्ड मिला था मौके पर तो मृतक का पता चल गया था एनकाउंटर के बाद परिवार को सूचना देना था पंचनामा करना था। सीधे अस्पताल ले गए और वहां भी पोस्टमार्टम किया गया या नहीं यह स्पष्ट नहीं है। पोस्टमार्टम के बाद शव को गांव के पास जलाया गया वह भी साक्ष्य छुपाने के लिए ही जलाया गया होगा। उनका एनकाउंटर नहीं हुआ है उसे पास से गोली मारी गई है। पत्रकार वार्ता के दौरान विनोद कुमार नागवंशी ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि सर्व आदिवासी समाज के जनप्रतिनिधियों पर आरोप लगाते हुए कहा कि 2018 में रावण भाटा में आयोजित मीटिंग में कहा था कि 23 सूत्रीय मांग पूरी करेंगे जो पूरा नहीं हुआ। इन कारनों से समाज से सत्ता में जाने का निर्णय लिया गया है। कहा कि नया राज्य बना लेकिन आरक्षण अभी भी 20 प्रतिशत ही है जबकि आबादी 32 प्रतिशत है उसके हिसाब से 32 प्रतिशत आरक्षण मिलना चाहिए। पांच विधानसभा सिम सामान्य हो गई किसी तरह से एक संसदीय सीट को सामान्य होने से बचाया जा सका। उन्होंने कहा कि ट्राइबल एडवाइजरी कमेटी भी उदासीन है इस कमेटी में आदिवासी का रहना जरूरी है। उन्होंने कहा कि विकास के नाम पर आदिवासियों को ही उजाड़ना है यह सही नहीं है। उन्होंने बताया कि आगामी विधानसभा चुनाव के मध्य नजर सरगुजा के सीटों पर प्रत्याशियों के नाम तय हो चुके हैं प्रदेश में संवैधानिक व्यवस्था काम करना अपना मूल उद्देश्य है प्रदेश में लोहा, कोयला, टीना का अकुट भंडार है इसके बावजूद बेरोजगारी और अशांत का वातावरण समझ से परे है। बस्तर में धर्मांतरण की समस्या के संबंध में पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए श्री नेताम ने कहा कि धर्मांतरण के खिलाफ कार्य करना चाहिए। समाज में इन मुद्दों को लेकर विचार होना चाहिए। नारायणपुर की घटना के बाद समाज ने इसे गंभीरता से लिया है और चुनावी माहौल के बाद समाज अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करेगी।

# वृद्धजनों के लिए विशेष आयुष ओपीडी सेवाएं- हर गुरूवार को सियान जतन क्लीनिक योजना



**कोण्डागांव** 15 सितम्बर (देषबन्धु)। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग अंतर्गत आयुष विभाग कोण्डागांव द्वारा प्रत्येक माह के प्रति गुरुवार को वृद्धजनों के विशेष उपचार परामर्श के लिए सियान जतन क्लीनिक योजना संचालित की जा रही है और बुजुर्गों के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए प्रारम्भ योजना के अंतर्गत आयुष हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर बोरगांव फरसगांव में गुरूवार को कुल 48 वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण उपचार एवं परामर्श देकर आयुष काढ़ा पिलाया गया और प्रति गुरुवार औषधालय में स्वास्थ्य जांच कराने आने प्रेरित किया गया।

ग्राम के 75 वर्षीय बुजुर्ग कमलपाल ने बताया कि आयुर्वेद के सियान जतन क्लीनिक से हम बुजुर्गों की छोटी-बड़ी बीमारियों का उपचार ग्राम स्तर पर ही हो जाता है, इस योजना से हमें काफी लाभ मिल रहा है।

आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ.योगेश विश्वकर्मा ने बताया कि आयुष हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर बोरगांव में सियान जतन क्लीनिक में विशेष तौर पर वात विकार, उदर विकार, मूत्र विकार, अनिद्रा, शारीरिक दौर्बल्यता, कास आदि जरावस्था जन्य रोग देखने को मिल रहे हैं। बुजूर्गों को आयुर्वेद उपचार के साथ ही प्रात: काल टहलने, सुपाच्य और हल्का और पौष्टिक भोजन करने तथा हल्के योगासन और प्राणायाम करने की भी सलाह दी जा रही है। योजना से वरिष्ठ जनों को लगातार स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने कर्मचारियों द्वारा गृह भेंट कर वरिष्ठ जनों को औषधालय तक लाने का अथक प्रयास किया जा रहा है। सियान जतन कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ.चंचल नाग, सुनील गायकवाड, देवनाथ मरकाम, खगेश्वर नाग और ज्योति शर्मा का सहयोग मिल रहा है।

# नहीं दर्ज किया जा रहा एफआईआर

## पुलिस थाना में मेरी मर्जी की तर्ज पर चल रही कोण्डागांव पुलिस



**कानून का पालन करने के लिए जिम्मेदार ही तोड़ने लगे हैं कानून**

**कोण्डागांव,** 15 सितंबर (देशबन्धु)। पुलिस थाना कोण्डागांव में एफ.आई.आर. दर्ज नहीं किए जा रहे होने सहित कोण्डागांव पुलिस के मेरी मर्जी की तर्ज पर चलते हुए कानून का पालन करने के लिए जिम्मेदारों के द्वारा ही कानून को तोड़े जाने के मामले सामने आने लगे हैं। विगत कुछ माह में सामने आए मामलों में पहला मामला है- आदिवासी रामचंद मरकाम निवासी ग्राम करंजी के द्वारा पुलिस थाना कोण्डागांव में 16 अगस्त 2023 को गैर आदिवासी विजय सिंह चैहान के विरुद्ध समस्त साक्ष्य दस्तावेजों के साथ दिया गया षिकायत पत्र, जिसमें 03 सितम्बर तक एफ.आई.आर.दर्ज करना तो दूर, जांच तक षुरु नहीं किया गया है, जिससे व्यथित होकर रामचंद मरकाम ने 4 सितम्बर को एस.पी. कोण्डागांव के समक्ष सीआर.पी.सी. की धारा 154 (3) के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर एफ.आई.आर. दर्ज करने का आग्रह किया है, लेकिन 10 दिन बित जाने के बाद भी जांच षुरु किया गया हो, ऐसी कोई जानकारी आवेदक को नहीं मिल पाई है।

मामले में गौरतलब और महत्वपुर्ण बात यह है कि पुर्व में जब कभी भी गैर आदिवासी विजय सिंह चैहान ने आदिवासी रामचंद मरकाम एवं उसके भी पुर्व अन्य व्यक्ति सकरु यादव के विरुद्ध पुलिस थाना कोण्डागांव में लिखित षिकायत किया गया था, तब तत्कालीन पुलिस अधिकारियों के द्वारा बड़ी ही तत्परता से 15 से 30 दिन के अंदर ही आदिवासी रामचंद मरकाम के विरुद्ध न केवल एफ.आई.आर.दर्ज किया गया, बल्कि जेल तक भेजा जा चुका है। इसके अतिरिक्त मामले में तहसीलदार/एस.डी.एम. के समक्ष आवष्यकता अनुसार ईस्तगाषा भी प्रस्तुत किया गया। ऐसा कुछ आदिवासी रामचंद मरकाम के मामले में किया गया हो, जानकारी आवेदक को नहीं दिया गया है।

**दूसरा मामला**- जिसमें एक आं.बा.सहायिका के द्वारा आं.बा.कार्यकर्ता पद हेतु पात्र होने के बाद भी अपात्र कर देने के मामले में षिकायत करने पर छ.ग.राज्य महिला आयोग के निर्देष पर एस.पी. कोण्डागांव के जांच प्रतिवेदन में आरोप प्रमाणित पाए जाने के साक्ष्य दस्तावेजों के आधार पर 16 मई 2023 को परियोजना अधिकारी कोण्डागांव-03 एवं अन्य अधिकारियों के विरुद्ध एफ.आई.आर. दर्ज करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया, एफ.आई.आर. दर्ज न करके फैना दिए जाने पर व्यथित होकर आवेदिका ने विधि अनुसार एस.पी. कोण्डागांव के समक्ष सीआर.पी.सी. की धारा 154 (3) के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है और वह मामला भी आज दिनांक तक दबा पड़ा है।

**तीसरा मामला**- आवेदन पत्र के साथ प्रस्तुत आवष्यक षैक्षणिक दस्तावेज, आधार कार्ड के जन्मतिथि में और राषन कार्ड में छेड़छाड़ किया गया होना जानते हुए भी एक नाबालिग, अपात्र आवेदिका को सहायिका के पद पर नियुक्ति दिए गए होने के सम्बन्ध में समस्त साक्ष्य दस्तावेजों के आधार पर सामाजिक कार्यकर्ता षैलेष द्वारा दिनांक 05 सितम्बर 2023 को परियोजना अधिकारी कोण्डागांव-03 एवं अन्य अधिकारियों के विरुद्ध एफ.आई.आर. दर्ज करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। पुलिस को समस्त साक्ष्य दस्तावेज उपलब्ध कराए जाने के बावजूद भी एफ.आई.आर. दर्ज नहीं किए जाने से व्यथित होकर सामाजिक कार्यकर्ता ने विधि अनुसार एस.पी. कोण्डागांव के समक्ष 15 सितम्बर को सीआर.पी.सी. की धारा 154 (3) के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

प्रस्तुत षिकायतों पर समय सीमा में कार्यवाही करने का आग्रह एस.पी.कोण्डागांव से करने पर उन्होंने कार्यवाही करने का आष्वासन दिया है।

समस्त आवष्यक दस्तावेजों के साथ एफ.आई.आर.दर्ज कराने हेतु आवेदन देने वाले उपरोक्त तीनों मामलों में पीड़ितों ने कहा है कि पुलिस थाना कोण्डागांव में षिकायत आवेदनों पर एफआईआर दर्ज नहीं करके कानून को तोड़ा जा रहा है, जिससे पुलिस पर से और पुलिस द्वारा किए जा रहे मनमानी के कारण कानून पर से भी भरोसा उठता जा रहा है।

सामाजिक कार्यकर्ता ने कहा कि यदि कोण्डागांव पुलिस इसी तरह अपनी मनमानी करती रही, तो असामाजिक तत्वों का मनोबल बढ़ता जाएगा और क्षेत्र में असामजिक तत्वों का ही राज होगा। अब देखने वाली बात यह होगी कि एस.पी.कोण्डागांव जिले में बदहाल होती कानून व्यवस्था यानि पुलिस थाना कोण्डागांव में चल रहे मनमानी और मनमानी कर रहे पुलिस के जिम्मेदार अधिकारियों पर कोई कार्यवाही करते भी हैं या नहीं ?

# मंत्री मोहन मरकाम ने 93 बालिकाओं को वितरित की नि:शुल्क सायकलें



**बच्चों के साथ मंत्री केक काटकर मनाया अपना जन्म दिवस**

**कोण्डागांव,** 15 सितंबर (देशबन्धु)। शुक्रवार को छत्तीसगढ़ शासन के आदिम जाति एवं अल्प संख्यक विकास मंत्री मोहन मरकाम इस अवसर पर ने कोण्डागांव के महात्मागांधी वार्ड में स्थित स्वामी आत्मानंद विद्यालय में पहुंच सरस्वती सायकल योजना अंतर्गत 93 बालिकाओं को नि:शुल्क सायकल का वितरण किया। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़े परिवर्तन के रूप में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालयों की स्थापना की जा रही है, सेजेस विद्यालयों से आमूल परिवर्तन का दौर आया है। जहां गांव-गांव के बच्चे आत्म विश्वास के साथ गर्व से अंग्रेजी में पढ़ और बोल भी रहे हैं। प्राइवेट स्कूलों के भारी भरकम स्कूल फीस के स्थान पर सभी वर्गों के हित के लिए उत्कृष्ट शिक्षा की सुविधा अब सभी के पास उपलब्ध हो रही है। देश की आधी आबादी महिलाओं की है, ऐसे में देश समाज और परिवार के विकास में उनकी बहुत महत्वपूर्ण भूमिका होती है। ऐसे में बालिकाओं की शिक्षा अधूरी न रहे इसके लिए बालिकाओं को स्कूल समय पर आने एवं आत्मनिर्भर होकर निर्बाध शिक्षा अर्जन करने के लिए सरस्वती सायकल योजना अंतर्गत सायकलें प्रदान की गयी है। इस अवसर पर मंत्री द्वारा बच्चों से छत्तीसगढ़ उसकी संस्कृति एवं उनके तीज त्योहारों के संबंध में समान्य ज्ञान के प्रश्न पूछे गये, सही जवाब पर भावेश, सिमरन, किरण, मुस्कान, सागर, पायल को उन्होंने सम्मानित भी किया।

मंत्री श्री मरकाम ने अपने जन्म दिवस पर स्कूली शिक्षकों एवं बच्चों के साथ केक काटकर अपना जन्म दिवस मनाया और बच्चों को केक खिलाकर सभी को धन्यवाद देने के साथ ही विद्यालय प्रागण में पौधे रोपण भी किया। इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष भगवती पटेल, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष मनोज सेठिया, विधायक प्रतिनिधि बुधराम नेताम, शाकंबरी बोर्ड के सदस्य अनुराग पटेल, प्रचार्य दिनेश कुमार शुक्ला सहित झुमुकलाल दिवान, भारत देवांगन, तब्बसुम बानो, सुकुर खान, हेमा देवांगन, शिवलाल विश्वकर्मा, अमन सागर एवं स्कूली शिक्षक-शिक्षिकाएं और स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।

# फुटबॉलर अभिषेक कुंजाम आईएसएल के लिए चयनित



**नारायणपुर,** 15 सितंबर (देशबन्धु)। आर. के. एम. फुटबाल एकेडमी के प्लेयर अभिषेक कुंजाम का आई एस एल के लिए चयन हुआ हैं। रामकृष्ण मिशन आश्रम, नारायणपुर के आर के एम फुटबॉल अकाडेमी में प्रशिक्षण ले रहे लड़के आज पूरे छत्तीसगढ़ में एवं छत्तीसगढ़ के बाहर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। दो बार हुए छत्तीसगढ़ मेन्स लीग में आर के एम फुटबॉल अकाडेमी चैंपियन रहा एवं मार्च अप्रैल में आई लीग 2ठ्स्र डिवीजन भी खेले हैं। द्वितीय लीग के 16 मैच में अभिषेक कुंजाम पूरे छत्तीसगढ़ में सर्वाधिक 16 गोल किया था। आश्रम के कुछ लड़कों को ट्रायल के लिए कोलकाता के ईस्ट बेंगल क्लब ने बुलाया था और उसमें से अभिषेक कुंजाम का चयन कर कोलकाता लीग में खेलने का मौका दिया। कोलकाता लीग में अभिषेक 7 मैच में 5 गोल कर बेहतरीन प्रदर्शन किया और जिसके चलते अभिषेक का चयन आनेवाले सत्र के लिए ईस्ट बेंगल क्लब ने अपना आई.एस.एल. टीम में शामिल कर लिस्ट जारी किया है। छत्तीसगढ़ फुटबॉल एसोसिएशन के सचिव डॉ. गांधी एवं सहायक सचिव श्री मोहन लाल ने अभिषेक को बधाई दिया। रामकृष्ण मिशन के सचिव स्वामी व्याप्तानंद महाराज ने अभिषेक को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। नारायणपुर जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष, सचिव एवं अन्य सदस्यों ने भी अभिषेक को बधाई दी है।

# संक्रमण से बचने सेनेटरी पैड बेहद उपयोगी



- माहवारी के दौरान बालिकाओं को समझाईश
- टेकनार स्कूल में स्वच्छता पखवाड़ा पर विविध आयोजन
- बच्चों ने प्रहसन, चित्रकला और भाषण में दिया संदेश

**दंतेवाड़ा,** 15 सितंबर (देशबन्धु)। राज्य शासन की ओर से सभी स्कूलों में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत् विविध गतिविधियों का आयोजन तय किया गया था। इसके अंतर्गत माध्यमिक शाला टेकनार, संकुल टेकनार में बच्चों में स्वच्छता सहभागिता को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न गतिविधियां आयोजित हुई।

इसकी शुरुआत प्रथम दिवस में बच्चों को स्वच्छता शपथ ग्रहण करवाया गया और उन्हें 15 दिनों तक चलने वाले स्वच्छता से संबंधित गतिविधियों में भाग लेने हेतु प्रोत्साहित किया गया। शाला में स्वच्छता से संबंधित स्वच्छता रैली के साथ साथ नाटक, चित्रकला, कविता, भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। बच्चों ने स्वच्छता पर आकर्षक चित्रकला का प्रदर्शन किया । स्वच्छता सहभागिता को ध्यान में रखते हुए स्वच्छता से स्वास्थ्य विषय पर नाटक प्रस्तुत कर सभी को स्वच्छ आदतों को अपनाने हेतु संदेश दिया जो काफी प्रभावशाली रहा।

इसी तारतम्य में बालिकाओं/महिलाओ में होने वाले माहवारी स्वच्छता पर भी बच्चों द्वारा सुंदर नाटक प्रस्तुत किया गया वह भी काफी संदेश प्रद रहा। इसमें मुख्य रूप से माहवारी समस्या पर ध्यान आकर्षित किया गया कि किस प्रकार माहवारी आने पर महिलाओं का जीवन उन दिनों चुनौतीपूर्ण हो जाता है, बालिकाओं की पढ़ाई पर भी असर पड़ता है ।इन समस्याओं का सामना करने हेतु साधारण कपड़े की जगह उन्हें सैनिटरी पैड का उपयोग करने हेतु जागरुक करने का संदेश दिया गया ।इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु ग्राम पंचायत टेकनार की मितानिन बहनों ने भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

शाला में पदस्थ शिक्षिका श्रीमती सुनीता देशमुख द्वारा शाला में अध्ययनरत माहवारी से प्रभावित सभी दस बालिकाओं को सेनेटरी पैड का वितरण किया गया और सैनिटरी पैड का ही उपयोग करने हेतु जागरुक किया गया क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों में सबसे अधिक इसी समस्याओं से महिलाएं जूंझ रही हैं। साधारण कपड़े के इस्तेमाल से उन्हें कई तरह की बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है । स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के दौरान संकुल टेकनार की प्राचार्य श्रीमती सुनीता गोस्वामी द्वारा सभी गतिविधियों का अवलोकन भी किया गया। शौचालय के नियमित उपयोग और स्वच्छता पर भी बच्चों को ध्यान आकर्षित करते हुए शौचालय की साफ-सफाई और आसपास की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने हेतु निर्देशित किया गया ।इस प्रकार स्वच्छता पखवाड़ा में निर्धारित पूरे दिन की गतिविधियों का सफल संचालन के लिए , गतिविधियों में भाग लेकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सभी बच्चों को शाला प्रबंधन की तरफ से पुरस्कार वितरण भी किया गया।

# सामान्य सभा का बहिष्कारकर जिला पंचायत सदस्यों ने मुख्य द्वार पर दिया धरना



**जिपं सदस्यों ने की जमकर नारेबाजी अध्यक्ष व सीईओ के खिलाफ**

**कोण्डागांव,** 15 सितंबर (देशबन्धु)। कोंडागांव जिला पंचायत के भाजपा समर्थित सदस्यों ने सामान्य सभा का बहिष्कार किया, जिला पंचायत कार्यालय के मुख्य द्वार पर ही बैठ गए और सीईओ व अध्यक्ष के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए अपना विरोध दर्ज करवाया। जिला पंचायत कार्यालय के मुख्य द्वार पर बैठे भाजपा समर्पित जि.पं.सदस्य बालसिंह बघेल ने कहा कि जब हमारी बात जिला पंचायत के समान्य सभा में ही नहीं सुनी जाएगी तो हम ऐसे बैठक में रहकर क्या करेंगे ? यहां तो सीईओ और अध्यक्ष की ही मनमानी चलती है। हम जिला पंचायत सदस्यों को क्षेत्र के विकास हेतु दिए जाने वाले फंड में भी जबरिया कटौती की जाती है। यही नहीं सामान्य सभा की बैठक के दौरान भी हमारी बातों को नजरअंदाज कर दिया जा रहा है। हमारी बिना सहमति के ही कई कार्य होते आए हैं। वहीं जब इन कार्यों की जानकारी मांगी जाती है, तो टालमटोल जवाब दिया जाता है। जिला पंचायत सदस्य खेमचंद नेताम ने कहा कि राज्य की राशि का तो पता नहीं, केंद्र से मिलने वाली विभिन्न योजनाओं की राशि की भी जानकारी हम सदस्यों को नहीं दी जाती है। हम भाजपा सदस्यों के साथ भेदभाव किया जा रहा है। जिसे लेकर हम अब अपना विरोध दर्ज कर रहे हैं। हम भाजपा समर्थित सदस्यों को अपने क्षेत्र में कार्य करने के लिए फंड भी नहीं दिया जा रहा है। सीईओ के समक्ष आपत्ति दर्ज करने पर वे कहते हैं कि सत्तापक्ष के लोगों के आधार पर ही जिला पंचायत में काम होगा। इस मुद्दे को लेकर हम कलेक्टर से मिलकर महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन भी सौंपेंगे।

**कोरम पूरा, पर अधिकारी रहे नदारद**- जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक शुक्रवार की सुबह होनी थी, लेकिन बैठक के नियम अनुसार कोरम तो पूरा हो गया, लेकिन जिन अधिकारी-कर्मचारियों को बैठक में एजेंडा अनुसार जानकारी देनी थी, वे ही बैठक से नदारद रहे जिसकी वजह से बैठक में बिंदुवार चर्चा नहीं हुई और जो बैठक में शामिल होने अधिकारी आए थे, उन्हें भी वापस भेज दिया गया। बैठक के दौरान सदस्यों ने केवल वित्तीय मामलों के लेकर चर्चा के बाद प्रस्ताव पारित किया।

मामले में जिला पंचायत अध्यक्ष देवचंद मातलाम ने कहा कि किसी भी मुद्दे में सभी सदस्यों की सहमति से लेकर प्रस्ताव पारित किया जाता जा रहा है। धरने पर बैठे हमारे साथी किस बात को लेकर अपना विरोध कर रहे हैं, यह मेरी समझ से परे है। वो बैठक छोड़कर बहार निकले हैं, शायद बैठक में रहते तो उन्हें भी सबकुछ साफ होता व समझ आता।

जिला पंचायत सीईओ प्रेम प्रकाश शर्मा ने कहा कि सभी सदस्यों से बजट प्रस्ताव मांगे गए थे, जिस पर जरूरत के हिसाब से कमेटी निर्णय लेती है। किसी भी निकाय में जिनकी मेजोरिटी या सत्ता होती है, बजट बनाने का अधिकार उन्हें होता है।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले सम्मानित



**नारायणपुर,** 15 सितंबर (देशबन्धु)। केंद्रीय जलशक्ति, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग ने नारायणपुर जिले को आकांक्षी जिले के अंतर्गत जलजीवन सर्वेक्षण 2023 में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया है। जिला प्रशासन के निर्देशन में नारायणपुर जिले के गांव-गांव में हर ग्रामीण को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के चुनौतीपूर्ण कार्य को सफलतापूर्वक किया गया। केंद्र सरकार द्वारा जलजीवन सर्वेक्षण 1 अक्टूबर 2022 से 30 जून 2023 तक कराया गया। इसमें आकांक्षी जिले नारायणपुर का कार्य उत्कृष्ट पाया गया। इस जिले के लिए जलजीवन मिशन ने 30 हजार 322 परिवारों तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने का लक्ष्य रखा था। इसमें 18 हजार 72 घरों तक नल कनेक्शन पहुंचाया गया है।मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सतत् मार्गदर्शन में जल जीवन मिशन के कार्यों में मानक गुणवत्ता के साथ वांछित प्रगति प्राप्त हुई है, वर्तमान स्थिति में राज्य द्वारा औसतन प्रतिदिन 7 हजार घरेलू कनेक्शन की उपलब्धि अर्जित की जा रही है तथा 60 प्रतिशत परिवारों को घरेलू कनेक्शन दिया जा चुका है। उल्लेखनीय है कि नारायणपुर जिले में दो विकासखंड ओरछा और नारायणपुर है। विकासखंड ओरछा का अधिकतर क्षेत्र अबूझमाड़ के अन्तर्गत आता है जो लगभग 4 हजार वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला हुआ पहाड़ एवं घने जंगलों से घिरा हुआ है। इस असर्वेक्षित क्षेत्र में 275 से अधिक ग्राम है, जिसके किसानों के हितों को देखते हुये मसाहती सर्वे के कार्य के लिए मुख्यमंत्री द्वारा निर्देशित किया गया था। जिसके परिपालन में जिले के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी द्वारा जल जीवन मिशन के कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण कर जिले के हर घरों में शुद्ध पेयजल पहुंचाई जा रही है, जिसके लिए केन्द्र सरकार द्वारा जिले को पुरस्कृत किया गया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जिले वासियों तथा इस कार्य में लगे जलजीवन मिशन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी है।

# मातृभाषा का सम्मान जरूरी : डॉ. हिरकने




**दंतेश्वरी पीजी कॉलेज में हिन्दी दिवस वक्ताओं ने हिन्दी की महत्ता पर डाला प्रकाश**

**दंतेवाड़ा,** 15 सितंबर (देशबन्धु)। दंतेवाड़ा शासकीय दंतेश्वरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय दंतेवाड़ा में हिंदी विभाग के द्वारा हिंदी दिवस का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि महाविद्यालय प्राचार्य डॉ आर. के. हिरकने द्वारा कार्यक्रम में मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया गया।

डॉ. हिरकने ने अपने उद्बोधन में हिंदी के प्रचार-प्रसार में किए जा रहे कार्यों और उपलब्धियों का उल्लेख किया, साथ ही उन्होंने कहा कि मातृभाषा को प्राथमिकता देनी चाहिए। विशिष्ट अतिथि डॉ. के. एम. प्रसाद ने हिंदी भाषा के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रो. राजीव पाणिग्रही ने क्षेत्रीय भाषाओं को एक साथ लेकर हिंदी को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। डॉ. भारती यजुर्वेदी ने हिंदी भाषा की गौरवशाली परंपरा के बारे में बताया। हिन्दी दिवस के दौरान हिंदी मौलिक कविता पाठ, गीत, भाषण का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डॉ. शिखा सरकार, डॉ. रत्नबाला मोहंती, डॉ. दिनेश लहरी, गीतेश्वर साहू, श्वेता त्रिपाठी, लवली पदामी, मोनिका बघेल, हरीश मंडावी, सीता सिन्हा एवं महाविद्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# नवजात शिशुओं को स्तनपान कराने से कई फायदे



- स्तनपान से होता है स्तन कैंसर से बचाव
- कार्यशाला में विशेषज्ञों ने दी अहम जानकारी
- सिरहा-गुनिया और बैगा के साथ मिलकर चर्चा

**दंतेवाड़ा,** 15 सितंबर (देशबन्धु)। बच्चों और महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़े विषयों पर केंद्रित कार्यशाला आज टेकनार में आयोजित की गई। इसमें में बैगा, गुनिया, पेरमा एवं सिरहा और चिकित्सा विशेषज्ञ मौजूद थे।

यह स्वास्थ्य संबंधी विमर्श यूनिसेफ, स्वास्थ्य विभाग, राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज एवं मीडिया कलेक्टिव फॉर चाइल्ड राइट्स के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। डॉ. अक्षय तिवारी, यूनिसेफ स्टेट आरएमएनसीएच ने कहा कि बच्चों के लिए नियमित टीकाकरण उनके भविष्य के बेहतर स्वास्थ्य के लिए बेहद आवश्यक है तथा इसमें किसी तरह भी कोई कोताही नहीं होनी चाहिए। यूनिसेफ के वल्लभ ठक्कर ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के जरिये 12 गंभीर बीमारियों व उनसे बचाव, गर्भवती महिलाओं, किशोरी बालिकाओं का टीकाकरण के बारे में जानकारी दी। जिले के सदूर अंचल एवं शहरी क्षेत्र में संचालित कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। इसके साथ ही स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बताया कि हर हाल में गर्भवती माताओं को नियम पूर्वक उचित देखभाल, आहार एवं जरूरी दवाइयों के साथ साथ नियमित स्वास्थ्य जांच और पोषण आहार से सम्बंधित जांच को आवश्यक बताया गया।

श्याम कुमार, समन्वयक मीडिया कलेक्टिव फॉर चाइल्ड राइट्स ने कहा कि हमें हर हाल में बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। वयस्कों में बीपी-शुगर जैसी बीमारियां आम हो गई हैं। स्तनपान से बच्चों की रोग प्रतिरक्षक क्षमता बढ़ती है। स्तनपान करवाने से माताओं को स्तन कैंसर से बचाव होता है। माहवारी की वजह से एनीमिक होने से बचने के लिए आयरन टेबलेट और अन्य चीजों की जरूरत होती है। मुनगा यानी सहजन की पत्तियों का पाउडर उपयोग करना चाहिए उसके साथ ही पर्याप्त मात्रा में पानी पीना जरूरी है। अंकित सिंह ने कहा कि सर्प दंश पीड़ित को झाड़-फूंक करने की बजाय तत्काल हॉस्पिटल ले जाएं। गर्भवती महिलाओं का प्रसव घर में नहीं, बल्कि हॉस्पिटल में करवाएं।

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. एस. मंडल ने पोलियो ग्रस्त बच्ची के इलाज में जटिलता और नवजात को पोलियो टीकाकरण से मिली सुरक्षा को तुलनात्मक ढंग से बताते हुए टीकाकरण के फायदे बताए। उन्होंने कहा कि टीकाकरण करवाने से 12 प्रकार की बीमारियों से बचाव होता है। समुदाय में सिरहा-गुनिया के प्रभाव का सकारात्मक उपयोग जन जागरूकता लाने में भी कर सकते हैं। आपकी एक छोटी सी सही सलाह किसी का जीवन भी बचा सकती है। इस कार्यक्रम में जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक, बीएमओ डॉ. आरके राय ने भी मार्गदर्शन दिया। प्रमोद पोटाई लोक प्रशिक्षक ने स्वास्थ्य संबंधित जानकारी देते हुए लोगों की जिज्ञासा का समाधान किया। इस अवसर पर बीरबल सिंह ठाकुर, मुकुंद सिंह, मधुसूदन सेठिया, जिले के बैगा, गुनिया, सिरहा, पेरमा और सामाजिक कार्यकर्ता सहित एमसीसीआर के वरिष्ठ सदस्य कमलेश पैकरा, शैलेंद्र ठाकुर और आशीष पदमवार मौजूद थे।

उल्टा पुल्टा

टीचर ने साइंस लैब में अपनी जेब से सिक्का निकाला और एसिड में डाला, फिर बच्चों से पूछा कि ये सिक्का घुल जाएगा या नहीं।
बच्चा- सर, नहीं घुलेगा।
टीचर- शाबाश, लेकिन तुम्हें कैसे पता?
बच्चा- सर अगर एसिड में डालने से सिक्का घुलता, तो आप सिक्का हमसे मांगते, ना कि अपनी जेब से निकालते

# धान को चुनावी मुद्दा बना कर घोटाला करने वाली है भूपेश सरकार : पीयूष गोयल



**रायपुर,** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने धान के मुद्दे को लेकर छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि धान के मुद्दे पर केंद्र पर आरोप लगाना बेबुनियाद है। केंद्र सरकार छल नहीं करती है। भूपेश बघेल को माफी मांगनी चाहिए। वे केंद्र सरकार पर आरोप लगाते रहते हैं। अभी हाल ही में राज्य के खाद्य सचिव ने पत्र लिखकर केंद्र की कमियां गिनाई थी।

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल आज शाम रायपुर पहुंचे। यहां मैरियट होटल में आयोजित पत्रकार वार्ता में कहा कि राज्य सरकार पहले 61 लाख टन धान देने का वादा किया था। अभी तक सिर्फ 53 लाख टन धान मिल पाया है। केंद्र सरकार 100 लाख टन चावल खरीदने को तैयार है। भूपेश सरकार केंद्र पर आरोप लगाते हैं। पिछला टारगेट भी पूरा नहीं कर पाएं और आरोप लगाते है कि केंद्र चावल नहीं ले रही है। किसानों के बायोमेट्रिक पंजीयन के मामले में राज्य सरकार विरोध कर रही है। केंद्र ने पारदर्शिता के लिए यह लागू किया है। लेकिन राज्य सरकार सोची समझी साजिश के तहत बायोमेट्रिक का विरोध कर रही है। साफ है राज्य सरकार घोटाला करने वाली है।

### छग में आने वाली है भाजपा सरकार

महंगाई के सवाल पर केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा कि होलसेल प्राइज इंडेक्स निगेटिव है। माइनस में जा चुका है। यूपीए सरकार में सबसे ज्यादा महंगाई थी। मोदी सरकार के 9 साल के कार्यकाल में आरबीआई में सबसे कम ब्याज दर दिया गया है। भूपेश सरकार झूठ और फरेब पर टिकी है। धान खरीदी की 100फीसदी धनराशि केंद्र सरकार देती है। वहीं विधानसभा चुनाव को लेकर पीयूष गोयल ने कहा कि इस बार छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार आने वाली है। इससे प्रदेश के किसानों की समस्याओं का अंत होगा।

### पियूष गोयल मुद्दाविहीन भाजपा की डूबती नैय्या बचाने आए थे : कांग्रेस



केंद्रीय मंत्री पियूष गोयल के बयानों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि छत्तीसगढ़ में मुद्दाविहीन भाजपा की डूबती नैय्या बचाने पियूष गोयल झूठ बोलने आये थे। जिस पीडीएस के चावल की बात पर पियूष गोयल आरोप लगा रहे है केंद्रीय खाद विभाग के अधिकारियों का दल उसकी जाँच कर के जा चुका है कोई गड़बड़ी नहीं मिली।

राज्य सरकार ने खुद जांच करवाया है, राशन दुकानों के स्तर पर जहां गड़बड़ी पायी गयी वहां पर एफआईआर भी दर्ज करवाया गया। देश का सबसे ईमानदार और पारदर्शी राशन वितरण प्रणाली छत्तीसगढ़ की है। जहाँ बिना आधारकार्ड के किसी का राशन कार्ड नहीं बनाया गया है, हर हितग्राही के राशन कार्ड को आधार से लिंक भी किया गया है। गड़बड़ी चावल वितरण में नहीं भाजपा की नीयत में है ज़ब राज्य में रमन सरकार थी तब 36000 करोड़ का नान घोटाला रमन सिंह उनके परिवार ने किया था इसलिए भाजपा को हर जगह घोटाला ही नजर आता है।

# पुलिस सुरक्षा घेरे में 5 दिन रहेगा नवा रायपुर

## चप्पे-चप्पे पर आने-जाने वालों की होगी निगरानी, 18-19 को होगी जी20 की बैठक

**रायपुर,** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। चप्पे-चप्पे पर आने-जाने वालों की होगी चेकिंग नवा रायपुर के होटल मेफेयर में 18 और 19 सितंबर को होने जा रहे जी-20 शिखर सम्मेलन में सुरक्षा की तगड़ी व्यवस्था रहेगी। शनिवार सुबह से नवा रायपुर के चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात रहेगी। इसके अलावा होटल में भी पुलिस की तैनाती रहेगी।

जानकारी के अनुसार देश और विदेश के डेलीगेट्स 17 सितंबर को रायपुर पहुंच जाएंगे। पूरा नवा रायपुर क्षेत्र 16 से 20 सितंबर तक विशेष सुरक्षा घेरे में रहेगा। ड्रोन से लगातार निगरानी की जाएगी। इसके अलावा आने-जाने वालों की विशेष चेकिंग होगी। शुक्रवार को सुरक्षा का पूर्वाभ्यास





किया गया। 12 एएसपी, 25 डीएसपीए 36 इंस्पेक्टर और 500 जवानों की तैनाती की गई है।

**10 गाड़ियां 24 घंटे करेंगी पेट्रोलिंग**

नवा रायपुर में पांच दिनों तक 10 गाड़ियां लगातार पेट्रोलिंग करेंगी। 24 घंटे अलग-अलग शिफ्ट में यह पेट्रोलिंग होगी। रात में नवा रायपुर घूमने जाने वालों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। वहीं एक विशेष टीम का भी गठन किया गया है जो विशेष समय पर काम करेंगी।

**50 से अधिक डेलीगेट्स आएंगे**

देश और विदेश के 50 विशेष प्रतिनिधियों के आने की संभावना है। इसमें अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के प्रमुख और सदस्य भी होंगे।

इनसे संवाद वाली जगहों पर अंग्रेजी का अच्छा ज्ञान रखने वाले लगभग 100 पुलिस अधिकारी तैनात किए जाएंगे।

**जिले की सीमाओं पर विशेष तैनाती**

जी-20 शिखर सम्मेलन को लेकर महासमुंद, धमतरी सहित नवा रायपुर की ओर से प्रवेश करने वाले रास्तों पर विशेष नजर रखी जाएगी। गांवों से नवा रायपुर में प्रवेश करने वाले रास्तों पर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए जाएंगे। दो दिन पहले से नवा रायपुर में प्रवेश करने वाले हर वाहनों की जांच की जाएगी। वाहनों के नंबर, चालकों के आदि नाम नोट करने के साथ.साथ उनसे नवा रायपुर आने का कारण भी पूछा जाएगा। दो पाली में करीब 70 पुलिस व अर्धसैनिक बल के जवानों को जिले की सीमाओं पर तैनात किया जाएगा। दोपहिया और चारपहिया वाहनों की लगातार जांच की जाएगी।

## विमानतल पर जी-20 के मेहमानों के लिए रहेगी कड़ी सुरक्षा

अगले सप्ताह रायपुर में होने वाली जी-20 बैठक के लिए स्वामी विवेकानंद विमानतल में भी सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। विमानन अधिकारियों का कहना है कि जी-20 की बैठक में शामिल होने के लिए बाहर से आने वाले मेहमानों के लिए विमानतल में ही एंट्री और एग्जिट गेट अलग से बनाए गए हैं। इसके साथ ही जैसे ही ये मेहमान विमान से उतरेंगे, पूरी सुरक्षा व्यवस्था के साथ इन्हें इस एंट्री गेट पर लाया जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि आम यात्रियों और इन मेहमानों को अलग-अलग रखा जाएगा। स्वामी विवेकानंद विमानतल के निदेशक प्रवीण जैन ने बताया कि बैठक के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हैं। मेहमानों को आम यात्रियों से अलग ही रखा जाएगा। विमानन सूत्रों का कहना है कि वीआइपी मूवमेंट के दौरान चेकिंग भी बढ़ा दी जाएगी। हालांकि कोशिश रहेगी किसी भी आम यात्री को इसकी वजह से परेशानी का सामना न करना पड़े। मेहमानों के विमानतल में उतरने से लेकर उनके बाहर जाने और होटल जाने तक कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रहेगी।

**हवाई यात्री समय से पहले घर से निकलें**

जी-20 बैठक के दौरान हवाई यात्रियों को यह ध्यान देना होगा कि वे यात्रा के लिए समय से काफी पहले निकलें। बताया जा रहा है कि वीआइपी मूवमेंट के दौरान चेकिंग के कारण हवाई यात्री जाम में भी फंस सकते हैं। पुरखौती मुक्तांगन संग्रहालय को दीर्घाओं/उद्यान के रखरखाव, साफ-सफाई और सुरक्षा कारणों से दर्शकों एवं सर्वसाधरण के लिए 15 से 19 सितंबर तक संग्रहालय बंद रखने का निर्णय लिया गया है।

## चार बड़े अस्पताल हाई अलर्ट पर

### सरकारी व निजी अस्पतालों में रिजर्व रखे जाएंगे बेड

राजधानी रायपुर में 18 और 19 सितंबर को होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने तैयारी पूरी कर ली है। सम्मेलन में आने वाले देश-विदेश के मेहमानों की सेहत का ख्याल रखने के लिए डाक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ की पांच टीमें गठित की गई है, जिसमें 31 सदस्य शामिल हैं। स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने दो शासकीय और दो निजी अस्पतालों को हाई अलर्ट पर रखा है।

शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) और आंबेडकर अस्पताल तथा निजी में रामकृष्ण केयर और बालको को शामिल हैं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से स्वास्थ्य संस्थानों को बेड रिजर्व रखने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्य चिकित्सा एंव स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) ने आदेश जारी कर



डाक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ की 17 से 19 सितंबर तक डयूटी निर्धारित कर दी है। सीएमएचओ की ओर से डाक्टर और कर्मचारियों को किसी भी प्रकार की लापरवाही से बचने के निर्देश दिए गए हैं।

**पुरखौती और जंगल सफारी में रहेंगे तैनात**

स्वास्थ्य विभाग की पांच में से तीन टीमें होटल मेफेयर लेक रिसार्ट में तैनात रहेगी। इसमें डाक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ के 21 सदस्य शामिल हैं। एक टीम की डयूटी 18 सितंबर को पुरखौती मुक्तांगन लगाई गई है। जंगल सफारी में 19 सितंबर को टीम तैनात रहेगी। सीएमएचओ के जारी आदेश के अनुसार, दोपहर दो बजे से कार्यक्रम की समाप्ति तक टीमें तैनात रहेगी। होटल मेफयर में तीनों दिन सुबह आठ से रात आठ बजे तक टीमें तैनात रहेगी। होटल, पुरखौती मुक्तांगन और जंगल सफारी में करीब दस एंबुलेंस तैनात रहेगी।

राज्य महामारी नियंत्रक डा. सुभाष मिश्रा ने बताया कि जी-20 को लेकर सीएमएचओ के साथ शुक्रवार को बैठक हुई। किसी भी प्रकार की स्थिति से निपटने के लिए अस्पतालों को रिजर्व किए गए हैं। यह तैयारी प्राथमिकता के आधार पर की गई है, हालांकि किसी भी प्रकार की जरूरत पड़ने पर पूरे अस्पताल को भी अलर्ट पर रखा गया है।

## डेलीगेट्स को उपहार में दी जाएगी बस्तर आर्ट की चिन्हारी, फारेस्ट हनी व मिलेट

जी 20 के चौथे फ्रेमवर्क वर्किंग ग्रुप मीटिंग में 18 सितंबर और 19 सितंबर को भाग लेने दुनिया भर से आये प्रतिनिधि अपने साथ छत्तीसगढ़ की सुंदर स्मृतियों के साथ छत्तीसगढ़ी संस्कृति की चिन्हारी भी साथ लेकर जाएंगे। छत्तीसगढ़ की चिन्हारी इस गिफ्ट पैक में वनोपजों से बनाये गये खास प्रोडक्ट होंगे। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा इस वर्ष को मिलेट ईयर घोषित किया गया है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के निर्देश पर छत्तीसगढ़ में मिलेट को प्रोत्साहित करने मिशन मोड पर काम किया गया है। न केवल यहां मिलेट्स उत्पादकों को समर्थन मूल्य पर अपने उपज का दाम मिल रहा है अपितु सरकार द्वारा इनके प्रसंस्करण को प्रोत्साहित किये जाने तथा मिलेट्स कैफे स्थापित किये जाने से छत्तीसगढ़ में मिलेट्स के प्रति जागरूकता तेजी से बढ़ी है। विदेशों से आने वाले प्रतिनिधियों को गिफ्ट पैक में प्रदेश में होने वाले मिलेट्स से बने कूकीज दिये जाएंगे।

छत्तीसगढ़ के जंगलों में पाई जाने वाला शहद देश के सबसे शुद्ध और स्वादिष्ट शहद में से माना जाता है। यह न केवल शुद्ध होता है अपितु बस्तर और सरगुजा जैसे वनवासी अंचलों के विशिष्ट प्राकृतिक माहौल में मधुमक्खियों के द्वारा एकत्रित किया जाता है जिससे इसमें औषधिय गुण भी रहते हैं। छत्तीसगढ़ में उत्पादित किये जाने वाले एलोवीरा जेल, अश्वगंधा चूर्ण की लोकप्रियता भी देश भर में है। डेलीगेट्स को गिफ्ट में यह भी प्रदान किये जाएंगे। इसके साथ ही चिन्हारी के रूप उन्हें बस्तर आर्ट का उपहार भी दिया जाएगा। यहां ढोकरा कला से बनाई गई एक प्रतिमा फ्रेम में आबद्ध कर उन्हें प्रदान की जाएगी। इस कला का थीम चार आदिवासी युवतियों को लेकर है। वे नृत्यरत हैं और एक दूसरे का हाथ थामे हुए है। इस प्रतिमा से बस्तर की सुंदरता और लोकजीवन की समृद्धि की झलक डेलीगेट्स को मिल सकेगी। साथ ही हजारों वर्ष पुराने छत्तीसगढ़ के लोककलाकारों की प्रतिभा से भी वे वाकिफ हो सकेंगे।

मुख्यमंत्री श्री बघेल के नेतृत्व में बीते पांच वर्षों में छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं को सहेजने का कार्य छत्तीसगढ़ शासन द्वारा किया जा रहा है। इसमें लोककलाकारों को प्रोत्साहित किये जाने के साथ ही स्थानीय खानपान की परंपराओं को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। कोदो-कुटकी हमेशा से छत्तीसगढ़ के लोगों की थाली में शामिल रहा है। इसकी आधुनिक तरीके से ब्रांडिंग की गई है। नये कलेवर में, आधुनिक तरीके से प्रसंस्करण के बाद ये उत्पाद बाजार में भी उतारे गये हैं और हर तरफ इनकी प्रशंसा हो रही है। जी 20 के माध्यम से इस अनुपम छत्तीसगढ़ी संस्कृति का और भी व्यापक प्रचार-प्रसार हो सकेगा।

# परिवर्तन यात्रा में जन सैलाब देख कांग्रेस बौखला गई : मूणत



**रायपुर,** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। कांग्रेस सरकार की कुनीति के खिलाफ भाजपा द्वारा प्रदेश भर में परिवर्तन यात्रा निकालकर सरकार की कमियों को गिना रही है।

कांग्रेस सरकार परिवर्तन यात्रा से घबराई हुई है। प्रदेश में भाजपा के पक्ष मे वातावरण बनने के बाद कांग्रेस के नेता भ्रम फैला रहे हैं। प्रधानमंत्री का मिनट टू मिनट कार्यक्रम दौरा होने के बाद भी कांग्रेसी गलत जानकारी दे रहे है। प्रदेश में अराजकता के खिलाफ जनता का जन सैलाब देखने को मिला। उससे कांग्रेस पार्टी बौखला गई है।

**मोदी की सभा को लेकर अफवाह फैलाने का आरोप, कानूनी शिकायत करने की तैयारी में**

पार्टी कार्यालय एकात्म परिसर में आयोजित पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा, कांग्रेस परिवर्तन यात्रा के नकल की बात कह रही है। 2003 में भाजपा विपक्ष में थी, चार कोनों से परिवर्तन यात्रा निकाली गई थी। मूणत ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी का दौरा कल पहले से तय था, लेकिन कांग्रेस अपने ट्विटर अकाउंट से पीएम का दौरा निरस्त होने की झूठी जानकारी दी। श्री मूणत ने कहा कि भाजपा के कार्यक्रमों में जुट रही भीड़ से कांग्रेस बौखलाई हुई है। कांग्रेस के प्रवक्ता और संचार विभाग के प्रमुख सुशील आनंद पर उन्होंने अफवाह फैलाने का आरोप लगाया है।

पत्रकार वार्ता में श्री मूणत ने कहा- कांग्रेस के संचार प्रमुख ने प्रधानमंत्री का दौरा रद्द बताकर मानसिक दिवालियापन का परिचय दिया है। कांग्रेस ने प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर भ्रम फैलाने का प्रयास किया। यह कांग्रेस का तुच्छ आचरण और अक्षम्य अपराध है। यह कांग्रेस की कुंठित और निचले स्तर की मानसिकता को दर्शा रहा है। बाकायदा कांग्रेस पार्टी के मीडिया प्रमुख ने वीडियो बयान जारी कर प्रधानमंत्री के निश्चित कार्यक्रम के बारे में भ्रम फैलाया। वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस के मीडिया प्रमुख ने यह भी झूठ फैलाया कि रायगढ़ के कार्यक्रम में भीड़ नहीं जुटने के कारण प्रधानमंत्री नहीं आ रहे हैं। जब यह बयान जारी किया जा रहा था, तब सभा-स्थल पर 1 लाख से अधिक का जनसमूह एकत्रित था।

उप मुख्यमंत्री सिंहदेव का कबूलनामा कि केंद्र सरकार ने भेदभाव नहीं किया, इससे ये सत्य सामने आ गया है कि कांग्रेसी झूठ के सेल्समैन हैं। श्री मूणत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रायगढ़ दौरे को लेकर कांग्रेस अफवाह फैला रही थी, मोदी जी के उसी दौरे में छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने मुख्यमंत्री और कांग्रेस का झूठ बेनकाब करते हुए कहा है कि मोदी जी ने छत्तीसगढ़ को बहुत कुछ दिया है, दे रहे हैं और भरोसा है कि आगे भी देते रहेंगे। उप मुख्यमंत्री सिंहदेव ने सबके सामने स्पष्ट किया है कि मोदी ने कभी भेदभाव नहीं किया। कांग्रेस ने प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर भ्रम फैलाने का प्रयास किया। यह कांग्रेस का तुच्छ आचरण और अक्षम्य अपराध है। यह कांग्रेस की कुंठित और निचले स्तर की मानसिकता को दर्शा रहा है। बाकायदा कांग्रेस पार्टी के मीडिया प्रमुख ने वीडियो बयान जारी कर प्रधानमंत्री के निश्चित कार्यक्रम के बारे में भ्रम फैलाया, वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस के मीडिया प्रमुख ने यह भी झूठ फैलाया कि रायगढ़ के कार्यक्रम में भीड़ नहीं जुटने के कारण प्रधानमंत्री नहीं आ रहे हैं। जबकि, जब यह बयान जारी किया जा रहा था, तब सभा-स्थल पर 1 लाख से अधिक का जनसमूह एकत्रित था।

### कांग्रेस में हार का भय

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता व पूर्व मंत्री मूणत ने कहा कि कांग्रेस में हार का भय और जनता का सामना न कर पाने की दहशत तो है ही। अब वो जनता का सामना नहीं कर पा रहे हैं क्योंकि उनके शासन में जो भ्रष्टाचार हुआ है, उसकी कालिख उन्हें मुंह छुपाए फिरने विवश कर रही है।

### पुलिस से करेंगे शिकायत

मूणत ने दावा किया है कि भारतीय जनता पार्टी के विधि विभाग कांग्रेस के इन झूठे प्रचारों को लेकर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी और थाना प्रभारी (सिविल लाइंस) के पास अपनी लिखित शिकायत दर्ज करा न्यायोचित कार्रवाई की मांग करेगी।

# रायपुर को विकसित सिटी बनाने महापौर का आव्हान

**रायपुर.** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। महान अभियन्ता भारत रत्न सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरेय्या की जयन्ती अभियन्ता दिवस पर महापौर एजाज ढेबर ने आदरांजलि अर्पित की। महापौर एजाज ढेबर ने कहा कि न केवल रायपुर शहर बल्कि छत्तीसगढ़ राज्य के विकास एवं निर्माण कार्य को निरन्तर गतिमान करने के कार्य में अभियंताओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। महापौर एजाज ढेबर ने सभी अभियंताओं को अभियन्ता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें देते हुए उनसे रायपुर शहर को देश की सबसे सुन्दर विकसित स्मार्टसिटी बनाने कड़ी मेहनत करने एवं सभी विकास कार्यों को समयसीमा में गुणवत्तायुक्त तरीके से सतत मानिटरिंग करते हुए पूर्ण करवाने का शहर हित में संकल्प लेने का विनम्र आव्हान किया।



सभापति प्रमोद दुबे ने सभी अभियन्ताओं को अभियन्ता दिवस पर हार्दिक बधाई देते हुए वरिष्ठ एवं सेवानिवृत्त अभियंताओं से अपने से कनिष्ठ अभियंताओं का समुचित मार्गदर्शन अपने तकनीकी कार्य अनुभव के आधार पर राष्ट्र एवं समाज हित में करने का अनुरोध किया. पाठ्य पुस्तक निगम अध्यक्ष शैलेश नीतिन त्रिवेदी ने रायपुर सहित छत्तीसगढ़ राज्य को विकसित करने निरन्तर दिये जा रहे सभी अभियन्ताओं के योगदान को सराहा एवं अभियन्ता दिवस पर राजधानी रायपुर एवं छत्तीसगढ़ राज्य का विकास निरन्तरता से तेजी से करने योगदान देने का संकल्प ले।

# व्यापारी से 81 लाख के125 किलो चांदी के सामान जब्त

**रायपुर,** 15 सितंबर (देशबन्धु)। आपापुरा में किराये के मकान में रहने वाले प्रकाश सिंह नामक व्यक्ति के पास से 81 लाख रूपयों के 125 किलो चांदी के मुकुट, छतरी व अन्य सामान बरामद किये गये है। व्यापारी प्रकाश सिंह इन सामानों का कोई बिल पुलिस के समक्ष प्रस्तुत नहीं कर पाया है। फिलहाल कोतवाली पुलिस ने उसके विरूद्ध धारा 102 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। व्यापारी को बिल प्रस्तुत करने के लिये समय दिया गया है।

पुलिस के अनुसार प्रकाश सिंह बिहार का रहने वाला है। वह बिहार व अन्य स्थानों से चांदी के मुकुट, छतरी, पायल व अन्य सामान जो पूजापाठ में लगते है यहां लाकर बेचता है। थाना प्रभारी के अनुसार व्यापारी के पास चोरी का माल बरामद नहीं हुआ है। इसमें अवैध खरीदी जैसा भी कुछ नहीं है।

# यातायात नियम तोड़ने में राजधानीवासी आगे

**रायपुर,** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। यातायात के नियम सबसे ज्यादा राजधानीवासी तोड़ रहे हैं। यातायात पुलिस के आकंड़े बताते हैं कि यहां का हर 25वां वाहन चालक यातायात सिग्नल को तोड़कर भाग रहा है। पुलिस की सख्तीए चालानी कार्रवाई के बाद भी दे नहीं सुधर रहे हैं। यहां यातायात की स्थिति लगातार बदहाल होती जा रही है। पुलिस विहीन चौराहों पर जाम आम है। यातायात पुलिस के अनुसार पिछले आठ महीने में 66,580 वाहन चालकों को यातायात नियम तोड़ते हुए पकड़ा गया है। इस तरह प्रतिदिन औसतन 277 लोगों के खिलाफचालानी कार्रवाई कर उनसे पांच करोड़ 66 लाख 38 हजार 500 रुपये का जुर्माना वसूला गया है। प्रत्येक वाहन चालक से औसतन करीब 582 रुपये की जुर्माना राशि वसूल की गई है। बावजूद इसके यातायात नियम तोड़ने वालों की संख्या कम होने के बजाय बढ़ती जा रही है। शहर में हर 500 मीटर में ट्रैफिक सिग्नल के साथ हाईरेंज कैमरे लगाए गए हैं। बावजूद इसके सही तरीके से निगरानी नहीं होने और अमले की कमी के कारण नियम तोड़ने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। वाहन चालकों में यातायात नियमों को लेकर समझ की कमी भी प्रमुख कारण है।

**बिना लाइसेंस चला रहे दोपहिया**

राजधानी में बिना लाइसेंस के दोपहिया और चारपहिया वाहन चलाने वालों की संख्या भी बहुत है। पकड़े जाने पर उनके खिलाफ मात्र चालानी कार्रवाई कर छोड़ दिया जाता है। इसकी मुख्य वजह स्मार्ट चिप वाले डीएल की जांच करने के लिए मशीन का अभाव है। इसके चलते शहर के अंदरूनी इलाकों से लेकर आउटर में नाबालिग तेज रफ्तार से वाहन चला रहे हैं। ऐसा कर वे अपने साथ.साथ दूसरों की जान को भी जोखिम में डाल रहे हैं।



आठ महीने में 66,580 पकड़ाए

**इन चौराहों पर टूट रहा नियम**

शहर में शास्त्री चौक, जयस्तंभ चौक, फाफाडीह चौक, भनपुरी चौक, कलेक्ट्रेट चौक, भगत सिंह चौक, तेलीबांधा चौक, कालीबाड़ी चौक, कोतवाली चौक, बिजली आफिस चौक, महिला थाना चौराहा, पचपेड़ी नाका, शंकरनगर चौक, कटोरा तालाब, रायपुरा, लोधीपारा चौक, पंडरी चौक आदि चौराहों पर दिनभर में हजारों की संख्या में दोपहिया, चारपहिया और अन्य वाहन गुजरते हैं। इनमें से ज्यादातर दोपहिया चालक रोज गलत दिशा में वाहन चलाने, सिग्नल जंप करने तीन सवारी बिना हेलमेट और सीट बेल्ट के वाहन चलानेए नो पार्किंग में वाहन खड़ा कर यातायात संकेतकों को नजरअंदाज कर रहे हैं।

**दस हजार से ज्यादा रोज तोड़ रहे नियम**

शहर में यातायात नियम तोड़ने वालों को इंटिग्रेटड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम आइटीएमएस से कट रहे ई.चालान का भी खौफनहीं हहै। कभी गलत दिशा तो कभी रेड सिग्नल जंप कर वाहन चालक भाग रहे हैं। यातायात पुलिस के अनुसार शहर में 10 हजार से ज्यादा लोग शहर के विभिन्न चौक.चौराहों पर यातायात नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं लेकिन ई.चालान बमुश्किल 600 लोगों का ही कट पा रहा है। दोपहिया में बिना हेलमेट पकड़े जाने पर 500 रुपये और कार चलाते समय सीट बेल्ट नहीं लगाने पर एक हजार रुपये का जुर्माना वसूल किया जाता है। ट्रैफिक एडिशनल एसपी सचिंद्र चौबे ने कहा यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों का ई.चालान के अलावा चेकिंग प्वाइंट लगाकर भी चालान काटा जा रहा है। वर्तमान में करीब सात सौ ई.चालान रोज काट रहे हैं। इसे बढ़ाकर एक हजार करने की तैयारी है। ई.चालान में कुछ ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन शामिल नहीं है जिसे भी जोड़ा जाएगा।

# नगरीय क्षेत्रों में नागरिकों को मिल रही नई सुविधाएं

## 25 सेवाओं का लाभ मितान के जरिए घर बैठे मिल रहा



रायपुर. 15 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सरकार नगरीय क्षेत्रों में नई सुविधाएं शुरू की हैं। राज्य में उद्यमीता और रोजगार के साथ-साथ लोगों को समय और श्रम की बचत के लिए कई नये और अभिनव योजनाएं संचालित की जा रही है। शहरी क्षेत्रों में उद्यमिता, स्वरोजगार एवं आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश के 14 नगर निगमों और 44 नगर पालिका परिषदों में महात्मा गांधी अर्बन इंडस्ट्रियल पार्क निर्माण किया जा रहा है। इन पार्कों के माध्यम से शहरी क्षेत्र के उद्यमियों, स्व सहायता समूहों एवं रोजगार उन्मुख युवक-युवतियों को रोजगार के बेहतर अवसर मिलेंगे।

आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में नागरिकों को सरकारी कार्यालयों में बार-बार जाने की जरूरत ना पड़े इसके लिए 'मुख्यमंत्री मितान योजना' की शुरुआत की गई है। इस योजना में मितान घर पहुंचकर शासकीय दस्तावेजों के लिए आवश्यक जानकारी लेते है। और दस्तावेज तैयार कर घर पहुंच सेवा प्रदान करते है। यह योजना राज्य के समस्त 14 नगर निगमों में की गई थी। अब इसका विस्तार समस्त नगर पालिका परिषदों एवं जिला मुख्यालय की 02 नगर पंचायतों में किया गया है। मुख्यमंत्री मितान योजना की शुरुआत 13 सेवाओं से की थी जिन्हें बढ़ाकर अब आधार, पैन, राशन कार्ड, राजस्व रिकार्ड, जन्म-मृत्यु, विवाह पंजीयन/सुधार, गुमास्ता लाईसेंस, श्रमिक कार्ड जैसी कुल 25 सेवाओं का लाभ मितान के जरिए आम नागरिकों को घर बैठे मिल रहा है। इस योजना की लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इस योजनांतर्गत 1 लाख 20 हजार से अधिक लोगों को मितान के माध्यम से घर पर प्रमाण पत्र उपलब्ध कराये गए हैं।

नागरिकों को मुख्यमंत्री मितान योजना से लाभान्वित होने के लिये योजना के टोल-फ्री नंबर 14545 पर कॉल करना होता है। इसके बाद अप्वाइंटमेंट बुक किया जाता है। तय समय और तारीख को मितान आवेदक के घर पहुंचकर आवश्यक दस्तावेज प्राप्त करते हैं और टैबलेट के माध्यम से दस्तावेजों को सत्यापित कर पोर्टल पर अपलोड करते हैं। इसके बाद सत्यापित दस्तावेजों को संबंधित विभागों को ऑनलाइन भेजे जाते हैं जो आवेदक से संबंधित दस्तावेज की समीक्षा के बाद प्रमाण पत्र जारी करते हैं। प्रमाण पत्र जारी होने के बाद मितान द्वारा प्रमाण पत्र आवेदक के घर पहुंचा दिया जाता है। मुख्यमंत्री की पहल पर इस योजना के लागू होने के बाद से नागरिकों को जरूरी प्रमाण पत्र और शासकीय दस्तावेज बनवाने के लिए नगर निगम, तहसील तथा अन्य सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने के आवश्यकता नहीं रह गई है। योजना के लागू होने से वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों, मजदूरों, किसानों, महिलाओं और आम नागरिकों को काफी सहूलियत हो गई है।

शहरी क्षेत्र में निवासरत नागरिकों को उनके चौखट पर ही स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना समस्त नगरीय निकायों में संचालित की जा रही हैइस योजना में आम नागरिकों को मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा मेडिकल कैंप के माध्यम से एमबीबीएस डॉक्टर की टीम द्वारा मुफ्त में परामर्श, उपचार, दवाइयां एवं दैनंदिन होने वाले टेस्ट की सुविधा प्रदान की जा रही हैयोजना अंतर्गत 120 मोबाईल मेडिकल यूनिट के माध्यम से 70271 कैम्पों में 53 लाख से अधिक मरीजों को नि:शुल्क जांच की गई है। लगभग 45लाख 93 हजार से अधिक मरीजों को नि:शुल्क दवा वितरित की गई है तथा 14.32 लाख से अधिक मरीजों का लैब टेस्ट किया गया है। योजना के तृतीय चरण में अतिरिक्त 30 मोबाईल मेडिकल यूनिट का संचालन प्रारंभ किया गया है।

शहरी स्वास्थ्य व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण की दिशा में कदम बढ़ाते हुए, हमारी सरकार द्वारा आम नागरिकों को उच्च गुणवत्ता की जेनेरिक दवाएं रियायती दरों पर उपलब्ध कराने हेतु धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर योजना प्रारंभ की गई हैयोजना अंतर्गत राज्य के नगरीय निकायों में 196 दुकानें संचालित हैं। इन दुकानों में 329 जेनेरिक दवाएं, 28 सर्जिकल आइटम आदि के साथ साथ छत्तीसगढ़ हर्बल्स के उत्पाद भी उपलब्ध हैं। अद्यतन इन दुकानों से राशि रू.204.74 करोड़ एमआरपी मूल्य की दवाओं का राशि रू. 80.17 करोड़ में विक्रय कर 71.47लाख हितग्राहियों को राशि रू. 124.57 करोड़ की बचत का लाभ दिया गया है।

# रायपुर के तीन स्वामी आत्मानंद स्कूलों में बनेगा एआई क्लब



**रायपुर.** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। रायपुर जिले में शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर नवाचार हो रहे हैं। इसी कड़ी में कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे की उपस्थिति में आज जिला प्रशासन और आईजेब्रा.एआई (द्व्ह्द्द्रड्डह्ड्ड.द्व) के मध्य एमओयू हुआ। जिसके तहत जिले के तीन स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट इंगलिश मीडियम स्कूल (स्श्वत्नश्वस्) में डेटा-एआई क्लब का गठन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने स्वतंत्रता दिवस पर अगले शिक्षा सत्र से स्कूली बच्चों के पाठ्यक्रम में भी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, इंटरनेट ऑफ थिंग्स जैसी अत्याधुनिक तकनीकी की जानकारी पाठ्यक्रम में शामिल करने की घोषणा की है। जिला प्रशासन ने इसी दिशा में त्वरित क्रियान्वयन करते हुए यह कदम उठाया हैं। यह महत्वपूर्ण कदम उठाने वाला रायपुर पहला जिला है।

इस एमओयू में जिला प्रशासन की तरफ से जिला पंचायत के सीईओ श्री अबिनाश मिश्रा और कम्पनी के निर्देशक श्री चिरंजीवी मडाला ने हस्ताक्षर किया। इस एमओयू के तहत स्वामी आत्मानंद आर.डी तिवारी आमापारा, स्वामी आत्मानंद बी.पी पुजारी राजातालाब और स्वामी आत्मानंद शहीद स्मारक फाफाडीह में एआई क्लब का गठन होगा। इससे इन स्कूलों के विद्यार्थियों में एआई के प्रति समझ विकसित होगी। विद्यार्थी विज्ञान के इस नवीनतम तकनीक से परिचित होंगे और उसका उपयोग प्रोजेक्ट तथा अन्य कार्यों में कर सकेंगे। इससे छत्तीसगढ़ के बच्चों में विज्ञान के प्रति अधिक रूचि पैदा होगी साथ ही वे देश ही नही बल्कि विश्व में अन्य युवाओं के साथ कंधे से कंधा मिला कर कार्य करेंगे। इस क्लब में विद्यार्थियों को संबंधित संस्था के प्रशिक्षकों के द्वारा एआई क्लब में पढ़ाया जाएगा और वर्कशॉप होगा। साथ ही प्रोजेक्ट-मॉडल प्रदर्शित किए जाएंगे। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री हिमांशु भारतीय और जिला मिशन समन्वयक श्री के.एस. पटले उपस्थित थे 7

गौरतलब है कि यह आईजेब्रा.एआई अमेरिका की कंपनी है जो एआई के क्षेत्र में कार्य कर रही है। इसका उद्देश्य है कि युवाओं को एआई के प्रति शिक्षित करना है।'

# सड़कों में पेंच वर्क कार्य 30 तक पूरा : महापौर

**रायपुर,** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम रायपुर के सभी 10 जोनों द्वारा आज से राजधानी शहर रायपुर निगम क्षेत्र में सी सी सड़कों के गडढों के पेचवर्क का कार्य महापौर एजाज ढेबर एवं आयुक्त मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार प्रारम्भ करवा दिया गया है. जोन 1 द्वारा इंदिरा टिम्बर मार्केट भनपुरी, जोन 10 के महावीर चौक पुरैना सहित सभी जोनों में जोनों की टीमों को सीसी सड़कों के सभी गडढों के पेचवर्क से सम्बंधित सभी कार्य 30 सितम्बर 2023 तक सतत मॉनिटरिंग करते हुए गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करवाने के निर्देश महापौर एवं आयुक्त ने सभी जोन कमिश्नरों एवं कार्यपालन अभियन्ताओं को दिये है। राजधानी शहर नगर निगम क्षेत्र में सीसी सड़कों के गडढों में आवश्यक सुधार एवं मरम्मत कार्य होने से शीघ्र सड़क यातायात सुव्यवस्थित बनने सहित वाहन चालकों एवं राहगीरों को शीघ्र काफी राहत मिलेगी।



### भोजली का विसर्जन

भाटापारा, 15 सितम्बर (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत टेहका में धूमधाम से हर्षोल्लास के साथ भोजली माता का विसर्जन किया। जिसमें गांव के प्रमुख गलियों चोक, पारा, मोहल्ला,से होते हुए भोजली माता को डबरी तालाब में विसर्जित किया और एक दूसरे के कानों में दुबी खोज कर आशीर्वाद लिया। वही इस मौके पर युवती एवं महिलाओं ने छत्तीसगढ़ी पारंपरिक सुआ गीत नाच कर पोरा पटकने का रिवाज अदा किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप बोध राम ध्रुव, ईश्वर ध्रुव, चंरनध्रुव, बिलास सिंह ध्रुव,दिलीप ध्रूव, उदय साहू, गोकुल ध्रूव, खुबी राम साहू, गंगा राम साहू, एवं सामाजिक कार्यकर्ता मीडिया प्रकोष्ठ नंदू साहू उपस्थित थे।

# तीजा-पोरा तिहार में शामिल हुए महापौर



रायपुर, 15 सितम्बर (देशबन्धु)। आज महापौर एजाज ढेबर ने नेताजी सुभाषचन्द्र बोस स्टेडियम में आयोजित तीजा-पोरा तिहार अपनी बहनों संग हर्ष उल्लास के साथ मनाया । इस अवसर पर शहर के महापौर एजाज ढेबर अपनी बहनों संग नृत्य करते नजर आए। तीजा-पोरा तिहार छत्तीसगढ़ और छत्तीसगढ़ियों के लिए एक बड़ा त्योहार है, जो भादो माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाता है. यह त्योहार माता गौरा और महादेव की पूजा के साथ मनाया जाता है और निर्जला व्रत का आयोजन भी किया जाता है। महापौर एजाज ढेबर ने इस अवसर पर महिलाओं को साड़ी व श्रृंगार का सामान देकर उनका सम्मान किया और तीजा-पोरा तिहार के महत्व पर प्रकाश डाला. दिया. महापौर ने इस अवसर पर सभी महिलाओं के जीवन में खुशहाली की कामना की. महापौर एजाज ढेबर ने तीजा-पोरा तिहार पर कहा कि तीजा -पोरा तिहार छत्तीसगढ़ के लोगों के लिए गर्व का विषय है और यह छत्तीसगढ़ राज्य की सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। तीजा-पोरा तिहार में छत्तीसगढ़ की महिलाएं अपने परिवार के साथ आगंतुकों को आत्मसमर्पण और समर्पण का संदेश देती हैं, और उनके लिए सुख और समृद्धि की कामना करती है।

# मंडी के पंजीयनधारी रेजाओं का सम्मान



**भाटापारा**, 15 सितम्बर (देशबन्धु)। मण्डी समिति भाटापारा के कार्यकाल में दूसरी बार मण्डी के पंजीयनधारी रेजाओं को सम्मान श्री गिरीश देवागंन अध्यक्ष खनिज विकास निगम छत्तीसगढ शासन रायपुर के मार्गदर्शन में कृषि उपज मण्डी समिति भाटापारा के मण्डी प्रांगण में कार्यरत पंजीयनधारी स्त्री हम्मालो को तीजा पर्व के पावन अवसर पर , दिनांक 15 सितम्बर 2023 दिन शुक्रवार को संध्या 4 बजे मण्डी प्रांगण में साडी वितरण मण्डी अध्यक्ष सुशीलशर्मा के व्दारा किया गया ,जिसमें कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष विनोद अग्रवाल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती सरिता सत्यनारायण ठाकुर, नगरपालिका अध्यक्ष सुनीता गुप्ता , गौरीभृगु, प्रमिला साहू ,सचिन शर्मा सहित बडी संख्या में कांग्रेसीजन उपस्थित थे । मण्डी प्रांगण में कार्यरत पंजीयनधारी महिला रेजाओं को साडी व मिष्ठान वितरण कर इस पावन पर्व तीजा की बधाई व शुभकामनायें उपस्थित अतिथीयो के व्दारा दी गयी । विदित हो कि यह दूसरा वर्ष है जहां पर श्री सुशील शर्मा ने यह परंपरा को सतत बनाये रखते हुये मण्डी प्रांगण में कार्यरत रेजाओ को साडी वितरण व मिष्ठान प्रदान की जिससे यहां पर कार्यरत रेजाओ में हर्ष व उत्साह खुशी का माहौल सभी रेजाओं ने इस कार्यक्रम के लिये मण्डी अध्यक्ष सुशील शर्मा के प्रति आभार व्यक्त करते हुये कहा कि यहां पर हमें कार्यरत वर्षो हो गये किन्तु इस प्रकार का सम्मान प्राप्त नही हुआ था, मण्डी में सुशील महाराज जब से यह अध्यक्ष बने उनके व्दारा हमें हर त्यौहार में सीधे भेंट कर कुछ न कुछ उपहार देकर हमें जो आदर सम्मान करते है जिसके लिये हम सभी रेजा पुनःउनके प्रति हदय से आभार व्यक्त करते है ।

### मलय धुरंधर बने परियोजना अधिकारी

भाटापारा, 15 सितम्बर (देशबन्धु)। नगर के ईश्वरी प्रसाद धुरंधर वार्ड निवासी भीखम चंद धुरंधर के सुपुत्र मलय धुरंधर का सीजीपीएससी में बाल विकास परियोजना अधिकारी के पद पर चयन हुआ है,उनके चयन पर उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़,विधायक शिवरतन शर्मा ने उसे मिठाई खिलाकर उसके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी है। छत्तीसगढ़ राज्य सेवा परीक्षा-2022 में 91 वा रेंक हासिल कर बाल विकास परियोजना अधिकारी के पद पर चयनित हुए मलय धुरंधर का लक्ष्य डिप्टी कलेक्टर बनने का था ।

# खुशवंत ने मुनगी और बहानाकाड़ी का किया दौरा



**आरंग,** 15 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में जल्द ही विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। जिसकी तैयारी में भारतीय जनता पार्टी का हर एक कार्यकर्ता लग गया है। इसी कड़ी में बीजेपी के युवा और ऊर्जावान नेता गुरु खुशवंत साहेब ने अपनी पार्टी के कई कार्यकर्ताओं के साथ आरंग विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मुनगी और बहानाकाडी का दौरा किया और जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान कई लोगों को बीजेपी ज्वाइन कराया।

खुशवंत साहेब ने आम जनता से बातचीत करते हुए केंद्र सरकार की कई कल्याणकारी नीतियों के बारे में बताया। खुशवंत गुरु ने पीएम आवास योजना पर बातचीत करते हुए कहा प्रदेश की कांग्रेस सरकार आम जनता का अधिकार छीन रही है और पीएम आवास योजना में भी घोटाला कर रही है। शराबंदी का वादा करके सत्ता में काबिज होने वाली भूपेश सरकार आज खुलेआम नशे का कारोबार कर रही है। ऐसी सरकार को हमे उसकी सही जगह दिखानी होगी और आने वाले चुनाव में जनता की पावर दिखानी होगी।

# गरियाबंद में 23 को पहुंचेगी भाजपा की परिवर्तन यात्रा

**गरियाबंद,** 15 सितंबर (देशबन्धु)। जिले में भाजपा की परिवर्तन यात्रा को लेकर तैयारी शुरू हो गई। 23 सितंबर को परिवर्तन यात्रा धमतरी होते हुए गरियाबंद पहुंचेगी। इस दौरान मैनपुर और गरियाबंद में आमसभा होगी। राजिम में यात्रा का भव्य स्वागत किया जाएगा।

भाजपा के परिवर्तन यात्रा की तैयारी को लेकर अपेक्स बैंक के पूर्व अध्यक्ष एवं यात्रा के जिला प्रभारी अशोक बजाज ने गरियाबंद और मैनपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक ली। बैठक में यात्रा को सफल बनाने के लिए भाजपा नेताओं एवं पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बजाज ने कहा कि कांग्रेस की दमनकारी नीतियों से छत्तीसगढ़ की जनता त्रस्त है, आम जनता में भी परिवर्तन करने की लहर दिख रही है इससे तय है कि छत्तीसगढ़ में एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी।

इसके पहले बजाज ने बैठक में जानकारी दी कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार को बदलने भारतीय जनता पार्टी ने दंतेवाड़ा से 12 सितंबर से परिवर्तन यात्रा शुरू की है। 23 सितंबर को इस यात्रा का गरियाबंद जिला में प्रवेश होगा, यहां झरियाबाहरा के पास भाजपा के कार्यकर्ता यात्रा का जोरदार स्वागत करेंगे। जिसके बाद मैनपुर के वन विभाग परिसर और गरियाबंद के गांधी मैदान में आमसभा आयोजित की गई है। जिसके बाद यात्रा राजिम पहुंचेगी, जहां स्वागत सभा का कार्यक्रम तय किए गए हैं। इसके साथ ही परिवर्तन यात्रा का प्रमुख स्थानों में भी स्वागत किए जाएंगे।



## मैनपुर और गरियाबंद में सभा होगी, राजिम में यात्रा के स्वागत की तैयारी

**केंद्रीय मंत्री, दिग्गज नेता होंगे शामिल**

यात्रा प्रभारी अशोक बजाज ने बताया कि परिवर्तन यात्रा में केंद्रीय मंत्री और राज्य के दिग्गज नेता मौजूद रहेंगे, जो कि स्थानीय सहित सारे मुद्दों पर अपनी बात रखेंगे। परिवर्तन यात्रा के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों के लिए जिला के भाजपा नेताओं एवं पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा बाइक रैली निकली जाएगी।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश साहू, प्रवासी विधायक कमलकांत हसदा, पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन मांझी, बिंद्रानवागढ़ विधानसभा प्रभारी महेंद्र पंडित, महामंत्री अनिल चंद्राकर, यात्रा के सह प्रभारी चंद्रशेखर साहू, बलदेव सिंह, श्रीमती मिलेश्वरी साहू, अनूप भोंसले, अजय रोहरा, पारस ठाकुर, दीनदयाल सिन्हा,धनंजय नेताम, प्रहलाद ठाकुर, किशोर यादव, दीपेश दीवान, केशव साहू, नेहरू साहू, परमेश्वर सेन, तनु साहू, सलीम खान, श्रीमती गुलेश्वरी ठाकुर सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# प्राचार्य पर लगाया छेड़खानी का आरोप

**गरियाबंद** , 15 सितम्बर (देशबन्धु)। जिले में छुरा और गरियाबंद के बाद अब देवभोग में भी स्कूली छात्रों ने प्राचार्य पर छेड़ खानी का आरोप लगाते हुए इसकी शिकायत कलेक्टर गरियाबंद से की है। शुक्रवार को अपने पालकों के साथ जिला मुख्यालय पहुंची देवभोग ब्लॉक के बाड़ीगांव हायर सेकेंड्री स्कूल के 10 छात्राओं ने पीएस चौधरी के खिलाफ लिखित शिकायत की है। ज्ञात हो की इस माह में ये इस प्रकार का चौथा मामला है।

इधर, 150 किमी दूर बाड़ी गांव से जिला मुख्यालय सेजिला मुख्यालय पहुची छात्राओं ने बताया कि इससे पहले 4 सितंबर को ब्लाक शिक्षा अधिकारी को भी आवेदन देकर प्राचार्य की शिकायत की गई थी। जिसके बाद प्राचार्य को स्कुल से हटा दिया गया। लेकिन उनके अभद्र व्यवहार और छेड़ खानी का लेकर किसी प्रकार की अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई हैं। छात्राओं को कहना है कि वह प्राचार्य के विरुद्ध कानूनी करवाई चाहती है।

इधर एकाएक जिले के स्कूलों में छेड़छने के मामले सामने आने के बाद जिला प्रशासन सकते में आ गया है। बीते एक हफ्ते में ही इस तरह के तीन मामले सामने आ चुके है। पहले छुरा ब्लॉक में इसी तरह का मामला सामने आया। यहां छात्रावास में रहने वाले नाबालिक छात्राओं ने छुरा में संचालित एक निजी छात्रावास के अधीक्षका और उसके पति नारायण चौहान के खिलाफ छेड़खानी के गंभीर आरोप लगाए। इसके 24 घंटे बाद ही गरियाबंद ब्लॉक के मरदाकला हायर सेकेण्डरी स्कूल के भी छात्रों ने प्राचार्य के खिलाफ छेड़खानी की लिखित शिकायत कलेक्ट्रेट पहुंच की थी। इसके बाद अब देवभोग में इसी तरह का मामला सामने आया है।

देवनाथ बधेल - ब्लाक शिक्षाधिकारी देवभोग ने बताया कि प्रथम शिकायत के दूसरे दिन ही उक्त शिक्षक को बाडीगांव से बरबाहाली स्कुल में अटैच कर दिया गया है । साथ ही जांच कर जांच रिपोर्ट जिला शिक्षाधिकारी को भेज दिया गया।

## निधन

### दिव्यांशु देशमुख



**दुर्ग,** 15 सितंबर (देशबन्धु)। बोरसी जोन ;छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल के सहायक यंत्री डीलेंद्र देशमुख के ज्येष्ठ पुत्र दिव्यांशु देशमुख (21) का आकस्मिक निधन हो गया है। अंतिम संस्कार 16 सितंबर शनिवार को शिवनाथ नदी मुक्तिधाम में समय सुबह 11 बजे किया जाएगा।

### दामोदर दास राठी



**दुर्ग,** 15 सितंबर (देशबन्धु)। गंजपारा निवासी दामोदर दास राठी (87) का गुरूवार की रात निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को शिवनाथ नदी मुक्तिधाम में किया गया। वे मनमोहन राठी के भाई और अनिल व सुधीर राठी के पिताजी थे। दामोदर दास राठी श्री सांई मंदिर समिति कसारीडीह दुर्ग के संस्थापक सदस्य थे। उनके निधन पर श्री सांई मंदिर समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों ने शोक व्यक्त किया है।

उल्टा पुल्टा

टीचर ने साइंस लैब में अपनी जेब से सिक्का निकाला और एसिड में डाला, फिर बच्चों से पूछा कि ये सिक्का घुल जाएगा या नहीं।
**बच्चा**- सर, नहीं घुलेगा।
**टीचर**- शाबाश, लेकिन तुम्हें कैसे पता?
**बच्चा**- सर अगर एसिड में डालने से सिक्का घुलता, तो आप सिक्का हमसे मांगते, ना कि अपनी जेब से निकालते

# गृह मंत्री ताम्रध्वज ने किया सम्भाग स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक का शुभारंभ

## 2 हजार 686 प्रतिभागी खिलाड़ी संभागीय प्रतियोगिता में ले रहे हैं भाग



**दुर्ग,** 15 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के पारंपरिक ग्रामीण खेलों को बढ़ावा देने राज्य सरकार द्वारा छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल का आयोजन किया जा रहा है। आज संभाग स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का शुभारंभ दुर्ग जिले के ग्राम पुरई स्कूल प्रांगण में हुआ। इस तीन दिवसीय आयोजन में संभाग के दुर्ग, राजनांदगॉव, बालोद, बेमेतरा, कबीरधाम, मानपुर-मोहला अंबागढ़ चौकी और खैरागढ़ सहसपुर गंडई जिला के 2 हजार 686 प्रतिभागी खिलाड़ी संभागीय प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। इसमें गिल्ली. डंडा, पिट्ठूल, संखली, लंगड़ी दौड़ ;लंगरची, कबड्डी, खो.खो, रस्साकसी, बांटी, बिल्लस, फुगड़ी, गेड़ी दौड़, भौरा, 100 मीटर दौड़ एवं लम्बीकूद, कुश्ती एवं रस्सीकूद शामिल है। इन खेलों में तीन आयु वर्ग 0-18, 18-40 एवं 40. महिला/पुरूष आयु वर्ग के प्रतिभागी भाग लेंगे। शुभारंभ समारोह के मुख्य अतिथि गृह मंत्री श्री साहू ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश सरकार के मुखिया मुख्यमंत्री श्री भुपेश बघेल का कहना है कि सर्वहारा वर्ग के विकास को ध्यान में रखकर विकास के पैमाने तय करना है। उन्होंने कहा कि इसी के आधार पर राज्य सरकर अधोसंरचनात्मक विकास के साथ यहां के संस्कृति को पूर्नजीवित करने और पारंपरिक ग्रामीण खेलों को बढ़ावा देने छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के माध्यम से पारंपरिक खेल प्रतिभाओं को आगे लाने का प्रयास कर रही है।

संभाग स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के शुभारंभ अवसर पर संभागायुक्त जे.पी. पाठक ने स्वागत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने आयोजन के उद्देश्यों को रेखांकित किया। नगर निगम भिलाई-चरौदा के महापौर निर्मल कोसरे ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया। उन्होंने प्रतिभागी खिलाड़ियों से खेल को खेल भावना से खेलने की अपील की। इस अवसर पर नगर निगम रिसाली की महापौर शशि सिन्हा, जिला पंचायत की अध्यक्ष पुष्पा यादव एवं अन्य जनप्रतिनिधि तथा शिक्षा और खेल विभाग के अधिकारीए शिक्षकगण एवं प्रतिभागी खिलाड़ी उपस्थित थे।

# सीएमएचओ में पदस्थ डॉ. जामगढ़े यौन उत्पीड़न की शिकायत पर पदमुक्त, मामला पुलिस तक पहुंचा

**दुर्ग,** 15 सितंबर (देशबन्धु)। जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दुर्ग के कार्यालय में पदस्थ सहायक ग्रेड 3 की एक महिला कर्मचारी द्वारा इसी कार्यालय में पदस्थ नोडल अधिकारी डॉ. एस.के.जामगढ़े के विरूद्ध लगाये गये यौन उत्पीड़न संबंधी आरोप का मामला आज पुलिस तक पहुंच गया है। इस मामले में सीएसपी मणिशंकर चंद्रा ने बताया कि इस मामले की जांच कर रही विशाखा समिति की रिपोर्ट मंगाई गई है। इसके अलावा सीसीटीवी के फुटेज खंगाले जाने के बाद जो प्रमाण मिलेगा, उसके आधार पर कार्रवाई की जायेगी। इस मामले में सीएमएचओ डॉ. जे.पी.मेश्राम ने फिलहाल इस मामले में तात्कालिक कार्रवाई करतेु हुए उक्त डॉ. एस.के.जामगढ़े को तत्काल वर्तमान कार्य से मुक्त करते हुए मूल पद स्थापना के स्थान पर शहरी परिवार कल्याण केन्द्र सुपेला में भेज दिया गयाै ह। इस मामले में एसपी शलभ सिन्हा ने बताया कि कार्रवाई विशाखा कमेटी द्वारा ही करना है। विशाखा समिति द्वारा आरोपी डाक्टर पर कार्रवाई के आधार पर पुलिस अपनी कार्रवाई तय करेगी।

■ **विशाखा समिति की रिपोर्ट के अध्ययन और सीसीटीवी खंगालने के बाद की जायेगी कार्रवाई : सीएसपी**

उल्लेखनीय है कि उक्त कार्यालय में पदस्थ पीड़िता महिला कर्मचारी सहायक ग्रेड 3 ने नोडल अधिकारी डॉ. जामगढ़े पर उन्हें बुरी नजर से घूरना, आपत्तिजनक बातें करने का आरोप लगाया है। पीड़िता के अनुसार 13 सितंबर को दोपहर 11.40 बजे डॉ. जामगढ़े ने उन्हें अपने आफिस में बुलाया और उक्त महिला की कुर्सी अपने बगल में लगायें जाने तथा तत्काल ड्यूटी ज्यादा कर अपने पास बैठने को कहने लगा। इसके साथ ही डॉ. जामगढ़े ने पीड़िता को घूरते हुए अपनी गर्लफ्रेंड बन जाने और आगे कोई परेशानी न होने देने का वादा करने लगा। यह सुनकर महिला आफिर रूम से रोते हुए बाहर आ गई। डॉ. जामगढ़े भी उसके साथ बाहर गये। महिला का आरोप है कि डॉ. जामगढ़े भी बाहर आ गये और आपत्तिजनक बातें की जिसका महिला ने कड़े शब्दों में विरोध किया। महिला ने डॉ. जामगढ़े पर पहले भी घूरने व अश्लील बातें करने का आरोप लगाया था।

महिला का आरोप है कि उन्होंने जब इसकी शिकायत सीएमएचओ डॉ. मेश्राम से की तो उन्होंने कार्यालय की बदनामी का हवाला देते हुए इस मामले को यही रफा दफा करने की सलाह दे दी। इससे पीड़िता ने जिला अस्पताल स्तर पर न्याय की उम्मीद से निराश होकर इस पूरे मामले की शिकायत कलेक्टर व एसपी को लिखित शिकायत करते हुए आरोपी डॉ. जामगढ़े के विरूद्ध कड़ी ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# नंदकट्ठी में पं. प्रदीप मिश्रा की शिव महापुराण कथा मंडल के लिये भूमिपूजन

**2 अक्टूबर से होगी कथा, 22 एकड़ में बन रहा मंडप**

**दुर्ग,** 15 सितंबर (देशबन्धु)। प्रसिद्ध कथाकार प्रदीप मिश्रा की शिव महापुराण कथा 2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक ग्राम नंदकट्ठी में आयोजित की जा रही है। आज कथा स्थल का भूमिपूजन आचार्य विद्वानों, पुरोहितों एवं श्रद्धालु ग्राम प्रमुख नागरिकों की उपस्थिति में किया गया।



उल्लेखनीय है कि ग्राम नंदकट्ठी मे ंस्थित स्वयंभू भगवान महादेव के प्राचीन मंदिर से 2 किलोमीटर दूर 22 एकड़ जमीन पर भव्य एवं विशाल पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है। आज इस पंडाल कथा स्थल के लिये पं. चपेश कृष्ण शर्मा, पं. जय शर्मा, पं. रविशंकर मिश्रा, पं. आदित्य शर्मा, सरला राधेश्वरी दुबे द्वारा श्लोकमंत्र द्वारा शिवजी की पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर मुख्य आयोजक काशीनाथ साहू, प्रशांत साहू, प्रशांत क्षीरसागर, उषा क्षीरसागर, अश्वनी टंडन एवं ग्राम सरपंच सहित अनेक वरिष्ठ नागरिक उपस्थित थे।

# आंगनबाड़ी केंद्र में मनाया गया पोषण माह

**गुरुर**, 15 सितम्बर (देशबन्धु)। आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 4 गुरुर में पोषण अभियान के तहत पोषण माह कार्यक्रम संपन्न हुआ, जहा सेक्टर सुपरवाइजर प्रतिमा गोस्वामी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कुमारी साहू द्वारा बच्चों के पोषण स्तर के बारे में अभिभावकों को अवगत कराते हुए उन्हें कुपोषण के संबंध में जागरूक किया गया, बच्चों को कुपोषण से बाहर लाने हेतु अनाज के समूह दाल, फल्लि, साग सब्जियां, अंडा मांस मछली, दूध से बने उत्पाद, तेल का इस्तेमाल, पौष्टिक आहार, घर का खाना, अंकुरित अनाज का सेवन जैसे अन्य उचित परामर्श दिया गया।



कुपोषण दूर करने दी गई जानकारी

आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कुमारी साहू ने बताया कि पोषण माह अभियान का उददेश्य जन-जन को कुपोषण के प्रति जागरूक करना है, इस अभियान में किशोरी बालिकाओं की जांच को भी शामिल किया गया था।

इस दौरान स्थानीय स्तर पर उपलब्ध साग सब्जियों की प्रदर्शनी लगाकर उपस्थित माताओ को पोषण के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही केंद्र में रंगोली के माध्यम से उपस्थित जन समुदाय को मतदान के लिए भी प्रेरित किया गया। साथ ही सभी ने अपने मतों का प्रयोग कर जिम्मेदार नागरिक बनने एवं अन्य नागरिकों को भी मतदान हेतु प्रेरित करने की शपथ ली।

इस दौरान सेक्टर सुपरवाइजर प्रतिमा गोस्वामी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कुमारी साहू, सहायिका मेनकुँवर सहित तृप्ति यादव, सारिका यादव, थलेश्वरी साहू, माहेश्वरी ठाकरे, आरती, चेतन रोमेश्वरी, योगेश्वर राव, लीना पटेल, जीवन बाई, तारिणी पटेल, प्रिया साहू भी उपस्थित थे।

# नपा बेमेतरा की प्रेसीडेन्ट इन कौसिंल की बैठक का समापन



**बेमेतरा**, 15 सितम्बर (देशबन्धु)। नगर पालिका परिषद बेमेतरा के प्रेसीडेन्ट इन कौसिंल बैठक दिनांक 15.09.2023 को श्रीमती शकुन्तला मंगत साहू की अध्यक्षता में कार्यालय के अध्यक्ष कक्ष में उपाध्यक्ष पंचू साहू, आशीष राम ठाकुर, साधेलाल बघेल, अखिलेश मिन्टा नामदेव, मनोज शर्मा, श्रीमती रश्मि फणेन्द्र मिश्रा, श्रीमती रेहाना वाहिद रवानी, भूपेन्द्र उपाध्याय मुख्य नगर पालिका अधिकारी, विनीत सिंह, पी.आई.सी सचिव, सौरभ सिंह लेखापाल, कामदेव वर्मा, लक्ष्मीनाथ साहू एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ, जिसमें 74 विषयों पर चर्चा कर निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेन्द्र उपाध्याय के द्वारा समस्त विषयों पर संबंधित विभागवार जानकारी देते हुए मान. सदस्यों को वस्तु स्थिति से अवगत कराया जिस पर चर्चा कर निर्णय लिया गया। नगर पालिका परिषद बेमेतरा क्षेत्रांतर्गत विभिन्न वार्डो में बीटी रोड़, सीसी रोड़, नाली निर्माण, सामुदायिक, भवन निर्माण, कार्यो की स्वीकृति प्रदान की गई तथा जिन ठेकेदारों के द्वारा निर्माण कार्यो को प्रारंभ नही किया गया है उन्हे निरस्त करते हुए ठेकेदारों को ब्लैक लिस्टेड करने सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया।

# प्रदीप कुमार देशमुख उप निरीक्षक पद पर पदोन्नत

**बेमेतरा,** 15 सितंबर (देशबन्धु)। पुलिस मुख्यालय के आदेशानुसार 15 सितंबर को पुलिस अधीक्षक कार्यालय बेमेतरा में पुलिस अधीक्षक बेमेतरा श्रीमती भावना गुप्ता एवं डीएसपी श्रीमती कौशिल्या साहू के द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय बेमेतरा में पदस्थ सउनि (अ) प्रदीप कुमार देशमुख को विभागीय पदोन्नति प्रक्रिया के तहत पदोन्नति प्राप्त होने पर स्टार लगाकर उप निरीक्षक (अ) के पद पदोन्नत किया गया तथा पदोन्नत हुए उप निरीक्षक (अ) को शुभकामनाए देते हुए उनके उज्जवल ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤



# सात मेडिकल ऑफिसर की संविदा नियुक्ति

**दुर्ग**, 15 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर सह अध्यक्ष प्रबंध कारिणी समिति डीएमएफजिला दुर्ग पुष्पेंद्र कुमार मीणा द्वारा 7 मेडिकल ऑफिसर की संविदा नियुक्ति संविदा सेवा शर्तों के आधार पर की गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.पी. मेश्राम से मिली जानकारी अनुसार मेडिकल ऑफिसर डॉ. काजोल शर्मा, डॉ.कुमार श्वेता अरूण, डॉ. कुनाल भारती, डॉ.सिमरन साहू, डॉ प्राची शर्मा, डॉ शाहिन सिद्दिकी और डा. श्रीयांक चंद्रकार की पदस्थापना सिविल सर्जन जिला दुर्ग के अधीन की गई है।

# व्यापारी के पास से 81 लाख के125 किलो चांदी के सामान जब्त

**दुर्ग,** 15 सितंबर (देशबन्धु)। आपापुरा में किराये के मकान में रहने वाले प्रकाश सिंह नामक व्यक्ति के पास से 81 लाख रूपयों के 125 किलो चांदी के मुकुट, छतरी व अन्य सामान बरामद किये गये है। व्यापारी प्रकाश सिंह इन सामानों का कोई बिल पुलिस के समक्ष प्रस्तुत नहीं कर पाया है। फिलहाल कोतवाली पुलिस ने उसके विरूद्ध धारा 102 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। व्यापारी को बिल प्रस्तुत करने के लिये समय दिया गया है।

पुलिस के अनुसार प्रकाश सिंह बिहार का रहने वाला है। वह बिहार व अन्य स्थानों से चांदी के मुकुट, छतरी, पायल व अन्य सामान जो पूजापाठ में लगते है यहां लाकर बेचता है। थाना प्रभारी के अनुसार व्यापारी के पास चोरी का माल बरामद नहीं हुआ है। इसमें अवैध खरीदी जैसा भी कुछ नहीं है।

# वाणी का संयम व्यक्ति की सफलताओं का द्वार : डॉ. छाजेड़



**दुर्ग**, 15 सितंबर (देशबन्धु)। श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथ समाज दुर्ग को पर्युषण पर्वाराधना के लिये आचार्य श्री महाश्रमण जी की कृपा से उपासिक द्वय का सानिध्य प्राप्त हुआ है।

वाणी संयम दिवस के अवसर पर उपासिका डॉ. वीरबाला छाजेड़ ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि वाणी में व्यक्ति के व्यक्तित्व का निर्धारण करने की क्षमता होती है। वाणी का संयम व्यक्ति की सफलाताओं, लोकप्रियता के द्वारा खोलती है। आपने व्यक्तित्व विकास के तत्वों को विस्तारपूर्वक समझाते हुए सफल होने के लिये प्रेरित किया।

उपासिका साधना कोठारी ने कहा कि व्यवहार जगत में बोलने की अपेक्षा होती है। आवश्यक है क्या बोलना-कैसे बोलना। वाणी के असंयम की ही परिणति हुई थी.....महाभारत। आपने ऐतिहासिक कथानकों के माध्यम से वाणी के विवेकपूर्ण उपयोग की प्रेरणा दी।

तेरापंथ महिला मंडल की निवृतमान अध्यक्षा चंद्रा बरमेचा ने जैन विद्या परीक्षा में सम्मिलित होने की अपील करते हुए ज्ञानार्जन के लिये प्रेरित किया। खुशबू मालू ने वाणी संयम करके तो देखिये .,....गीतिका का सुमधुर गायन किया। गुरूदेव की कृपा और उपासिका द्वयों की प्रेरणा से संघ के श्रावक श्राविकाओं में त्याग-तपस्या-पौषध की होड़ लगी है।

# जानकी चौधरी को पीएचडी



**दुर्ग**, 15 सितंबर (देशबन्धु)। पं. रविशंकर शुक्ल विवि के द्वारा श्रीमती जानकी चौधरी को विषय हिन्दी में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गयी। इनके शोध कार्य का विषय है लक में नारी जीवन का यथार्थ छत्तीसगढ़ी लोकगीतों के साक्ष्य से। शासकीय तुलाराम स्नातकोत्तर महाविद्यालय के हिन्दी विभाग के प्राध्यापक डॉ. सियाराम शर्मा के निर्देशन में किए गए शोध में भारतीय स्त्रियों की यथास्थिति का अध्ययन छत्तीसगढ़ी लोकगीतों के साक्ष्य से किया गया है। वर्तमान में जानकी चौधरी नवीन शासकीय महाविद्यालय के हिन्दी विभाग में अतिथि प्राध्यापक के रूप में कार्यकत है।

# बहुविध अनुभव, बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी है, कथाकार रमाकांत श्रीवास्तव

■ **रमाकांत श्रीवास्तव पर केन्द्रीत दो दिवसीय साहित्यिक आयोजन का समापन**




**दुर्ग,** 15 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी और साईंस कालेज दुर्ग हिन्दी विभाग द्वारा वरिष्ठ कथाकार रमाकांत श्रीवास्तव पर केन्द्रित दो दिवसीय साहित्यिक आयोजन के दूसरे दिन कथाकार के विविध पक्षों पर वरिष्ठ साहित्यकारों, उनके समकालीन रचनाकारों और सजग पाठकों ने गंभीरता से चर्चा की। रमाकांत श्रीवास्तव का कथा संसार और किशोर मन का यथार्थ पर विषय प्रवर्तन करते हुए उषा आठले ने कहा कि रमाकांत ने संवेदनाओं के साथ मनुष्य और प्रकृति के रिश्ते को महीनता से चित्रात्मक शैली में उभारा है। उनके पास अद्भुत कल्पना शक्ति है।

चर्चा को आगे बढ़ाते हुये राजेन्द्र शर्मा ने कहा कि एक लेखक को हमेशा यह ध्यान रखना चाहिये कि वह क्यों लिख रहा है और किसके लिए लिख रहा है। किशोरों पर केन्द्रित रमाकांत की किताबे लंबी संस्मरणात्मक किताबें है, जिनके माध्यम से लेखक ने सांस्कृतिक बदलाव का जिक्र किया है। रमाकांत की संस्मरणों से हमें कभी कभी अपने से ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤



# औद्योगिक इकाइयों संपत्ति कर से मुक्त सीएम का माना आभार



**भिलाईनगर**, 15 सितंबर (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं भिलाई वायर ड्राइंग एसोसिएशन के अध्यक्ष युवा उद्योगपति अतुल चंद साहू ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रति आभार व्यक्ति करते हुए छत्तीसगढ़ में उद्योग विभाग एवं जिला उद्योग केन्द्र की भूमि पर संचालित औद्योगिक इकाइयों के उस निर्णय जिसमें नगरीय निकायों में संपत्ति कर पटाने की जरूरत नहीं है का स्वागत किया है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने इस संबंध में जारी आदेश से छत्तीसगढ़ सहित भिलाई दुर्ग के औद्योगिक संचालकों को बड़ी राहत मिली है। प्रदेश सचिव श्री साहू ने छत्तीसगढ़ राज्य के इतिहास में मुख्यमंत्री का यह निर्णय ऐतिहासिक बताया है, इसके लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आभार माना है। नगरीय प्रशासन विभाग की ओर से जारी आदेश के अनुसार राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 163 तथा छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 132 में संपत्ति कर में छूट के विधिक प्रावधान एवं मंत्रि परिषद के आदेश 2 सितम्बर 2023 अनुसार नगरीय क्षेत्र में उद्योग विभाग व सीएसआईडीसी द्वारा विकसित औद्योगिक क्षेत्रों में स्थापित औद्योगिक इकाईयों को संरक्षण एवं प्रोत्साहन देने हेतु संपत्ति कर देयता से पूर्ण छूट प्रदान की जाती है। नगरीय निकायों को पूर्व में प्राप्त हो रही संपत्ति कर की प्रतिपूर्ति वर्ष 2022-23 की वार्षिक मांग को आधार मानकर 30 प्रतिशत राशि क्षतिपूर्ति के रूप में संबंधित निकाय को चुंगी क्षतिपूर्ति मद से देय होगी। पूर्व के बकाया वसूली को अपारत किया जाता है। श्री साहू ने कहा कि इस निर्णय से उद्योगपतियों के साथ-साथ उद्योगों को भी राहत मिलेगी।

# एमआईसी की बैठक में विभिन्न कार्यों की मिली मंजूरी



**भिलाईनगर,** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। भिलाई के हृदय स्थल में संचालित लाल बहादूर शास्त्री अस्पताल का आधुनिकीकरण कर भवन को नया स्वरूप प्रदान दिया जायेगा एवं सुविधाओं का विस्तार तथा पार्किंग, उद्यान व्यवस्थित होगा। इसके अतिरिक्त अन्य 20 प्रस्ताव को महापौर परिषद् ने स्वीकृति दी। महापौर परिषद् की बैठक महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता में अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी परिषद के सदस्यों की उपस्थिति में आहुत किया गया। परिषद् के समक्ष 21 प्रस्ताव विचारार्थ प्रस्तुत किये गये जिसमें सुपेला में संचालित लाल बहादूर शास्त्री अस्पताल भवन का प्रथम चरण में नगर निगम भिलाई तथा छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कार्पोरेशन द्वारा मुख्यमंत्री घोषणा के अन्तर्गत अस्पताल परिसर में पार्किंग को व्यवस्थित कर उद्यान का निर्माण अस्पताल में अतिरिक्त कमरों का निर्माण, वर्तमान वार्ड का विस्तारीकरण, फाल सिंलिग कार्य के साथ वार्ड में लगे बेड को बदल कर नया किया जाएगा। अस्पताल के नये स्वरूप में लिफ्ट की व्यवस्था भी किया जाएगा ताकि अस्पताल में आने वाले मरीजों को कोई असुविधा न हो। बैठक में छत्तीसगढ़ शासन की महत्वकांक्षी योजना रोका छेका संकल्प अभियान अंतर्गत भिलाई निगम क्षेत्र के सड़कों में घूमन्तू मवेशी की धरपकड़ कार्यवाही की जा रही है और मवेशियों को गौठान में रखा जाता है जिसे छूड़ाने के लिए निर्धारित अर्थदण्ड में वृद्धि करते हुए प्रथम बार 2 हजार, द्वितीय 3000 तथा तृतीय और अंतिम बार 5000 रूपये लिए जाने और उसके बाद एफ.आई.आर दर्ज कराने के प्रस्ताव को सहमति प्रदान की गई है। इसी प्रकार निगम क्षेत्र में विभिन्न माध्यमों से उत्सर्जित कार्बन की गणना कर निगम को आर्थिक लाभ के लिए कार्बन क्रेडिट कार्य को स्वीकृति प्रदान दी गई है। निगम के अधिकारी कर्मचारियों को अवकाश नगदी करण एवं एरियर्स के लंबित राशि का भुगतान निगम कोष के संचित निधि की राशि में किये जाने, भिलाई में कार्यपलान अभियंता के अतिरिक्त पद की स्वीकृति, समयपाल अथवा कार्य सहायक ग्रेड 2 में कार्यरत् कर्मचारियों को उपअभियंता के पद पर पदोन्नति किये जाने हेतु भर्ती नियम में संशोधन तथा योग्यता में छूट प्रदान करने व भिलाई निगम में उपअभियंता के पद पर संविलियन हेतु छ्ग् शासन को पत्र प्रेषित किये जाने की स्वीकृति प्रदान किया गया। बैठक में प्रस्तुत अन्य प्रस्ताव निगम की सम्मपत्ति की सुरक्षा हेतु सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था, स्वीपिंग मशीन क्रय, डबरापारा चौक में निर्माणाधीन वेंडिग जोन में व्यवस्थापन, वार्ड 4 नेहरू नगर में समता उद्यान के पास सामुदायिक भवन का निर्माण, वार्ड 37 पुराना वार्ड, शिवालय में डोम शेड निर्माण, जोन 4 खुर्सीपार क्षेत्र में 3 नग महिला पिंक टॉयलेट का निर्माण, छावनी उच्चस्तरीय पानी टंकी से 1.5 एम.एल.डी. फिल्टर प्लांट तक मुख्य पाईप लाईन बिछाने का कार्य, छत पर लगे विज्ञापन बोर्ड का प्रकाशन शुल्क में वृद्धि सहित सामाजिक भवन भूमि आबंटन हेतु अनापत्ति पत्र दिये जाने की स्वीकृति प्रदान किया गया। बैठक में परिषद के सदस्य सीजू एन्थोनी, लक्ष्मीपति राजू, केशव चौबे, संदीप निरंकारी, एकांश बंछोर, लालचंद वर्मा, मन्नान गफ्फार खान, श्रीमती नेहा साहू, रीता सिंह गेरा, मालती ठाकुर, मीरा बंजारे, निगम के विभागीय सचिव, जोन आयुक्त एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## शीट तोड़कर चोरी

**भिलाईनगर**। पावर हाऊस नंदिनी रोड के मुख्य मार्ग से लगी एक फेब्रिकेशन शाप की छत पर लगी सीट तोड़ अज्ञात चोर भीतर घुसे और दुकान में रखे केश समेत कापर केबल, वेल्डिंग राड, ग्राइंडर समेत सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर तक चोरी कर ले गए हैं। रिपोर्ट पर छावनी पुलिस ने धारा 380, 457 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है। पुलिस ने बताया कि 43 वर्षीय राकेश पाण्डेय वेल्डिंग का काम करता है तथा उसकी श्री शिवम स्टील फेब्रिकेशन की दुकान नंदिनी रोड केम्प 2 भिलाई में है। राकेश ने बताया कि वह बुधवार की रात दुकान में ताला लगाकर घर चला गया था। सुबह करीबन साढ़े 9 बजे दुकान पहुंचकर ताला खोला तो देखा कि दुकान की छत में लगी सीट टूटी हुई है और अंदर का सामान बिखरा पड़ा है। दुकान में रखा कैश 5000 रूपये, कापर केबल वेल्डिंग तार, ग्राईंडर मशीन, बाट 20 किलो ग्राम, कैमरा का क्टए टूल्स गायब है। किसी अज्ञात चोर ने दुकान के छत में लगी सीट को तोड़कर अंदर प्रवेश किया।

# पावर प्लांट संचालन और रखरखाव में सुरक्षा पर तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



**भिलाईनगर,** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। संयंत्र के मानव संसाधन विकास विभाग के लघु सभागार में पावर प्लांट संचालन और रखरखाव में सुरक्षा पर 03 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन मानव संसाधन विकास विभाग पावर प्लांट तथा राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद मुंबई द्वारा संयुक्त रूप से 25 प्रतिभागियों के लिए किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य महाप्रबंधक पॉवर फेसिलिटी राजीव पाण्डेय ने सुरक्षित कार्य संस्कृति अपनाने तथा सुरक्षा को सर्वोपरि रख कर कार्य करते हुए संयंत्र में शून्य दुर्घटना नीति के पूर्ण परिपालन पर जोर दिया तथा समय की मांग के अनुरूप सतत सीखते रहने को प्रेरित किया। राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद मुंबई से तकनीकी विशेषज्ञों बाजीराव डेठे, प्रदीप कुमार सिंह ने पावर प्लांट संचालन और रखरखाव में सुरक्षा से सम्बंधित विभिन्न विषयों पर प्रतिभागियों के साथ चर्चा की तथा तीन दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों ने भी अपने अनुभव साझा किये। प्रतिभागियों ने तकनीकी विशेषज्ञों से पावर प्लांट में होने वाली विभिन्न दुर्घटनाओं के कारणों पर चर्चा करते हुए भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं को रोकने के लिए संभावित सुरक्षा उपायों की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम को सफल बताते हुए समस्त पावर प्लांट बिरादरी को प्रशिक्षित कराये जाने की आवश्यकता बताई। राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद मुंबई से तकनीकी विशेषज्ञों ने भी भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए सभी प्रतिभागियों को सुरक्षित कार्यपद्धतियों को अपनाते हुए कार्य करने हेतु अपनी शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम की समाप्ति के दौरान मुख्य महाप्रबंधक पॉवर फेसिलिटी राजीव पाण्डेय द्वारा प्रतिभागियों से फीडबैक लिया गया। कार्यक्रम के अंत में महाप्रबंधक मानव संसाधन विकास विभाग अमूल्य प्रियदर्शी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन कनिष्ठ अधिकारी मानव संसाधन विकास विभाग सैफुद्दीन फज़ली द्वारा किया गया।

# बीआरएम की ऊर्जावान टीम ने बनाया नया कीर्तिमान

**भिलाईनगर,** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। संयंत्र के बार राड मिल की ऊर्जावान टीम ने पुन: अपने ही बनाये कीर्तिमान को तोड़ते हुए 12 एमएम टीएमटी बार मे 3303 टन का उत्पादन कर नया सर्वश्रेष्ठ दिवस कीर्तिमान बनाया। विभाग की इस सफलता पर निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने शॉप फ्लोर पर पहुँच कर कार्मिकों को बधाई प्रेषित की एवं उपस्थित जन समुदाय को संकल्पित किया कि बीआरएम बिरादरी अपने सामूहिक प्रयास से वार्षिक लक्ष्य को अवश्य प्राप्त करेगी तथा भविष्य में आने वाली नयी चुनौतियों के लिए प्रतिबद्ध रहेगी। इस अवसर पर निदेशक प्रभारी ने बीआरएम ने उत्पाद की गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए 100 प्रतिशत ग्राहक संतुष्टि को अपना लक्ष्य रखा है। विभागए ग्राहक की मांग के अनुरूप अपने प्रक्रिया एवं कार्यविधी में सदैव ही नई तकनीकियों का समावेश करता रहा है। जिससे ग्राहको को बेहतर एवं गुणात्मक उत्पाद प्राप्त होता रहे। बीआरएम के उत्पाद देश के सेंट्रल विस्टा, बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट, राम मंदिर अयोध्या, बार्डर रोड ओर्गेनाइजेसन जैसे प्रतिष्ठित प्रोजेक्ट में महत्वपूर्ण भागीदारी निभा रहे हैं तथा इन उत्पादों को ग्राहको से अच्छा प्रतिसाद भी मिल रहा है। विभागाध्यक्ष मुकेश गुप्ता ने सभी कार्मिको को बधाई देते कहा कि यह आप सभी के समर्पण एवं दृढ़ संकल्प के कारण ही यह उत्कृष्ट उपलब्धि संभव हो पाई है। उन्होंने में कहा कि आप सभी नई ऊंचाइयों को प्राप्त करने के लिए खुद को समर्पित करने का संकल्प लें। एस के बेहरा, के के ठाकुर, सच्चिदानंद त्रिपाठी, आशीष, शाश्वत महंती, समीर पाण्डेय, शिखर तिवारी महाप्रबंधकों सहित वरिष्ठ अधिकारीयों ने भी सभी कार्मिकों को बधाई दी।

# बैक लाइन के अवैध कब्जे को किया बेदखल



**भिलाईनगर,** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत अवैध कब्जा करने वालों पर निगरानी करते हुए उनके विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। जोन 04 शिवाजी मदर टेरेसा नगर क्षेत्र में निगम के राजस्व विभाग की टीम ने खुर्सीपार के शास्त्री नगर में अवैध कब्जा कर बैक लाईन में शौचालय में अतिरिक्त कमरे का निर्माण कर विकास कार्य को बाधित करने वाले विरूद्ध बेदखली की कार्यवाही की गई। निगम क्षेत्र में अतिक्रमण, अवैध निर्माण करने वालों पर शिकंजा कसने निगम आयुक्त रोहित व्यास ने अधिकारी कर्मचारियों की टीम बनाई है जो नियम विरूद्ध निर्माण एवं अतिक्रमण कार्य करने वालों की निगरानी करते हुए उनपर कार्यवाही कर रहे है। जोन-4 के सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू ने जोन आयुक्त के निर्देश पर वार्ड 50 शास्त्रीनगर में बीएसपी कर्मचारी आवास सड़क-36 के बैक लाइन की रिक्त भूमि पर कब्जा कर शौचालय का निर्माण किया गया था जिसके कारण बैकलाईन निर्माण विकास कार्य में बाधित हो रहा था। इस अवैध निर्माण को संयंत्र कर्मी को स्वयं से हटाने जोन-4 के राजस्व विभाग द्वारा नोटिस दिया गया था किंतु उक्त महिला द्वारा बैकलाईन में किए गए कब्जे को नहीं हटाया। जिसके कारण निगम भिलाई जोन-4 की टीम ने कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में बेदखली की कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान लोक कर्म विभाग के सहायक अभियंता अजय गौर, राजस्व विभाग का अमला, पुलिस बल, बीएसपी का तोड़फोड़ दस्ता सहित जोन 04 के कर्मचारी उपस्थित में बेदखली की कार्यवाही को अंजाम दिया गया।

# हिंदी भाषा राष्ट्रीयता की संजीवनी है-नलिनी



**भिलाईनगर,** 15 सितंबर (देशबन्धु)। सेंट थॉमस महाविद्यालय में हिंदी विभाग द्वारा हिंदी दिवस कार्यक्रम का आयोजन के मुख्य अतिथि डॉ. नलिनी श्रीवास्तव पूर्व हिन्दी विभागाध्यक्ष, भिलाई प्रभारी प्राचार्य डॉ. जेम्स मैथ्यु, डॉ. देबजानी मुखर्जी, हिन्दी विभागाध्यक्ष कैप्टन डा.सुरेखा जवादे उपस्थित थे। महाविद्यालय के प्रशासक फादर डा.जोशी वर्गीस, प्राचार्य डॉ. एम,जी, रोईमोन ने कार्यक्रम की सराहना की। मुख्य अतिथि डॉ.नलिनी श्रीवास्तव ने कहा कि हिन्दी भाषा पर हमें गर्व है और उन्होंने कहा कि हिंदी भाषा राष्ट्रीयता की संजीवनी है और जन-जन को जोड़ सके वह हिंदी है। प्रभारी प्राचार्य डॉ जेम्स मैथ्यु ने कहां की सभी आम बोलचाल की भाषा एवं दैनिक दिनचर्या में हिंदी का सम्मान करें। डा. सुरेखा जवादे द्वारा कार्यक्रम को संबोधित किया । सहायक प्राध्यापक डॉ. रूपा श्रीवास्तव द्वारा स्वागत भाषण एवं सहायक प्राध्यापक लेफ्टिनेंट; संतोष यादव द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कुमारी हर्षिता जोल्हे द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया।

# खुर्सीपार की सड़क पर सीसीटीवी कैमरे व साउंड सिस्टम लगेगा

**भिलाईनगर,** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रदेश का सबसे सुंदर, स्मार्ट और हाईटेक सड़क भिलाई में बनने को जा रहा है। एमपीआर रोड खुर्सीपार में ऐसा एक सड़क बनाया जाएगा जो शायद ही अब तक प्रदेश में भी कही बना हो। भिलाई के युवा विधायक देवेन्द्र यादव जो हमेशा अपने विजन, दूरदर्शिता,से किये विकास के नए नए आयाम गढ़दिये है। जिन्होने कुछ ही साल में पूरी खुर्सीपार और छावनी क्षेत्र के वार्डों की तस्वीर बदल दी है। खुर्सीपार का सबसे प्रमुख सड़क माने जाने वाला एमपीआर रोड की तस्वीर जल्द बदल रही है। इस एमपीआर रोड को शहर व संभवत प्रदेश का पहला ऐसा सबसे स्मार्ट और सुंदर सड़क बनाया जा रहा है। जहां जनता की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगे रहेंगे। सड़क और लगे पोल पर साउंड सिस्टम भी लगाया जाएगा। जिससे लोग राह चलते भजन और प्रवचन भी सुन सकेंगे। इसके अलावा इस सड़क पर सुरक्षा की दृष्टि से जो नेशनल हाईवे जैसे सड़कों पर लगाए जाने वाला रोड ब्लिंकिंग भी लगाया जाएगा। जो रात में जब जलेगा तो सड़क की खूबसूरती और क्षेत्र पर रहने वाले व चलने वाले लोगों को एक अलग ही अनुभूति प्रदान करेगा। इस सड़क के बनने के बाद से इस क्षेत्र की पूरी तस्वीर ही बदल जाएगी। इस सड़क को नेशनल हाइवे की तरह ही मजबूत और रोड इंजीनियरिंग के हिसाब से बनाया जाएगा। एमपीआर रोड की खूबसूरती रात में और भी ज्यादा बढ़ जाएगी। क्योंकि रात में इस रोड पर लगे स्ट्रीट पोल में लगे दूधिया रोशनी से स्ट्रीट लाइट को काफी सुंदर और मनमोहक बना देगा। इसके अलावा स्ट्रीट पोल पर रंग बिरंगी रोप लाइट भी लगाया जाएगा। जो तिरंगे के रंग से सजा होगा। जब यह लाइट रात में जलेगी तो इसे देख कर लोगों के मन मे देश प्रेम और तिरंगे के प्रति सम्मान भी बढ़ेगा। सरकारी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल के पास एक वर्टिकल फाउंटेन भी निर्माण किया जाएगा। जो क्षेत्र के लिए सबसे सुंदर और आकर्षण का केंद्र होगा। वर्टिकल फाउंटेन जब रात में रंग बिरंगी लाइटों से चलेगी और वहां फाउंटेन में उठाते पानी की बूंदे लोगों को अपनी ओर आकर्षित करेगी। इसे देखने के लिए आसपास क्षेत्र के लोग आएंगे। क्योंकि यह क्षेत्र का ऐसा एक पहला वर्टिकल फाउंटेन होगा जो अब तक भिलाई में कहीं देखने को नहीं मिलता। जो कि क्षेत्र का बेहद खूबसूरत और आकर्षण होगा। सिर्फ इतना ही नहीं विधायक देवेंद्र यादव की पहल से खुर्सीपार के श्रीराम चौक पर एक ऐसा बस स्टैंड बनाया जाएगा। जहां ऐसी लगा होगा। यह बस स्टॉप पूरी तरह से वातानुकुलित रहेगा। यहां से स्कूल व काम पर जाने वाले लोग अपने बस का आराम से इंतजार कर सकेंगे, हालांकि इस एमपीआर रोड पर जहां-जहां बस स्टॉप की आवश्यकता है। वहां पर बस स्टॉप बनाए जाएंगे। लेकिन श्री राम चौक पर जो बस स्टॉप बनेगा वह वातानुकुलित रहेगा। ताकि बारिश, धूप के दिनों में लोगों को परेशानी ना हो और वके आराम से बैठकर वहां अपने वाहन का इंतजार कर सके। विधायक ने कहा कि जनता की मांग पर लगातार विकास कार्य किया जा रहे हैं।



# पावर हाउस ओवर ब्रिज हादसे में स्कूटर, सवार युवक की मौत



**भिलाईनगर** 15 सितंबर (देशबन्धु)। छावनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत बीती रात ओवर ब्रिज पावर हाउस पर को चढ़ते समय ट्रक का ब्रेक फेल हो गया जिसके कारण पीछे आ रहा दुपहिया सवार चपेट में आ गया जिसके कारण युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। इस दुर्घटना की सूचना पर डायल 112 की टीम शव को सुपेला अस्पताल की मॉर्च्युरी पहुंचाया। मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार रात 10.15 बजे पावर हाउस फ्लाई ओवर ब्रिज की है। दुर्ग से रायपुर की ओर फ्लाई ओवर से ट्रक क्रमांक सीजी 04 जे 7289 जा रहा था। ब्रिज को चढ़ते समय ट्रक का ब्रेक डाउन हो गया। चालक ने सड़क पर ही ट्रक को खड़ी कर दिया। लेकिन पीछे से स्कूटर का चालक तेज रफ्तार में आ रहा था। उसे सामने ट्रक नहीं दिखाई दिया। सीधे जाकर ट्रक में घुस गया। जिससे उसके चेहरे में गंभीर चोट आई। मृतक का नाम शिव साहू 31 वर्ष बताया गया है इस दुर्घटना के बाद ब्रिज में जाम लग गया। पुलिस ने मौके पर ट्रैफिक को व्यवस्थित किया। छावनी पुलिस के द्वारा मामला कायम कर विवेचना की जा रही है।

# सेंट थॉमस में लिंग संवेदीकरण पर संवाद



**भिलाईनगर,** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। सेंट थॉमस महाविद्यालय में स्नातकोत्तर प्राणी शास्त्र विभाग एवं आईक्यूएसी द्वारा लिंग संवेदीकरण पर संवाद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता आईक्यूएसी संयोजक एवं मनोविज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. देबजानी मुखर्जी ने विद्यार्थियों को लिंगभेद संबंधित पक्षपात एवं कलंकों की जानकारी दी। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि पालकों को बच्चों का बिना किसी लिंगभेद के समान रूप से लालन पालन करना चाहिए। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्नातकोत्तर के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। महाविद्यालय के प्रशासक रेवरेंट फादर डॉ जोशी वर्गीस ने भविष्य में भी इस प्रकार के ज्ञानवर्धक कार्यक्रम आयोजित करने की प्रेरणा दी। यह सम्पूर्ण कार्यक्रम सेंट थॉमस महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एम.जी. रोईमोन के मार्गदर्शन में हुआ। इस अवसर पर रसायनशास्त्र के विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ जेम्स मैथ्यू ने युवा पीढ़ी को इस सामाजिक कार्यक्रम के माधयम से जागरूक करने के लिए आयोजकों की प्रशंसा की। प्राणी शास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ जयश्री बालसुब्रमनियम ने स्वागत भाषण दिया एवं प्राणी शास्त्र विभाग की सहायक प्राध्यापिका डॉ जोयम्मा जॉन एवं डॉ नीतुराज पाणिकर इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित थे। छात्रों में सत्यम भारद्वाज, तेजस्वी सार्वा एवं नवीन ने अपने विचार प्रस्तुत किये। एमएससी प्रथम सेमेस्टर के छात्र आयुष दुबेले ने कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन दिया।

# इस्पात नगरी के विनोद ने भिलाई का किया नाम रोशन

**भिलाईनगर,** 15 सितंबर (देशबन्धु)। संयंत्र के इनफोर्समेंट में कार्यरत प्रतिभाशाली खिलाड़ी विनोद नायर ने अपने खेल प्रतिभा से भिलाई का नाम रौशन किया है। विनोद नायर का चयन सितम्बर में विशाखापत्तनम में आयोजित होने वाली स्टील प्लांट स्पोर्ट्स बोर्ड इंटर स्टील वॉलीबॉल चैंपियनशिप के लिए पर्यवेक्षक, मुख्य रेफरी के रूप में किया गया है। इस चैंपियनशिप का आयोजन 26 से 29 सितंबर तक किया जा रहा है। श्री नायर एनआईएस वॉलीबॉल कोच रहे है साथ ही उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में रेफरी के रूप में योगदान देकर भिलाई को गौरवान्वित किया है। विनोद नायर को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा वॉलीबाल मैच के इंटरनेशनल रेफरी के रूप में उनके द्वारा दिए गए श्रेष्ठ योगदान के लिए वीर हनुमान सिंह अवार्ड से नवाजा गया। इसके अतिरिक्त श्री नायर वर्ष 2014 में चीन में विश्व महिला चैम्पियनशिप के लिए एशियाई क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट में ऑफिशियल के रूप में प्रतिभागिता की। थाईलैंड में वूमेन वॉलीबॉल चैम्पियनशिप में अपनी भागीदारी दी थी। विनोद इस चैंपियनशिप में पिछले कई सालों से चीफ रेफरी की भूमिका निभाते आ रहे हैं। इस बार उन्हें पर्यवेक्षक की भी जिम्मेदारी दी गई है। इस चैंपियनशिप में भिलाई स्टील प्लांट सहित कई राज्य की टीमें भाग लेंगी। श्री नायर अपने खेल कैरियर में 7 अंतर्राष्ट्रीय चैम्पियनशिप तथा 40 से अधिक विभिन्न राष्ट्रीय वॉलीबॉल चैंपियनशिप में रेफरी व तकनीकी अधिकारी के रूप में कार्य कर चुके है।



# एसएनजी विद्यालय में मनाया गया ग्रेड पेरेन्टस डे



**भिलाईनगर,** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। एस एन जी विद्या भवन हायर सेकेन्ड्रीर स्कूल सेक्टर-4 के सभागार में ग्रेड प्रेरेन्टस डे हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर शाला शिक्षण समिति के जनरल सेक्रेटरी टी यू सुनील, टी अनिल, विशेष अतिथि ग्रैंड पैरेन्ट्स, प्राचार्या सुश्री ई.भारती, वरिष्ठ उपप्राचार्य अभय कुमार सिंह, उपप्राचार्य रूपेश चौधरी, प्रधान पाठिका रेखा राय, उपस्थित थे। अतिथियों को पुष्पगुच्छ प्रदान कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर समस्त पोता-पोतियों ने अपने दादा-दादी, नाना-नानी को तिलक लगाकर एवं पुष्प प्रदान कर स्वागत किया। इस अवसर पर जे उमंग द्वारा भाषण प्रस्तुत किया गया। स्वागत भाषण कक्षा 11वीं की छात्रा कांची ध्रुव प्रस्तुत किया गया। युके जी की भव्या मंडल द्वारा कविता प्रस्तुत की गई। नर्सरी कक्षा के विद्यार्थियों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। इस अवसर पर जे उमंग द्वारा भाषण प्रस्तुत किया गया तत्पश्चात हमारे आज के विशिष्ट अतिथि दादा-दादी एवं नाना-नानी के मनोरंजन हेतु मजेदार संगीतमय खेल का आयोजन किया गया। जिसमें सभी ने बढ़. चढ़ कर भाग लिया इसके अंतर्गत दादा-दादी एवं नाना .नानी द्वारा रोचक प्रस्तुतियां दी गई। जैसे. गणेश स्तुति, सस्वर गायन, श्लोक पठन, पुराने गीतों पर नृत्य, काव्यपाठ एवं भाषण, दादी अम्म, दादी अम्मा मान जाओ दिखता है। के टी अनिल न कहा कि इस प्रकार के आयोजन द्वारा विद्यार्थियों में अच्छे संस्कार पिराए जा सकते हैं। उपस्थित समस्त ग्रैंड पेरेंट्स को पौधा स्मृति चिन्ह के रूप में प्रदान किया गया। ई. शरणया द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रभारी शिक्षिका श्रीमती शारदा पखाले व्याख्याता, वी जानकी तथा छात्रा आर नंदिनी एवं जयदीप सूर्यवंशी द्वारा किया गया।

# बरसते पानी में भाजपा परिवर्तन यात्रा कार्यक्रम में भारी संख्या में पहुंचे ग्रामीण

**डौण्डी/दल्लीराजहरा,** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी की परिवर्तन यात्रा सवा तीन बजे डोंडी पहुची बरसते पानी में गांव गांव से ग्रामिण किसान महिलाएं युवा वर्ग सहित ग्राम के सरपंच पंचगण स्वत: भाजपा के परिवर्तन यात्रा में अपनी उपस्थिति दी कार्यक्रम में ब्लाक डौण्डी के विभिन्न ग्राम के सरपंच लक्ष्मी दुग्गा चंद्रलेखा पायल लोकेश्वरी देवहरी सहित लगभग 200 से उपर ग्रामिणों ने भाजपा प्रवेश किया। जिन्हे केन्द्रीय मंत्री द्वारा भाजपा का गमछा पहना कर स्वागत किया गया। परिवर्तन यात्रा में आये सभी ग्रामिणों ने इस बार कांग्रेस शासन को प्रदेश से बदलने का संकल्प भी लिया ।परिवर्तन यात्रा का डोंडी ब्लॉक के सीमा पर भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष संजीव मानकर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत कर बाइक रैली के माध्यम से डोंडी लाया गया ।बरसते पानी में स्थानीय पुलिस मैदान में हुए परिवर्तन यात्रा कार्यक्रम में केंद्रीय इस्पात राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा कि छत्तीसगढ़ के लोगों को आगे बढ़ाने के लिए पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने इस राज्य का निर्माण किया था 15 साल तक भाजपा सरकार द्वारा यहां का विकास किया गया परंतु वर्तमान में यहां का विकास थम गया है भूपेश सरकार पर निशान सधाते हुए कहा की केन्द्र सरकार छत्तीसगढ़ के विकास के लिए कोई कसर नही छोड़ रही है लेकिन यहा जो कांग्रेस की सरकार है वह विकास के काम नही बल्कि सिर्फ हवा हवाई बातों और झूठे वादो से जनता को भ्रमित कर सिर्फ कांग्रेस नेता अपनी तिजोरी भर रहे है। जो आये दिन प्रदेश की जनता,कांग्रेस नेताओं व इनके जनप्रतिनिधियों के कारनामे टीवी व समाचार पत्र सोशल मिडिया में देख रहे है व पढ़ते है। गाय के गोबर में भी भ्रष्टाचार करे तो उस सरकार की मानसिकता क्या होगी यह पुरा प्रदेश समझ रहा है। साथ ही यह भी कहा की लोगों के शिक्षा और स्वास्थ्य पानी जैसे मूलभूत सुविधा के लिए दिए जाने वाले खनिज न्यास निधि का बंदरबाँट हो रहा है। जल जीवन मिशन के काम का भी क्रियान्वयन ठीक तरह से नही किया जा रहा है ।जिससे पीने के शुध्द पानी से लोग वंचित हो रहे है। प्रदेश के कांग्रेस सरकार ने 16 लाख गरीबों का आवास नहीं बना कर उनका हक छीना है मोदी सरकार आदिवासियों का सम्मान करते हुए देश के सर्वोच्च राष्ट्रपति पद पर आदिवासी महिला द्रोपति मुर्मू को बिठाया है सांसद मोहन मंडावी ने कहा कि प्रदेश संस्कार के छत्तीसगढ़ के सरकार संस्कृति के साथ खिलवाड़ कर रही है इसलिए भूपेश बघेल चम्मच में बासी खाते हैं जबकि छत्तीसगढ़ के लोग बटकी में निकाल कर हाथ से बासी खाते हैं। छत्तीसगढ़ की खनिज संपद को कांग्रेस पार्टी एटीएम की तरह उपयोग कर रहे है। चुनाव के पूर्व कांग्रेस के द्वारा 36 प्रकार की घोषणा किए थे जो कि केवल घोषणा ही रह गया है। उन्होंने कहा कि हमने केंद्र सरकार ने इस क्षेत्र के विकास के लिए दल्ली राजहरा बालोद भानुप्रतापपुर में रेलवे स्टेशन विकास के लिए 15 15 करोड रुपए दिए हैं इसके अलावा दल्लीराजहरा में पैलेट प्लांट के लिए 165 करोड़ रूपया की राशि दिए हैं पूर्व मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता ने ठान लिया है कि अब कोई भी गांधी आए इस सरकार को बदलना है कांग्रेस ने चुनाव के पूर्व वादा किया और भूल गये है। उन्होंने कहा कि यहां की राज्य सरकार महिला समूहों के कर्ज माफी की घोषणा किये थे जो कि हुआ नही परंतु रेडी टू इट में काम करने वाली महिलाओं के रोजगार छीन लिए उन्होने सभी कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा की सारे मतभेद भूला कर डौण्डी लोहारा विधान सभा से देवलाल ठाकुर को विजय बना कर प्रदेश में कमल खिलाने में जूट जाएं भाजपा प्रत्याशी देवलाल ठाकुर ने कहा कि विधानसभा चुनाव के पूर्व गंगाजल को हाथ में लेकर शराब बंदी की कसम खाने वाले कांग्रेसी लोग आज घर-घर में शराब पहुंच रहे हैं इस क्षेत्र की विधायक साढ़े 4 साल से अपने घर के बगल में शराब बेचवा रही है छत्तीसगढ़ की बहनों से वादा तो किया था शराब बंदी का लेकिन कांग्रेस ने शराब की बिक्री में ही घोटाला कर दिया यह कांग्रेस की मानसिकता है ।डोंडीलोहारा विधानसभा क्षेत्र में भी परिवारवाद की राजनीति चल रही है। झूठा प्रचार और आकंठ भ्रष्टाचार,यही छत्तीसगढ़ कांग्रेस की पहचान है। जिसे प्रदेश की जनता अच्छे से समझ रही है। कार्यक्रम में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडे कमलचंद भजदेव पूर्व विधायक भोजराज नाग शिवरतन शर्मा शीतल नायक भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्णकांत पवार मंडल अध्यक्ष मनीष झा मंडल महामंत्री अजय चौहान मंडल उपाध्यक्ष हिन्छा राम साहू नगर पंचायत अध्यक्ष व परिवर्तन यात्रा कार्यक्रम प्रभारी सोमेश सोरी नगर पंचायत उपाध्यक्ष डॉ रूपेश नायक भाजपा के वरिष्ट नेता दिनेश अग्रवाल जयेश ठाकुर युवा भाजपा नेता श्याम जायसवाल देवेंद्र जायसवाल छगन यादव हिसा साहू मुकेश कौडों शुभ सिंह कुरेटी अनीता कुमेटी सोमेश साहू राधिका भारद्वाज भरत भाई पटेल महेश पांडे राजेंश डशोडे राजू कुकरेजा सेकड़ो कार्यकर्ता सहित हजारो की संख्या में ग्रामिण जन उपस्थित रहे।



**कांग्रेस हवा हवाई बातों झूठे दावों मे जूटी,सिर्फ अपने नेताओं की भरी तिजोरी:केंद्रीय मंत्री**

**छ.ग खनिज संपदा को कांग्रेस नेता एटीएम की तरह उपयोग कर रहे:सांसद मंडावी**

**वादा किया शराब बंदी का लेकिन शराब बिक्री में ही कांग्रेस कर दिया घोटाला:प्रत्याशी ठाकुर**

## सनौद सरपंच नहीं बचा पाई अपनी कुर्सी , पक्ष में 10 विपक्ष में 2 मत पड़े

**दस पंचो ने मिलकर लाया था अविश्वास प्रस्ताव , सरपंच हुआ पदमुक्त**




**गुण्डरदेही,** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत सनौद की सरपंच बिमला बाई यादव अपनी कुर्सी बचाने में सफल नहीं हो पाई दस दिन पहले दस पंचों ने अविश्वास प्रस्ताव लाया था जो पारित हो गया अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के बाद सरपंच को पदमुक्त कर दिया है शुक्रवार को जनपद पंचायत गुण्डरदेही में मतदान हुआ इस दौरान सरपंच सहित 12 पंच मौजूद रहे अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष मे 10 व विपक्ष मे 2 मत पड़े अविश्वास प्रस्ताव पंच चन्द्रभान साहू कन्हैया ठाकुर सेतराम साहू केश कुमार योगेश्वरी यादव रमीजा बेगम चमेली चंदेल खेमीन बाई तुलसी बाई व निर्मला बाई शामिल है

**6 मुद्दो पर लगाया था अविश्वास प्रस्ताव**

पंचो ने 6 मुद्दो पर अविश्वास प्रस्ताव लाया था जिसमे सरपंच बिमला यादव द्वारा अपने कर्तव्यो का निर्वहन नही करते , सरपंच द्वारा अपने पद का दुरुपयोग करते हुए शासकीय योजना से निर्मित कार्यो के भुगतान मे बाधा डालती है कमीशन की मांग करते हुए हस्ताक्षर करने की बात करते है और पंचो द्वारा बोलने पर विवाद की स्थिति निर्मित करती है, सरपंच पुत्र रवि यादव द्वारा पंचायत प्रतिनिधियो के साथ दुर्व्यवहार किया जाता है और दादागिरी कर निर्माण कार्य कराया जाता है , सरपंच द्वारा अनैतिक तरीके से पंचायत के फंड राशियो का आहरण कर राशि का दुरुपयोग किया गया , सरपंच व उनके पुत्र रवि यादव द्वारा 14 वे व 15 वे वित्त की राशि को बगैर पंचायत प्रस्ताव व अनुमोदन के बिना प्रस्ताव बिल के 3 लाख 57 हजार रुपए की फर्जी भुगतान कर राशि गबन किया गया है, सरपंच को ग्राम पंचायत बैठक के माध्यम से पंचो द्वारा पंचायत के भुलभुत समस्या को बताने पर कोई ध्यान नही दिया जाता

**हम सभी की प्राथमिकता गांव का विकास**

गांव के विकास के लिए हुए एकजुट होकर अविश्वास प्रस्ताव लाने में आगे आए पंचों ने बताया कि हम सभी निर्वाचित जनप्रतिनिधि हैं और अपने अपने वादों से चुनकर आए हैं हम सभी की प्राथमिकता गांव का विकास है परंतु यहां की सरपंच बिमला बाई यादव गांव के विकास की ओर बिल्कुल भी जिम्मेदारी नहीं उठा रही थी इसलिए हम सभी एक जुट होकर अविश्वास प्रस्ताव लाए थे और जीत भी हमारी हुई



## विधानसभा चुनाव, भाजपा का प्रचार रथ रवाना

**डोंगरगढ़,** 15 सितम्बर (देशबन्धु) ।प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा द्वारा दंतेवाड़ा से परिवर्तन यात्रा का आयोजन प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्र में किया जा रहा है इसी कड़ी में डोंगरगढ़ विधानसभा मे भी आगामी 17 सितम्बर को परिवर्तन यात्रा का आयोजन किया गया है जिसमे पार्टी के बड़े नेता 17 सितम्बर दिन रविवार शाम को नगर पहुचेंगे जिसके बाद मुख्य मार्गो मे रोड शो करने के बाद स्थानीय छीरपानी परिसर में आम सभा का आयोजन किया जाएगा वहीं दूसरे दिन 18 सितंबर दिन सोमवार को पार्टी के नेताओं द्वारा प्रेसवार्ता कर पार्टी की उपलब्धि के विषय में पत्रकारों से विस्तार से चर्चा की जायेगी । विधानसभा चुनाव के मध्य नजर भाजपा की उपलब्धि व कांग्रेस की नाकामी को जन जन तक पहुँचाने के उधेश्य से भाजपा नेताओ द्वारा शुक्रवार को प्रचार रथ को रवाना किया गया । इस अवसर पर विधानसभा प्रभारी अजय तिवारी, वरिष्ठ भाजपा नेता हरविंदर सिह मंगे, तुलसी मिश्रा, शहर मंडल अध्यक्ष अमित जैन, महेंद्र अग्रवाल, रमन डोंगरे, शिव यादव, मुकुंद यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

## जयराम बने छुईखदान तहसील कोटवार संघ के अध्यक्ष



**खैरागढ़,** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। छुईखदान तहसील में कोटवार संघ का चुनाव विगत दिनों संपन्न हुआ जहां अध्यक्ष के पद पर ग्राम घोघरे निवासी जयराम बोरकर को नियुक्त किया है।

इसी तरह तहसील उपाध्यक्ष मोतीदास मानिकपुरी, सचिव महेश गंधर्व, कोषाध्यक्ष संजय मेश्राम, संगठन मंत्री हेमंत दास मानिकपुरी व द्वारका दास, उपसचिव रविदास मानिकपुरी, उपसंगठन मंत्री रविप्रकाश मानिकपुरी, महामंत्री रामसुख सोनटेके सहित कार्यकारिणी सदस्य के रूप में नामदास मानिकपुरी, दुर्जनदास मानिकपुरी, संतोष नारकर, खोरबाहरा चौरे, कौशिल्या मानिकपुरी, जानकी मानिकपुरी, सोनाराम कौशल, बिरबलदास मानिकपुरी व सोहनदास मानिकपुरी को मनोनित किया गया है।

## प्रादेशिकी का शेष...

**सीएमएचओ में पदस्थ डॉ. जामगढ़े ...**

कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में सीएमएचओ डॉ. जे.पी.मेश्राम से संपर्क साधने पर उन्होंने बताया कि उक्त महिला कर्मचारी द्वारा वाट्स एप पर की गई शिकायत के आधार पर 5 सदस्यीय विशाखा समिति को मामला सौंप दिया गया । समिति की रिपोर्ट के आधार पर आरोपी डॉ. एस.के.जामगढ़े को सीएमएचओ कार्यालय से कार्यमुक्त करते हुए उन्हें मूल पद शहरी परिवार कल्याण केन्द्र सुपेला में भेज दिया गया है।

**प्रदीप कुमार देशमुख ...**

भविष्य की कामना की गई। पुलिस अधीक्षक बेमेतरा श्रीमती भावना गुप्ता के द्वारा पदोन्नत हुए उप निरीक्षक (अ) प्रदीप देशमुख के पद पर पदोन्नति के साथ ङ्क साथ उत्तरदायित्व में बढोत्तरी हुई है, इसी उत्तरदायित्व के अनुरूप अपने दक्षता एवं निष्ठा का पूर्ण ईमानदारी से उपयोग करते हुए महत्वपूर्ण भूमिका निभायें। डीएसपी श्रीमती कौशिल्या साहू एवं रक्षित निरीक्षक मुकेश जोशी के द्वारा भी पदोन्नति प्राप्त उप निरीक्षक (अ) को शुभकामनायें देते हुए आने वाली परिस्थितियों में सामन्जस्य बनाकर कार्य करने हेतु कहा गया।

इस दौरान मुख्यलिपिक हरि ओम विश्वकर्मा, स्टेनो अजय कुमार देवांगन, एसआरसी/स्थापनी लिपिक सउनि (अ) दीपक गाजर्लेवार, चुनाव सेल प्रभारी उप निरीक्षक दुलेश्वर चंद्रवंशी, सउनि एसपी रीडर विष्णु सप्रे सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अन्य अधि./कर्म. उपस्थित रहे।

**बहुविध अनुभव, बहुआयामी व्यक्तित्व...**

छुट गयी दुनिया को और उसके पास तक जाकर उसे पहचानने का सुख मिलता है। राजीव कुमार शुक्ल ने कहा कि सत्तायें हमें क्या पढ़ने को प्रेरित कर रही है यह हमें सोचना चाहिये। जीवन में एक बेहतर मनुष्य बनने की प्रक्रिया बच्चों में किशोर साहित्य से ही मिलती है। उन्होंने आज के युवाओं को किस तरह पढ़ना और सोचना चाहिये इस पर प्रकाश डाला। अच्छा साहित्य एक दोस्त की तरह होता है। उन्होंने कहा कि रमाकांत की भाषा हमें प्रसन्न करती है।

कथेतर साहित्य का वैभव पर केन्द्रित सत्र में उनके साथ लंबे समय तक खैरागढ़ में रहे, जीवन यदु ने कहा कि बच्चों पर लिखने का अर्थ देश को संस्कार देना है। छत्तीसगढ़ी लोक गाथा रमाकांत की अनूठी उपलब्धि है। उन्होंने रमाकांत के व्यक्तित्व के विविध पक्षों पर प्रकाश डाला और उनसे जुड़े संस्मरणों के माध्यम से लेखक की रचना प्रक्रिया का जिक्र किया। वरिष्ठ आलोचक सियाराम शर्मा ने कहा कि स्मृति मनुष्य का अविभाज्य हिस्सा है। मनुष्य अपने अतीत, वर्तमान और भविष्य को साथ साथ जीता है। हम जिन लोगों के साथ जीते है, उनसे प्रेम का, विरोध का और बहस का संबंध होता है। रमाकांत के संस्मरणों में यही उभरता है। रमाकांत के संस्मरणों में उनके समकालीन काषीनाथ सिंह, स्वयं प्रकाश, नागार्जुन, महावीर अग्रवाल, कमला प्रसाद, ललित सुरजन आदि सहधर्मियों का संस्मरण है। रमाकांत के संस्मरण एक एलबम की तरह है, जिसमें कई तरह के चित्र हैं।

वरिष्ठ कवि एवं समीक्षक बसंत त्रिपाठी ने उनके निबंधों पर केन्द्रित वक्तव्य में कहा कि एक लेखक जिस विधा में जो लिख रहा होता है, उस समय वह मूलत: वही होता है। हमें उनके निबंधों में अपने समय, समाज के प्रश्नों की आकुल चिंतायें दिखायी देती है। सिनेमा पर उनके सबसे ज्यादा निबंध है। रमाकांत ने फिल्मों पर लिखते हुए शुध्द मनोरंजन और स्वस्थ मनोरंजन में अंतर स्पष्ट किया है। बसंत त्रिपाठी ने रमाकांत के लेखन के बहाने पूंजी, धर्म और सत्ता के गठजोड़ से सजग रहने आगाह किया।

रमाकांत के व्यक्तित्व के विविध आयामों पर चर्चा करते हुये उषा आठले ने कहा रमाकांत जी अपने संगठन और विचारों के प्रति सदैव प्रतिबध्द रहे, वे बहुत अच्छे संगठक, आयोजक एवं संचालक है। वे दो पीढ़ियों के बीच कभी भेद नही किये। उनका व्यक्तित्व बहुत ही सहज, आकर्षक और सौम्य है। वे बेहतर और पारदर्शी इंसान हैं। रमाकांत की जीवनसाथी दीपा श्रीवास्तव ने उनके व्यक्तित्व के अंतरंग पक्षों पर प्रकाश डाला। पारिवारिक जीवन, लेखकीय दायित्व और सांगठनिक जिम्मेदारियों के बीच उनका संतुलन सदैव बना रहा। उन्हें लेखन की प्रेरणा अपनी मां से मिली। उनके सहपाठी और संगठन में लंबे समय तक साथ साथ रहे वरिष्ठ साहित्यकार रवि श्रीवास्तव ने रमाकांत के साथ अपने छात्र जीवन की यादों को साझा किया। उन्होंने कहा कि जो जीवन उन्होंने रमाकांत के साथ बिताया वे क्षण अत्यंत सुखद थे। उनका ज्ञान, चेतना और जानकारी अद्भुत है। वरिष्ठ रंगकर्मी और पत्रकार राजकुमार सोनी ने कहा कि रमाकांत की बौध्दिकता और संवेदना हमें गहरे तक प्रभावित करती है। उनकी विनोदप्रियता हदय को छूती है। वे कुशल नेतृत्वकर्ता और संगठनकर्ता है। उनका पांच दशकों का गौरवशाली सार्वजनिक जीवन हमें प्रेरित करता है।

सत्रांत में जय प्रकाश और राजीव कुमार शुक्ल ने रमाकांत श्रीवास्तव से विभिन्न पक्षों पर संवाद किये, जिस पर उन्होंने बेबाकी से अपना पक्ष रखा। हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. अभिनेश सुराना ने आयोजन समापन के अंत में आभार ज्ञापन किया। आज के आयोजन में छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी के अध्यक्ष ईश्वर सिंह दोस्त सहित दुर्ग, भिलाई, छत्तीसगढ़ एवं देशभर के विभिन्न शहरों, कस्बों से आये साहित्यकार, रचनाकार एवं पाठकगण उपस्थित रहें। आयोजन को सफल बनाने में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर.एन. सिंह हिन्दी विभाग से डॉ. बलजीत कौर, डॉ. कृष्णा चटर्जी, प्रो. थानसिंह वर्मा, प्रो. अन्नपूर्णा महतो, डॉ. रजनीश उमरे, डॉ. सरिता मिश्र, डॉ. ओमकुमारी देवांगन, डॉ. लता गोस्वामी, डॉ. शारदा सिंह एवं अन्य विभागों के प्राध्यापकगण, अतिथि व्याख्याता, शोधार्थी, छात्रगण, रासेयो स्वयं सेवक उनके प्रभारी प्रो. जनेन्द्र कुमार दीवान एवं क्रीडा अधिकारी लक्ष्मेन्द्र कुलदीप की सराहनीय भूमिका रही।

## बस सहित सभी वाहनों के संचालन करने वाले मालिकों के लिए निर्देश जारी

**कवर्धा,** 15 सितंबर 2023। जिले में कुछ दिनों से अधिक वर्षा होने एवं मौसम खराब होने के कारण अधिकतर नदी नाला उफान पर चल रहे है। कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे के निर्देश पर जिला परिवहन अधिकारी मोहन साहू ने जिले में बस सहित सभी वाहनों के संचालन करने वाले मालिको को निर्देश जारी किया है।



जारी निर्देश में बताया गया है की ऐसी स्थिति में आपके स्वामित्व की समस्त बसें वस्तुस्थिति को ध्यान में रखते हुये नदी-नाला सामान्य स्थिति होने पर ही अपने स्वामित्व के वाहनों का संचालन करे, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके। परिवहन अधिकारी ने बताया की उक्त निर्देशों का पालन नहीं करने या किसी भी प्रकार की दुर्घटना होने पर संबंधित वाहन के विरुद्ध मोटरयान अधिनियम के तहत् कार्यवाही की जाएगी व साथ ही चालक लायसेंस के निलम्बन की कार्यवाही की जाएगी।

## शिवसेना बेमेतरा के तीनों विधानसभा के लिए बैठक कल

**बेमेतरा,** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शिवसेना जिला बेमेतरा प्रमुख दाऊ राम चौहान ने कहा कि जिला बेमेतरा के तीनों विधानसभा में प्रत्याशी उतारने को लेकर 17 सितंबर दिन रविवार को दोपहर 12:00 से स्थानीय विश्राम गृह में विशेष बैठक रखा गया है उक्त बैठक छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार के आदेशन अनुसार रखा गया है इस बैठक में प्रदेश स्तर के पदाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे आगे चौहान ने पार्टी के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की गई है इन्हीं के साथ चौहान ने यह भी कहा कि शिवसेना पार्टी से विधायक चुनाव लड़ने की जो इच्छुक प्रत्याशी है वह भी इस बैठक में उपस्थित हो सकते हैं जिले के तीनों विधानसभा में प्रत्याशी का सूची अति शीघ्र जारी की जाएगी ।

## भाजपा परिवर्तन यात्रा की तैयारी को लेकर बैठक

**डोंगरगढ़** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। मां दंतेश्वरी की नगरी दंतेवाड़ा से निकली भाजपा की परिवर्तन यात्रा 17 सितंबर को मां बमलेश्वरी की नगरी डोंगरगढ़ में आ रही है। इस उपलक्ष में आज महिला मोर्चा के द्वारा शहर के विभिन्न वार्डों में महिलाओं को ज्यादा से ज्यादा परिवर्तन यात्रा में शामिल होने के लिए बैठकें आयोजित कर आमंत्रित किया गया। उक्त बैठक में कांग्रेस सरकार को बदलने के लिए तथा प्रदेश में व्याप्त भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए महिलाओं में भारी उत्साह देखा गया। लगभग सभी महिलाओ ने बैठक में उल्लेख किया कि कांग्रेस सरकार को जाना ही चाहिए क्योंकि ना तो कहीं भी आवास पट्टा दिया गया ना तो प्रधानमंत्री आवास ही बनाया गया। सड़कों की हालत कितनी बदतर हो गई है। यहां तक की राशन दुकानों से जो केंद्र सरकार राशन दे रही है वह भी नहीं दिया जा रहा है। इस तरह इस बार महिलाओं ने ठान लिया है कि सरकार को बदलना है और इस उपलक्ष में पूर्व विधायक रामजी भारती , सरकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शशिकांत द्विवेदी ने भी बैठक लेकर ज्यादा से ज्यादा संख्या में महिलाओं को 17 सितंबर को मां बमलेश्वरी के प्रांगण में पहुंचने के लिए आग्रह किया।

## अवैध रूप से शराब परिवहन करने वाला पर कार्रवाई

**डोंगरगढ़,** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन में क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु आपराधिक तत्वो के विरूध्द लगातार कार्यवाही किया जा रहा है ।इसी कड़ी में अवैध शराब विक्रय पर डोगरगढ़ पुलिस को कार्यवाही करने में सफलता मिली है। दिनांक 15/09/2023 को डोगरगढ़ पुलिस को सूचना मिला की एक व्यक्ति सफेद रंग के स्कूटी क्रमांक सी. जी. 08 आर 2198 में कटली शराब दुकान से डोंगरगढ के रास्ते ग्राम गाजमर्रा की ओर जा रहा है। सूचना पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ प्रभात पटेल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक राम अवतार ध्रुव के नेतृत्व में टीम गठित कर ग्राम गाजमर्रा रोड के सामने चेक पोस्ट लगाकर आने जाने वाहनो की चेकिंग किया जा रहा था। इसी दौरान चेकिंग एक सफेद रंग का स्कूटी क्रमांक सी.जी. 08 आर 2198 को रोक कर चेक किया गया जिसमें 01 व्यक्ति मिले पूछताछ करने पर अपना नाम खेमचंद अग्रवाल पिता स्व शिव प्रसाद अग्रवाल उम्र 60 साल निवासी लालबहादुर नगर पुलिस चौकी चिचोला थाना छुरिया जिला राजनांदगांव का रहने वाला बताया। स्कूटी वाहन में रखे प्लास्टिक बोरी व गाडी की डिग्गी को चेक करने पर आरोपी के कब्जे से 44 पौवा जम्मू स्पेशल व्हीस्की अंग्रेजी शराब व 14 पौवा देशी प्लेन शराब जुमला मात्र 10.440 बल्क लीटर, 01 नग स्कूटी वाहन को जप्त किया गया। आरोपी का उक्त कृत्य आबकारी एक्ट की परिधि में आने पर आरोपी के विरूध्द थाना डोंगरगढ में अपराध क्रमांक 567/23 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबध्द किया गया मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया जंहा से जेल वारंट प्राप्त कर जेल भेजा गया। इस कार्यवाही में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने वाले पुलिस अधिकारी- प्र0आर0 501 अजीत टोप्पो, आर0 गजेन्द्र भारद्वाज, आर चंद्रकांत सोनी का रहा है।




## निधन

### दिव्यांशु देशमुख



**दुर्ग,** 15 सितंबर (देशबन्धु)। बोरसी जोन ;छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल के सहायक यंत्री डीलेंद्र देशमुख के ज्येष्ठ पुत्र दिव्यांशु देशमुख (21) का आकस्मिक निधन हो गया है। अंतिम संस्कार 16 सितंबर शनिवार को शिवनाथ नदी मुक्तिधाम में समय सुबह 11 बजे किया जाएगा।

### दामोदर दास राठी



**दुर्ग,** 15 सितंबर (देशबन्धु)। गंजपारा निवासी दामोदर दास राठी (87) का गुरूवार की रात निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को शिवनाथ नदी मुक्तिधाम में किया गया। वे मनमोहन राठी के भाई और अनिल व सुधीर राठी के पिताजी थे। दामोदर दास राठी श्री सांई मंदिर समिति कसारीडीह दुर्ग के संस्थापक सदस्य थे। उनके निधन पर श्री सांई मंदिर समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों ने शोक व्यक्त किया है।

# परिवर्तन यात्रा को लेकर आमजन में अपार उत्साह : लखनलाल

## 19 को नवागढ़ में आगमन, मुख्यमंत्री हिमंत बिश्व शर्मा करेंगे सम्बोधित

**बेमेतरा,** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व द्वारा निकाली गई परिवर्तन यात्रा का नवागढ़ विधानसभा में 19 सितम्बर को आगमन हो रहा है। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिश्व शर्मा सम्बोधित करेंगे। साथ ही प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव सहित वरिष्ठ नेतागण शामिल होंगे।



परिवर्तन यात्रा के नवागढ़ आगमन के तैयारियों के सम्बंध में बुधवार को भाजपा जिला प्रभारी व पूर्व सासंद लखनलाल साहू, जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी एवं विधानसभा प्रभारी तोखन साहू ने वरिष्ठ पदाधिकारियों की बैठक जिसमें सभी को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी।

19 सितम्बर को यह यात्रा ग्राम उमरिया से नवागढ़ विधानसभा में प्रवेश करेगी, जहां से बाइक रैली की अगुवाई में नवागढ़ पहुंचेगी। दोपहर 02 बजे नवागढ़ राजीव गांधी चौक में यात्रा का भव्य स्वागत होगा। इसके पश्चात राउत नाचा, पंथी, रामकीर्तन मंडली, कर्मा दल आदि के साथ भव्य रोड शो के रूप में बस स्टैंड स्थित सभा स्थल तक पहुंचेगी। बस स्टैंड में महिला मोर्चा द्वारा समस्त अतिथियों का स्वागत किया जाएगा। 03 बजे बस स्टैंड के मंच से मुख्यमंत्री शर्मा सहित समस्त अतिथिगण आमजन को संबोधित करेंगे। नवागढ़ से यह यात्रा बेमेतरा के लिए रवाना होगी।

पूर्व सांसद साहू ने भाजपा की परिवर्तन यात्रा को लेकर आमजन में अपार उत्साह है। ऐसे में यात्रा को सफल बनाने में हम सभी को मिलकर कार्य करने होंगे। साहू ने कहा कि जिसे जो भी जिम्मेदारी मिली है उसे कृतसंकल्पित होकर पूरा करना हम सबकी जिम्मेदारी है। कहा कि नवागढ़ विधानसभा को जो भी दायित्व प्रदेश नेतृत्व से मिला है उसे पूरा करने में नवागढ़ अव्वल रहा है। यात्रा में सभी में सभी वर्गों को जोड़ते हुए सर्वाधिक आमजन की भागीदारी बने ऐसे प्रयास करना है।

जिलाध्यक्ष जोशी ने सभी पदाधिकारियों को अधिक से अधिक परिवर्तन यात्रा से जुड़ने व लोगों को यात्रा में शामिल करने के लिए लक्ष्य दिया। विधानसभा प्रभारी साहू ने पांडाल, माइक, वाहन, पानी आदि की व्यवस्थाओं में कोई कसर नहीं रखी जाए। यात्रा मार्ग को सजाना है। उन्होंने यात्रा के बारे में पदाधिकारियों से बारीकी से चर्चा करते हुए यात्रा का प्रचार-प्रसार अधिकाधिक किया जाए। सभी को आमंत्रित किया जाए।

इस दौरान पूर्व मंत्री डीडी बघेल, जिला उपाध्यक्ष विकास धर दीवान, एससी मोर्चा दयावंत धर बान्धे, महिला मोर्चा जिला महामंत्री मधु रॉय, भाजयुमो जिलाध्यक्ष परमेश्वर वर्मा, पंचायत प्रकोष्ठ जिला संयोजक हरिकिशन कुर्रे, पूर्व जनपद सदस्य निमिराज सोनवानी, वरिष्ठ नेता दुखीराम साहू, मण्डल अध्यक्ष चन्द्रपाल साहू, अजय साहू, सुरेन्द्र राजपूत, सुरेन्द्र सिंह, तानसेन पटेल, सुरेश साहू, मनीराम साहू, रामसागर साहू, धनीराम निर्मलकर, तनु दीवान सहित वरिष्ठ नेतागण उपस्थित रहे।

# एसपी ने प्रधान आरक्षक राजेन्द्र सिंह एवं गुहाराम वारे को स्टार व कैप लगाकर सहायक उप निरीक्षक के पद पर किया पदोन्नत

**बेमेतरा,** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज दुर्ग श्री बी.एन.मीणा (भा.पु.से.) के आदेशानुसार आज दिनांक 14.09.2023 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय बेमेतरा में पुलिस अधीक्षक बेमेतरा श्रीमती भावना गुप्ता (भा.पु.से.) एवं अति.पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल द्वारा बेमेतरा जिले में कार्यरत प्रधान आरक्षक राजेन्द्र सिंह एवं गुहाराम वारे को प्रधान आरक्षक से सहायक उप निरीक्षक की योग्यता सूची वर्ष 2023 में लाये गये थे, जिन्हे प्रधान आरक्षक की पी.पी. कोर्स उत्तीर्ण करने के पश्चात सहायक उप निरीक्षक के पद पर ( विभागीय पदोन्नति प्रक्रिया के तहत पदोन्नति प्राप्त प्रधान आरक्षक को ) स्टार व कैप लगाकर पदोन्नत किया गया।



पुलिस अधीक्षक बेमेतरा श्रीमती भावना गुप्ता (भा.पु.से.) द्वारा पदोन्नत हुए सहायक उप निरीक्षक राजेन्द्र सिंह एवं गुहाराम वारे पदोन्नति के साथ ङ्क साथ पदोन्नत हुए सहायक उप निरीक्षक के उत्तरदायित्व में बढोत्तरी हुई है, इसी उत्तरदायित्व के अनुरूप अपने दक्षता एवं निष्ठा का पूर्ण ईमानदारी से उपयोग करते हुए समाज में कानून तथा शांति व्यवस्था बनाये रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायें। अति.पुलिस अधीक्षक बेमेतरा पंकज पटेल द्वारा भी पदोन्नति प्राप्त सहायक उप निरीक्षक को शुभकामनायें देते हुए बेमेतरा जिले की पुलिसिंग एवं आने वाली परिस्थितियों में सामन्जस्य बनाकर कार्य करने हेतु बताया गया।

साथ ही पदोन्नत हुए सहायक उप निरीक्षक राजेन्द्र सिंह को थाना चंदनू एवं गुहाराम वारे को पुलिस चौकी खण्डसरा में अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त पदस्थ किया गया है। इस दौरान स्टेनो अजय कुमार देवांगन, सउनि (अ) दीपक गाजर्लेवार, शिकायत शाखा प्रभारी उप निरीक्षक बल्लु राम सोरी, सउनि एसपी रीडर विष्णु सप्रे सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अन्य अधि./कर्म. उपस्थित रहे।

# पिकरी में पोला त्योहार मनाया



**बेमेतरा,** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। पोला त्यौहार के अवसर पर वार्ड नंबर एक एवं दो पिकरी बेमेतरा में धूमधाम से पोला त्यौहार उत्सव मनाया गया जिसमें महिलाओं द्वारा पोला के अंदर पकवान एवं प्रसाद रखकर मंदिर एवं पीपल पेड़ के जड़ के पास पोला पटका गया एवं महिलाओं के द्वारा कुर्सी दौड़, फुगड़ी, बैल दौड़ प्रतियोगिता एवं भोजली विसर्जन किया गया। सभी वार्ड मोहल्लों से रामधुनी मंडली द्वारा राम नाम संकीर्तन करते हुए एवं एक दूसरे को गुलाल लगाते हुए पहुंचे। मानपुर पर से कन्या भोजली सर में रखकरके विसर्जन के लिए पिकरी तालाब पहुंचे एस अवसर पर जिला मानस संघ अध्यक्ष अनिल रजक, नगरपालिका उपाध्यक्ष पंचू साहू, कोमल यादव, अशोक साहू,तारण वर्मा,बनवाली साहू, संतोष साहू,उमाशंकर साहू,सूरज वर्मा,अजय वर्मा,धरमू वर्मा,गोपी वर्मा , योगेश साहू,खेलन साहू ,प्रियंक वर्मा, तुलसी निर्मलकर, प्रेम वर्मा, सुनिता रजक, चिम्मनलाल, सहित महिला और पुरुष अनेको लोग उपस्थित थे।

# पोला पर्व पर खैरागढ़ में हुआ बैल दौड़ का आयोजन

■ बारिश के बाद भी हजारों की संख्या में बैल दौड़ देखने पहुचे नगरवासी



**खैरागढ़,** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। संगीत नगरी खैरागढ़ में बीते 42 वर्षों से पारंपरिक पोला उत्सव मनाया जा रहा है। पोला उत्सव में प्रति वर्ष बैल दौड़ का भी आयोजन हो रहा है जिसे देखने हजारों की संख्या में लोगों की भीड़ बनी रहती है। बैल दौड़ के 42वें वर्ष आयोजित प्रतियोगिता में ग्राम खमतराई की बैल जोड़ी ने प्रथम स्थान हासिल कर प्रथम पुरस्कार अपने नाम किया है। जानकारी अनुसार 42 वर्षों से नगर पोला उत्सव समिति के द्वारा परंपरानुसार बैल दौड़ का पर्व मनाया जा रहा है। इस वर्ष भी गुरूवार 14 सितंबर को नगर पोला उत्सव समिति के तत्वाधान में ऐतिहासिक फतेह मैदान में बैल दौड़ का आयोजन किया गया जहां मुख्य अतिथि के रूप में विधायक यशोदा वर्मा मौजूद रही वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने की तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र वर्मा, पूर्व विधायक गिरवर जंघेल, विधायक प्रतिनिधि नीलाम्बर वर्मा, नपा सभापति शत्रुहन धृतलहरे, दिलीप राजपूत, कांग्रेस नेता कर्मजीत सिंह, सूर्यकांत यादव, यतेन्द्रजीत सिंह, सज्जाक खान, रामकुमार जांगड़े, कोमल वर्मा, समिति के अध्यक्ष सुशीलकांत पांडेय, उपाध्यक्ष जमीर कुरैशी, सचिव प्रबल खत्री व कन्हैया पटेल सहित समिति के सदस्य उपस्थित रहे। सर्वप्रथम उपस्थित अतिथियों के साथ पं.मंगलानंद झा ने पशुधन की पूजा-अर्चना की तत्पश्चात बैल दौड़ प्रतियोगिता का आगाज हुआ बैल दौड़ में कुल 42 बैल जोडियों ने हिस्सा लिया था। जिनके बीच स्पर्धा की गई इस वर्ष खास बात यह रही कि आयोजन से पहले तेज बारिश होने के बाद भी बैल दौड़ का आयोजन देखने हजारों की संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों को हरी झंडी विधायक यशोदा वर्मा ने दिखाई इस दौरान कुल 4 राउंड में बैल दौड़ का आयोजन संपन्न किया गया प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार युवराज यादव ग्राम खमतराई को मिला जिन्हें 11000 रूपये व सामान देकर पुरस्कृत किया गया वहीं द्वितीय स्थान अमरलाल पटेल पिपरिया ने प्राप्त किया जिन्हें 7001 रूपये नगद व सामान प्रदान किया गया तथा तीसरे स्थान पर अमलीडीह के इमरान खान रहे जिन्हें 5000 रूपये व सामान पुरस्कार स्वरूप भेंट किया गया इसी के साथ समिति ने स्वस्थ बैल व बैल सजावट पर भी इनाम रखा था जिसमें स्वस्थ बैल का पुरस्कार खमतराई निवासी युवराज यादव को मिला जिन्हें 2101 रूपये नगद व सामान दिया गया वहीं बैल सजावट के लिये लाला राम अमलीडीह कला को 2101 रूपये व सामान पुरस्कार स्वरूप दिया गया. बीते वर्ष की तरह इस वर्ष भी भीड़ को संभालने खैरागढ़ की पुलिस टीम ने भी साथ दिया आयोजन में उपस्थित अतिथियों ने प्रति वर्ष बैल दौड़ प्रतियोगिता आयोजित करने वाली संस्था नगर पोला उत्सव समिति के सभी सदस्यों को बेहतर आयोजन के लिये बधाई दी।

# शासकीय महाविद्यालय गुरूर एवं गुण्डरदेही विकासखण्ड के खुंटेरी एवं सकरौद में किया गया मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन

**बालोद,** 15 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार आगामी विधानसभा आम निर्वाचन के दौरान शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने हेतु जिले के विभिन्न स्थानों पर निरंतर मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत आज शासकीय महाविद्यालय गुरूर एवं गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम सकरौद के अलावा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खुंटेरी में मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। शासकीय महाविद्यालय गुरूर में आयोजित मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों ने रैली निकालकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। इस दौरान उन्होंने आम लोगों को लोकतंत्र में मतदान की महत्व की जानकारी देते हुए सभी प्रकार के निर्वाचनों में अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। इसी तहर गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम सकरौद में महिला कमाण्डो द्वारा गृह भेंट कार्यक्रम के अंतर्गत घर-घर पहुँचकर सभी मतदाताओं को अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। इस दौरान उन्होंने वृद्धजनों का सम्मान भी किया। इसी तरह शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खुंटेरी में आयोजित मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत छात्र-छात्राओं द्वारा बैनर पोस्टर, पेंटिग एवं मानव श्रृंखला बनाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। इसके अलावा आज आगामी विधानसभा आम निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने हेतु शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आमापारा बालोद में वॉकथॉन का आयोजन किया गया। इस दौरान एसडीएम श्रीमती शीतल बंसल, डिप्टी कलेक्टर सुश्री प्राची ठाकुर, उप संचालक पंचायत आकाश सोनी सहित शिक्षक-शिक्षिका एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने वॉकथॉन में भाग लिया।

उल्लेखनीय है कि बुधवार 13 सितंबर को जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में कक्षा 6वीं से लेकर महाविद्यालय स्तर तक के लगभग 51,250 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस दौरान इन सभी छात्र-छात्राओं के अलावा शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं आम नागरिकों के द्वारा वॉकथॉन में हिस्सा लेकर मतदाताओं एवं आम नागरिकों को सभी प्रकार के निर्वाचनों में अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने का संदेश दिया। इस दौरान महिला कमाण्डो एवं एनसीससी, एनएसएस के विद्यार्थी विशेष रूप से उपस्थित थे।

# खैरागढ़ में जैन समाज का रक्तदान शिविर सम्पन्न

■ कुल 468 रक्तवीरों ने किया रक्तदान

■ जैन समाज ने किया प्रशंसनीय कार्य




**खैरागढ़,** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। संगीत नगरी खैरागढ़ में जनसेवा की भावना से सोमवार 11 सितंबर को आयोजित रक्तदान शिविर में खैरागढ़-छुईखदान व गंडईवासियों ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया जिला निर्माण के बाद जैन यूथ क्लब द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में कुल 468 रक्तवीरों ने रक्तदान किया जो अब तक की बड़ी उपलब्धि है। पूर्व में जैन यूथ क्लब द्वारा ही 175 यूनिट रक्तदान हुआ था। पर्यूषण पर्व के प्रारंभ अवसर पर भगवान महावीर स्वामी के संदेश जीओ और जीने दो को जन-जन तक पहुंचाने जैन समाज के युवाओं ने कृत संकल्पित होकर जैन दादाबाड़ी के समीप कुशल पैलेश में रक्तदान शिविर का पुनित शिविर आयोजित किया था। जहां 501 यूनिट लक्ष्य के विरूद्ध 468 यूनिट रक्तदान हुआ यूथ क्लब के 40 सेवाभावी युवाओं ने वर्क विथ यूनिटी के संकल्प के साथ एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। क्लब के युवा विगत 8 माह से विभिन्न सामाजिक व सेवाभावी कार्यों में अपना अविस्मरणीय योगदान दे रहे हैं। पूर्व में सेवाभावी युवाओं ने गौसेवा, चलित प्याऊ घर व जीव दया को लेकर कई उत्कृष्ट कार्य किये हैं और एक कदम आगे बढ़ते हुये युवाओं ने रक्तदान शिविर आहूत किया और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल किया शिविर में जिला मुख्यालय खैरागढ़ के साथ ही शहीद नगरी छुईखदान, धर्म नगरी गंडई से लेकर सुदूर वनांचल साल्हेवारा व गातापार से भी रक्तवीर भाई व बहनें पहुंची शिविर को सफल बनाने रायपुर व राजनांदगांव से ब्लड यूनिट की टीम ने अपनी अविस्मरणीय सेवाएं दी जिसमें डॉ.आंबेडकर स्मृति चिकित्सालय व अनुसंधान केन्द्र मेकाहारा रायपुर, मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव, जिला अस्पताल राजनांदगांव, नांदगांव ब्लड सेंटर व भोरमदेव ब्लड सेंटर की टीम ने सुबह से देर शाम तक धैर्यपूर्वक कार्य किया टीम के मुख्य सदस्यों ने उक्त विशाल रक्तदान शिविर के आयोजन को लेकर बेहद प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि इतना विशाल एवं व्यवस्थित रक्तदान शिविर उन्होंने नहीं देखा है। भविष्य में खैरागढ़ जिले से कोई भी मरीज छग के कोई भी जिले में उपचार के लिये भर्ती हो तो जैन यूथ क्लब के माध्यम से उन्हें जीवन रक्षक रक्त उपलब्ध कराया जायेगा। रक्तदान शिविर में खैरागढ़ विधायक यशोदा वर्मा युवाओं की हौसला अफजाई के लिये पहुंची और स्वयं रक्तदान किया विधायक यशोदा वर्मा ने चर्चा में बताया कि उन्होंने कभी रक्तदान नहीं किया था। लेकिन युवाओं की ऊर्जा और प्रेरणास्पद कार्य को देखकर उन्होंने पहली बार रक्तदान की इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने शिविर का शुभारंभ किया और युवाओं की पीठ थपथपाई वहीं खैरागढ़ में साम्प्रदायिक सद्भावना के प्रतीक माने जाने वाले समशुल होदा खान, समाजसेवी तरूण सिंह, शुभम सिंह, भाजपा नेता नवनीत जैन, पत्रकार विनोद वर्मा, विजयप्रताप सिंह, समाजसेविका मनीषा बोथरा, राजलक्ष्मी तिवारी, कांग्रेस नेता नदीम मेमन, हरजीत सिंह ने रक्तदान किया। शिविर में एक साथ 40 सुव्यवस्थित बिस्तर लगाये गये थे जहां एक साथ लोगों ने रक्तदान किया वहीं क्लब द्वारा रक्तवीरों के जलपान की भी बेहतर व्यवस्था की गई थी। शिविर में विशेषतौर पर समाजसेवी कुशालचंद बोथरा, राजेन्द्र डाकलिया, सकल जैन श्रीसंघ के अध्यक्ष नरेन्द्र बोथरा, धर्णेन्द्र लुनिया, शीतल कोचर, पालिका के नेता प्रतिपक्ष अजय जैन, शिवम ताम्रकार, सहित सेवाभावियों ने शिविर में अपना उत्कृष्ट योगदान दिया।

# विशाल नि:शुल्क आयुष चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन आज

**कवर्धा,** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। आयुर्वेद विभाग द्वारा 16 सितंबर को विशाल नि:शुल्क आयुष चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। 16 सितम्बर शनिवार को सरदार वल्लभ भाई पटेल व्यवसायिक परिसर, बस स्टैंड कवर्धा के सामने में विशाल आयुर्वेद, होम्योपैथी एवं योग (आयुष) स्वास्थ्य शिविर प्रात: 10.00 बजे से शाम 04.00 बजे तक आयोजन किया जाएगा। शिविर में जिले भर के आयुष चिकित्सको द्वारा रोगियों का परीक्षण किया जाएगा तथा नि:शुल्क दवाईयों का वितरण किया जाएगा। शिविर में दिनचर्या, रात्रिचर्या, भोजन व्यवस्था, ऋतुचर्या, सदव्रत, योग तथा स्वस्थवृत्त के विभिन्न स्वास्थ्यवर्धक नियमों की जानकारी भी दी जाएगी इसके साथ ही होम्योपैथी चिकित्सा परामर्श भी उपलब्ध रहेगा। प्रभारी जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. लीना तिवारी तथा शिविर प्रभारी डॉ कमलेश कुमार वर्मा ने जन सामान्य से अधिक से अधिक संख्या में इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की है।

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के स्कूलों में अवकाश घोषित करने के निर्देश

**कवर्धा,** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने कबीरधाम जिले में बीती रात हुई तेज मूसलाधार बारिश की वजह से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्थिति सामान्य होते तक जिला शिक्षा अधिकारी को स्कूलों में अवकाश घोषित करने के निर्देश दिए है। जिला शिक्षा अधिकारी ने कलेक्टर के निर्देश पर सभी संस्था प्रमुख को निर्देशित हुए कहा कि यदि किसी विद्यालय में बारिश के कारण पानी भर जाने के कारण बच्चो को बैठाने में या स्कूल आने में समस्या आ रही हो अथवा नदी नालों में पानी होने के कारण स्कूल के आवागमन में समस्या हो तो पानी के निकास होने तक विद्यालय में अवकाश घोषित किया जाए।

# मंत्री अकबर ने कवर्धा-सहसपुर लोहारा जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्रामों में विकास कार्य के लिए 48 कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण किया

**कवर्धा,** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सरकार के वन, परिवहन, आवास, पर्यावरण, विधि विधायी तथा जलवायु परिवर्तन मंत्री व कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर ने आज अपने निर्वाचन क्षेत्र कवर्धा के जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा और कवर्धा जनपद क्षेत्र के समुचित विकास के लिए 02 करोड़ 96 लाख 84 हजार 500 रूपए की लागत से 48 ग्राम पंचायतों के लिए विभिन्न निर्माण कार्यो की बड़ी सौगात दी। उन्होने जिला पंचायत कक्ष में कवर्धा जनपद के विभिन्न ग्रामों के विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया।

कैबिनेट मंत्री श्री अकबर ने सहसपुर लोहारा जनपद पंचायत में 1 करोड़ 59 लाख 2 हजार 500 रूपए की लागत से 25 ग्राम पंचायतों के लिए विभिन्न निर्माण कार्यो का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इसके साथ ही मंत्री श्री अकबर ने जिला पंचायत के सभाकक्ष में 01 करोड़ 37 लाख 82 हजार रूपए की लागत से 23 ग्राम पंचायतों के लिए विभिन्न निर्माण कार्यो का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इस बड़ी सौगात के लिए ग्राम पंचायतों के पंच, सरपंच, सचिवों एवं नागरिकों ने मंत्री श्री अकबर के प्रति आभार प्रकट किया है। मंत्री श्री अकबर ने जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा और जिला पंचायत कबीरधाम के सभाकक्ष में आयोजित भूमिपूजन लोकार्पण कार्यक्रम में नवीन प्राथमिक शाला भवन निर्माण, सामुदायिक भवन निर्माण, सार्वजनिक भवन, रंगमंच निर्माण, सीसी रोड़ और मुक्तिधान शेड निर्माण कार्य का विधिवत पूजा-अर्चना कर भूमिपूजन किया। इसके साथ ही उन्होने नवीन प्राथमिक शाला भवन, सामुदायिक भवन, स्टापडेम कम रपटा, नवीन प्राथमिक शाला भवन निर्माण कार्य का विधिवत पूजा-अर्चना कर लोकार्पण किया।



मंत्री श्री अकबर ने कहा कि उन्होने पूरे विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीणों से भेंट-मुलाकात कर लोगों की मांगों से सुना था। इस दौरान जनआकांक्षाओं की मांगों को पुरा करते हुए सड़क, पुल, पुलिया, भवन, सामुदायिक भवन निर्माण,मंच निर्माण, आहाता निर्माण, सहित छोटी-छोटी लेकिन विकास की इन श्रृंख्लाओं को आगे बढ़ाते हुए अनेक घोषणा की गई थी। आज उन घोषणाओं की अनेक मांगों पूरी हो रही है। स्वीकृत सभी कार्यों का भूमिपूजन किया जा रहा है। उन्होने कहा कि आने वाले समय में जिले के विकास की ओर ले जाने के लिए हर संभवन प्रयास किया जाएगा। उन्होने कहा कि आज भी जो मांगे आ रही है, उनके परीक्षण कराया जा रहा है और लोकहित में जो भी मांग सामने आ रही है उन सभी मांगों को पूरा करने को ईमानदारी से पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है।

कैबिनेट मंत्री श्री अकबर ने 03-03 लाख रूपए की लागत से ग्राम भेदली, घुघरीकला, चरडोंगरी, जमुनिया, नेवारीगुढ़ा, नेवारी, कुटेली, सोनपुरी रानी में रंगमंच निर्माण, 5.20-5.20 लाख रूपए की लागत से ग्राम नवांगांव ति. ग्राम पंचायत लिमो, ग्राम मदनपुर ग्राम पंचायत लालपुरकला, ग्राम सारंगपुर ग्राम पंचायत जमुनिया, ग्राम झलका ग्राम पंचायत घोठिया, ग्राम नवांगांव फरीद ग्राम पंचायत बरदूली, ग्राम दुल्लापुर ग्राम पंचायत नेवारीगुढ़ा, घोठिया और ग्राम बंदौरा में सीसी रोड़ निर्माण, 13 लाख रूपए की लागत से ग्राम जोराताल में सामुदायिक भवन निर्माण (हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी), 4 लाख 80 हजार रूपए की लागत से ग्राम छाटा झा में मुक्तिधाम शेड निर्माण, 11 लाख 48 हजार रूपए की लागत से ग्राम ग्राम चारभाठा ग्राम पंचायत बिजई में नवीन प्राथमिक शाला भवन और 05 लाख रूपए की लागत से ग्राम गांगचुवा ग्राम पंचायत सिंघनपुरी में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया।

जिला पंचायत में आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री श्री अकबर ने ग्राम बंदौरा में 11 लाख 48 हजार रूपए की लागत से नवीन प्राथमिक शाला भवन, 6 लाख 50 हजार रूपए की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण और 19 लाख 96 हजार रूपए की लागत से स्टॉपडेम कम रपटा निर्माण कार्य का विधिवत पूजा-अर्चना कर लोकार्पण किया।

मंत्री श्री अकबर ने सहसपुर लोहारा के जनपद पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में 11.48-11.48 लाखरूपए की लागत से ग्राम पंचायत बामी और ग्राम पंचायत सोनझरी के लिए नवीन प्राथमिक शाला भवन निर्माण कार्य का विधिवत लोकार्पण किया। उन्होंने 10 लाख रूपए की लागत से ग्राम बचेड़ी में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य, 02 लाख रूपए की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण, 01 लाख रूपए की लागत से सांस्कृतिक मंच निर्माण, 05-05 लाख रूपए की लागत से ग्राम भिभौंरी में 03 सामुदायिक भवन निर्माण कार्य, 10 लाख रूपए की लागत से ग्राम आमगांव में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य, 11 लाख 48 हजार रूपए की लागत से ग्राम कोयलारी में नवीन प्राथमिक शाला भवन निर्माण कार्य, ग्राम सिंघनपु्री जंगल में 13 लाख रूपए की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण (लोधी समाज के पास), 06 लाख 50 हजार रूपए की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण (कबीर कुटी के पास), 03-03 लाख रूपए की लागत से ग्राम पिपरटोला छोटे और पेण्ड्रीतराई में रंगमंच निर्माण कार्य, 6.50-6.50 लाख रूपए की लागत से सुरजपुरा जं., ग्राम बानों, बाम्हन टोला, बाम्हन टोला (पटेल समाज के पास) में सामुदायिक भवन निर्माण, 5 लाख 20 हजार रूपए की लागत से ग्राम बानों में सीसी रोड़ कार्य, 05 लाख रूपए की लागत से ग्रा विचारपुर में सांस्कृतिक मंच निर्माण, 4.977-4.977 लाख रूपए की लागत से नवांगांव, चंदैनी, रेलई, बांधटोला, छोटूपारा में सार्वजनिक सामुदायिक भवन निर्माण, सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया।

राजनीतिक गलियारों की हालत

# जिले में अनुशासनहीन होते कांग्रेस को लेकर अनियंत्रित होता वातावरण, क्या चुनाव परिणामों मे दिखेगा असर ?

■ दीपांकर खोबरागड़े

**राजनंदगांव,** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। जिले से पृथक हुए वनांचल क्षेत्र मानपुर और खैरागढ़ के विभाजन के पश्चात राजनांदगांव में चार विधानसभा की सीटे महज शेष रह गई है। उन विधानसभा की स्थिति जिसमें राजनांदगांव,डोंगरगढ़, खुज्जी, डोंगरगांव को देखे तो राजनांदगांव विस में भारतीय जनता पार्टी के विधायक डॉ रमन सिंह जिन्होंने 15 वर्षों के लंबे समय तक मुख्यमंत्री का सुख भोगा है और भाजपा के समूचे प्रदेश में हुई बेदर्दी की हार का भी दंश झेला है । भारतीय जनता पार्टी के लिए बेहद मुसीबत के दौर में भी राजनांदगांव विधानसभा से कांग्रेस ने अपनी जीत हासिल नहीं की यह अलग बात है कि पूर्व कांग्रेस की प्रत्याशी रही स्वर्गीय श्रीमती करुणा शुक्ला ने मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह की कद्दावर छवि होने के बावजूद लोहे के चने चबाने की स्थिति पैदा कर दी थी। बाकी तीनों खुज्जी , डोंगरगढ़ और डोंगरगांव विधानसभा में कांग्रेस पार्टी ने जीत हासिल की तीनो क्षेत्रों से क्रमश: दलेश्वर साहू, भुवनेश्वर बघेल और श्रीमती छन्नी साहू ने अपनी जीत दर्ज कराने मे कामयाबी हासिल की इसमें विशेष डोंगरगांव ही एक ऐसा क्षेत्र रहा जहां भारतीय जनता पार्टी के लोकप्रिय और जन-






जन के नेता की प्रसिद्धि पा चुके पूर्व सांसद मधुसूदन यादव के मंसूबों को किसान पुत्र दलेश्वर साहू ने चुनाव हराकर अपना लोहा मनवाया और कांग्रेस से दोबारा दलेश्वर साहू डोंगरगांव के विधायक बनने मे कामयाब रहे जबकि डोंगरगांव विधानसभा चुनाव को लेकर जिस तरह की अटकलों का बाजार गर्म था उसमें मधुसूदन यादव की जीत को लोग सुनिश्चित बता रहे थे और डोंगरगांव विधानसभा के दलेश्वर साहू को कमजोर आंक रहे थे परिणाम ऐसे रहा कि राजनीतिक महा पंडितों के पसीने छूट गए यह कुशल रणनीति के कारण संभव रहा। वहीं अन्य विधानसभा की बात करें तो खुज्जी विधानसभा सबसे चर्चित नजर आ रहा है टिकट को लेकर ऐसा लगता है मानो दर्जन भर से ज्यादा लोग चुनाव लड़ने के इच्छुक है और सब के सब अपना अपना ढोल नगाड़ा लेकर ड्यूटी में तैनात हो गए हैं । जिसे जो करने को भाता है वह वही करें जा रहा है , उन्हे है ना अनुशासन का डर न कांग्रेस पार्टी के विधायक कि सहमति की आवश्यकता ।दूसरी ओर उपरोक्त परिस्थितियों के बावजूद भी जो परिदृश्य सामने नजर आ रहा है उसमें कहीं ना कहीं कांग्रेस का जिला नेतृत्व बेहद ही कमजोर कड़ी की ओर है संगठन की कमजोर कड़ी की पुष्टि के लिए खुज्जी विधानसभा से बेहतर उदाहरण शायद ही कहीं देखने को मिलेगा यही हाल लगभग राजनंदगांव जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों का नजर आ रहा है जिसमें कांग्रेस पार्टी के नियमावली मे अनुशासन जैसा शब्द कोई सच मे होगा ऐसा नजर ही नहीं आता । खुज्जी विधानसभा से लेकर राजनांदगांव और डोंगरगढ़ में भी च्अपनी डफली अपना रागज् के सुरों के साथ कोई विकास यात्रा का रथ लेकर निकल रहा है तो कोई अपने खुद का प्रचार करते हुए ऐसे नजर आ रहा है जैसे उन्हें टिकट मिल गई हो और बस अब नामांकन भरना ही शेष बचा हो ।इस मामले में खास कर खुज्जी एक ऐसा विधानसभा क्षेत्र है जहां तरुण सिन्हा विकास रथ लेकर निकल पड़े है और खुज्जी क्षेत्र के पूर्व विधायक प्रकाश यादव के परिवार से श्रीमती सीमा यादव अपने दलबल और कार्यकर्ताओं के पोस्टर बैनर लेकर प्रचार का दौर जारी है। जैसे कांग्रेस के जिला संगठन से अनुमति की दरकार ही नहीं और उन सब लोगों के लिए कांग्रेस के जिला अध्यक्ष है भी या नहीं शायद उनके चलाए जा रहे अभियान से उन्हे कोई फर्क नहीं पड़ता। अगर कोई उनसे सवाल करें तो उनके पास कूटनीतिक पूर्ण जवाब मौजूद है कि हम कांग्रेस का काम कर रहे हैं और हमें कांग्रेस के काम करने के लिए किसी को पूछने की आवश्यकता ही नहीं !सबसे बड़ी बात कांग्रेस के साथ यह है कि जिसने भी अपने कंधों पर कांग्रेस का गमछा रखा वह अपने आप में ही एक नेता हो जाता है जब कांग्रेस पार्टी में सब के सब ही नेता है तो उन्हें कार्यकर्ताओं की आवश्यकता ही नहीं यही कारण रहा कि केंद्रीय नीतियों के विरोध में जब-जब कांग्रेस आंदोलन करती है तो सिर्फ आंदोलन में नेता ही नजर आते हैं कार्यकर्ता दूर-दूर तक दिखाई नहीं देता , सबसे बड़ी बात तो यह है कि शायद आने वाले समय में प्रत्येक विधानसभाओं में चल रहे अंतर द्वंद कहीं कांग्रेस पार्टी को अब की बार 75 पार के मंसूबों में पानी न फेर दे ! समय रहते अगर कांग्रेस संगठन के मुखिया इस बात को लेकर सजग नहीं होंगे, तो कांग्रेस पार्टी की भी गिनती उस अनुशासनवीहीन संगठनो में होगी जिसके ना नियम होते हैं ना कोई कायदे। कांग्रेस को लेकर यह बात दबीं जुबान से कांग्रेसी भी कहते थकते नहीं कि हमारी ही पार्टी एक ऐसी पार्टी है जिसमें जिसे जो मर्जी आए वही बेरोकटोक करता है ,यही कारण है कि संगठन का ढांचा बेहद कमजोर है। अनुशासन के नियमों से बंधी अन्य पार्टीया देश के शीर्ष नेतृत्व मे पहुंच कर भी शाइन इंडिया में भी भारत ढूंढ रहा है।




**राजनांदगांव,** 15 सितम्बर। भौतिक शास्त्र विभाग शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव द्वारा अभियंता दिवस के अवसर पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे अभियंताओं को सम्मानित किया गया।

## डोंगरगांव अजाक्स के चुनाव की सूचना

**डोंगरगांव,** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। छ.ग. अनुसूचित जाति , जनजाति अधिकारी , कर्मचारी संघ (अजाक्स), पंजीयन क्रमांक 10/2001 , छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त संघ का ब्लॉक / तहसील अध्यक्ष तथा कार्यकारिणी का चुनाव दिनांक 16/09/23 को डोंगरगांव में होगा। इसके लिए इस तिथि को पूराना बालक हायर सेकंडरी स्कूल ( बी. टी.आई.) डोगरगांव में दोपहर 2:00 बजे बैठक आयोजित की गई है। इस बैठक में जिला अजाक्स टीम राजनांदगांव उपस्थित रहेगी । ब्लॉक/तहसील डोंगरगांव में पदस्थ सभी विभागों के अनुसूचित जाति , जनजाति वर्ग के अधिकारी तथा कर्मचारियों से बैठक में उपस्थित रहने की अपील की जाती है। उक्त जानकारी अजाक्स जिला राजनांदगांव मीडिया प्रभारी इंजीनियर प्रदीप रामटेके ने दी है।

## आदतन अपराध करने वाले टिरू और कढ़ही जिलाबदर

**राजनंदगांव,** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डोमन सिंह ने आदतन अपराध करने वाले दो व्यक्तियों के विरूद्ध जिला बदर का आदेश जारी किया है। न्यायालय जिला दण्डाधिकारी राजनांदगांव में पुलिस अधीक्षक राजनादगांव द्वारा आदतन अपराध करने वाले आरोपियों के विरूद्ध मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3, 5 के तहत जिला बदर की कार्रवाई करने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया था। जिस पर विधिवत उभयपक्षों को सुनवाई किये जाने के पश्चात 2 प्रकरणों में न्यायालय द्वारा आज आदेश पारित किया गया।

पारित आदेशानुसार अटल आवास पेण्ड्री राजनांदगांव निवासी सुनील मरकाम उर्फ टिरू एवं प्रभात नगर थाना बसंतपुर निवासी प्रवीण उर्फ कढ़ही को मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3, 5 6 के तहत प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग करते हुए आगामी 01 वर्ष के लिए जिला राजनांदगांव, जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई, जिला दुर्ग, जिला बालोद, जिला मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी, जिला गोंदिया (महाराष्ट्र) एवं जिला बालाघाट (मध्यप्रदेश) की राजस्व सीमाओं से हट जाने (जिला बदर) का आदेश दिया गया है तथा उन्हें आदेश जारी होने के 1 सप्ताह के भीतर इन जिलों की राजस्व सीमाओं से बाहर चले जाने एवं 1 वर्ष की कालावधि 14 सितम्बर 2024 के पहले प्रवेश नहीं करने आदेशित किया गया है। आरोपी सुनील मरकाम उर्फ टिरू के विरूद्ध वर्ष 2017 से निरंतर 7 अपराध पंजीबद्ध किये गये थे तथा वर्तमान में आरोपी द्वारा 5 मामले न्यायालय में विचाराधीन होना स्वीकार किया गया है। इसी तरह आरोपी प्रवीण उर्फ कढ़ही के विरूद्ध वर्ष 2015 से निरंतर 17 अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

न्यायालय जिला दण्डाधिकारी राजनांदगांव द्वारा आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 की तैयारियों को दृष्टिगत रखते हुये क्षेत्र में शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से मतदान संपन्न कराने के उद्देश्य से आदतन अपराधियों के विरूद्ध प्रस्तुत प्रकरणों में त्वरित रूप से कार्रवाई की जा रही है।

## नगर निगम में मनी अभियंता दिवस



**राजनांदगांव** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। अभियंता दिवस के अवसर पर आज शुक्रवार 15 सितम्बर 2023 को नगर निगम के कार्यपालन अभियंता कक्ष में आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आयुक्त सहित कार्यपालन अभियंता श्री यू.के. रामटेके एवं निगम के इंजीनियरों ने भारत रत्न श्री मोक्षगुणम विश्वेस्वरैय्या के तैल चित्र पर माल्यापर्ण कर पूजा अर्चना किये और एक दूसरे को अभियंता दिवस की बधाई दिये।

कार्यक्रम में अभियंता दिवस की शुभकामनाएं देते हुये आयुक्त श्री गुप्ता ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुये कहा कि सिविल इंजीनियर एम. विश्वेश्वरैया ने आधुनिक भारत में बांध, जलाशय और जल विद्युत परियोजना के निर्माण में महती भूमिका निभाई थी। साथ ही उन्होने मैसूर सरकार के साथ मिलकर कई शैक्षणिक संस्था और कारखानों की स्थापना करवाई थी, उनके योगदानों को देखते हुये सरकार ने उन्हें 1955 में भारत रत्न से सम्मानित किया था। उन्ही की याद में हम आज अभियंता दिवस मना रहे है। उन्होने कहा कि, सभी तकनीकी अधिकारियों को उनके कार्यो का अनुसरण कर कार्य करना चाहिये, तभी अभियंता दिवस मनाने की सार्थकता है।

कार्यपालन अभियंता श्री रामटेके ने भी अभियंता दिवस की बधाई देते हुए उनके द्वारा किये कार्यो का अनुसरण करने की अपील की। कार्यक्रम में प्र. सहायक अभियंता श्री दिलीप मरकाम, महापौर परिषद के सचिव श्री संजीव कुमार मिश्रा, उपअभियंतागण सुश्री सुषमा साहू, श्रीमती ज्योति साहू, सुश्री पिंकी खाति, अशोक देवांगन, अनिमेष चन्द्राकर, अनुप पाण्डे, तिलकराज ध्रुव, सुश्री आयुषी सिंह, डागेश्वर कर्ष आदि उपस्थित थें।

## हिन्दी भविष्य की सर्वाधिक मुखर भाषा: द्विवेदी

**राजनांदगांव** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। देश-धरती में सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषाओं की सिरमौर हिन्दी के महत्तम राष्ट्रीय दिवस परिप्रेक्ष्य में नगर के विचार प्रज्ञ प्राध्यापक डॉ. कृष्ण कुमार द्विवेदी ने संदर्भ विचार-चर्चा में प्रमुखता से बताया कि हिन्दी भविष्य की सर्वाधिक मुखर भाषा होगी। सनातन संस्कृति की अतीव गौरवशाली भाषा संस्कृत से उपजी हिन्दी एक अद्भुत-अद्वितीय-अनुपम भाषा है जिसमें गद्य एवं पद्य दोनों का सुंदर प्रभाव बहुत ही सहजता से परिलक्षित होता है। हिन्दी की बहुगुणी विशेषताओ में गेयता, भावप्रवणता, सहजता, सरलता, लचीलापन, व्याकरण सम्मत आदि इसे वृहद-जीवंत स्वरूप प्रदान करते हैं जो अन्य किसी भाषा में एक साथ नहीं दिखाई देते हैं। देवनागरी लिपि वाली हिन्दी अपने उद्भवकाल से ही विकास पथ पर अग्रसर होती रही हैं और वर्तमान में अरबी, उर्दू, फारसी, तुर्की, अंग्रेजी, रूसी, पुर्तगाली, फ्रांसिसी, चीनी, जापानी के साथ - साथ भारतीय समस्त क्षेत्रीय एवं राजभाषाओं से गहन समन्वय कर अति लोकप्रिय सार्वभौमिक भाषा बनकर देश-देशांतर की प्रमुख भाषा बन गई है। वर्तमान के बाजार, व्यापार, प्रबंधन की व्यवस्था अंतर्गत आर्थिक प्रगति, समृद्धि के लिए विज्ञापन और संवाद की विश्व व्यापी भाषा के रूप में इसका विस्तार और प्रसार निरंतर बढ़ता जा रहा है। आगे प्राध्यापक डॉ. द्विवेदी ने हिन्दी भाषा के और अधिक उत्थान एवं वैश्विक विस्तार के लिए आह्वान किया कि हमारी बाल-किशोर-युवा एवं प्रबुद्ध पीढ़ी को नित्य जीवनचर्या में समस्त कार्य-व्यवहार में संवाद, प्रबोधन, लेखन आदि सभी में अनिवार्यता से हिन्दी को ही अपनाएं तभी हम देश-धरती की प्रादर्श पहचान, गौरव-सम्मान की भाषा का दर्जा हिन्दी को दे सकेंगे। इसके लिए सरल, सहज, सार्थक पहल होगी कि हम सब भारतीय अपने घरों-स्थलों आदि के अपने नाम, उपनाम, हस्ताक्षर, पत्राचार आदि सभी हिन्दी में रखें-करें। आईये हमारे स्वतंत्रता आंदोलन के नारों, तरानों, आह्वान की अमर, शहीदों के गाथाओं, अरमानों की भाषा भी हिन्दी ही रही है। इसलिए आवश्यक होगा आदर्श नागरिक के मौलिक दायित्व के रूप में हिन्दी को ही बोल-चाल, गीत-गान आदि सभी के लिए हिन्दी को ही माने - जाने और पहल करें। इस सार्थक अर्थो में यही राष्ट्रीय हिन्दी दिवस का राष्ट्र प्रेम बोधत्व वाला शुभमंगलकारी संदेश है। जय हिन्द - जय हिन्दी।। फोटो सहित समाचार रूप में जारी करने हेतु सधन्यवाद प्रेषित।



## सामुदायिक भवन तथा शंकरपुर मुक्तिधाम का होगा उन्नयनः महापौर ने किया भूमिपूजन

**राजनांदगांव** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। राज्य शासन के स्वीकृति अनुसार नगर निगम द्वारा शहर में विभिन्न विकास कार्य कराये जा रहे है, विकास कार्य के तहत सभी वार्डो में रोड ,नाली के अलावा सामुदायिक भवन, उद्यान, मुक्तिधाम उन्नयन, खेल मैदान, मंच, चौक-चौराहों का सौन्दर्यीकरण आदि कार्य प्राथमिकता के आधार पर वार्डो में कराये जा रहे है। इसी कडी में वार्ड नं. 7 रामनगर में अधोसंरचना मद अंतर्गत 10.00 लाख रूपये की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण, वार्ड नं. 49 मोहड में 3.00 लाख रूपये की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण एवं वार्ड नं. 30 कैलाश नगर कंचनबाग में मुख्यमंत्री घोषणा अंतर्गत 5.00 लाख रूपये की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण के अलावा वार्ड नं. 9 शंकरपुर में अधोसंरचना मद अंतर्गत 19.00 लाख रूपये की लागत से मुक्तिधाम उन्नयन कार्य कराया जाना है। उक्त कार्य कराये जाने आज चारों वार्डो में अलग-अलग आयोजित कार्यक्रम में महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने पूजा अर्चना कर श्रीफल फोड कर भूमिपूजन किया। कार्यक्रम में महापौर परिषद के प्रभारी सदस्यगण सर्वश्री मधुकर वंजारी, सतीश मसीह, दुलारी बाई साहू,भागचंद साहू, विनय झा, गणेश पवार, जिला योजना समिति के सदस्य श्री अमीन हुद्दा, पार्षद श्री अरविन्द वर्मा, श्रीमती पूर्णिमा नागदेवे व शरद पटेल के अलावा संबंधित वार्ड के पार्षद श्री शिव वर्मा, श्री संजय रजक, पूर्व पार्षद अवधेष प्रजापति, विशेष रूप से उपस्थित थे। भूमि पूजन के चारो वार्डो में आयोजित अलग अलग कार्यक्रम में वार्ड नं. 7 के किशन सिन्हा, हिमांशु बंजारे, सरस्वती सोनी, सतीश यादव, राजेश ठाकुर, रोहित यादव, राजेन्द्र नन्दनवार, वार्ड नं. 30 के नितिन सिंग भाटी, अतुल अग्रवाल, संतोष मीणा, निहाल नकवी एवं कंचनबाग महिला मण्डल की सदस्या एवं वार्ड नं. 49 मोहड के जितेन्द्र हिरवानी, जागृत साहू, हेमनाथ निषाद, श्रीमती पद्मनी निषाद आदि ने अतिथियों का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया।

## रसोई गैस के उपयोगी की जानकारी देंगी महिलाएं



**डोंगरगांव,** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। रसोई गैस के उपयोग को बढ़ावा देने और महिलाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से मेसर्स पदमा एचपी गैस एजेंसी ने 20 मेहनती महिलाओं को नामांकित किया है। 13 सितंबर को इन महिलाओं की बैठक में मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक रायपुर ने लेकर रसोई गैस के सुरक्षित उपयोग सहित अन्य महत्वपूर्ण जानकारी दी। इन नामांकित महिलाओं को सिलेंडर की रीफिल, बिक्री, फ्लेम लाइटर, फायर एक्सटिंगुइशर, एप्रन, ट्रॉली, स्टोव, सुरक्षा आदि वस्तुओं की बिक्री पर एक निश्चित कमीशन दिया जाएगा। उन्हें नए कनेक्शन, डबल बोतल कनेक्शन, उज्ज्वला पंजीकरण फॉर्म संग्रह आदि पर भी कमीशन मिलेगा। एजेंसी की इस पहल से महिलाओं को रोजगार मिलेगा और वह आत्मनिर्भर होंगी ।इनके आलावा गैस सिलेंडर से संबंधित अन्य जानकारी भी दी गई

## सी.सी. रोड, इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण के लिये महापौर ने किया भूमिपूजन



**राजनांदगांव** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। शहर विकास की कडी में वार्ड नं. 22 आशानगर में अधोसंरचना मद अंतर्गत 90.00 लाख रूपये की लागत से सीमेन्ट कांक्रिटिंग रोड, इंटरलॉकिंग एवं नाली निर्माण कराया जाना है, जिसके लिए महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने पूजा अर्चना कर श्रीफल फोड कर भूमिपूजन किया।

कार्यक्रम में जल विभाग के प्रभारी सदस्य श्री सतीश मसीह, कनिष्ट सभापति व वार्ड पार्षद श्री गामेन्द्र नेताम तथा पूर्व पार्षद श्री जितेन्द्र शर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में रिखी क्षत्री, भाऊराव मेश्राम, अनुज यादव, अखिल अंबादे, श्रीमती स्वाती मानकर, श्रीमती कुमारी ध्रुव, श्रीमती अंजू सिन्हा, जितेन्द्र गौतम ने अतिथियों का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। तत्पश्चात अतिथियों द्वारा वार्ड मे आयोजित कार्यक्रम में पी.सी.सी. रोड, इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य का पूजा अर्चना कर भूमिपूजन किया गया।

कार्यक्रम में अपने उद्बोधन में महापौर हेमा देशमुख ने कहा कि राज्य शासन द्वारा द्वारा शहर में मूलभूत सुविधा रोड, नाली के लिये राशि उपलब्ध कराये थे, जिससे वार्डो में विकास कार्य कराये जा रहे है, इसी कडी में आज आशानगर में 90.00 लाख रूपये की लागत से सीमेन्ट रोड, इंटरलॉकिंग तथा नाली का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उक्त कार्य हो जाने से आशानगर वासियों को आवागमन में सुविधा होगी, इसी प्रकार विकास कार्य वार्ड में प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेगे। इस अवसर उप अभियंता श्री अशोक देवांगन सहित आशानगर वासी उपस्थित थे।

## भारतीय खेल प्राधिकरण प्रशिक्षण केन्द्र राजनांदगांव में हॉकी, बास्केटबॉल खेल में प्रवेश हेतु चयन ट्रायल 21 -22 को

**राजनंदगांव,** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। भारतीय खेल प्राधिकरण मध्य क्षेत्रीय केन्द्रीय केन्द्र, भोपाल के अंतर्गत संचालित भारतीय खेल प्राधिकरण प्रशिक्षण केन्द्र राजनांदगांव द्वारा 12 से 18 वर्ष के हॉकी (बालिका), बास्केटबॉल (बालक / बालिका) खिलाड़ियो को आवासीययोजना में प्रवेश हेतु चयन ट्रायल दिनांक 21 एवं 22 सितम्बर 2023 को दिग्विजय स्टेडियम एवं अतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेड़ियम राजनांदगांव (छ.ग.) में आयोजित की जा रही है। नई दिल्ली से प्राप्त नये दिशा निर्देश के अंतर्गत आने वाले खिलाड़ी ही चयन प्रक्रिया में भाग लेने के पात्र होंगें। चयनीत किये गये खिलाड़ियों को भारतीय खेल प्राधिकरण की आवासीय योजना में शामिल कर उच्चस्तरीय आधुनिक सुविधा प्रदान की जावेगी, ताकि निकट भविष्य में अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें।

यह चयन ट्रायल हॉकी (बालिका), बास्केटबॉल (बालक/बालिका), आवासीय योजना हेतु आयोजित है। आवासीय योजना में 12 से 18 वर्ष के खिलाडी भाग ले सकते है।

मानदंड मानदंड इस प्रकार

अ) व्यक्तिगत इवेंट- उम्र -12-18 वर्ष उन खिलाड़ियों के लिये जिन्होंने निम्नलिखित प्रतियोगिता में निम्नलिखित स्थान स्थान प्राप्त किया हो जैसे- सब जूनियर एवं जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में आठवा स्थान तक, जो की मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय खेल संघ (एन.एस.एफ.) द्वारा आयोजित या भारतीय विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में छटवां स्थान तक, जो की मान्यता प्राप्त भारतीय विश्वविधालय संघ या आल इंडिया स्कूल गेम्स फडेरेशन द्वारा आयोजित या राज्य स्तर प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान तक, जो कि मान्यता प्राप्त राज्य खेल संघ द्वारा आयोजित या अंतर्राष्टीय संघ द्वारा आयोजित अंतर्राष्टीय प्रतियोगिता। टूर्नामेंट में भारत का प्रतिनिधित्व किया हो या संभाग प्रतियोगिता, अंतर शिक्षा जिला स्तरीय प्रतियोगिता जो की सीबीएसई/केवीएस/एनवी/या पीवाईकेकेए आदि द्वारा आयोजित की हो और जितमें प्रथम, द्वितिय एव तृतीय स्थान प्राप्त किया हो वे खिलाड़ी चयन प्रकिया में भाग लेने के लिए पात्र हो सकते हैं।

(ब) टीम इवेंट- आयु समूह 10 से 14 वर्ष (यदि खिलाड़ी 10 से 14 वर्ष के लिए नहीं है तो खिलाड़ियों को 15 से 18 वर्ष के आयु वर्ग में प्रवेश दिया जा सकता है।) जैसे- सब जूनियर और जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रथम चार (04) स्थान तक। जो की मान्यता प्राप्त राश्ट्रीय खेल संघ द्वारा आयोजित या ऽ इंटर जोनल एंव भारतीय विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया हो जो की मान्यता प्राप्त भारतीय विश्वविद्यालय संघ या आल इंडिया स्कूला गोम्स फेडरेशन द्वारा आयोजित या राज्य स्तर प्रतियोगिता में प्रथम (01) वा द्वितीय (02) स्थान का जो की मान्यता प्राप्त राज्य खेल संघ द्वारा आयोजित या मान्यता प्राप्त प्रतियोगिता टूर्नामेंट में सब जूनियर एंड जूनियर टीम में भारत का प्रतिनिधित्व किया हो और भारत सरकार द्वारा भेजा गया/गई हो या मान्यता प्राप्त राज्य स्तरीय प्रतियोगिता जो की राज्य खेल संघ राज्य खेल परिषद राज्य खेल विभाग द्वारा आयोजित हुई है में भाग लिया हो, वे खिलाड़ी चयन ट्रायल में भाग ले सकते है।

नोट:-आवासीय योजना में प्रवेश लेने वाले सभी खिलाड़ियों के लिए बैट्री ऑफ टेस्ट, स्पेसिफिक स्किल स्किल टेस्ट अनिवार्य है

चयनित खिलाड़ियों को साई की ओर से निम्नलिखित सुविधाएं प्रदान की जाती है- बार्डिंग व्यय 275/- प्रति दिन वर्ष में 330 दिन, स्पोर्टस किट - 5000/- प्रति व्यक्ति प्रति वर्ष , प्रतियोगिता एक्सपोजर 4000/- प्रति व्यक्ति प्रति वर्ष , शिक्षा एक्सपोजर, दुर्घटना बीमा, चिकित्सा व्यय व अन्य पर रू. 3000/- प्रति व्यक्ति प्रति वर्ष है ।

इस चयन प्रक्रिया में सम्मिलित होने वाले खिलाड़ियों को खेल विशेष परिधान, जूते आदि पहनकर एवं जन्मतिथि प्रमाणपत्र के मूलप्रति एवं खेल उपलब्धि के प्रमाणपत्र की मूलप्रति एवं छाया प्रति सहित 21 सितम्बर 2023 को प्रात: 9:00 बजे भारतीय खेल प्राधिकरण प्रशिक्षण केन्द्र, दिग्विजय स्टेडियम, राजनांदगांव (छ.ग.) में उपस्थिति दर्ज करानी होगी । चयन प्रक्रिया भारतीय खेल प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा निर्धारित मापदण्डो के अनुसार ही किया जावेंगा तथा चयन प्रक्रिया हेतु गठित चयन समिति की अनुशंसा मान्य होगी। राजनांदगांव शहर के बाहर से आने वाले खिलाड़ियो को चयन ट्रायल्स के दौरान खिलाड़ियों को आवास एवं खाने की व्यवस्था स्वयं करनी होगी

SAI भारतीय खेल प्राधिकरण SPORTS AUTHORITY OF INDIA

उल्टा पुल्टा

लड़का- तुम लडकियां इतनी खूबसूरत क्यों हों?
लड़की- क्योंकि भगवान ने हमें अपने हाथों से बनाया है।
लड़का- ले, बोल तो ऐसे रही है जैसे हमें तो बनाने के लिए मजदूरों को ठेके पर दिया था।



# जगदीश साहू के नेतृत्व में प्रदेश के 5 स्काउटर गाइडर राष्ट्रीय सामूहिक गीत प्रशिक्षण दिल्ली में हुए शामिल

**बलौदाबाजार,** 15 सितंबर (देशबन्धु)। गत दिवस भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के राष्ट्रीय मुख्यालय में राष्ट्रीय सामूहिक गीत प्रशिक्षण शिविर का आयोजन राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली में सम्पन्न हुआ। जिसमें 7 राज्यों के 19 प्रतिभागियों ने अपनी सहभागिता दी। इसी कड़ी ने भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ से राज्य मुख्य आयुक्त विनोद सेवनलाल चंद्राकर (संसदीय सचिव एवं विधायक) के दिशानिर्देश एवं राज्य सचिव कैलाश सोनी, राज्य प्रशिक्षण आयुक्त द्वय टी के एस परिहार, श्रीमती सरिता पाण्डेय के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ से जगदीश हीरा साहू डमरू बलौदाबाजार, मधु कुमार ध्रुव जशपुर, श्रीमती गायत्री बोदले, श्रीमती डोलेश्वरी साहू एवं रविशंकर साहू धमतरी सहित कुल 5 स्काउटर गाइडर ने भाग लिया। उक्त राष्ट्रीय शिविर में 17 भाषाओं



के लगभग 30 गीतों का प्रशिक्षण दिया गया। तथा इन गीतों का बीएसजी यूट्यूब चैनल हेतु वीडियो रिकॉर्डिंग भी की गई।

इस उपलब्धि पर क्षेत्र के लोगों ने उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाईयाँ प्रेषित की है। शुभकामनाएं एवं बधाई देने वालो में सर्व जिला मुख्य आयुक्त बलौदाबाजार स्काउट अजय राव, भारत स्काउट गाइड जिलाध्यक्ष रामाधार पटेल, सहायक राज्य संगठन आयुक्त के आर कश्यप, सहायक राज्य आयुक्त इनुराम वर्मा, जिला प्रशिक्षण आयुक्त मनीष बघेल, जिला आयुक्त गाइड श्रीमती वंदना तिवारी, नीरज बाजपेयी, हेमंत साहू, सुरेन्द्र सिंह ठाकुर, प्रवीण अग्रवाल, पीयूष मिश्रा, नरेश केशरवानी, जिला संगठन आयुक्त द्वय सूरज कसार, नेहा उपाध्याय, शंकर लाल साहू, पूनम सिंह साहू, पीताम्बर दास मानिकपुरी सहित, शाउमावि डमरू से बी.आर. श्रेय, कृपासिंधु बघमार, मुंशीराम साहू, मनोहर साहू, रामलाल साहू, राजेश साहू, महेंद्र जांगड़े, हेमन्त साहू, सुरेंद्र पैकरा, खम्भन पैकरा, चंद्रशेखर पटेल, चंद्रशेखर साहू, श्रीमती स्मिता चंदेल, कु. मंजू डहरिया, श्रीमती गायत्री देवांगन विद्यालय परिवार सहित, साहित्य मित्र बलदेव भारती, नरेंद्र वर्मा, अजय अमृतांशु, कन्हैया साहू अमित, मनीराम साहू मितान, हेमन्त मानिकपुरी, इंद्राणी साहू, चन्द्रकिरण शर्मा, वंदना गोपाल शर्मा, संदीप परगनिहा, मोहन निषाद, संतोष फरिकार आदि शामिल है।

# राज्य स्तरीय कराते में प्राची साहू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया

**नवापारा राजिम,** 15 सितंबर (देशबन्धु)। 23वीं शालेय राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता (एसजीएफआई) का आयोजन कोरबा में किया गया, जिसमें कराते खेल में नवापारा नगर से सेजेस हरिहर अंग्रेजी माध्यम शाला गोबरा नवापारा में अध्ययनरत कु. प्राची साहू ने यू-17 बालिका के 52 - 56 कि. ग्रा. वजन वर्ग में रायपुर संभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए



बिलासपुर, दुर्ग, सरगुजा एवम बस्तर संभाग के प्रतिभागियों को कड़ी चुनौती देकर प्रथम स्थान प्राप्त कर अपना स्थान शालेय राष्ट्रीय क्रीड़ा प्रतियोगिता (कराते) में छत्तीसगढ राज्य का प्रतिनिधित्व करने हेतु सुरक्षित किया। इस उपलब्धि पर छात्रा के अध्ययनरत शाला की प्राचार्या श्रीमती संध्या शर्मा ने छात्रा एवम उनके कराते प्रशिक्षक सेंसेई राजेश गिलहरे को बधाई देते हुए आगामी नवम्बर 2023 के तीसरे सप्ताह में आयोजित शालेय राष्ट्रीय क्रीड़ा प्रतियोगिता (कराते) हेतु शुभकामनाए दी।

विदित हो कि सेजेस हरिहर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवापारा में संचालित कराते स्कूल की नियमित छात्र - छात्राएं आर्या मोक्षिदा सेन, उपासना साहू, श्रद्धा साहू, पलक पाटकर, पलनी विश्वकर्मा, भुमिका साहू, हिमानी साहू, कामाख्या राव, नेहा काटरे, खुशबू गिलहरे, कशिश यादव, कनिष्का, सूरज गिलहरे, भावेश वर्मा, कुलदीप गिलहरे, सोमव्रत सिन्हा तथा अन्य खिलाड़ियों ने विगत वर्षो में अपनी बेहतर खेल कौशल तथा प्रदर्शन से नगर, विकासखण्ड, जिला व राज्य जैसे विभिन्न स्तरों के कराते प्रतियोगिताओ में नगर सहित अंचल का नाम गौरवान्वित किया है।

# छग में परिवर्तन तो सन 18 से आ गया है : कृष्णा

**महासमुंद,** 15 सितंबर (देशबन्धु)। नगर पालिका उपाध्यक्ष कृष्णा चंद्राकर ने बीजेपी की परिवर्तन यात्रा को लेकर बड़ा तंज कसा। उन्होंने कहा हाल ही में भाजपा के परिवर्तन यात्रा में का एक वीडियो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है, जिससे ये देखा जा रहा है कि भाजपा के कुछ लोग जिनके गले में भाजपा का गमछा और सिर में टोपी है औ वे शराब की बोतल खोलकर जाम छलका रहे हैं। उन्होंने कहा कि शराब को लेकर बीजेपी लगातार प्रदर्शन करती है, लेकिन इस वीडियों को देखकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। श्री चंद्राकर ने कहा कि परिवर्तन यात्रा यानी पैग बटन



यात्रा से डरने की बात नहीं है। आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस सरकार फिर से रिपीट होने वाली है। बीजेपी की परिवर्तन यात्रा से कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है। भाजपा किस चीज में परिवर्तन करने के उद्देश्य से भाजपा परिवर्तन यात्रा निकाल रही है। छत्तीसगढ़ में परिवर्तन तो 2018 में ही आ गया है जब जनता ने भाजपा के कुशासन और भ्रष्टाचार वाली रमन सरकार को घर बैठा दिया था। भाजपा किस बात का परिवर्तन यात्रा चाहती है। छत्तीसगढ़ के किसानों को उनकी उपज की पूरी कीमत 2640 रूण् मिल रहा है इस बात में परिवर्तन चाहते है या >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# इस माह तक हो जाएगी भाजपा प्रत्याशी की घोषणा : महतो

**महासमुंद,** 15 सितंबर (देशबन्धु)। इसी महीने के भीतर भाजपा प्रत्याशी की घोषणा हो जाएगी। महासमुंद विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी कौन होगा इसके लिए नेशनल बोर्ड से नाम तय हो गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की टीम, गृह मंत्री अमित शाह लगातार प्रत्येक विधानसभा का जायजा ले रहे और उनके पास सर्वे टीम का पूरा खाखा है कि किसने क्या-क्या काम अपने क्षेत्र मे किया है। उक्त बातें पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए पश्मि बंगाल के पुरलिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक नरहरि महतो ने कही। वे महासमुंद विधानसभा के लिए पर्यवेक्षक के रूप में पहुंचे है और बूथ समेत सभी मंडलों की लगातार 6 दिनों तक क्षेत्रों में जाकर बैठक ले रहे है। इसी सिलसिले में पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि महासमुंद विधानसभा की सीट भाजपा जीतेगी। जीत का कारण बताते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा का संगठन एकजुट



**नेशनल बोर्ड तय करेगा प्रत्याशी, पीएम, गृह मंत्री की सर्वे टीम कर रही है काम**

है और केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन पहुंचाया जा रहा है साथ ही यहां कांग्रेस का भ्रष्टाचार चरम पर है और 5 साल में यहां कुछ भी विकास नही हुआ। देश से कांग्रेस खत्म होने जा रही है। प्रदेश भी कांग्रेस मुक्त होगा। उन्होंने बताया कि भाजपा के जमीनी स्तर के बैठक के अलावा प्रोफेसर, वकील, चार्टर एकांउटेन, सामाजिक संगठनों के अध्यक्ष, पदाधिरियों से अलग-अलग बैठके हुई है। पीएम नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रसाद नड्डा ने बिहार, असम, बंगाल के विधायकों को यहां प्रवास के लिए नियुक्त किया है। दो चरणों में छग के 90 विधानसभा में प्रवासी विधायकों का कार्यक्रम चल रहा है इसका उद्देश्य हम चुनाव कैसे जीतेंगे इस रणनीति पर काम करना और बारिकियों को समझना है। चर्चा के दौरान पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, मोती साहू, पूर्व नपाध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर, तुमगांव नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश चंद्राकर, प्रदीप चंद्राकर, सतपाल पाली, रमेश साहू, धरमदास साहू, संदीप दीवान आदि मौजूद थे। श्री महतो ने बताया कि 6 दिवसीय प्रवास के दौरान महासमुंद विधानसभा समन्वय समिति, आईटी सेल, सोशल मिडिया, विचार परिवार, तुमगांव, सिरपुर मंडल, महासमुंद ग्रामीण मंडल, शहर मंडल, झलप-पटेवा मंडल की बैठकों के अलावा मोर्चा, प्रकोष्ठ के अध्यक्ष, जिला, >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# प्रधानमंत्री मोदी ने बढ़ाया छत्तीसगढ़ का मान : लक्ष्मी बघेल

**बलौदाबाजार,** 15 सितंबर (देशबन्धु)। बलौदाबाजार के पूर्व विधायक एवं भाजपा नेत्री श्रीमती लक्ष्मी बघेल जी ने जी-20 की बैठक छत्तीसगढ़ में सुनिश्चित करने के लिए



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। श्रीमती लक्ष्मी बघेल ने बताया कि जी समूह प्रमुख 20 देशों का संगठन है जिसमें अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, यूरोपीय यूनियन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, मेक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, दक्षिण कोरिया, तुर्की, यूनाइटेड किंगडम, अमेरिका और अफ्रीकी यूनियन शामिल है। जी-20 समूह का उद्देश्य आर्थिक मंदी के बाद मध्यम आय वाले देशों को शामिल कर वैश्विक वित्तीय स्थिरता को सुरक्षित करना है।

श्रीमती बघेल ने बताया कि छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में 18 और 19 सितंबर 2023 को जी-20 के चौथे वित्त कार्य समूह की बैठक आयोजित होगी। जिसमें दुनिया भर के बीस देशों के करीब 125 मंत्री, सचिव और अधिकारी छत्तीसगढ़ पहुचेंगे तथा अतिथियों के समक्ष छत्तीसगढ़ की कला, संस्कृति के अलावा ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए किए जा रहे कार्यों और नवाचारों को प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। साथ ही साथ >> शेष पृष्ठ 9 पर >



**वॉक इन इंटरव्यू हेतु स्थान हुआ परिवर्तन**

**बलौदाबाजार,** 15 सितम्बर। जिले में संचालित 15 स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम) के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए वॉक इन इन्टरव्यू के माध्यम से संविदा भर्ती हेतु विज्ञापन जारी किया गया है। जिसमें वॉक इन इन्टरव्यू का आयोजन पं. चक्रपाणि शुक्ल बहु.उ.मा.वि. बलौदाबाजार के स्थान परिवर्तन करते हुए स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय एम.डी. व्ही. अम्बेडकर चौक रायपुर रोड, ऑडिटोरिम के पास बलौदाबाजार में की जायेगी।



# जिले में 23 सितंबर को पहुंचेगी भाजपा की परिवर्तन यात्रा

**गरियाबंद,** 15 सितंबर (देशबन्धु)। जिले में भाजपा की परिवर्तन यात्रा को लेकर तैयारी शुरू हो गई। 23 सितंबर को परिवर्तन यात्रा धमतरी होते हुए गरियाबंद पहुंचेगी। इस दौरान मैनपुर और गरियाबंद में आमसभा होगी। राजिम में यात्रा का भव्य स्वागत किया जाएगा।

भाजपा के परिवर्तन यात्रा की तैयारी को लेकर अपेक्स बैंक के पूर्व अध्यक्ष एवं यात्रा के जिला प्रभारी अशोक बजाज ने गरियाबंद और मैनपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक ली। बैठक में यात्रा को सफल बनाने के लिए भाजपा नेताओं एवं पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बजाज ने कहा कि कांग्रेस की दमनकारी नीतियों से छत्तीसगढ़ की जनता त्रस्त है, आम जनता में भी परिवर्तन करने की लहर दिख रही है इससे तय है कि छत्तीसगढ़ में एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी।

इसके पहले बजाज ने बैठक में जानकारी दी कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार को बदलने भारतीय जनता पार्टी ने दंतेवाड़ा से 12 सितंबर से परिवर्तन



## मैनपुर और गरियाबंद में सभा होगी, राजिम में यात्रा के स्वागत की तैयारी

यात्रा शुरू की है। 23 सितंबर को इस यात्रा का गरियाबंद जिला में प्रवेश होगा, यहां झरियाबाहरा के पास भाजपा के कार्यकर्ता यात्रा का जोरदार स्वागत करेंगे। जिसके बाद मैनपुर के वन विभाग परिसर और गरियाबंद के गांधी मैदान में आमसभा आयोजित की गई है। जिसके बाद यात्रा राजिम पहुंचेगी, जहां स्वागत सभा का कार्यक्रम तय किए गए हैं। इसके साथ ही परिवर्तन यात्रा का प्रमुख स्थानों में भी स्वागत किए जाएंगे।

**केंद्रीय मंत्री, दिग्गज नेता होंगे शामिल**

यात्रा प्रभारी अशोक बजाज ने बताया कि परिवर्तन यात्रा में केंद्रीय मंत्री और राज्य के दिग्गज नेता मौजूद रहेंगे, जो कि स्थानीय सहित सारे मुद्दों पर अपनी बात रखेंगे। परिवर्तन यात्रा के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों के लिए जिला के भाजपा नेताओं एवं पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा बाइक रैली निकली जाएगी।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश साहू, प्रवासी विधायक कमलकांत हसदा, पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन मांझी, बिंद्रानवागढ़ विधानसभा प्रभारी महेंद्र पंडित, महामंत्री अनिल चंद्राकर, यात्रा के सह प्रभारी चंद्रशेखर साहू, बलदेव सिंह, श्रीमती मिलेश्वरी साहू, अनूप भोंसले, अजय रोहरा, पारस ठाकुर, दीनदयाल सिन्हा, धनंजय नेताम, प्रहलाद ठाकुर, किशोर यादव, दीपेश दीवान, केशव साहू, नेहरू साहू, परमेश्वर सेन, तनु साहू, सलीम खान, श्रीमती गुलेश्वरी ठाकुर सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# अग्रवाल समाज पिथौरा का चुनाव सम्पन्न अनूप अग्रवाल अध्यक्ष निर्वाचित हुए

**पिथौरा,** 15 सितंबर (देशबन्धु)। अग्रवाल समाज पिथौरा का चुनाव शांति पूर्ण ढंग से श्री अग्रसेन भवन में सम्पन्न हुआ ।जिसमे अध्यक्ष पद के लिए व्यापारी एकता मंच के अध्यक्ष अनूप अग्रवाल ने जीत हासिल की, वंही उपाध्यक्ष पद पर शैलेंद्र अग्रवाल (मेडिकल) सचिव पद पर बजरंग अग्रवाल (वकील), तथा कोषाध्यक्ष पद पर राजेश अग्रवाल (राजू) एवम सहसचिव पद पर अनिल अग्रवाल (टुकटुक) निर्वाचित हुए।

निर्वाचन पश्चात् नवनिर्वाचित अध्यक्ष अनूप अग्रवाल ने सभी समाजजनों व शुभचिंतकों का आभार व्यक्त करते हुवे कहा की आप सब के स्नेह व आशीर्वाद का नतीजा है की आज सामज के इस महत्वपूर्व पद पर हम पहुँचे है।आप् सब ने जिस आसा व उम्मीद के साथ हमे ये जिम्मेदारी सौपी है हम उस पर पूरा खरा उतरने का प्रयास करेंगे।हमारी पूरी टिम सामज की एकता व समाज के विकास के लिए हर संभव कार्य करेंगे।

सभी विजयी प्रत्याशियों को भाजपा के प्रदेश मंत्री शंकर अग्रवाल ने पुष्पाहार पहना कर शुभकामनाएं देते हुए अभिनंदन किया। अध्यक्ष पद पर विजयी प्रत्याशी अनूप अग्रवाल का उनके समर्थकों एवम इष्ट मित्रो द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष शैलेंद्र अग्रवाल ने समाज को नया भवन बनाने 2 एकड़ बेशकीमती जमीन दान



## उपाध्यक्ष शेलेन्द्र अग्रवाल ने 02 एकड़ भूमि समाज को दान देने का एलान किया

में देने की घोषणा की है। जिसकी सराहना अग्रवाल समाज सहित सर्वत्र हो रही है।

**नवनिर्वाचित सचिव बजरंग अग्रवाल ने बताया कि सभी नव**

निर्वाचित सदस्य समाज के सर्वांगीण विकास के लिए सभी को साथ लेकर काम करेगी तथा दान में प्राप्त भूमि पर एक सर्वसुविधायुक्त भवन का निर्माण किया जावेगा ।

# बिलाईगढ़ क्षेत्र में तेज बारिश से जन-जीवन अस्त् व्यस्त, वहीं किसानों के चेहरे खिले

**बिलाईगढ़,** 15 सितंबर (देशबन्धु)। इस बार भादो में जमकर वर्षा होने से किसानों के मायूसी चेहरा में मुस्कान आ गया। वर्षा नही होने के कारण तेज गर्मी, उमस होने से क्षेत्र में सर्दी बुखार खाँसी का ग्राफ बढ़ गया था। भादो लगते ही वर्षा की कमी से लोग हलाकान हो गए थे लेकिन कल की बारिश ने ठंडकता ला दी है वहीं किसानों को भी काफी राहत मिली है। किसानों ने बताया कि खेत मे जगह जगह दरारे पड़ना शुरू हो गई थी।जैसे ही वर्षा हुई किसान खेती की ओर रुख करने लगे। किसानों ने अवर्षा से इस बार खेती की उम्मीदे लगभग छोड़ दिए थे। नगर बिलाईगढ़ में गुरुवार को झमाझम बारिश होने से बगलाभठा से बस स्टैंड मार्ग इन्द्रमार्केट जो खजरी रोड से आवागमन लोगों को भारी परेशानियों का सामना पड़ा। इस मार्ग में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, नगर पंचायत, बीईओ ऑफिस कार्यालय व संगम चौक से थाना रोड पुरानी बस्ती जोड़ने वाली मार्ग एक पुल के ऊपर पानी आ जाने से घंटो मार्ग बंद होने से लोगो को थाना हॉस्पिटल बस्ती



आने जाने में भारी दिक्कतों से गुजरने पड़ा है। जब तक जंगल क्षेत्र में वर्षा जारी रहेगी तब तक इस पुल के ऊपर पानी बहते रहता है। लोगो को जानजोखिम डाल कर पार करना पड़ता है। अगर थाना क्षेत्र में कोई अप्रिय घटना घट गई तो स्थानीय पुलिस प्रशासन नही जा पाते है। वही ग्रामीणों को जैसे उल्टी दस्त, डिलवरी या अन्य नगर के हॉस्पिटल जाना रहता है तो नही जा पाते है। सभी तरफ से दोनों जगह घिरे रहते हैं। जब तक इस पुल को नए सिरे से नही बनाया गया तो लोगो को बारिश में हमेशा परेशानी बना रहेगा। खेतो का पानी निकासी नही होने से खेत का पानी नगर के मेन रोड में आने से राहगीरों को परेशान तो होती ही है वहीं इससे कई ब्यापारी को भारी नुकसान उठाना पड़ता है। वही रमेश हार्डवेयर की दुकान संचालक मुकेश जायसवाल ने बताया कि कल हुए बारिश से मकान के नीचे वाले भाग में पानी आने से पुट्टी और कई समान पानी मे खराब होने लाखो रुपया का नुकसान हुआ है।

# बिडोरा में हुआ कबाड़ से जुगाड़ मॉडल का प्रदर्शन

**बागबाहरा,** 15 सितम्बर (देशबंधु)। राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत संकुल केंद्र कसेकेरा के अंतर्गत संचालित शासकीय प्राथमिक शाला बिडोरा में कबाड़ से जुगाड़ मॉडल का प्रदर्शन एवम प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित हुई।



सर्वप्रथम शासकीय हाई स्कूल कसेकेरा के प्राचार्य पवन कुमार चक्रधारी एवम शाला प्रबंधन समिति बिडोरा के अध्यक्ष पेनू बाई साहू ने विद्यादायिनी माँ सरस्वती के छायाचित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर एवम विद्यालय के बालिकाओं ने माँ शारदे की वंदना कर कार्यक्रम का विधिवत शुरुआत किया। संकुल समन्वयक मनीष अवसरिया ने बताया कि लिखित और मौखिक क्विज प्रतियोगिता में पूर्व माध्यमिक स्तर पर कु. संध्या ठाकुर मिडिल स्कूल भोथा ने प्रथम स्थान एवम कु. अंजली ध्रुव मिडिल स्कूल कोसमर्रा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। हाई स्कूल स्तर पर शासकीय हाई स्कूल कसेकेरा के नीलेश यादव ने प्रथम और गौरव यादव ने द्वितीय स्थान पर रहे।

कबाड़ से जुगाड़ मॉडल प्रदर्शन में प्राथमिक स्तर पर प्रमोद कुमार चन्द्राकर प्रधानपाठक प्राथमिक शाला टोंगोपानी कला ने प्रथम एवम सनत कुमार साहू प्राथमिक शाला बिडोरा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।पूर्व माध्यमिक स्तर पर योगेश कुमार साहू प्रधानपाठक मिडिल स्कूल भोथा ने प्रथम एवम जितेन्द्र कुमार साहू शिक्षक मिडिल स्कूल कसेकेरा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। संकुल केंद्र कसेकेरा की बैठकों, प्रशिक्षणों एवम विभिन्न गतिविधियों के सफल आयोजन के लिए संकुल प्राचार्य पवन कुमार चक्रधारी एवम प्रधानपाठक संजय कुमार अग्रवाल का सम्मान किया गया।मॉडल प्रदर्शन के कार्यक्रम में शिक्षक गण संजय कुमार सेन, पंकज सिंह ठाकुर, खेमू प्रसाद दीवान, खगेश्वर राजपूत, महादेव देवांगन, पवन कुंजाम, मुरली प्रसाद यादव, लोकू चन्द्राकर, सुरेखा ठाकुर, राहुल ध्रुव शाला प्रबंधन समिति के चंद्रिका देवांगन, भूमिका मोंगरे एवम जानकी ठाकुर सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## लगातार वर्षा के चलते नदी नाले का पानी सड़को पर बहने से नागरिक परेशान

**सिमगा** : क्षेत्र में लगातार वर्षा के चलते आम जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है । जिधर देखो उधर पानी ही पानी नजर आ रहा है । सरोपी तालाब का पानी ओवरफ्लो होकर सड़कों पर बह रहा है वहीं ब्राह्मण कालोनी में तालाब जैसा पानी भर गया है जिससे वहाँ के रहवासियों को काफी तकलीफों का सामना करना पड़ रहा है इस ओर नगर पंचायत के अधिकारी कर्मचारी कोई ध्यान नहीं दे रहे है बेमेतरा बाईपास के पास खेतों का पानी भरा हुआ है जिसके चलते राष्ट्रीय राजमार्ग पर आवागमन बाधित हो रहा है छोटे बड़े वाहन फसने से कभी भी बड़ी दुर्घटना घट सकती है ।

## निधन

### दिव्यांशु देशमुख

**दुर्ग,** 15 सितंबर (देशबन्धु)। बोरसी जोन ;छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल के सहायक यंत्री डीलेंद्र देशमुख के ज्येष्ठ पुत्र दिव्यांशु देशमुख (21) का आकस्मिक निधन हो गया है। अंतिम संस्कार 16 सितंबर शनिवार को शिवनाथ नदी मुक्तिधाम में समय सुबह 11 बजे किया जाएगा।



### दामोदर दास राठी

**दुर्ग,** 15 सितंबर (देशबन्धु)। गंजपारा निवासी दामोदर दास राठी (87) का गुरूवार की रात निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को शिवनाथ नदी मुक्तिधाम में किया गया। वे मनमोहन राठी के भाई और अनिल व सुधीर राठी के पिताजी थे। दामोदर दास राठी श्री सांई मंदिर समिति कसारीडीह दुर्ग के संस्थापक सदस्य थे। उनके निधन पर श्री सांई मंदिर समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों ने शोक व्यक्त किया है।



## खुशवंत साहेब ने ग्राम मुनगी और बहानाकाड़ी का किया दौरा

**आरंग,** 15 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में जल्द ही विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। जिसकी तैयारी में भारतीय जनता पार्टी का हर एक कार्यकर्ता लग गया है। इसी कड़ी में बीजेपी के युवा और ऊर्जावान नेता गुरु खुशवंत साहेब ने अपनी पार्टी के कई कार्यकर्ताओं के साथ आरंग विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मुनगी और बहानाकाडी का दौरा किया और जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान कई लोगों को बीजेपी ज्वाइन कराया।



खुशवंत साहेब ने आम जनता से बातचीत करते हुए केंद्र सरकार की कई कल्याणकारी नीतियों के बारे में बताया। खुशवंत गुरु ने पीएम आवास योजना पर बातचीत करते हुए कहा प्रदेश की कांग्रेस सरकार आम जनता का अधिकार छीन रही है और पीएम आवास योजना में भी घोटाला कर रही है। शराबंदी का वादा करके सत्ता में काबिज होने वाली भूपेश सरकार आज खुलेआम नशे का कारोबार कर रही है। ऐसी सरकार को हमे उसकी सही जगह दिखानी होगी और आने वाले चुनाव में जनता की पावर दिखानी होगी।

इस दौरान यहाँ धर्मगुरु खुशवंत साहेब के अलावा दिनेश्वरी टंडन (जनपद सदस्य), अशोक बंजारे (सरपंच बहानाकाडी एवं जिला महामंत्री भाजपा), राजलाल कोसले जी (पंच), पुष्प कुर्रे (महिला कमांडो अध्यक्ष) सुरेन्द्र भारती (बीजेपी कार्यकर्ता), सरपंच जीवन घ्रितलहरे, उपसरपंच अशोक वर्मा, शकुन्तला वर्मा (अध्यक्ष महिला समिती), कलावती देवांगन और मीडिया प्रभारी कान्हा कृष्णा कश्यप समेत भाजपा के अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## राजीव भवन आरंग में मनाई गई अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की 40 वां स्थापना दिवस

**आरंग,** 15 सितंबर (देशबन्धु) ।प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी के आह्वान एवं क्षेत्रीय विधायक व केबिनट मंत्री शिवकुमार डहरिया के मार्गदर्शन में तथा शकुन शिवकुमार डहरिया सदस्य प्रदेश कांग्रेस कार्यसमिति व प्रभारी अ.जा. विभाग एवं प्रदेश महिला कांग्रेस के निर्देशानुसार जिला महिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के नेतृत्व में राजीव भवन आरंग में अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की 40वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर भारतीय राजनीति व देश के उत्थान एवं विकास में महिला कांग्रेस के योगदान का बखान किया गया। साथ ही साथ राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर भी विचार किया गया। उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से केशरी मोहन साहू जिलाध्यक्ष महिला कांग्रेस रायपुर ग्रामीण, कोमल सिंह साहू अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस आरंग, भारती देवांगन शहर कांग्रेस कमेटी आरंग, मंजू चन्द्राकर अध्यक्ष महिला कांग्रेस आरंग, गौरी बाई देवांगन पार्षद, अंजू बघेल, बिन्दू कोशले, सीमा जांगड़े, मुन्नी मिरी, संतोषी ध्रुव, हेमा कुर्रे, बसंती साहू, जानकी भारती, नंदनी कोशले, ममता भट्ट, हेमलता लोधी, जामेश्वरी जलक्षत्री, वत्सला लोधी, रेवती जलक्षत्री, जमुना यादव, नंदनी लोधी, नूतन लोधी, रामेश्वरी जलक्षत्री, सविता पटेल, सविता जलक्षत्री, दुर्गा जलक्षत्री, हेमिन जलक्षत्री, गोदावरी जलक्षत्री, जया, डम्बेश्वरी कोशले, हेमा जलक्षत्री, फूलता घृतलहरे, रामेश्वरी घृतलहरे, धामीन जांगड़े, संतोषी घृतलहरे, गीता मारकंडे, शांती लोधी, सरिता लोधी, ईश्वरी लोधी, कुमारी यादव, निशा चन्द्राकर, हेमीन भारती, भूमिका ध्रुव आदि उपस्थित थी।



## सरकारी अस्पताल में डिजिटल एक्सरे का लोकार्पण विधायक ने किया

**सरायपाली** 15 सितंबर (देशबंधु) मोहनलाल चौधरी शासकीय अस्पताल सरायपाली में किस्मतलाल नंद उपाध्यक्ष अनुसूचित विकास प्राधिकरण एवं विधायक सरायपाली के द्वारा डिजिटल एक्सरे मशीन का पूजा अर्चना कर फीता काट कर क्षेत्र के लोगो को बड़ी सौगात दी विधायक ने अपने उद्बोधन में कहा की आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित एक्सरे मशीन लग जाने से क्षेत्र के लोगों को इसका सीधा लाभ मिलेगा चिकित्सा के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा। आने वाले 6 माह के भीतर हमर लैब, ब्लड बैंक की भी शुरवात होनी है और कई सुविधाएं उपलब्ध होगी। इस अवसर पर सरायपाली खंड चिकित्सा अधिकारी डा हीरालाल जांगडे विवेक अग्रवालविधायक प्रतिनिधि स्वास्थ्य विभाग रामनारायण आदित्य अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सरायपाली शहर, पुष्पेंद्र पटेल अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सरायपाली ग्रामीण, विद्या सतपथी वाहिद नियरिया सहादत हुसैन शुरू पाणिग्रही फिरोज खान जी, सौरभ सतपति जी, डॉ कुणाल नायक शिशु रोग विशेषज्ञ, डॉ रमेश साहू पैथोलांजिस्ट, बी पी एम श्रीमती शीतल सिंग, टी आरधृतलहरेअधिकारी कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे



## प्रादेशिकी का शेष...

**छग में परिवर्तन तो...**

छत्तीसगढ़ का किसान कर्ज मुक्त हो गया है इस हालात में भाजपा परिवर्तन चाहती है। छग के तेंदूपत्ता किसानों को 2500 की जगह 4000 रू मिल रहा इसमें भाजपा परिवर्तन चाहती है, आदिवासियों के संवैधानिक अधिकार बहाल हो गये है इसमें भाजपा परिवर्तन चाहती है, बेरोजगारी दर आधा प्रतिशत से कम है भाजपा इसमें परिवर्तन चाहती है, महिलायें रमन राज से ज्यादा सुरक्षित है भाजपा इसमें परिवर्तन चाहती है, भाजपा परिवर्तन यात्रा कांग्रेस की नकल करके निकाल रही है।

**इस माह तक हो जाएगी...**

जनपद पंचायत, नगर पंचायत, नगर पालिका पार्षद, वरिष्ठ भाजपा नेताओं के अलावा धर्मगुरूओं, व्यापारी संघ, वृद्धा आश्रम, स्वसहायता समूह, शहीद एवं सेनानी परिवार, कृषि उत्पादक संगठनों से चर्चा की गई।

**प्रधानमंत्री मोदी ने बढ़ाया...**

छत्तीसगढ़ की महान संस्कृति तथा अतिथि देवो भव की भावना और छत्तीसगढ़ की सुगंध, छत्तीसगढ़ माटी की महक पूरी दुनिया तक फैलेगी ।भारत के इतिहास में यह स्वर्णिम अवसर है जिसे प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने सफ्ल किया है। इन्होने साथ छत्तीसगढ़ में जी-20 की बैठक के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# बरसते पानी में भाजपा चुनाव कार्यालय का शुभारंभ

**बागबाहरा,** 15 सितम्बर (देशबंधु)। भारतीय जनता पार्टी के चुनाव कार्यालय खल्लारी विधानसभा क्षेत्र का शुभारंभ नगर के मुख्य मार्ग में हुआ। भाजपा द्वारा जिला पंचायत सदस्य श्रीमती अलका चंद्राकर को प्रत्याशी घोषित होने के पश्चात पार्टी के चुनावी कार्यालय का विधिवत पूजा -अर्चना कर एवं फीता काटकर शुभारंभ किया गया। पार्टी के हजारों कार्यकर्ताओं ने बरसते पानी में पहुंचकर चुनावी कार्यालय का साक्षी बने। कार्यकर्ताओं एवं नेताओ का जोश उत्साह चरम सीमा पर था। पानी की परवाह न करते हुए गगन भेदी नारों के साथ अलका चंद्राकर का उत्साह बढ़ाया। इस अवसर पर महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के सांसद चुन्नी लाल साहू, भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती रूपकुमारी चौधरी, पूर्व विधायक प्रीतम सिंह दीवान, संतोष उपाध्याय, मंडल अध्यक्ष सागर चंद्राकर, प्रेम साहू, पीलेश्वर पटेल, धरम दीवान, प्रीतम साहू, थान सिंह दीवान आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे। सांसद श्री साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के वादा खिलाफी से वाकिफ है। 2023 के आगामी विधानसभा चुनाव में जनता सबक सिखाएगी। तथा छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनाएंगे। प्रत्याशी अलका चंद्राकर ने कहा कि भाजपा द्वारा मुझे प्रत्याशी घोषित आप सभी के आशीर्वाद, स्नेह एवं सहयोग से किए हैं। इसलिए भाजपा केंद्र प्रदेश नेतृत्व का बहुत-बहुतआभार आज भारी बरसात में भी हजारों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति से हमारी जीत पक्की हो गई है। सभा को रूप कुमारी चौधरी जिला अध्यक्ष ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर दुबे लाल साहू, शंकर तांडी, भेख लाल साहू, भुवन साहू, डेमनराज पनुरिया, तुलाराम पनुरिया, मन्नू लाल चंद्राकर, डोमन साहू, नवीन पटेल, मूलचंद साहू, नर्रा सरपंच गोपाल किशन पटेल, तुपकबोरा की सरपंच श्रीमती जान्हवी साहू, हरमीत बग्गा, कलाराम नायक, रामप्रसाद ठाकुर, भूखन सिन्हा, जसराज चंद्राकर, संजय मालवे, दिनेश चंद्राकर, कन्हैया नायक, हरीश दीवान, पितांबर साहू, रवि फरौदिया, लोकेश पनुरिया, दुर्गा वस्त्रकार, हरी चंद्राकर, विनोद दीवान, कन्हैया नायक, राम खिलावन साहू, पीतांबर साहू, रेवाराम क्षत्रे, सुखनंदन देशकर, तुलसी यादव, शिव साहू, लेखमणि पटेल, चेतना व्यवहार, किरण यादव सहित हजारों कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# रामप्रसाद देवांगन शासकीय महाविद्यालय खरोरा में हिंदी दिवस मनाया गया

**खरोरा,** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। हिंदी दिवस के अवसर पर रामप्रसाद देवांगन शास महाविद्यालय, खरोरा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ प्राध्यापक श्री आर के साहू, कार्यक्रम अधिकारी डॉ बाल्मीकि साहू, अतिथि प्राध्यापक धर्मेंद्र बघेल एवं विद्यार्थियों ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर धूप दिखाकर किया। विधि, मोनिका आदि विद्यार्थियों ने हिंदी का मान-सम्मान एवं प्रचार-प्रसार की बात कही। कार्यक्रम अधिकारी डॉ बाल्मीकि साहू ने अपने उद्बोधन में हिंदी की मध्यकालीन स्थिति, स्वतंत्रता उपरांत दक्षिण भारतीयों के विरोध, हिंदी भाषियों की हिंदी के प्रति हीन भावना, शिक्षा का अंग्रेजीकरण आदि तमाम अवरोधों के बाद भी हिंदी विश्व में तीसरी सर्वाधिक बोली, समझे जाने वाली लोकप्रिय, भावप्रवण भाषा है। रामचरितमानस जैसे महान ग्रंथों को पढ़ने के लिए अहिन्दी भाषियों ने हिंदी सीखी। विश्व के बड़े बड़े देशों की कम्पनियाँ अपना उत्पाद बेचने हिंदी सीख रही हैं। हिंदी मर्मस्पर्शी मातृभाषा है। श्री धर्मेंद्र बघेल ने भारत के बाहर अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में हिंदी को जनभाषा के रूप में पाकर हुए आत्मिक अनुभव को साझा किया। भारतीय शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत विदेशी विद्यार्थियों की हिन्दी के प्रति रुचि को रेखांकित किया। आर के साहू ने अपने वक्तव्य में कहा कि समझ के बावजूद हिन्दी के प्रति तमिलों का विरोध और अंग्रेजों की भाषा अंग्रेजी के प्रति आसक्ति, लगाव समझ से परे है। हिन्दी भावप्रवण भाषा है। इसके शब्दों के उच्चारण से हमारे मानस में बिम्ब बनने लगते हैं। जबकि अंग्रेजी भाषा में हमारे भाव तथा मानस में चित्र नहीं उभरते। न्यायालय, चिकित्सा, तकनीकी शिक्षा आदि की भाषा हिंदी ही होनी चाहिए। हिंदी में सभी प्रकार के भावों, विचारों को व्यक्त करने में सक्षम है। इस अवसर पर अनेक विद्यार्थियों ने अपने द्वारा निर्मित पोस्टर का प्रदर्शन किया।



# देवभोग के प्राचार्य पर छात्राओं ने लगाया छेड़खानी का आरोप



**गरियाबंद**, 15 सितम्बर (देशबन्धु)। जिले में छुरा और गरियाबंद के बाद अब देवभोग में भी स्कूली छात्रों ने प्राचार्य पर छेड़ खानी का आरोप लगाते हुए इसकी शिकायत कलेक्टर गरियाबंद से की है। शुक्रवार को अपने पालकों के साथ जिला मुख्यालय पहुंची देवभोग ब्लॉक के बाड़ीगांव हायर सेकेंड्री स्कूल के 10 छात्राओं ने पीएस चौधरी के खिलाफ लिखित शिकायत की है। ज्ञात हो की इस माह में ये इस प्रकार का चौथा मामला है।

इधर, 150 किमी दूर बाड़ी गांव से जिला मुख्यालय सेजिला मुख्यालय पहुची छात्राओं ने बताया कि इससे पहले 4 सितंबर को ब्लाक शिक्षा अधिकारी को भी आवेदन देकर प्राचार्य की शिकायत की गई थी। जिसके बाद प्राचार्य को स्कुल से हटा दिया गया। लेकिन उनके अभद्र व्यवहार और छेड़ खानी का लेकर किसी प्रकार की अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई हैं। छात्राओं को कहना है कि वह प्राचार्य के विरुद्ध कानूनी करवाई चाहती है।

इधर एकाएक जिले के स्कूलों में छेड़छने के मामले सामने आने के बाद जिला प्रशासन सकते में आ गया है। बीते एक हफ्ते में ही इस तरह के तीन मामले सामने आ चुके है। पहले छुरा ब्लॉक में इसी तरह का मामला सामने आया। यहां छात्रावास में रहने वाले नाबालिक छात्राओं ने छुरा में संचालित एक निजी छात्रावास के अधीक्षका और उसके पति नारायण चौहान के खिलाफ छेड़खानी के गंभीर आरोप लगाए। इसके 24 घंटे बाद ही गरियाबंद ब्लॉक के मरदाकला हायर सेकेण्डरी स्कूल के भी छात्रों ने प्राचार्य के खिलाफ छेड़खानी की लिखित शिकायत कलेक्ट्रेट पहुंच की थी। इसके बाद अब देवभोग में इसी तरह का मामला सामने आया है।

■ **जिले में स्कूली बच्चों और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सतर्कता लाने की जरूरत**

देवनाथ बधेल - ब्लाक शिक्षाधिकारी देवभोग ने बताया कि प्रथम शिकायत के दूसरे दिन ही उक्त शिक्षक को बाडीगांव से बरबाहाली स्कुल में अटैच कर दिया गया है । साथ ही जांच कर जांच रिपोर्ट जिला शिक्षाधिकारी को भेज दिया गया।

देखा जाए तो अब तक स्कूलों में शिक्षक की कमी, एकल शिक्षिकीय स्कूल, भवन के मरम्मत जैसे मामले सामने आते रहे है। पहली बार छेड़ खानी जैसे गंभीर मामले सामने आ रहे है। मालूम हो कि स्कूल कालेज के छात्र छात्राओं को जागरूक करने पुलिस विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, चाइल्ड हेल्पलाइन, विधिक साक्षरता सहित कार्यक्रम भी चलाए जा रहे है। इसके बाद भी इस तरह के मामले सामने आने के बाद प्रशासन को भी चिंता करनी पड़ रही है। या फिर ये भी कारण ही सकता है कि जागरूकता कार्यक्रम के चलते ही स्कूली छात्राएं हिम्मत जुटा कर समाने आ रहे हो।

इधर, जिले में महिला संबंधी अपराधों पर नजर डाली जाए तो 45 दिनों में बलात्कार के 5 मामले सामने आ चुके है। एक अगस्त से 14 सितंबर तक के सरकारी रिकॉर्ड के मुताबिक जिले में इस दरमियान बलात्कार के 5 मामले सामने आ चुके है। वही शीलभंग के 3 मामले सामने आ चुके है। इसमें दो तो इसी महीने के है। हाल में ही जतमई में गैंग रैप भी हुआ था। ये जिले गैंगरेप की पहली घटना है।

# 23 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में बलौदा बाजार जिले के 16 बच्चों ने जीते पदक



**भाटापारा**, 15 सितम्बर (देशबन्धु)।23 वी राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता का आयोजन 10 से 13 सितंबर तक कोरबा में किया गया जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य के पांच संभाग बस्तर रायपुर दुर्ग सरगुजा बिलासपुर से प्रतिभागियों ने भाग लिया जिला कराते संघ सचिव ऋषभ सिंह चौहान और ताइक्कांडो प्रशिक्षक दिनेश साहू के मार्गदर्शन में दिव्यांश यादव सेंट मेरी हायर सेकेंडरी स्कूल कात्यायनी चौहान मॉडर्न इंग्लिश स्कूल ने अंडर 14 में एवम प्रीति यादव मयूर विद्या पीठ ने अंडर 17 में गोल्ड मेडल अनुपमा सोनी गवर्नमेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल हाथनीपारा वैभव सोनी गुरुकुल स्कूल ने अंडर 14 में एवम मोहन दास मानिकपुरी मॉडर्न इंग्लिश स्कूल गुलाब साहू आत्मानंद स्कूल पंकज कुमार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जर्वे गीतांजलि साहू शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवसुंदरा ने अंडर 17 में सिल्वर मेडल, आर्चिस विभा कौशले मॉडर्न इंग्लिश स्कूल ने अंडर 14 में एवम रिचा यादव सेंट मेरी हायर सेकेंडरी स्कूल ने अंडर 19 में ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया इनमे से 9 प्रतिभागी चैंपियन मार्शल आर्ट एकेडमी जो की नगर पालिका के सामने गौरा बाई बाल मंदिर प्रांगण में स्थित है वहां प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। साथ ही इस आयोजन में ताइक्कांडो के प्रतिभागियों ने मेडल प्राप्त किए जिसमे दिव्या साहू ने अंडर 19 में , हीरा चक्रधारी ने अंडर 17 में गोल्ड मेडल, नीलम यादव ने अंडर 19 में सिल्वर मेडल, सुनीता साहू ने अंडर 17 टूकेश्वरी यादव ने अंडर 19 में ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। इनकी इस उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री राकेश शर्मा जिला खेल अधिकारी श्री राजेंद्र सोनी विकासखंड क्रीडा अधिकारी श्री आलोक गुप्ता एवम जिला कराते संघ संरक्षक श्री शिवरतन शर्मा विधायक भाटापारा, संयोजक श्री अरुण छाबड़ा,अध्यक्ष श्री अश्वनी शर्मा, उपाध्यक्ष श्री नंदू साहू, सचिव श्री ऋषभ सिंह चौहान, कोषाध्यक्ष श्री सुनील यदु एवम चैंपियन मार्शल आर्ट एकेडमी सचिव नेमीचंद साहू कोषाध्यक्ष योगेश कुर्रे प्रबंधक विक्रम सिंह चौहान सह-सचिव महेश राजपूत धनंजय पांडे सदस्य गण हर्ष देवांगन गौरव साहू प्रतीक द्विवेदी विपिन साहू ने हर्ष व्यक्त किया व प्रतिभागियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

# मंडी के पंजीयनधारी रेजाओं का सम्मान



**भाटापारा**, 15 सितम्बर (देशबन्धु)। मण्डी समिति भाटापारा के कार्यकाल में दूसरी बार मण्डी के पंजीयनधारी रेजाओं को सम्मान श्री गिरीश देवागंन अध्यक्ष खनिज विकास निगम छत्तीसगढ शासन रायपुर के मार्गदर्शन में कृषि उपज मण्डी समिति भाटापारा के मण्डी प्रांगण में कार्यरत पंजीयनधारी स्त्री हम्मालो को तीजा पर्व के पावन अवसर पर , दिनांक 15 सितम्बर 2023 दिन शुक्रवार को संध्या 4 बजे मण्डी प्रांगण में साडी वितरण मण्डी अध्यक्ष सुशीलशर्मा के व्दारा किया गया ,जिसमें कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष विनोद अग्रवाल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती सरिता सत्यनारायण ठाकुर, नगरपालिका अध्यक्ष सुनीता गुप्ता , गौरीभृगु, प्रमिला साहू ,सचिन शर्मा सहित बडी संख्या में कांग्रेसीजन उपस्थित थे । मण्डी प्रांगण में कार्यरत पंजीयनधारी महिला रेजाओं को साडी व मिष्ठान वितरण कर इस पावन पर्व तीजा की बधाई व शुभकामनायें उपस्थित अतिथीयो के व्दारा दी गयी । विदित हो कि यह दूसरा वर्ष है जहां पर श्री सुशील शर्मा ने यह परंपरा को सतत बनाये रखते हुये मण्डी प्रांगण में कार्यरत रेजाओ को साडी वितरण व मिष्ठान प्रदान की जिससे यहां पर कार्यरत रेजाओ में हर्ष व उत्साह खुशी का माहौल सभी रेजाओं ने इस कार्यक्रम के लिये मण्डी अध्यक्ष सुशील शर्मा के प्रति आभार व्यक्त करते हुये कहा कि यहां पर हमें कार्यरत वर्षो हो गये किन्तु इस प्रकार का सम्मान प्राप्त नही हुआ था, मण्डी में सुशील महाराज जब से यह अध्यक्ष बने उनके व्दारा हमें हर त्यौहार में सीधे भेंट कर कुछ न कुछ उपहार देकर हमें जो आदर सम्मान करते है जिसके लिये हम सभी रेजा पुनःउनके प्रति हदय से आभार व्यक्त करते है ।

# मलय धुरंधर बने परियोजना अधिकारी विधायक शिवरतन ने दी शुभकामनाएं



**भाटापारा**, 15 सितम्बर (देशबन्धु)। नगर के ईश्वरी प्रसाद धुरंधर वार्ड निवासी भीखम चंद धुरंधर के सुपुत्र मलय धुरंधर का सीजीपीएससी में बाल विकास परियोजना अधिकारी के पद पर चयन हुआ है,उनके चयन पर उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़,विधायक शिवरतन शर्मा ने उसे मिठाई खिलाकर उसके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी है।

छत्तीसगढ़ राज्य सेवा परीक्षा-2022 में 91 वा रेंक हासिल कर बाल विकास परियोजना अधिकारी के पद पर चयनित हुए मलय धुरंधर का लक्ष्य डिप्टी कलेक्टर बनने का था और और अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए उन्होंने लगातार परिश्रम किया लेकिन उन्हें वो मुकाम हासिल नहीं हुआ जिसका वो सपना संजोए हुए थे। मलय का मानना है की आप अपना लक्ष्य को निर्धारित कर लिए तो आधा मुकाम तो आप हासिल कर चुके होते हो, क्योंकि आप को पता है की जिस लक्ष्य को लेकर आप चले है उसके लिए किस प्रकार का परिश्रम मेहनत के साथ साथ वातावरण की अवस्यकता होती है।एक साधारण से परिवार में जन्म लिए मयंक धुरंधर के पिता ग्रामीण बैंक में ग्रामीण अंचल में रहकर उनकी पढ़ाई को कभी भी आड़े आने नही दिया,मलय का खुद का मानना है की लक्ष्य प्राप्ति में परिवार का सहयोग बहुत मायने रखता है और वो अपने आप को भाग्यशाली मानते है की उसकी पढ़ाई में उनके माता पिता सहित पूरे परिवार ने लगातार उसका हौसला बढ़ाते रहे। मलय ने आगे कहा की वे अपनी पढ़ाई भी जारी रख यू पी एस सी और पी एस सी की तैयारी भी अपने लक्ष्य की पूर्ति के लिए करते रहेंगे। वैसे पी एस सी 2022 के परीक्षा परिणाम में मिली मलय धुरंधर की सफलता से उसके परिजनों,मित्रो चाहने वालो सहित क्षेत्र के विधायक शिवरतन शर्मा ने उनके निवास पहुंच कर मलय को मिली सफलता पर उसे मिठाई खिला कर बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उसके उज्वल भविष्य की कामना की है।



## गिरीश देवांगन से सौजन्य भेंट मुलाकात

**भाटापारा**, 15 सितम्बर (देशबन्धु)। आज भाटापारा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के दावेदार राधेश्याम शर्मा खरोरा पहुंच कर छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के सम्मानित अध्यक्ष श्री गिरीश देवांगन से सौजन्य भेंट मुलाकात किये। फग्गा भैया के साथ छत्तीसगढ़ किसान कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष देवेन्द्र भृगु उपस्थित थे ?।



# धूमधाम से भोजली माता का विसर्जन

**भाटापारा**, 15 सितम्बर (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत टेहका में धूमधाम से हर्षोल्लास के साथ भोजली माता का विसर्जन किया। जिसमें गांव के प्रमुख गलियों चोक, पारा, मोहल्ला,से होते हुए भोजली माता को डबरी तालाब में विसर्जित किया और एक दूसरे के कानों में दुबी खोज कर आशीर्वाद लिया। वही इस मौके पर युवती एवं महिलाओं ने छत्तीसगढ़ी पारंपरिक सुआ गीत नाच कर पोरा पटकने का रिवाज अदा किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप बोध राम ध्रुव, ईश्वर ध्रुव, चंरनध्रुव, बिलास सिंह ध्रुव,दिलीप ध्रूव, उदय साहू, गोकुल ध्रूव, खुबी राम साहू, गंगा राम साहू, एवं सामाजिक कार्यकर्ता मीडिया प्रकोष्ठ नंदू साहू उपस्थित थे।

# शिव महापुराण का आयोजन में अरुण छाबड़ा सम्मानित



**भाटापारा**, 15 सितम्बर (देशबन्धु)। हरि लीलामृत सेवा संस्थान वृंदावन के तत्वावधान में हमारे धर्म नगरी में परमपूज्या दीदी पुष्पांजलि दीदी के पावन शिव महापुराण के आयोजन में समाज सेवी अरुण छाबड़ा को संम्मान प्राप्त हुआ दिनाँक 6 सितम्बर से 13 सितम्बर मंगल भवन में शिव महापुराण का आयोजन सम्पन्न हुआ भाटापारा में ऐतिहासिक भव्य कलश- यात्रा निकाली गई, जिसमें प्रतिदिन - 8.00 से 6.30 बजे तक शिवपुराण कथा में भव्य झांकी - कलकत्ता से पधारे निपुण-कुशल कलाकारों के द्वारा प्रस्तुति झांकी में श्री गणेश जन्म, शिव- पार्वती विवाह ,बैकुंठ लोक उत्पति , रुद्राणी गणों का शिव शिषटि वर्णन एवं माँ काली की मनोहर झांकी का अवलोकन दर्शन भक्तो का कराया गया ! अंतिम दिवस हवन-यज्ञ एवं समस्त दानदाताओं %का क सम्मान मंच से किया गया कार्य क्रम में वीणा साहू नीरा साहु एंव सहयोगियों द्वारा सेवा दी गई।

इस कथा का मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ के 09 से 14 वर्ष के बालिकाओं को रायपुर में निर्माणाधीन आश्रम एवं गायों को गौशाला-में नि:शुल्क रखने एवं उन्हें एक सम्मानजनक स्थान प्रदान करने हेतु दीदी जी संकल्पित शिवपुराण का रहीं हैं। साथ ही रायपुर के दिन दाताओ द्वारा भूमिदान की आयोजन कर सेज बहार में की गई हैं। वहाँ एक भव्य मंदिर कौशलेश्वर महादेव का निर्माणका जारी है। - उसकी सहायता के परंम पूज्य दीदी ने भाटापारा के समस्त सुधि जनों से कथा में सहयोग एवं साथ देने का विनम्र आग्रह करते हुए - सफलतापूर्वक कार्यक्रम 13 ता. को सम्पन्न हुआ।

# जगदल्ला में 48 लाख की पानी टंकी और सामुदायिक भवन का भूमिपूजन जनपद उपाध्यक्ष मुकेस यादव ने किया



**पिथौरा**, 15 सितम्बर (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत जगदल्ला में जनपद पंचायत पिथौरा के सक्रीय एवं युवा उपाध्यक्ष मुकेस यादव ने पानी टंकी निर्माण 45 लाख,सामुदायिक भवन के लिए 3 लाख की लगत से बनने वाले सामुदायिक का भूमि पूजन श्रीफल तोड़कर व विधिवत पूजा अर्चना कर भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि मुकेश यादव उपाध्यक्ष जनपद पंचायत पिथौरा ,अध्यक्षता ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष करण दीवान, विशेस अतिथि दिनेश अग्रवाल सरपंच भुरकोनि, संजय अग्रवाल मंडी व्यापारी प्रतिनिधि थे।सर्व प्रथम जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष मुकेस यादव ने अपने उदबोधन में ग्राम वासियों को संबोधित करते हुए कहां कि आज समस्त गांव वालों की मांग को पूरा करते हुए पानी टंकी के साथ-साथ गांव में सामुदायिक भवन की स्वीकृति मिली है इसके लिए पुरे ग्राम वासियों को बधाई देता हूं एवं सम्माननीय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं संसदीय सचिव एवं विधायक खल्लारी द्वारकाधीश यादव जी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए गांव की समस्या का समाधान किए हैं । हमारे छत्तीसगढ़ की सरकार, कांग्रेस पार्टी की सरकार ,भूपेश बघेल की सरकार एवं विधायक जी के प्रयास से इस अंचल में हर बड़े और छोटे कार्य हो रहे हैं चाहे हम रोड की बात करें या पुल पुलिया की बात करें शिक्षा के क्षेत्र में हो या स्वास्थ्य के क्षेत्र में सभी क्षेत्रों में छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा कार्य किया जा रहा है। पानी टंकी केवल बड़े शहरों में बनता था लेकिन जब से छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनी है तब से पानी टंकी की स्वीकृति से हर गांव में पानी टंकी स्वीकृत हो रहा है और गांव के गरीब , मजदूर और किसान को हर घर में नल जल के माध्यम से पानी मिल रहा है।इस अवसर पर। समस्त ग्रामीण जन प्रमुख रूप से उपस्थित थे

# छत्तीसगढ़ पारंपरिक भोजली विसर्जन



**पलारी** 15 सितंबर (देशबन्धु) विकास खण्ड के ग्राम भवानीपुर में छत्तीसगढ़ के पारंपरिक भोजली महोत्सव बडी धूम धाम से मनाया गय। लोग भारी संख्या में उपस्थित थे प्राचीनकाल से देवी देवताओं की पूजा के साथ प्रकृति की पूजा किसी न किसी रुप में की जाती है। पेड पौधे, फल फुल आदि के रूप में पूर्ण आस्था के साथ आराधना की जाती हैं। इसी पर आधारित ग्रामीण आंचल में भोजली बोने की परंपरा का निर्वहन पूर्ण श्रद्धा के साथ किया जाता है। श्रावण मास में जब प्रकृति अपने परिधान में चारों और हरियाली बिखेरने लगती है तब कृषक अपने खेती कार्य से थोडा समय निकाल कर गांव की चौपाल में आल्हा के गीत गाने में व्यस्त हो जाते हैं इस समय अनेक लोक पर्वों का आगमन होता है और लोग इसे खुशी खुशी मनाने में व्यस्त हो जाते हैं इन्ही त्यौहारों में भोजली भी एक है, कृषक बालाएं प्रकृति देवी की आराधना करते हुए भोजली त्यौहार मनाती है। बरसते पानी में भोजली विसर्जन बड़ी धूमधाम से किया गया इस अवसर सेवा समिति के सदस्यों द्वारा मादर की धुनों से संजोये रखे। भारी संख्या में ग्रामीणजन महिलाएं, युवा वर्ग उपस्थित थे।

# समाज के बारे में सोचने वाला ही अगर दिशाहीन हो जायेगा तो समाज का क्या होगा : चोवाराम वर्मा



**पलारी** 15 सितंबर (देशबन्धु) समाज के बारे में सोचने वाला ही अगर दिशाहीन हो जाये तो समाज का क्या होगा, समाज का सरंक्षण करने वाले शीर्ष नेतृत्व अगर निर्णय क्षमता होने के बाद भी राजनीतिक स्वार्थ से प्रेरित होकर जहा से जो मिल जाए सोचकर आपस में ही लड़कर समाज का ही नुकसान करने वाले है। वैसे भी हमारे पास विधानसभा और लोकसभा में प्रतिनिधि कम है।हम लगातार राजअधिवेशन और महाअधिवेशन में ये चर्चा किए थे की समाज को देखते हुए कही कही हमे परहेज करना होगा क्योंकि समाज को आप लोगो की जरूरत है, हमारे समाज में त्याग के जो भावना है जो बड़े बड़े महर्षि ने किए उनका अनुसरण करें ताकि समाज ऐसे त्याग को याद कर सके । पर आज गिने चुने लोग समाज में अलग अलग जगह रहकर चाहे एक ही जिले काम करके पूरे प्रदेश मे हमारे समाज का नाम ऊंचा किए थे ।क्योंकि उनमें योग्यता थी जिसके कारण हमे अच्छा स्थान मिला था जो सुरक्षित था ।मगर आज प्रस्थिति बदला हुआ है उनके आपस में लड़ने से एक जनप्रतिनिधि हमारे समाज का कम होने वाला है।और इससे समाज का स्तर कम हो जायेगा जो शोभा नही देता की एक समाज के नेतृव करने वाले , समाज के लिए सोचने वाला ही दिशाहीन हो जायेगा तो कल इस समाज का क्या होगा ,आखिर समाज के बारे में सोचेगा कोन बड़े बड़े मंचो में समाज के सामने क्या उदाहरण प्रस्तुत करेंगे ।क्योंकि ये बात बोलना हमारी जिम्मेदारी है क्योंकि हम पूरे प्रदेश में समाज का नेतृत्व करते है उक्त बातें छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के केंद्रीय अध्यक्ष चोवा राम वर्मा ने केंद्रीय कार्यकारणी की विशेष बैठक को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा की आज हमारे समाज की बहुलता के अनुरूप राजनीतिक पार्टी में हमारा दखल कम है और उसके बाद भी समाज के लिए काम करने वाले शीर्षनेतृव अगर आपस में ही लड़ जायेंगे तो निश्चित ही समाज को एक का नुकसान होगा । उन्होंने किसी का नाम लिए बगेर ही अपनी पीड़ा को व्यक्त किया की समाज को दोनो की जरूरत है और आपस में ही टकराएंगे तो निश्चित ही हमे एक का नुकसान उठाना पड़ेगा और ये भविष्य में होने वाला है । थोड़ी से राजनीतिक स्वार्थ के लिए समाज के आनबान शान को दाव में लगा देना उचित नहीं है । समय के साथ अगर इसमें सुधार कर ले तो अच्छी बात है नही तो हमे एक खोना ही पड़ेगा।

**समाज की ओर से दोनो राजनीति पार्टी को टिकट देने दिया पत्र**

वही बैठक में केंद्रीय अध्यक्ष ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में कुर्मी समाज को प्राथमिकता दें और जहा जहा से कुर्मियो ने राष्ट्रीय पार्टी काग्रेस या भाजपा से प्रत्याशी बनाने के लिए आवेदन किया है उसे जरूर प्रत्याशी घोषित करे ।इसके लिए पार्टी के प्रमुखों से मिलकर आवेदन दिया गया है ।वही बैठक में अपील प्रभारी ने अपील प्रकरण का निराकरण के लिए प्रस्ताव केंद्रीय सदन में रखा जिसे अध्यक्ष और सदन ने प्रस्ताव पारित किया , बैठक में प्रमुख रूप से केंद्रीय महामंत्री रघुनंदन लाल वर्मा, उपाध्यक्ष के के नायक, तोरण नायक, केंद्रीय चुनाव प्रभारी खोडस कश्यप, ऋषि वर्मा, संतोष आडिल ,केपी नायक, पोखन वर्मा, चंद्रशेखर परगनिहा राजप्रधान, ठाकुरराम वर्मा, जागेश्वर वर्मा,दुलारी वर्मा, दशरथ वर्मा, हरिराम वर्मा, ओमप्रकाश वर्मा ,कपिल कश्यप युवा प्रमुख, शेखर वर्मा मीडिया प्रभारी,अश्वनी वर्मा,ओंकार वर्मा, आर सी वर्मा राधे वर्मा अमरनाथ वर्मा ललित नकुल वर्मा आदि मौजूद थे।